सूर्योदय : 6:45
सूर्यास्त : 5:14
अधिकतम तापमान : 22.0
न्यूनतम : 10.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-190 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 19 दिसम्बर 2023
05 जमादिउल उस्सानी, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



## चुनावी शंखनादः पीएम मोदी ने दी काशी को अरबों की सौगात, वंदे भारत का किया शुभारंभ

# मोदी की गारंटी वाली गाड़ी हो गई सुपरहिट: पीएम

- काशी की जनता को 19,150 करोड़ रुपये की 37 विकास परियोजनाओं की तोहफा दिया
- पर्यटन बढ़ने से काशी के लोगों की आय बढ़ी
- जब काशी का विकास होता है, तो यूपी का विकास होता



**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दो दिवसीय वाराणसी दौरे के दूसरे दिन सोमवार को बरकी में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में महिला लाभार्थियों से वार्ता कर सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन एवं उन्हें मिल रहे लाभों के बारे में जानकारी ली।

पीएम ने सेवापुरी विधानसभा क्षेत्र के बरकी में विकसित भारत संकल्प यात्रा में कार्यक्रम के अवसर पर आयोजित जनसभा में हमेशा की तरह लोगों को 19154.52 करोड़ की 37 विकास एवं निर्माण परियोजनाओं की सौगात दी। उन्होंने 12578.91 करोड़ की 23 परियोजनाओं का लोकार्पण और 6575.61 करोड़ लागत की 14 परियोजनाओं की आधारशिला रखी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी सुपरहिट हो गई। काशी के सब लोगन के हमार प्रणाम बा। का कहल जाला बनारस में... जिया राजा बनारस से अपना संबोधन शुरू करते हुए उपस्थित जनता से कहा कि मुझे आपसे शिकायत है।

इस बार देव दीपावली पर मैं यहां नहीं था, लेकिन आप लोगों ने इस बार रिकॉर्ड तोड़ दिया। काशीवासियों ने जो काम दिखाया है, दुनिया जब उसका गौरवगान करती है, तो सबसे ज्यादा खुशी मुझे होती है। जब काशी का विकास होता है, तो यूपी का विकास होता। जब यूपी का विकास होता है तब देश का विकास होता है। इसी भाव के साथ आज भी यहां करीब 20 हजार करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा एक चलता फिरता विश्वविद्यालय है। इन दो दिनों में मैंने बहुत कुछ सीखा। आज की परियोजनाओं से काशी के विकास को गति मिलेगी। मैंने लाल किले से कहा था। हमें कम से कम 15 शहरों में घूमना चाहिए। मुझे खुशी है जो पहले विदेश घूमने जाते थे वो आज अपना देश घूम रहे हैं। पर्यटन बढ़ता है तो विकास बढ़ता है। पर्यटन बढ़ने से काशी के लोगों की आय बढ़ गई है। इसके लिए सरकार लगातार काम कर रही है।

### सीएम ने काशी विश्वनाथ में किया दर्शन-पूजन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार की सुबह श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर व काल भैरव मंदिर में दर्शन-पूजन किया। इस दौरान उन्होंने बाबा विश्वनाथ का विधि-विधान से दर्शन-पूजन व जलाभिषेक किया। सोमवार की सुबह केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान व राज्यमंत्री रविंद्र जायसवाल के साथ मुख्यमंत्री श्रीकाशी विश्वनाथ धाम पहुंचे। उन्होंने बाबा का दर्शन-पूजन कर प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना की।

### प्रधानमंत्री ने दोहरीघाट से मऊ मेमू ट्रेंन का वर्चुअल किया शुभारंभ

- वाराणसी से 3 बजे दिखायी हरी झंडी
- दोहरीघाट स्टेशन पर मंत्री एके शर्मा ने किया प्रतिनिधित्व

**गोरखपुर।** दोहरीघाट से मऊ तक जाने वाली नई मेमू ट्रेन को प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी ने वाराणसी से सोमवार को दिन मे तीन बजे वर्चुअल हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। दोहरीघाट स्टेशन पर कैबिनेट मंत्री एके शर्मा ने जनपदवासियों का प्रतिनिधित्व किया। ट्रेंन जैसे ही आगे बढ़ी लोगों का उत्साह बढ़ गया और जय श्रीराम के जयघोष से पूरा पंडाल गूंज उठा। 35 किमी लंबे इंदारा-दोहरीघाट रेलमार्ग के लिए 165 करोड़ का बजट स्वीकृत हुआ। 20 अक्तूबर 2016 को तत्कालीन रेल राज्यमंत्री मनोज सिन्हा ने इंदारा जंक्शन पर आमान परिवर्तन की आधारशिला रखी थी। इस बीच 31 जनवरी 2018 को ही रेलवे की तरफ से रेल बस का संचालन बंद कर दिया गया था। इससे दोहरीघाट, बड़रांव, घोसी ब्लाक क्षेत्र के एक लाख आबादी को भारी असुविधा का सामना पड़ रहा था। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी से वर्चुअल हरी झंडी जैसे ही दिखाया उपस्थित लोगो की तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा पंडाल गूंज उठा।

### वाराणसी से नई दिल्ली के बीच वंदे भारत शुरू

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियों कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बनारस और नई दिल्ली के बीच दूसरी वंदे भारत एक्स प्रेस का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। बनारस और दिल्ली के बीच पहली वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी फरवरी, 2019 में शुरू की गई थी।

वंदे भारत एक्सीप्रेस में सभी कोच वातानाकूलित कुर्सीयान के हैं। 22415/22416 नई दिल्लीं-बनारस-नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी की नियमित सेवाएं दोनों दिशाओं में 20.12.2023 से शुरू होंगी। 22415 बनारस-नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी बनारस से प्रातः 6.00 बजे प्रस्थादन करके उसी दिन दोपहर 02.05 बजे नई दिल्ली पहुँचेगी। वापसी दिशा में 22416 नई दिल्ली-बनारस वंदे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी नई दिल्ली से दोपहर 03.00 बजे प्रस्थान करके उसी दिन रात्रि 11.05 बजे बनारस पहुँचेगी।

यह रेलगाड़ी मार्ग में दोनों दिशाओं में प्रयागराज और कानपुर सेंट्रल स्टेशनों पर ठहरेगी। यह रेलगाड़ी मंगलवार को छोड़कर सप्ताह के 6 दिन सेवा प्रदान करेगी। 16 डिब्बों वाली इस रेलगाड़ी में 14 कुर्सीयान और 2 एग्जीजक्यूटिव कुर्सीयान होंगे।

#### दुनिया के सबसे बड़े मेडिटेशन सेंटर स्वर्वेद महामंदिर का लोकार्पण

## दोहे पढ़कर मैं मंत्रमुग्ध हो गया: मोदी



- हर बार की तरह इस बार का भी काशी प्रवास सुखद रहा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी के उमराहा में नवनिर्मित स्वर्वेद महामंदिर का लोकार्पण किया। लोकार्पण के बाद पीएम ने संबोधन दिया। स्वर्वेद महामंदिर के उद्घाटन के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत दोहे के साथ की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हर बार की तरह इस बार का भी काशी प्रवास सुखद रहा। उन्होंने कहा कि विरासत और विकास की पटरी पर आज भारत तेज गति से आगे बढ़ रहा है। काशी में स्वर्वेद मंदिर के लोकार्पण में शामिल होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा, इस पावन अवसर पर यहां 25 हज़ार कुंडीय स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ का आयोजन हो रहा है। मुझे खुशी और विश्वास है कि इस महायज्ञ की हर एक आहूति से विकसित भारत का संकल्प और सशक्त होगा। पीएम मोदी ने कहा, जब मैंने स्वर्वेद महामंदिर का दौरा किया तो मैं मंत्रमुग्ध हो गया वेदों, उपनिषदों, रामायण, गीता और महाभारत की दिव्य शिक्षाओं को स्वर्वेद महामंदिर की दीवारों पर चित्रों के माध्यम से चित्रित किया गया है। इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा आज हर भारतीय गौरव महसूस कर रहा है क्योंकि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो रहा है।

### मेरी कहानी मेरी जुबानी कार्यक्रम में शामिल हुए पीएम मोदी





**वाराणसी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान हर कोई उस समय आश्चर्य चकित रह गया जब एक लाभार्थी महिला से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूछ लिया कि क्या वो चुनाव लड़ेंगी। दरअसल, सोमवार को वाराणसी के सेवापुरी ब्लॉक स्थित बरकी ग्राम सभा में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान मेरी कहानी मेरी जुबानी कार्यक्रम में पीएम मोदी के सामने लाभार्थी महिला चंदा देवी अपने अनुभवों को साझा कर रही थीं। चंदा देवी के आत्मविश्वास से प्रभावित प्रधानमंत्री ने उनसे पूछा कि आपकी पढ़ाई कितनी हुई है। चंदा देवी ने बताया वो इंटर तक पढ़ी हुई हैं। इसपर प्रधानमंत्री ने पूछा कि आप इतना बढ़िया भाषण देती हैं, क्या पहले चुनाव लड़ चुकी हैं? इसपर चंदा देवी ने इनकार किया। इसके तुरंत बाद प्रधानमंत्री ने चंदा देवी से पूछा कि क्या आप चुनाव लड़ेंगी? चंदा देवी ने कहा कि वो चुनाव नहीं लड़ेंगी मगर वो प्रधानमंत्री से प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि आपके प्रयासों से हम कदम मिलकार चलना चाहते हैं।

# नड्डा और शाह से आज मिलेंगे शिवराज

- नई जिम्मेदारी पर हो सकती है चर्चा
- केंद्रीय मंत्रिमंडल में मिल सकती है जगह
- लोकसभा को लेकर संगठन में बड़ी भूमिका भी संभव



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में मंत्रिमंडल के पहले विस्तार में संभावित मंत्रियों के नामों पर चर्चा के बाद पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का राजनीतिक पुनर्वास भी जल्द हो सकता है। पार्टी हाईकमान ने चर्चा के लिए उन्हें दिल्ली बुलाया है।

शिवराज सिंह मंगलवार को दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करेंगे। माना जा रहा है कि दोनों नेताओं से भेंट के बाद शिवराज सिंह की नई जिम्मेदारी को लेकर निर्णय हो सकता है। उन्हें केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगह मिल सकती है या फिर कुछ महीने बाद होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी संगठन में बड़ी जिम्मेदारी दी जा सकती है। वह इससे पहले भी पार्टी में राष्ट्रीय सचिव व अन्य दायित्व निभा चुके हैं। पांच बार सांसद रहने के कारण उन्हें लोकसभा चुनावों का भी अच्छा अनुभव है। बता दें, संभावित मंत्रियों के नामों पर चर्चा के लिए मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद, उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला और जगदीश देवड़ा ने सोमवार को दिल्ली में जेपी नड्डा और अमित शाह से मुलाकात की थी।

इसके पहले नरेंद्र सिंह तोमर, प्रहलाद पटेल और कैलाश विजयवर्गीय ने दोनों नेताओं से भेंट की थी। यहां शिवराज नहीं थे। तभी से यह माना जा रहा था पार्टी हाईकमान उनसे अलग से बात करेगा।

### मोहन यादव मुख्यमंत्री बने यही पीढ़ी परिवर्तन है

विधानसभा में सोमवार को मीडिया से बातचीत में शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पीढ़ी परिवर्तन हुआ है। यह स्वाभाविक प्रक्रिया है जो दोनों पक्षों में देखने को मिल रही है। डा. मोहन यादव मुख्यमंत्री हैं तो उमंग सिंघार नेता प्रतिपक्ष। इसे बहुत सकारात्मक रूप में लेना चाहिए। मुझे पूरा विश्वास है कि डा. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयां छुएगा। मैंने लगभग 17 वर्ष मुख्यमंत्री के रूप में प्रदेश की जनता की सेवा की। विकास हो या जनकल्याण, मुझे संतोष और गर्व है कि अपनी जनता के लिए और प्रदेश के विकास के लिए मैं बहुत काम कर पाया। स्वाभाविक तौर पर राज्य के नागरिक के नाते मेरी यही इच्छा है कि मोहन यादव के नेतृत्व में मुझसे बेहतर काम हो।

### प्ले स्टोर से हटाए गए धोखाधड़ी वाले 2500 लोन एप

**नई दिल्ली।** सरकार ने सोमवार को लोकसभा में बताया कि गूगल ने अप्रैल 2021 से जुलाई 2022 के बीच अपने प्ले स्टोर से 2,500 से अधिक धोखाधड़ी वाले ऋण एप को निलंबित किया है या हटा दिया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में यह जानकारी दी। एक प्रश्न के लिखित उत्तर में उन्होंने कहा कि सरकार धोखाधड़ी वाले ऋण एप को नियंत्रित करने के लिए आरबीआइ और अन्य नियामकों सहित संबंधित हितधारकों के साथ लगातार काम कर रही है। वित्त मंत्री ने कहा कि उनकी अध्यक्षता में एक अंतर-नियामक मंच, वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद (एफएसडीसी) की बैठकों में भी इस मामले पर नियमित रूप से चर्चा और निगरानी की जाती है। गूगल ने प्ले स्टोर पर ऋण देने वाले एप को शामिल करने के संबंध में अपनी पॉलिसी को अपडेट किया है।

# केजरीवाल को ईडी का समन

## शराब नीति मामले में पूछताछ के लिए 21 दिसंबर को बुलाया

- पहले बीती दो नवंबर को ईडी ने शराब घोटाला मामले में समन जारी कर बुलाया था



**नई दिल्ली।** दिल्ली में हुए कथित शराब घोटाला मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने एक बार फिर समन जारी कर दिया है। यह दूसरी बार है जब ईडी ने पेश होने के लिए दूसरी बार समन जारी किया है।

ईडी ने समन में 21 दिसंबर को पेश होने के लिए कहा है। इससे पहले बीती दो नवंबर को ईडी ने शराब घोटाला मामले में समन जारी कर बुलाया था। लेकिन विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम में व्यस्त होने की वजह से पेश नहीं हुए थे।नोटिस में उन्हें दो नवंबर को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। इससे पहले मुख्यमंत्री को सीबीआई अप्रैल महीने में पूछताछ के लिए बुला चुकी है। दरअसल, ईडी ने अपनी चार्जशीट में कई बार अरविंद केजरीवाल के नाम का जिक्र किया है। अदालत में दायर आरोप पत्र में ईडी ने बताया कि दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 आप के शीर्ष नेताओं द्वारा बनाई गई थी, ताकि लगातार अवैध धन कमा कर और उसे अपने पास लाया जा सके। ईडी ने दावा किया कि यह नीति अवैध और आपराधिक गतिविधियों को सुविधाजनक बनाने के लिए जानबूझकर कमियों के साथ बनाई गई थी। एजेंसी ने आरोप पत्र में आरोपियों के साथ सीएम के घर पर बैठक से लेकर वीडियो कॉल तक की घटनाओं का उल्लेख किया है। ईडी के समन को नजरअंदाज करने से पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ईडी को एक जवाबी खत लिखा। इस पत्र में केजरीवाल ने कहा कि समन का नोटिस अवैध और राजनीति से प्रेरित है। नोटिस भाजपा के इशारे पर भेजा गया है। सीएम केजरीवाल ने यह भी कहा कि नोटिस यह सुनिश्चित करने के लिए भेजा गया है कि मैं चार राज्यों में चुनाव प्रचार के लिए जाने में असमर्थ रहूं। ईडी को तुरंत नोटिस वापस लेना चाहिए। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि ये आम आदमी पार्टी को खत्म करने के लिए केंद्र सरकार की साजिश है। इसके लिए केंद्र कोई कसर नहीं छोड़ रहा है।

### लखनऊ चिड़ियाघर के कर्मचारी पर हिप्पो ने किया हमला, मौत

अवधनामा ब्यूरो





- दूसरा गंभीर रूप से घायल
- घटना से हड़कंप

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के चिड़ियाघर में सोमवार को सफाई करने बाड़े में घुसे दो कर्मचारियों पर हिप्पो ने हमला कर दिया जिसमें एक की मौत हो गई जबकि दूसरे का इलाज सिविल अस्पताल में किया जा रहा है। घटना की जानकारी से हड़कंप मच गया। सोमवार की सुबह करीब 10 बजे सूरज व राजू सफाई करने के लिए हिप्पो के बाड़े में घुसे थे कि तभी हिप्पो ने हमला कर दिया। हमले में सूरज की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि हिप्पो अभी कुछ दिन पहले ही कानपुर चिड़ियाघर से लाया गया था। मृतक सूरज करीब 12 साल से चिड़िया घर में सफाई का काम कर रहा था। उसके परिवार में एक बेटी व पत्नी है। वह 5500 रुपये महीने की सैलरी पर चिड़िया घर में काम कर रहा था। वह कंपवेल रोड बरौरा थाना ठाकुरगंज का निवासी था। घटना से सूरज के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूरज की मौत के बाद उसके घर में कमाने वाला कोई नहीं है। सिविल अस्पताल में उसके परिजन एकत्रित हो गए हैं। चिड़ियाघर की निदेशक अदिति शर्मा भी अस्पताल पहुंच गई। लखनऊ चिड़िया घर की निदेशक अदिति शर्मा ने कहा कि हर सोमवार को जानवरों के बाड़ों की ठीक तरह से सफाई की जाती है। आज भी सफाई के लिए कर्मचारी अंदर गए हुए थे तभी हमला हो गया।

# संसद से अब तक 92 सांसद निलंबित

## जयराम रमेश, रणदीप सुरजेवाला और केसी वेणुगोपाल निलंबित

- एक दिन में 78 सांसद सस्पेंड, 33 लोकसभा और 45 राज्यसभा के
- सुरक्षा में सेंध पर हंगामा किया था



**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र में सोमवार को लोकसभा सांसदों के बाद राज्यसभा सदस्यों पर एक्शन जारी रहा। संसद की कार्यवाही में बाधा डालने के आरोप में 45 विपक्षी सांसदों को शेष बचे हुए सत्र के लिए राज्यसभा से निलंबित कर दिया गया।

निलंबित सांसदों में कांग्रेस के जयराम रमेश, रणदीप सुरजेवाला और केसी वेणुगोपाल सहित कई वरिष्ठ राज्यसभा सांसद शामिल हैं। इससे पहले लोकसभा से 33 सांसदों को निलंबित कर दिया गया है। इनमें कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी, सौगत रॉय समेत 33 सदस्य शामिल हैं। बता दें कि अबतक लोकसभा और राज्यसभा के 92 सांसदों पर कार्रवाई हो चुकी है। जिन राज्यसभा सांसदों को शेष बचे हुए शीतकालीन सत्र से निलंबित किया गया है उनमें प्रमोद तिवारी, जयराम रमेश, डॉ. अमी याग्निक, नारणभाई जे. राठवा, सैयद नासिर हुसैन, फूलो देवी नेताम, शक्ति सिंह गोहिल, के.सी.वेणुगोपाल, रजनी अशोकराव पाटिल, रंजीता रंजन, इमरान प्रतापगढ़ी, रणदीप सिंह सुरजेवाला, सुखेन्दु शेखर रे, मोहम्मद नदीमुल हक शामिल हैं। अबीर रंजन विश्वास, डॉ. शांतनु सेन, मौसम नूर, प्रकाश चिक बड़ाइक, समीरुल इस्लाम, एम. शनमुगम, एन.आर.एलंगो, डॉ. कनिमोझी एनवीएन सोमू, आर. गिरिराजन, प्रो.मनोज कुमार झा, डॉ. फैयाज अहमद, वी. सिवादासन, रामनाथ ठाकुर, अनिल प्रसाद हेगड़े, वन्दना चव्हाण, प्रो. रामगोपाल यादव, जावेद अली खान, महुआ माजी, जोस के. मणि और अजित कुमार भुइयां को निलंबित किया गया है।

### मामला विशेषाधिकार समिति को भेजा

वहीं, राज्यसभा में 11 विपक्षी सांसदों के आचरण से संबंधित मामले को विशेषाधिकार समिति के पास भेजा गया है। विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट प्रस्तुत होने तक सभी का निलंबन जारी रहेगा। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी, डीएमके सांसद टी.आर. बालू, दयानिधि मारन और तृणमूल कांग्रेस के सौगत रॉय सहित 33 विपक्षी सदस्यों को सोमवार को लोकसभा से निलंबित किया गया है।

# बुरे फंसे आजम खां

- 450 करोड़ रुपये की काली कमाई जौहर यूनिवर्सिटी में लगाई
- आईटी में खुलासा, अब ईडी करेगी जांच



**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खां ने 450 करोड़ की काली कमाई जौहर यूनिवर्सिटी में लगाई है। आयकर विभाग की ओर से ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) को भेजी गई रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। चौंकाने वाली बात यह है कि कई ऐसी कंपनियों ने भी जौहर यूनिवर्सिटी को करोड़ों रुपये का दान दे दिया है, जो खुद अस्तित्व में ही नहीं है। जौहर ट्रस्ट को दान देने वाले ऐसे लोग भी मुकर गए, जिनकी लिस्ट खुद आजम खां ने आयकर विभाग को दी थी।

भाजपा के रामपुर शहर विधायक आकाश सक्सेना के निशाने पर सपा नेता आजम खां लंबे समय से हैं। उनकी शिकायतों के आधार पर जांच का दायरा बढ़ा तो आजम खां की मुश्किलें भी बढ़ती गई। हाल ही में 13 सितंबर को ही आयकर विभाग की ओर से आजम खां के 30 ठिकानों पर छापे भी डाले गए थे। रामपुर, लखनऊ, गाजियाबाद, मेरठ आदि जिलों में हुई यह छापेमारी तीन दिन तक चली थी। 20 अक्टूबर को केंद्रीय लोक निर्माण विभाग की टीम ने जौहर यूनिवर्सिटी में डेरा डाल लिया और इमारतों की वास्तविक कीमत का आकलन किया। जिसके बाद आयकर विभाग ने अपनी जांच रिपोर्ट ईडी को भेज दी है।

# ग्राम पंचायतों के पंचायत सहायकों ने क्राप सर्वे का किया विरोध

*अवधनामा संवाददाता*

**मोहम्मदी खीरी।** कस्बे के तहसील कार्यालय,ब्लॉक कार्यालय में विकास खण्ड की लगभग सभी ग्राम पंचायतों के पंचायत सहायकों ने क्राप सर्वे का किया विरोध ड्यूटी लगाने पर दर्जनों की संख्या में सभी पंचायत सहायकों ने तहसील कार्यालय,ब्लॉक कार्यालय में विरोध प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपकर पंचायत सहायकों के पहले रेट्रो फिटिंग सर्वे शौचालय सत्यापन और ऑनलाइन आवेदन किए जा रहे हैं नाली शौचालय शौचालय जियो टैगिंग का कार्य कर रहे हैं मां-बाप गरीबी रेखा से नीचे कार्य चल रहा है आय जाति निवास सीएससी आदि कार्य करते हैं एवं बीएलओ का कार्य भी करना पड़ता है एवं पंचायत भवन प्रतिदिन खोल जाना आवश्यक है ऐसे में गैर विभागीय कार्य कर पाना संभव नहीं है पूर्व में कई सर्वे किए गए मिशन अंत्योदय आयुष्मान कार्ड का पैसा 1 साल हो गया है आज तक नहीं आया है खेतों का नक्शा समझाना और यह किसका है हम सबको मालूम नहीं है महिला पंचायत सहायकों को खेत में जाने पर काफी दिक्कत का सामना करना पड़ेगा पंचायत सहायकों पर अपने विभाग के काम का बोझ पहले से है जॉब चार्ट के अनुसार हम सब पंचायत सहायक अपने दायित्वों का निर्माण ईमानदारी कर रहे हैं पंचायत सहायक महिलाओं ने भी अपनी समस्या को बताया कि हमारी पंचायत से काफी दूर हम सब की ड्यूटी लगाई गई है वाहन संबंधित समस्याएं हैं कई किलो मीटर दूर ड्यूटी लगने से महिलाओं को काफी समस्या बनी हुई है ऐसा पंचायत सहायक महिलाओं ने बताया क्रॉप सर्वे कार्य से ड्यूटी हटवाए जाने की मांग की है।




## शिव मंदिर की नई कमेटी गठित होने से नाराज ब्लॉक प्रमुख राधेश्याम भार्गव ने खुद को मंदिर में किया बंद



**लखीमपुर खीरी।** मितौली क्षेत्र में तेंदुआ गांव स्थित पौराणिक शिव मंदिर की नई कमेटी गठित होने से नाराज पूर्व ब्लॉक प्रमुख राधेश्याम भार्गव ने खुद को मंदिर में बंद कर लिया। अंदर से ताला भी लगा लिया। मंदिर के अंदर पेट्रोल रख घटे में फंदा भी बांध लिया पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने बताया कि वह 1995 से पौराणिक शिव मंदिर कष्ट हरण धाम में सेवा कर रहे हैं लोगों के सहयोग से उन्होंने इस मंदिर को नई पहचान दी है इस बीच मंदिर को लेकर राजनीति शुरू हो गई। सत्ता पक्ष के इशारे पर नई कमेटी गठित कर दी गई है, जिसने दानपात्र में अपना ताला लगा रखा है उन्होंने भाजपा के एक नेता पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सूचना पर पहुंचे सीओ व इंस्पेक्टर उन्हें समझाने का प्रयास कर रहे हैं। फिलहाल उन्होंने खुद को मंदिर में बंद कर रखा है और बाहर आने को तैयार नहीं हैं।

# लखनऊ पब्लिक स्कूल बगीरा एडवेंचर्स द्वारा आयोजित किया गया कैंप

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** लखनऊ पब्लिक स्कूल में बगीरा एडवेंचर्स द्वारा कैंप आयोजित किया गया। कैंप मे आइस ब्रेकर और एनर्जाइज़र, ज़ोरब रोलर, बॉडी ज़ोरब, कमांडो नेट, स्पोर्ट क्लाइंबिंग, फ्लाइंग फॉक्स, बर्मा ब्रिज, लेजर बीम, ट्रैम्पोलिन, डबल रोप ब्रिज, कमांडो क्रॉल, टग ऑफ वॉर, टेंट पिचिंग, हिप्पी हॉप बॉल, हॉप स्कॉच, रस्सी सीढ़ी चढ़ना, सॉफ्ट तीरंदाज़ी, टार्ज़न स्विंग, मोगली वॉक, हैम्स्टरव्हील, टायर वॉक और टीम बिल्डिंग गेम्स, जिपलाइन, वॉल क्लाइंबिंग, बर्मा ब्रिज, कमांडो क्राऊल्, कमांडो नेट आदि गतिविधियां ने बच्चों को अद्भुत उत्साह एवं असीम ऊर्जा से भर दिया। सभी गतिविधियां सुरक्षित एवं नियंत्रित वातावरण मे संपन्न हुईं। विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय सचदेवा बताया कि बच्चों में इस तरह की क्रियात्मक गतिविधियां उनमें आत्मविश्वास, इच्छा-शक्ति एवं नेतृत्व की भावना को विकसित करने में अत्यंत सहायक होती हैं।



## पुलिस अधीक्षक को दिया ज्ञापन



**लखीमपुर खीरी।** चिल्ड्रेन अकेडमी के निर्दोष छात्र शिवांश वर्मा की मौत के जिम्मेदार आरोपियो की गिरफ्तारी के लिए बार कौंसिल उत्तर प्रदेश के सदस्य पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार शुक्ल को नेतृत्व मे पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया गया जिस पर पुलिस अधीक्षक ने शीघ्र परिणाम देने का आश्वासन दिया।

## 01 नफर वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना फरधान पुलिस द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त मुन्ना उर्फ मुनीसर पुत्र दुलारे नि0 महावतपुरवा म0 सैदारी देवकली थाना फरधान जिला खीरी संबंधित अ0सं0 129/98 धारा 323/504/506 भादवि थाना फरधान को गिरफ्तार करके न्यायालय भेजा गया।

## गुलरिया चीनी मिल ने किया गन्ने का भुगतान

**लखीमपुर खीरी।** गुलरिया चीनी मिल ने किया गन्ने का भुगतान 6 दिसम्बर से 08 दिसम्बर तक खरीदे गए गन्ने का 08 करोड़ 78 लाख 18 हजार रुपये भेजे किसानों के खातों में।

## बच्चों को अच्छे अंक अर्जित करने के लिए दिये टिप्स

सहारनपुर। ज्ञानदीप समाज कल्याण युवा संस्था द्वारा आज शैक्षणिक विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को प्रतियोगिताओं में अच्छे अंक लाने हेतु महत्वपूर्ण टिप्स दिये गये। आज संस्था अध्यक्ष एडवोकेट श्रीमती अल्पना तलवार के निर्देशा अनुसार आयोजित समारोह एवं शैक्षिणक विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने छात्र-छात्राओं को कहा कि अपने माता-पिता, गुरू जनों के मार्गदशन में शिक्षा परीक्षा एवं विभिन्न व्यवसाय प्रतियोगिताओं में अच्छे अंक प्राप्त करें और उन्हें इस संबंध में जरूरी टिप्स भी दिये गये। इस दौरान गोष्ठी में सेवा निवृत्त प्रधानाचार्य डा.कुदसिया अंजुम, विद्यालय प्रबंधक जावेद मन्सूर, अध्यापिका रमशा व ईशा को अंग वस्त्र व सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सेवा निवृत्त प्रधानाचार्य श्रीमती मीना बजाज ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर संस्थापक महासचिव वेद प्रकाश पोपली, महिला महासचिव पूर्व पार्षद मोनिका सिंह, विद्यालय प्रधानाचार्य मौहम्मद अहमद चिश्ती, अहमद खान, अरूण गगान व विजय शर्मा ने अपने विचार व्यक्त किये। अध्यक्षता विद्यालय प्रबन्धक जावेद मन्सूर ने की तथा कुशल संचालन अरूण सूरी ने किया

## नकुड़ पुलिस ने 8 चोरी की घटनाओं किया खुलासा

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना नकुड पुलिस ने चोरी की 08 घटनाओं का खुलासा कर 05 शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी गये 01 लाख 03 हजार रुपये नकद, आठ लाख रूपये कीमत के चोरी के आभूषण, चोरी के उपकरण व अवैध असलाह बरामद किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस टीम को 25,000 रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की है। पुलिस अधीक्षक देहात सागर जैन ने आज पुलिस लाइन के सभागार में पत्रकारों के समक्ष चोरों की गिरफ्तार पर खुलासा करते हुए बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे धर पकड़ अभियान के अंतर्गत प्रभारी निरीक्षक नकुड़ के नेतृत्व मे पुलिस टीम ने आज मुखबिर की सूचना पर थाना नकुड़ पर पंजीकृत मुकदमें में वॉछित अभियुक्त सलमान पुत्र कवीत, हारुन पुत्र कामिल, करीम खान पुत्र शाहरुख, आजाद पुत्र कामिल व नाहिद पुत्र कवीत हसन समस्त निवासीगण ग्राम सैदपुरा हलवाना थाना गंगोह जनपद सहारनपुर हाल किरायेदार मरगूब पुत्र मुन्नर निवासी मौहल्ला कोटला कस्बा अम्बेहटापीर थाना नकुड़ जनपद सहारनपुर का मकान को ग्राम टिडौली तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से 01 लाख 03 हजार रुपये नकद, आठ लाख रूपये कीमत के चोरी के आभूषण, चोरी के उपकरण व अवैध असलाह बरामद किया है। अभियुक्त सलमान, हारुन, आजाद पूर्व में भी थाना मधुबन जिला करनाल हरियाणा तथा करीम पूर्व में भी थाना पुरकाजी जनपद मुजफ्फरनगर से जेल जा चुका है। अन्य घटनाओं की जानकारी की जा रही है। अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि हमने मिलकर थाना नकुड क्षेत्र में लगभग सवा तीन माह पहले ग्राम कुल्हेड़ी में सरदार के मकान तथा सवा दो माह पहले ग्राम साहबा माजरा में प्रधान के घर तथा करीब 20 दिन पहले ग्राम नाहर माजरा में तथा ग्राम बाधी में तथा करीब सवा माह पूर्व ग्राम शुक्रताल में तथा एक माह पूर्व ग्राम भैरमऊ में एवं ग्राम रनियाली में चोरी की।

## सड़क सुरक्षा पखवाड़ा

# चालकों-परिचालकों, यात्रियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** मुख्य सचिव, उप्र शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में जनमानस में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करने एवं सडक दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से 31 दिसंबर तक द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जा रहा। सोमवार को पखवाड़ा के चतुर्थ दिवस को परिवहन और रोड़वेज़ महकमे के प्रयास से रोड़वेज बस अड्डा पर प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक स्वास्थ्य विभाग के डा0 शिखर बाजपेयी, डा0 कृतिका रैना के सहयोग से स्वास्थ्य कैम्प (नेत्र/ स्वास्थ परीक्षण) का आयोजन किया। इस स्वास्थ्य कैम्प में लगभग 300 रोड़वेज चालक-परिचालक एवं यात्रीगणों का नेत्र- स्वास्थ परीक्षण किया। स्वास्थ्य कैम्प में एआरटीओ आलोक कुमार, एआरएम मुकेश मेहरोत्रा एवं परिवहन विभाग, रोड़वेज विभाग के कार्मिक उपस्थित रहे।

### सुरक्षित-सुगम यातायात के लिए समय-समय पर नेत्र परीक्षण कराना जरूरी : एआरटीओ

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एआरटीओ आलोक कुमार ने अपील की कि सुरक्षित एवं सुगम यातायात के लिए समस्त वाहन चालक समय-समय पर अपना नेत्र परीक्षण करायें तथा जरूरी हो तो चश्मा का प्रयोग करें। सुरक्षित वाहन संचालन में यातायात के नियमों की जानकारी होना जरूरी है, जिससे वाहन चालक स्वयं अथवा अन्य लोगों के जीवन की रक्षा कर सके। वाहन संचालन के दौरान नशे एवं मोबाइल फोन का कतई प्रयोग न करें। साथ ही शहर एवं उनके आस-पास के क्षेत्रों में लग रहे मार्गों पर भारी जाम की समस्या पर भी चर्चा की तथा वाहन चालकों को सुझाव दिये गये, जिससे मार्ग पर अकारण जाम की स्थिति न पैदा हो। कैम्प एवं बस अड्डा में उपस्थित लोगो को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई तथा कार्मिकों द्वारा चालकों-आवेदकों को सड़क सुरक्षा सम्बन्धी पेम्फलेट्स, स्टीकर्स व हैंडबिल वितरित किए।इसके अलावा परिवहन विभाग के प्रवर्तन दल के अफसर एआरटीओ आलोक कुमार और पीटीओ कौशलेन्द्र यादव ने अलग-अलग चीनीमिलों में जाकर 90 ट्रैक्टर-ट्रालियों के पीछे रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगाये एवं मार्ग पर संचालित व्यवसायिक वाहनों में लगे बैक लाइट-फॉग लाइट के मानक अनुरूप लगे होने की संघन चेकिंग की।

## निगम चालकों व परिचालकों का नेत्र व स्वास्थ्य परीक्षण किया

**सहारनपुर।** सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत आज उप्ररासप निगम के चालाकों का नेत्र परीक्षण व स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा वाहनों पर सुरक्षा के लिए रिफ्लेक्टर भी लगाये गये। आज शासन के निर्देशानुसार उप्ररासप निगम के चालाकों का चिकित्सा विभाग के सहयोग से जिला अस्पताल में नेत्र एवं स्वास्थ्य जांच परीक्षण किया गया, जिसमें निगम के चालाकों व परिचालकों के स्वास्थ्य एवं नेत्र का परीक्षण किया गया। इसके अतिरिक्त यात्री व मालकर अधिकारी द्वारा जनपद की चीनी मिलों में संचालित होने वाले वाहनों यथा ट्रैक्टर-ट्रॉली, ट्रकों में रेट्रोरिफ्लेक्टिव टेप लगवा गया। साथ ही साथ जनपद के प्रमुख चौराहों पर प्रवर्तन सिपाहियों द्वारा सडक सुरक्षा सम्बन्धी पम्पलेट आदि वितरण करते हुये आम जनमानस को सडक सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक किया गया तथा सडक सुरक्षा के प्रचार-प्रसार हेतु प्रचार वाहन द्वारा भी बेहट क्षेत्र में सड़क सुरक्षा का प्रचार प्रसार किया गया। कार्यशाला में परिवहन विभाग से एमपी सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) सहारनपुर, खेमानन्द पाण्डेय व वीवी शुक्ला, यात्री व मालकर अधिकारी, सहारनपुर तथा प्रवर्तन सिपाही एवं चिकित्सा विभाग के चिकित्सक व उप्ररासप निगम से सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक तथा चालक व परिचालक आदि शामिल रहें।

# प्रधानमंत्री ने करोड़ों लोगों का जीवन रोशन किया: महापौर

*अवधनामा संवाददाता*

वार्ड 13 चकहरेटी व वार्ड 19 गोपाल नगर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ जोरदार स्वागत




सहारनपुर। महापौर डॉ.अजय कुमार ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश के 18 हजार गांवों तक बिजली पहुंचाकर करोड़ों लोगों का जीवन रोशन किया है। गत नौ वर्षो में देश बदला है, प्रदेश बदला है और हमारा शहर बदला है। प्रधानमंत्री की पीएम स्वनिधि रोजगार योजना, पीएम आवास योजना, आयुष्मान कार्ड योजना और उज्जवला योजना सहित अनेक योजनाओं का लाभ सहारनपुर के लोगों तक भी पहुंचा है। महापौर ने लोगों से आह्वान किया कि वे केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं और प्रधानमंत्री की विकसित भारत संकल्प यात्रा के सहयात्री बनें।

महापौर डॉ.अजय कुमार वार्ड 13 चकहरेटी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के स्वागत में आये लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। वार्ड 19 गोपाल नगर में संकल्प यात्रा का क्षेत्र के लोगों ने बड़े उत्साह के साथ स्वागत किया। विधायक राजीव गुंबर ने कहा कि सरकार की योजनाएं सीधे आम आदमी तक पहुंच रही हैं। अकेले उत्तर प्रदेश में ही 261 लाख मीट्रिक टन से अधिक मुफ्त राशन गत चार वर्षो में लोगों को वितरित किया गया है। पीएम स्वनिधि योजना के तहत रेहड़ी पटरी वालों को दो हजार करोड़ रुपये से अधिक का बिना गांरटी लोन दिया गया है। उन्होंने सभी लोगों से योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान करते हुए कहा कि यह सब प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प के कारण हो रहा है। महानगर अध्यक्ष पुनीत त्यागी ने चकहरेटी में कहा देश-प्रदेश में मजबूत नेतृत्व के कारण लोगों को योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ मिल रहा है। पीएम आवास योजना के अंतर्गत सहारनपुर में ही 25 हजार से ज्यादा आवास बनाकर दिए जा चुके हैं। महानगर मंत्री शीतल विश्नोई ने कहा आज योजनाओं के साथ सरकार लोगों के द्वार है। सभी कार्यक्रम स्थलों पर विभिन्न विभागों के स्टाल लगाकर लोगों को योजनाओं का लाभ और जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा मंडल अध्यक्ष ठाठ सिंह राणा व राजकुमार कालड़ा, महानगर मंत्री रेखा रोहिला ने भी सम्बोधित किया। उक्त कार्यक्रमों में पार्षद आरती, पूर्व पार्षद उमेश शर्मा, प्रमोद चौधरी,पार्षद प्रतिनिधि नीरज कुमार, अक्षु छाबड़ा के अतिरिक्त महंत आशीष,सागर वर्मा, योग चुघ, शादीलाल धींगड़ा, राम राजपूत व राहुल झाम आदि मौजूद रहे। वार्ड 13 चकहरेटी में महापौर डॉ.अजय कुमार व वार्ड 19 गोपाल नगर में नगर विधायक राजीव गुंबर ने सभी लोगों को पंचप्रण की शपथ दिलाई तथा पीएम स्वनिधि, पीएम आवास के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र तथा उज्जवला योजना के लाभार्थियों को गैस कनेक्शन वितरित किये गए। शिशुओं को अन्न प्राशन भी कराया गया। चकहरेटी में जयवीर राणा ने तथा गोपाल नगर में संचालन डॉ. वीरेन्द्र आज़म ने किया।

## अधिवक्ता एसोसिएशन के प्रतिष्ठा पूर्ण चुनाव को नामांकन प्रक्रिया शुरू



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन के प्रतिष्ठा पूर्ण चुनाव को लेकर आज नामांकन प्रक्रिया आरंभ हो गयी, जिसके चलते नामांकन के पहले दिन उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्रों की खरीदारी की गयी। चुनाव को लेकर न्यायालय परिसर में पूरी तरह गहमा-गहमी का माहौल बना हुआ है और उम्मीदवार चुनाव में जीत हासिल करने को लेकर चुनाव प्रचार में जुट गए है।

आज दीवानी न्यायालय परिसर में मुख्य चुनाव अधिकारी अक्षय मित्र वत्स के साथ सहायक चुनाव अधिकारियों से चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों ने अपने-अपने नामांकन पत्र खरीदें। जिसमें बिशम्भर सिंह गुट से अध्यक्ष पद पर राजीव गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर दीपक चौधरी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर गौरव शर्मा, महासचिव पद पर निशान्त त्यागी, कोषाध्यक्ष पद पर नीतिन धीमान, संयुक्त सचिव पद पर ऋषिरंजन राणा, मेहर सिंह, सीनियर गर्वनिंग काउंसलिंग के लिए योगेश काम्बोज, राकेश वर्मा, गर्वनिंग काउंसलिंग जूनियर के लिए सचिन कुमार, जूबी ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए।

## व्यापारी विवेक की मौत के कारणों की जांच को समिति गठित

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि की महानगर इकाई की आयोजित बैठक में नगर निगम के अधिकारियों की उदासीनता के चलते विवेक जुनेजा की मौत पर व्यापारियों ने रोष व्यक्त करते हुए मौत के कारणों की जांच के लिए समिति का गठन किया है, जो मुख्यमंत्री से इस मामले को लेकर भेंट करेगी।

रेलवे रोड स्थित व्यापार भवन मे आयोजित बैठक में मृतक व्यापारी विवेक जुनेजा की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया गया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष विवेक मनोचा व महानगर महामंत्री स.सुरेन्द्र मोहन सिंह चावला ने कहा कि मृतक व्यापारी विवेक जुनेजा के साथ नगर निगम द्वारा की गयी कार्यवाही दुर्भाग्यपूर्ण है। व्यापार मण्डल इसकी घोर निंदा करता है। उन्होंने कहा कि गत माह खुमरानपुल पर चौड़ीकरण के नाम पर जिन चार दुकानों को तोड़ा गया था उनमें से एक दुकान विवेक जुनेजा की थी। विवेक जुनेजा को निगम अधिकारियों द्वारा आश्वस्त किया गया था कि वह उन्हें दुकान आवंटित करेंगे लेकिन ऐसा न करके व्यापारी का उत्पीड़न किया गया।

## अवैध खनन के परिवहन में संलिप्त वाहनों पर होगी एफआईआर

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी के दिशानिर्देशों के क्रम में जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत अवैध खनन एवं परिवहन पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाते हुए वैध खनन को प्रेरित कर राजस्व में बढ़ोत्तरी की जाए। उन्होंने कडे निर्देश दिए कि जनपद में किसी भी हाल में अवैध खनन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बार बार अवैध खनन करने वालो के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराते हुए उन्हे जेल भेजा जाएगा।

जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र आज यहां कलेक्ट्रेट सभागार में अवैध खनन एवं परिवहन को रोकने हेतु जिला टास्क फोर्स की बैठक ले रहे थे। जिलाधिकारी ने कहा कि अवैध खनन व परिवहन में संलिप्त वाहनों पर कडी कार्यवाही की जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि जनपद में उपखनिजों के परिवहन में प्रयुक्त वाहनों द्वारा माईनटैग का शत-प्रतिशत प्रयोग हो। दिनेश चन्द्र ने कहा कि अन्तर्राज्जीय सीमा पर लगे हुए मार्गो पर जिला टास्क फोर्स के सदस्यों को सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। बिना रॉयल्टी एवं फर्जी रॉयल्टी वालो को किसी भी हालत में बख्शा ना जाए। उन्होंने कहा कि टास्कफोर्स क्षेत्र का निरंतर भ्रमण करती रहे। अवैध खनन को रोकने के लिए जिला खनन टास्कफोर्स के पदाधिकारी व सदस्यों को क्षेत्र का निरंतर औचक निरीक्षण कर छापेमारी अभियान चलाने के भी निर्देश दिए।

## एडीएम ई रणविजय सिंह की अध्यक्षता व सीटीओ पुष्पांजली के समन्वय में पेंशन दिवस की समीक्षा बैठक सम्पन्न

*अवधनामा संवाददाता*

**गाजियाबाद।** उ0 प्र0 राज्य सरकार के निर्देशानुसार महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में पेंशनर दिवस आयोजित किया गया। समीक्षा बैठक की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (प्र0) रणविजय सिंह व समन्वय मुख्य कोषाधिकारी पुष्पांजली द्वारा किया गया।

पेंशनरों ने बैठक के दौरान अपनी बात रखते हुए अनेक समस्याएं बताई जिनमें चिकित्सा प्रतिपूर्ति में आयकर की कटौती, सीएमओ ऑफिस में चिकित्सा प्रतिपूर्ति के लम्बंति मामले, हैल्थ कार्ड से सम्बंधित तकनीकी समस्या, विभिन्न विभागों में अटके चिकित्सा प्रतिपूर्ति के दावे, पेशनर्स कक्ष से सम्बंधित समस्याएं सहित अन्य समस्याएं बताई गई। साथ ही बैंके में वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग से काउंटर की मांग की गई।

पेंशनरों की समस्याओं का त्वरित समाधान हेतु कार्यालयाध्यक्षों को अपर जिलाधिकारी(प्र0) रणविजय सिंह द्वारा निर्देशित किया गया। पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा अपर जिलाधिकारी (प्र0) महोदय एवं मुख्य कोषाधिकारी जी का आभार व्यक्त किया गया है कि कोषागार स्तर पर हमारा कोई कार्य लम्बित नहीं है और पुष्पांजली के त्वरित कार्य निष्पादन की प्रशंसा की गयी।

बैठक के समापन से पूर्व सुरेश खन्ना, मंत्री - वित्त एवं संसदीय कार्य, उत्तर प्रदेश सरकार जी के द्वारा ऑनलाईन पेंसनरों और सम्बंधित अधिकारी से वार्ता की गई। माननीय मंत्री जी ने पेंशनरों को आश्वासन दिया कि उनके द्वारा बताई गई समस्याओं का जल्द निराकरण करवाया जायेगा।

कोषागार कार्यालय से सहायक कोषाधिकारी श्री अनिल शर्मा, लेखाकार श्री नवीन शक्ति, दीपक राज, सहायक लेखाकार अनुपमा श्रीवास्तव, मो0 परवेज खान, राजकमल, दीपक कुमार सहित 40 विभागों के विभागध्यक्ष/प्रतिनिधि व बड़ी संख्या में पेंशनर्स भी उपस्थित रहे।

## तहसील सदर की 06 ग्रामों को चकबन्दी प्रक्रिया से पृथक किया गया व दो ग्रामों में चकबंदी क्रियाएं पूर्ण

**रायबरेली।** बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी रायबरेली सुनील नौटियाल ने बताया है कि चकबन्दी आयुक्त, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा जनपद रायबरेली की तहसील सदर के ग्राम-चन्दवल, ग्राम-आशानन्दपुर, ग्राम-सराय मुबारक, ग्राम-सहजौरा, ग्राम-अँगुरी एवं ग्राम-हरनी को उत्तर प्रदेश जोत चकबन्दी अधिनियम की धारा-6(1) के अन्तर्गत चकबन्दी प्रक्रिया से पृथक कर दिया गया है। बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी रायबरेली सुनील नौटियाल ने यह भी बताया है कि चकबन्दी आयुक्त, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा जनपद रायबरेली की परगना व तहसील सदर के ग्राम-जरिया एवं ग्राम-पड़ेरा में चकबन्दी क्रियाएं पूर्ण कर धारा-52 की विज्ञप्ति जारी की गयी है।

## सीडीओ की अध्यक्षता में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस गोष्ठी का आयोजन संपन्न

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव के अध्यक्षता में विकास भवन के महात्मा गांधी सभागार में अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया गया है। गोष्ठी में मुख्य विकास अधिकारी ने अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों से कहा कि प्रदेश व केन्द्र सरकार द्वारा संचालित लाभ परक योजनाओं का लाभ उठाये। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा अल्पसंख्यकों मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध, पारसी एवं जैन के कल्याणार्थ संचालित योजनाओं प्रदेश सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं वाली योजनाए है जिसमें किसी भी प्रकार की हीला हवाली शिथिलता व लापरवाही न बरती जाए।

गोष्ठी में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी ने जनपद के समस्त विभागों के अधिकारीगण एवं अल्पसंख्यक समुदाय से सरदार औतार सिंह छाबड़ा, भिक्खु कमलसील, बी0सी0 नेथन, परमजीत सिंह गांधी, मौलाना अरबी उल अशरफ, प्राधानाचार्य एदारा-ए-शरैय्या खिन्नी तल्ला रायबेरली, अहमद मुजीब, प्रधानाचार्य मदरसा सलाम ओरियण्टल कालेज थुलेण्डी रायबरेली, मो0 अयूब अंसारी, प्रधानाचार्य मदरसा दारूल उलूम बरकार्तरजा इमामगंज, रायबरेली तथा मुस्लिम समुदाय के विभिन्न गणमान्य व्यक्तियो के साथ साथ जनपद में संचालित समस्त मदरसो के शिक्षकों/कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

गोष्ठी का संचालन हरिओम यादव, व0सहायक जि0अ0सं0क0अधि0 रायबरेली द्वारा किया। इस अवसर पर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी द्वारा गोष्ठी में उपस्थित सभी सम्मानित व्यक्तियों का आभार व्यक्त करते हुए प्रत्येक वर्ष 18 दिसम्बर को अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के रूप में मनाये जाने के सम्बन्ध में प्रकाश डालते हुए विभाग द्वारा अल्पसंख्यकों के कल्याणार्थ भारत सरकार/राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गयी साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अल्पसंख्यको को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप अनुमन्य कराये जाने हेतु विभागवार योजनाओं की जानकारी दी गयी। मौलाना मो0 नासिर खान, अहमद मुजीब तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा योजनाओं में अधिक से अधिक लाभार्थियों का लक्ष्य/प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराया जाये जाने का सुझाव दिया गया।

जिस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रायबरेली को यथा सम्भव आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये तत्पश्चात आये हुए सभी गणमान्य व्यक्तियों का आभार व्यक्त करते हुए गोष्ठी का सम्पन्न किया गया।

## पुण्यतिथि पर बांटे गये कम्बल



**मैनपुरी अवधनामा संवाददाता।** पंडित रामेश्वर दयाल मिश्रा की 42 पुण्य तिथि के अवसर पर मुनीम जी कोल्ड स्टोरेज पर हर वर्ष की भांत इस वर्ष भी कंबल वितरण का कार्य दरिद्र नारायण को वा उनका इलाज के लिए कैंप लगाया गया इस महान कार्यक्रम का उदघाटन एकर्षानंद आश्रम के सर्वराकार महा मंडलेश्वर श्री हरिहरा नंद जी के कर कमलों से हुआ इस कंबल वितरण के कार्यक्रम को उनके सुपुत्र प्रमोद दादा के सौजन्य से होता है जो शहर के बहुत बड़े समाज सेवी हैं दादा के बड़े पुत्र डाक्टर दिलीप मिश्रा वा छोटे पुत्र प्रशांत मिश्रा का भी संयोग रेहता है मुख्य अतिथि पधारे महाराज जी ने इस कार्य की बहुत प्रशंसा की दरिद्र नारायण के लिए यह नेक कार्य सभी नही कर पाते इस कार्य को दयालु और उदार व्यक्ति ही करते हैं, दैन हार कोई और है भेजत हैं दिन रैन लोग भरम हम पर करें तासो नीचे नैन ये है दान दाता की दयालुता है करीब 1100 कंबल वितरण हुआ। इस कार्यक्रम को ठीक से संपन्न कराने के लिए मैनेजर अनिल दीक्षित का बड़ा योगदान है। इस कार्यक्रम में पधारे, मुनेंद्र मिश्रा, प्रमोद कुमार मिश्रा (बाबुजी), हरिओम मिश्रा, आनंद मिश्रा, पन्नू दीक्षित तथा सत्य देव पांडे और तमाम अतिथि गण उपस्थित रहे।

## मरीजों की बीमारियों को चेक किया गया

**मैनपुरी अवधनामा संवाददाता।** पण्डित रामेश्वर दयाल की पुण्य तिथि पर प्रमोद



दादा के सुपुत्र डाक्टर दिलीप मिश्रा ने और उनकी पत्नी सोनिया भट्ट ने कोल्ड पर निशुल्क शिविर लगा कर बाहर से आए हुए डॉक्टर के सहयोग से हजारों मरीजों की बीमारियों को चेक किया और निशुल्क दवाइया उपलब्ध कराई गई, दवाइयों उपलब्ध कराने में प्रशांत मिश्रा का बड़ा सहयोग रहा बाहर से आए हुए डॉक्टर हयात अंजुम खान प्रोफेसर ऑफ मेडिकल कॉलेज टुंडला, डाक्टर हेमेंद्र अग्रवाल जनरल फिजिशियन आगरा,डाक्टर मृदुला शर्मा न्यूरो वा स्पाइन सर्जन आगरा,बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सोनिया भट्ट, डॉ दिलीप मिश्रा यूरो सर्जन तथा डॉक्टर शहराज फिरोज मौजूद रहे।

## कैथेरी टोल प्लाजा पर घायल हुए मरीजों को मेडिकल कालेज में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने कैथेरी टोल प्लाजा के पास कल देर रात सड़क दुर्घटना में हुये घायलों को तत्काल राजकीय मेडिकल कालेज में उपचार हेतु भर्ती कराया गया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने राजकीय मेडिकल कालेज में पहुंचकर घायलों का चल रहे



उपचार का जायजा लिया साथ ही घायलों का हालचाल जाना, उन्होने परिजनों से कहा कि सभी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध करायी जा रही है। उन्होने राजकीय मेडिकल प्राचार्य को निर्देशित किया कि निरन्तर चिकित्सकों की निगरानी में घायलों को बेहतर उपचार दिया जाये। उन्होने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा पीड़ित व्यक्तियों की हर सम्भव चिकित्सा सहायता मुहैया करायी जायेगी साथ ही उन्होने घायलों के जल्द स्वस्थ्य होने की कामना की। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट दिनेश कुमार, राजकीय मेडिकल कालेज प्राचार्य राजेश कुमार मौर्य, मेडिकल कालेज मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रशान्त निरंजन मौजूद रहे।

## फ्री होल्ड़, रजिस्ट्री कराने के लिये भटक रहे आवंटी

**कानपुर।** कानपुर विकास प्राधिकरण में अपना अशियाना पाने की आस देख रहे आवंटियों को केडीए के बाबूओं की मकड़जाली से राहत नहीं मिल रही है। कई आवंटियों ने पैसा पूरा जमा होने के बाद फ्री होल्ड और रजिस्ट्री के लिये पत्र दिये है पर यहां बिना सेटिंग के कोई काम नहीं हो रहा है कई आवंटियों ने अपना दर्द बयां किया लेकिन बाबूओं के खौफ से अपना नाम बताने से डरते रहे। दरअसल केडीए ने सुलभ आवास में पनकी में कई योजनाओं में फ्लैटों की बिक्री की है। कई आवंटियों ने बताया कि केडीए में पैसा जमा होने के साथ ही बैंक का पैसा भी जमा कर दिया गया। सारी रसीदे, बैंक की एनओसी समेत कई आवटियों ने प्रार्थना पत्र भी दिया है लेकिन दस दिन बीत जाने के बाद भी आवंटियों को ये नहीं पता चल पा रहा है उनकी रजिस्ट्री और फ्री होल्ड कब होगा और न ही बाबू फ्री होल्ड में कितना पैसा लगना है बता रहे है। एक आवंटी ने बताया कि सभी दस्तावेज जमा कर दिये कहा गया कि खुद आफिस से फोन आयेगा पर आज तक फोन नहीं आया कई बार चक्कर लगाये तो कहा गया कि सभी कागज चेक किये जा रहे है।

## फूल देकर आरटीओ अधिकारियों ने वाहन चालको को किया सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक



अवधनामा संवाददाता

**कानपुर।** द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तीसरे दिवस सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान आरटीओ विभाग के अधिकारियों ने रोड पर दो पहिया, चार पहिया वाहनों के चालकों को जो लोग हेलमेट व सीटबेल्ट लगाये हुए थे। उनको एआरटीओ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) सुधीर कुमार व श्रीमती अकांक्षा सिंह सभागीय निरीक्षक (प्राविधिक) कानपुर नगर ने गुलाब का फूल देकर सम्मानित करते हुए सदैव वाहन चलाते समय हेलमेट व सीटबेल्ट पहनने के लिए जागरुक किया। इसके अलावा विभगीय प्रवर्तन दल ने गल्लामंडी नौबरता एवं चकरपुर मण्डी के पास ट्रैक्टर ट्रालियों में रिफ्लेकटर टेप लगाये गये। मौके पर एआरटीओ प्रवर्तन प्रथम राजेश राजपूत ए आरटीओ प्रथम व मानवेन्द्र सिंह पीटीओ की देखरेख में रिफ्लेक्टर लगाये गये। लगभग 55 ट्रेक्टर ट्रालियों में रिफ्लेक्टर टेप लगाये गये। इसी क्रम में रविवार को आटीओ प्रवर्तन विभाग कानपुर एवम यातायात विभाग के संयुक्त तत्वाधान में सड़क सुरक्षा जागरुकता के सम्बन्ध में कल्याणपुर, नारामऊ, आईआईटी के पास दोपहिया वाहन व चार पहिया वाहन एवं ई-रिक्शा बालकों एवं यात्रियों को सड़क सुरक्षा पखवाड़ा एवं दुर्घटना से बचाव हेतु पर्चा देकर जागरुक किया गया।

# अपने कर्तव्यों का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करें पुलिसकर्मीः आईजी

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** पुलिस महानिरीक्षक गोरखपुर परिक्षेत्र गोरखपुर जे. रविन्दर गौड ने सोमवार को एसपी कुशीनगर धवल जायसवाल की उपस्थिति में नेबुआ नौरंगिया थाने का वार्षिक निरीक्षण किया।

**नेबुआ नौरंगिया थाने का आई जी ने किया वार्षिक निरीक्षण**



निरीक्षण के क्रम में आवास, निर्माणाधीन भवन, थाना परिसर, बैरक, थाना कार्यालय, माल खाना, शस्त्रागार, बंदी गृह, विवेचना कक्ष, महिला हेल्प डेस्क आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने साथ ही परिसर को साफ रखने, कार्यालय में अभिलेखों को दुरुस्त रखने व मीनू के अनुसार पोषण युक्त भोजन तैयार करने, शस्त्रागार में शस्त्रों को नियमित सफाई करने, निष्प्रोज्य दंगा नियंत्रण उपकरणों को बदलकर नए प्राप्त करने, लंबे समय से थाने में दाखिल अभियोगों से संबंधित लावारिस एवं जप्त वाहनों की नीलामी कराने का निर्देश दिया। साथ ही मिशन शक्ति कक्ष व महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला पुलिस कर्मी को आने वाली महिला फरियादियों की समस्या को सहानुभूति पूर्वक सुनकर उनका तत्काल निस्तारण कराने के निर्देश दिए। द्वारा थानें के बीपीओ, समस्त पुलिस कर्मियों एवं ग्राम प्रहरियों के साथ सम्मेलन की गयी।

ग्राम प्रहरियों को महोदय द्वारा साफा भेंट कर सम्मानित किया गया एवं साईकिल प्रदान की गयी एवं उनसे वार्ता कर उनका हाल जानने के साथ क्षेत्र से संबंधित अपराध और अपराधियों की जानकारी रखने एवं इसकी जानकारी बीट पुलिस अधिकारियों से साझा करने, अपने कर्तव्यों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं निरीक्षक द्वारा थाना क्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी खड्डा संदीप वर्मा, प्रभारी निरीक्षक नेबुआ नौरंगिया, पीआरओ एवं अन्य अधि./कर्मचारीगण मौजूद रहें।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का भव्य आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** राजस्व राज्यमंत्री, जनपद के प्रभारी मंत्री अनूप प्रधान ने विकास खंड मैनपुरी की ग्राम पंचायत औड़ेन्य पड़रिया के ग्राम नगला जुला में विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों, ग्रामीणजनों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री ने वर्ष 2014 में देश की बागडोर संभालने के बाद से ही गरीबी उन्मूलन के लिए कार्य किया।



समाज के अंतिम पायदान के व्यक्ति को किसी न किसी योजना का लाभ देकर उसे भी विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का संकल्प लिया, संचालित तमाम योजनाओं में गरीब, किसान, महिलाओं को केंद्रबिंदु रख योजनाएं संचालित की, किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हो इसके लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना लागू कर किसानों को प्रति वर्ष रू. 06 हजार उपलब्ध कराए जाने का निर्णय लिया, गरीब परिवारों की महिलाओं को धुएं से निजात दिलाने के लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत बड़ी संख्या में निःशुल्क गैस सिलेंडर, चूल्हे, रेगुलेटर उपलब्ध कराए गए, प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा होली-दीपावली पर उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को निःशुल्क रिफिल गैस सिलेंडर मुहैया करने की व्यवस्था की। राजस्व राज्यमंत्री ने कहा कि पहले गरीब परिवार का कोई व्यक्ति यदि गंभीर बीमारी से ग्रसित होता था, तो उसके परिवार को किसी से कर्ज लेना पड़ता था या अपनी जमीन बेचनी पड़ती थी, लेकिन आज प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत गरीब परिवारों के 05 व्यक्तियों को रू. 05 लाख तक का मुफ्त इलाज उपलब्ध हो रहा है, पात्र लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाने की प्रक्रिया तेजी से प्रारंभ है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पूर्व घर की बहू-बेटियां खुले में शौंच जाने के लिए मजबूर थीं, खुले में शौच करने से उन्हें शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता था, लेकिन 2014 के बाद स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत प्रधानमंत्री ने हर-घर इज्जत घर बनवाने का कार्य किया, पात्र लाभार्थियों को रू. 12 हजार का अनुदान देकर प्रत्येक घर में शौचायलयों का निर्माण कराकर घर की बहू-बेटी खुले में शौच करने से होने वाली शर्मिंदगी से बचाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों ने गरीबों की चिंता नहीं की, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने अपने कार्यकाल के पहले दिन से ही गरीब, निर्धन महिलाओं के आत्म सम्मान, उनके सर्वांगीण और विकास की परवाह की, अब प्रधानमंत्री के निर्देशन में पूरे देश में विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारंभ की गई है, जिसके तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में मोदी की गारंटी वाली गाड़ी पहुंच रही है, प्रत्येक ग्राम में विभिन्न विभागों द्वारा अपने विभागों की स्टॉल लगाकर किसी भी योजना का लाभ पाने से वंचित पात्रों की मौके पर ही औपचारिकताएं पूर्ण कराकर उन्हें लाभान्वित किए जाने का कार्य किया जा रहा है। पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री जन-धन योजना के तहत गरीबों के जीरो बैलेंस पर खाते खुलवाकर संचालित योजना का लाभ सीधे लाभार्थी के बैंक खाता में भेजा गया, सीधी धनराशि लाभार्थी को मिलने से बिचौलिया प्रथा समाप्त हुई।

## एलएस गार्डन जालौन में नमो ऐप अभियान की कार्यशाला हुई संपन्न



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी जनपद जालौन के द्वारा एलएस गार्डन जालौन में नमो ऐप अभियान की कार्यशाला संपन्न हुई बैठक के मुख्य अतिथि जिला प्रभारी अशोक जाटव जी रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष उर्विज दीक्षित जी ने की जिला प्रभारी जी ने बताया कि नमो ऐप एक साधारण अभियान नहीं है इसमें सभी पदाधिकारी को अपने-अपने बूथों पर ग्रामीण में प्रत्येक बूथ पर 100 नमो ऐप डाउनलोड करवाना है शहरी क्षेत्र में प्रत्येक बूथ पर 200 नमो ऐप डाउनलोड करवाना है इसके लिए सभी मोर्चे एवं जिला पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों की जवाब दे ही तय की जाएगी किसान मोर्चा किसान भाइयों के नमो ऐप डाउनलोड करवाएंगे अनुसूचित मोर्चा के पदाधिकारी अनुसूचित बस्तियों में जाकर नमो ऐप डाउनलोड करवाएंगे सभी विधायकों को एवं जनप्रतिनिधियों को अपना-अपना लक्ष्य दिया गया है जनपद का लक्ष्य है कि प्रत्येक मंडल से 15000 नमो ऐप डाउनलोड करवाए जाएं जिससे जनपद जालौन से 2 लाख नमो ऐप डाउनलोड हो सके बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व जिला अध्यक्ष जगदीश तिवारी जी और उदयन पालीवाल जी क्षेत्रीय मंत्री संजीव उपाध्याय, बृजभूषण सिंह मुन्नू, जिला महामंत्री विवेक कुशवाहा, रविंद्र प्रताप अग्निवेश, दिलीप दुबे, हरेंद्र विक्रम, रेखा वर्मा, अमित निरंजन, नीरज दुबे, मनोज यादव, सौरभ, वीर प्रताप, तरुण तिवारी, अमित समधिया एवं सभी मंडल अध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नगर निगम, जलकल का 24 अरब रुपए का बजट पास




अवधनामा संवाददाता

**कानपुर नगर।** निगम की कार्यकारिणी बैठक सोमवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए महापौर प्रमिला पांडेय ने कई अहम प्रस्तावों पर

**हाउस टैक्स में अनियमितता पर रिपोर्ट तलब**

चर्चा की। कार्यकारिणी सदस्यों के साथ चर्चा के बाद फैसला लिया गया कि अब शहर के सभी प्राइवेट स्कूलों से कूड़ा उठान का शुल्क वसूला जाएगा। इसके अलावा नगर निगम का 21.73 अरब और जलकल का 3.63 अरब रुपए का पुनरीक्षित बजट पास किया गया। प्राइवेट स्कूलों से वसूला जाएगा शुल्क शहर में नगर निगम गेस्ट हाउस, रेस्टोरेंट, मॉल, हॉस्पिटल, बाजार समेत सभी से कूड़ा उठान शुल्क वसूल रहा है। लेकिन स्कूलों से कूड़ा तो उठाया जा रहा है, लेकिन इसका शुल्क नहीं दिया जा रहा है। अब नगर निगम स्कूलों में बच्चों की क्षमता के मुताबिक कूड़ा उठान शुल्क वसूलेगा। महापौर ने बताया कि न देने वालों स्कूलों को नोटिस जारी किया जाएगा। इसके बाद कार्रवाई की जाएगी। महापौर कई बार बैठक में अधिकारियों पर नाराजगी जाहिर की। महापौर ने बैठक में नगर निगम की बारातशाला और रैन बसेरों को लेकर जोनल अधिकारियों से जानकारी चाही। लेकिन एक भी जोनल अधिकारी ये जानकारी नहीं दे सका कि आखिर नगर निगम की कितनी बारातशाला और रैन बसेरा है। महापौर ने फटकार लगाते हुए चेतावनी दी कि सदन की कार्यवाही से पहले जोनल अधिकारी इसकी पूरी जानकारी कर लें। अब नगर निगम ही बारातशाला और रैन बसेरों का संचालन करेगा। बता दें कि अभी नगर निगम संपत्ति विभाग के अधीन सिर्फ 5 बारातशाला ही हैं। **सफाई के लिए बनेगी टास्क फोर्सः** बैठक में फैसला लिया गया कि सफाई के लिए महापौर एक अलग टास्क फोर्स का गठन करेंगी। इसमें 110 सफाई कर्मचारी होंगे। हाल ही में वार्डों में 4-4 सफाई कर्मचारी दिए गए थे, उन्हीं में से एक-एक सफाई कर्मचारी लेकर टास्क फोर्स का गठन होगा। सफाई न होने की शिकायत पर महापौर कहीं भी टास्क फोर्स को भेज सकेंगी। **कार्यकारिणी में ये पार्षद रहे शामिलः** संतोष साहू, निर्देश सिंह चौहान, आशुमेंद्र प्रताप सिंह, विकास जायसवाल, देवेंद्र द्विवेदी, दीपक शर्मा, आरती गौतम, पवन गुप्ता, योगेंद्र शर्मा, अभिषेक गुप्ता मोनू, लियाकत अली और अंजुलि आदर्श दीक्षित कार्यकारिणी बैठक में रहीं। बैठक में नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन, अपर नगर आयुक्त प्रतिपाल चौहान, चीफ इंजीनियर मनीष अवस्थी, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. अजय संखवार, उद्यान अधिकारी डा. वीके सिंह, लाइटिंग अभियंता आरके पाल समेत सभी जोनल अधिकारी और अभियंता मौजूद रहे।

**हाउस टैक्स में वसूली में गड़बड़ी**

महापौर ने हाउस टैक्स वसूली को लेकर भी अधिकारियों को आड़े हाथों लिया। महापौर ने सभी जोन के बड़े बकायेदारों के रिपोर्ट मांगी। आपत्ति जताते हुए कहा कि कहीं बड़े बकायेदारों पर कुर्की का नोटिस नहीं है और कहीं छोटे बकायेदारों को ही कुर्की का नोटिस चस्पा कर दिया गया। इसकी पूरी रिपोर्ट तैयार कर दी जाए। वहीं शहर में लगाए गए हैंगिंग गार्डन की जानकारी उद्यान अधिकारी नहीं दे सके। इस पर महापौर ने आपत्ति जताई कि अधिकारियों को इसकी जानकारी होनी चाहिए। जब जानकारी ही नहीं है, इसीलिए हैंगिंग गार्डन बेहद खराब स्थिति में हैं।नगर निगम के मूल बजट में 200 करोड़ रुपए और जोड़े गए हैं। 100 करोड़ रुपए शासन से ग्रीन सड़क परियोजना और 100 करोड़ रुपए म्यूनिसिपल बॉन्ड के तहत मिलेंगे। नगर निगम ने इसे भी बजट में शामिल किया है। नए सिरे से होंगे कूड़ा उठान के टेंडर महापौर ने कार्यकारिणी बैठक में आपत्ति जताई कि अभी तक नगर निगम सभी 110 वार्डों में कूड़ा उठान नहीं कर पाया है।

## भू-माफियाओं से प्राप्त 480 भूखण्डों के ई-ऑक्शन में 405 पर लगायी गयी बोली

**कानपुर।** उपाध्यक्ष केडीए विशाख जी. के कुशल निर्देशन में गत माहों में प्राधिकरण द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि पर भू-माफियाओं द्वारा किये गये अवैध कब्जों को हटाते / ध्वस्त करते हुये, भूखण्डों से सम्बन्धित योजना को बाउण्ड्रीवाल कराते हुये दीपावली के शुभ अवसर पर कुल 480 आवासीय भूखण्डों को आम जनमानस हेतु ई-ऑक्शन में लगाया गया था। उपाध्यक्ष के निर्देशन में प्राधिकरण द्वारा की गयी उपरोक्त कार्यवाही / ई-ऑक्शन में आम जनमानस द्वारा बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया गया तथा प्राधिकरण द्वारा अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की गयी है। प्राधिकरण द्वारा बर्रा-6, केयूडीपी (प्रेरणा विहार), बर्रा-8, स्वर्ण जयन्ती विहार, हाइवेसिटी, सकरापुर, दहेली सुजानपुर योजना में 30 वर्गमी0 से लगायत 200 वर्गमी0 के कुल 480 भूखण्ड ई-ऑक्शन में लगाये गये थे। प्राधिकरण द्वारा भू-माफियाओं से भूमि खाली कराये जाने के उपरान्त कुल 480 आवासीय भूखण्ड ई-ऑक्शन में लगाये गये थे।

## 58 व्यावसायिक वाहनों में रिफ्लेक्टिव टेप लगाए गए, चालकों का हुआ नेत्र परीक्षण

**फर्रूखाबाद अवधनामा संवाददाता।** सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत सोमवार को नगर में संभागीय निरीक्षक प्राविधिक जीवन कुमार एवं यातायात प्रभारी रजनेश कुमार द्वारा 58 व्यावसायिक वाहनों में मानक के अनुसार रिफ्लेक्टिव टेप लगाए गए । संभागीय निरीक्षक प्राविधिक द्वारा वाहन चालकों एवं वाहन स्वामियों को बताया गया की सभी प्रकार के व्यावसायिक वाहनों में आगे सफेद रंग का, वाहन के साइड में पीले रंग का तथा वाहन के पीछे लाल रंग का बी आई एस मार्क रिफ्लेक्टिव टेप लगाया जाता है । रिफ्लेक्टिव टेप लगे होने से कोहरे अथवा किसी भी मौसम में वाहन दूर से ही दिखाई देता है तथा दुर्घटना की संभावनाओं को बहुत कम कर देता है। वाहन में नियमानुसार रिफ्लेक्टिव टेप न लगे होने पर वाहन का चालान किया जाता है। इस वर्ष अभी तक 165 वाहनों का चालान रिफ्लेक्टिव टेप न लगे होने के अभियोग में किया गया है। रिफ्लेक्टिव टेप न लगे होने के अभियोग में रुपए 10000 का अर्थ दंड आरोपित किया जाता है , अतः सभी वाहन स्वामियों को दुर्घटना से बचाव हेतु रिफ्लेक्टिव टेप अवश्य लगाना चाहिए । सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम आर सी यादव द्वारा वर्कशॉप में रोडवेज की बसों पर टेप की जांच की गई तथा कमी पाए जाने पर रिफ्लेक्टिव टेप लगवाए गए। रोडवेज बस अड्डा परिसर में चालकों हेतु नेत्र शिविर का आयोजन किया गया जिसमें रेंडम आधार पर 18 चालकों के नेत्रों का परीक्षण किया गया, जो सही पाया गया। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया की नियमित रूप से चालकों के नेत्रों का परीक्षण किया जाता है ताकि रोडवेज बसों में दुर्घटना की संभावना न रहे । नेत्र परीक्षण डॉक्टर सुनीत राजन मिश्रा तथा डॉक्टर मनीषा सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान यातायात प्रभारी रजनेश कुमार और सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक जीवन कुमार भी उपस्थित रहे। सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक ने सभी चालकों को नियमित अंतराल पर नेत्र परीक्षण एवं स्वास्थ्य परीक्षण करने का निर्देश दिया ताकि वह किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बच सकें।

# विष्णु देव ने जीता सीनियर ओपेन शतरंज का खिताब, रक्षित शेखर बने उपविजेता

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** जिला शतरंज के तत्वावधान में प्रथम मन्नु लाल श्रीवास्तव मेमोरियल ओपेन शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को विजय चौक स्थित एस एस एकेडमी में सम्पंन हुआ। प्रतियोगिता में कुल 42 खिलाड़ियों ने अपने दिमागी कौशल का प्रदर्शन किया, जिसमें 10 अंतरराष्ट्रीय रेटेड खिलाड़ी शामिल रहे।

प्रतियोगिता के टॉप सीटेड खिलाड़ी विष्णु देव यादव ने पांच चक्रों के मैच में अपनी प्रथम वरियता प्राप्त बरकार रखते हुए अपने सभी मैचों में जीत दर्ज कर पांच अंक अर्जित कर सीनियर ओपेन वर्ग का खिताब अपने नाम किया। वहीं चार मैचों में जीत व एक मैच ड्रा खेलकर रेटेड खिलाड़ी रक्षित शेखर द्विवेदी ने 4.5 अंक अर्जित कर ओपेन वर्ग के उपविजेता बने। वहीं 4 अंक बनाकर तीसरा स्थान रेटेड खिलाड़ी शाश्वत सिंह ने अपने नाम किया।



प्रतियोगिता मे जूनियर खिलाडियों ने अपने प्रदर्शन से चौकाते हुए प्रथम छः स्थान मे तीन पर कब्जा किया। ओपेन वर्ग के विजयी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता के समापन समारोह कीअध्यक्षता कर रहे पंजाब सरकार के ऊर्जा मंत्री अमन अरोड़ा और विशिष्ट अतिथि एडीएम फाइनेंस विनित सिंह ने शील्ड और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। जिला शतरंज संघ के महासचिव जितेंद्र सिंह ने बताया कि रैपिड़ आधार पर 20+5 सेकेण्ड इंक्रीमेंट पर खेले गए इस प्रतियोगिता के ओपेन वर्ग में 4 अंक बनाकर सात वर्षीय अनरेटेड खिलाड़ी आर्यांश ने रेटेड आर्यन सरन को हराकर चौथा स्थान हासिल किया। वहीं चार अंक बनाकर संजय सिंह पांचवें, 3.5 अंक मोहित चांदवानी छठवें, अमितेश आनंद सातवें, तीन अंक बनाकर लक्ष्मी नारायण द्विवेदी आठवें, अपूर्व कुमार नौवे और आर्यन दसवें स्थान पर रहे। वहीं कैटेगरी पुरस्कार में अंडर 7 आयु वर्ग में अयांश सिंह पहले, सौरभ शर्मा दूसरे स्थान पर रहे। अंडर 9 आयु वर्ग में रेटेड खिलाड़ी सोहम मित्तल पहले और दीपांजली श्रीवास्तव दूसरे स्थान पर रहीं।

## अय्याम ए फातिमा का इमामबाड़ा नजरगंज, जगदीशपुर में आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**जगदीशपुर अमेठी।** पैग़म्बर हज़रत मुहम्मद (स.अ.व) की बेटी हज़रत फातिमा ज़हरा (स.अ) की शहादत के मौक़े पर अय्याम ए फातिमा की पांच रोज़ा मजलिस का हर साल की तरह इस साल भी इमामबाड़ा नजरगंज, जगदीशपुर में आयोजन हुआ। इन मजलिसों को खिताब किया जौनपुर के जाकिर ए एहलेबैत सैयद मोहम्मद मासूम ने जिसमे उन्होंने बताया हज़रत फातिमा ज़हरा (स.अ) का जीवन महिलाओं के लिए सर्वोत्तम आदर्श है। जिस तरह अल्लाह ने अपने रसूल (स.अ.व) को लोगों का मार्गदर्शन करने के लिए भेजा था, उसी तरह हज़रत फातिमा ज़हरा (स.अ) को भी इंसानों के विकास और मार्गदर्शन के लिए भेजा था। विशेष रूप से आपका पवित्र चरित्र महिलाओं के लिए एक बेहतरीन उदाहरण है, जिसकी पैरवी निजात की ज़ामिन है। मौलाना ने कहा कि आज के तरक्क़ी याफ्ता दौर में लोग महिलाओं की आज़ादी और उनके अधिकारों की बात कर रहे हैं और लगातार



इसकी मांग कर रहे हैं, लेकिन अफसोस की बात है कि ऐसे लोग इस्लामी शिक्षाओं पर ग़ौर नहीं करते क्योंकि इस्लाम ने शुरुआत से ही महिलाओं के अधिकारों पर बात की है। इस्लाम महिलाओं को पूरी आज़ादी देता है, मगर आवश्यकता है की आज फातिमा जहरा की सीरत को देखते हुए आज़ादी की परिभाषा तय करे। हज़रत फातिमा ज़हरा (स.अ) की सीरत पर गुफ़्तुगू करते हुए कहा कि इस दौर में हमारे लिए ज़रूरी है कि हम हज़रत ज़हरा (स.अ) की ज़िन्दगी और उनकी सीरत को अपनों और दूसरों तक पहुंचाएं ताकि बीबी (स.अ) के किरदार के बारे में लोगों को पता चले।

# अल्लाह ने नबी को कौसर अता कियाः जमाल हैदर करबलाई





अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** रविवार शाम तहसील क्षेत्र के हल्लौर स्थित वक्फ शाह आलमगीर सानी में पैरवाने विलायत की जानिब से चार रोज़ा अय्याम अज़ा ए फ़ातिमी की चौथी और आखरी मजलिस को ज़ाकिर ए अहलेबैत जमाल हैदर करबलाई ने सूरए कौसर के हवाले से मजलिस को खिताब किया। इस दौरान भारी संख्या में मुकामी अकीदतमंद मौजूद रहे।

मजलिस को सम्बोधित करते हुए ज़ाकिर ए अहलेबैत जमाल हैदर करबलाई ने कहा कि परवर दिगारे आलम सूरए कौसर में इरशाद फरमा रहा है कि हमने नबी को कौसर अता किया जो खुदा के कानून का पालन करता है उसे उसकी प्यास जमाए कौसर से बुझाई जाएगी। यानी अल्लाह ताला इरशाद फरमाता है कि हमने अपने नबी को ऐसा तोहफा दिया है जो और किसी को नही दिया और जो हमने औलादे अता की उन्हीं औलादों से कुर्बानी देने का हुक्म देता है। जो नबी को अबतर का ताना देते है बे औलाद कहते है तो उनको ये मालूम हो जाए कि हमने नबी को फ़ातिमा जैसा तोहफा दिया है जिससे पूरी कायनात रौशन हो जाएगी। मासूमीन की खिलकत करके नबी की पाक नस्ल का ता क़ियामत सूरे कौसर में एलान कर दिया। जिसे नबी ने कहा है (फ़ातिमा बिज़ अतुम मिन्नी) फ़ातिमा मेरा जुज़ (टुकड़ा) है। इन्हीं के ग्यारह बेटे ही इमाम हुए और आज तक इमाम है। हम चौदह मासूमीन के क़यादत में है हमारा नबी भी बाकी है हमारा इमाम भी बाकी है। इस बात की दलील है कि आज भी नबी का कलमा हर मुसलमान पढ़ता है और कहता कि ला इलाहा इल्लाह मोहम्मद रसूलल्लाह। अंत मे फ़ातिमा ज़हरा के मसाएब बयान किया जिसे सुनकर हर तरफ से रोने की आवाज़ सुनाई दी। बाद मजलिस अकीदतमंदों ने अलम का जुलूस निकाला जो नौहा मातम करते हुए दरगाह हज़रत अब्बास, जन्नतुल वकी में मजलिस के बाद कर्बला हल्लौर जनाबे फ़ातिमा के रौज़े तक गया। मजलिस के दौरान मौलाना महफ़ूज़ हुज्जत, मौलाना अली अब्बास ज़ैनबी, अज़ीम हैदर, अलमदार हुसैन, फहीम हैदर, मोतवल्ली नौशाद हैदर एडवोकेट, लकी, तशबीब हसन, जमाल हैदर, अब्बास अली, शादाब, शकील अहमद, काज़िम रज़ा, साबिर हल्लौरी, रज्जन, इक़्तेदार मेंहदी, सिब्ते हैदर, वसी हैदर, ताक़ीब रिज़वी, माहताब हैदर, मोहम्मद हैदर शब्लू, रिंकू, इरफान हैदर, शीबू, कामयाब हैदर, रेहान, संजू, सोनू, परवेज़, जावेद, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

**डीएम की अध्यक्षता में हुई राजस्व कार्यो एवं कर-करेत्तर की समीक्षा बैठक**

# राजस्व की वसूली में तेजी लाकर शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करेः डीएम

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** राजस्व कार्यो एवं कर-करेत्तर, मुख्यमंत्री डैसबोर्ड की समीक्षा बैठक सोमवार को जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

इस दौरान जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने राजस्व वादो की समीक्षा की गयी तथा उसका निस्तारण कराये जाने तथा समस्त एसडीएम व तहसीलदार को तहसीलों की मासिक रिपोर्ट समय से भेजने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व की वसूली मे तेजी लाकर शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करे। वरासत कार्यो में प्रगति लाकर पूर्ण कराये वरासत के प्रकरण लम्बित न रहे। जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागो की प्रगति ठीक न पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी विभागो की वसूली बढ़ाकर लक्ष्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। आबकारी विभाग को वसूली बढ़ाने का निर्देश दिया। वाणिज्य कर, आबकारी, परिवहन, विद्युत, बाट-माप, विद्युत खनन विभागो के प्रगति की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने बाट-माप तथा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग को बाजारो में दुकानो को चेक करने का निर्देश दिया। इसके अलावा स्टाम्प कर, भू-राजस्व वसूली, व्यापार कर, वन विभाग, मण्डी समिति, खनन विभाग, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र तथा अन्य विभागों की समीक्षा की गयी तथा शत्-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया गया। बाजारो/चौराहो से अतिक्रमण हटवाने तथा एण्टी भू माफिया को चिन्हित कर कार्यवाही करने का भी निर्देश दिया गया। स्वामित्व योजना/कृषक दुर्घटना के प्रकरण लम्बित न रहे। समस्त उपजिलाधिकारी को निर्देश दिया कि आय, जाति, निवास आदि के आवेदन का समय से निस्तारण करायें कोई भी प्रकरण लम्बित न रहे। आईजीआरएस के प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण व समय से निस्तारित करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी उमाशंकर, समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त तहसीलदार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 नरेन्द्र कुमार वाजपेयी, डीएफओ के0 पुष्प कुमार, वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेन्द्र कुमार मौर्य, एआईजी स्टाम्प राजेश सिंह, जिला आबकारी अधिकारी वीर अभिमन्यु, एसओसी मेघवरण, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत, अधिशासी अभियन्ता विद्युत आरके कुशवाहा, वाणिज्यकर अधिकारी, रवीन्द्र श्रीवास्तव तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## फाइलेरिया के मरीजों को दिया गया किट

**लोटन सिद्धार्थनगर।** समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोटन बजार में सोमवार



को स्वास्थ्य विभाग द्वारा फाइलेरिया के मरीजों को साबुन, बालटी, क्रीम, मग, तौलिया वितरण किया गया और मरीजों से कहा गया की इस बिमारी मे साफ सफाई का ध्यान रखना जरूरी है ताकि घर परिवार में और कोई इस बिमारी के चपेट मे न आये इसलिए यह किट दिया गया है। जिसमें बरगदवा निवासनी गुलशन निशा, ग्राम एकडेगवा शांति देवी, ग्राम डफालीपुर छोटेलाल खजुरीया अजोरा देवी, ग्राम महदेइया मुनेश्वर और भुसौला माफी को किट दिया गया। जिसमें मलेरिया अधिकारी सुनील चौधरी, अधीक्षक डा0अमित कुमार चौधरी, बीसीपीएम रमाकांत चतुर्वेदी, सुशील प्रताप सिंह, संगिनी गीता देवी आदि मौजूद रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन हुआ

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सोनखर व तेनुहार उर्फ कठौतिया में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने मोदी योगी सरकार के लोक कल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा कर बताया कि मोदी योगी सरकार के द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओं की संतृप्तीकरण व सेवाओं के विस्तार में जागरूकता बढ़ाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इससे योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाया जा सके। इसके लिए सभी अधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।



प्रत्येक गांव में इसका बेहतर क्रियान्वयन हो इसके लिए सभी लोगों को जागरूक होकर एक दूसरे से सभी योजनाओं पर चर्चा करना चाहिए। जिला महामंत्री मधुसूदन अग्रहरि ने सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा किया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिविर, आयुष्मान कार्ड, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम किसान सम्मान निधि, समाज कल्याण विभाग से संबंधित पेंशन योजनायें, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना स्टाल, समेत स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं का स्टाल भी लगाया गया, इस दौरान स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों ने अपना स्वास्थ्य परिक्षण कराया। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया। इस दौरान सभी भारत को विकसित व समृद्ध बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान खण्ड विकास अधिकारी अमित सिंह, सहायक विकास अधिकारी(पं) बृजेश गुप्ता, बबलू पाण्डेय, मनोज निषाद आदि सहित भारी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहें।

## अपर जनपद व सत्र न्यायाधीश ने किया जिला कारागार का मासिक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्धार्थनगर संजय कुमार मलिक के आदेश के क्रम में अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ब्रिजेश कुमार-द्वितीय द्वारा सोमवार को जिला कारागार का मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय एवं भोजनालय का निरीक्षण किया गया और बंदियों के स्वास्थ्य के बारे में पूछताछ किया गया। साथ ही जिला जेल में स्थित बैरकों का निरीक्षण किया गया और बंदियों को प्राप्त सुविधाओं के संबंध में पूछताछ किया गया, जिस सम्बन्ध में बंदियों द्वारा बताया गया कि उन्हें किसी भी प्रकार की कोई समस्या जिला कारागार में नहीं है। उक्त बैरक में निरूद्ध बंदिगणों को जेल मैनुअल के बारे में, जिला कारागार सिद्धार्थनगर में स्थापित लीगल एड क्लीनिक के सम्बन्ध में भी जानकारी दी गयी। जिला कारागार में स्थित महिला बैरक का भी निरीक्षण किया गया तथा उनसे उनके मुकदमें, स्वास्थ्य एवं परिजनों से मुलाकात के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी। निरीक्षण के दौरान अभिषेक चौधरी अधीक्षक जिला कारागार, राजेश कुमार पाण्डेय जेलर, श्रीमती मंजू बर्नवाल डिप्टी जेलर, श्री प्रदीप कुमार सिंह डिप्टी जेलर व जिला कारागार सिद्धार्थनगर के कर्मचारीगण तथा जेल पीएलवी उपस्थित रहे।

# नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश का हो रहा सर्वांगीण विकासः जगदम्बिका पाल

अवधनामा संवाददाता

**बर्डपुर सिद्धार्थनगर।** विकास क्षेत्र बर्डपुर अंतर्गत ककरहवा बाजार स्थित जायसवाल ब्रदर्स एचपी गैस ग्रामीण वितरक एजेंसी के द्वारा आयोजित निः शुल्क गैस कनेक्शन वितरण कार्यक्रम में सांसद जगदम्बिका पाल ने लाभार्थी महिलाओं को निः शुल्क गैस कनेक्शन का वितरण किया।




कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनमानस को संबोधित करते हुए सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि देश के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही महत्वाकांक्षी परियोजना प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को निःशुल्क गैस कनेक्शन प्रदान किया था। जिसके पश्चात छूटे हुए लाभार्थियों को पुनः उज्जवला 2 के तहत निः शुल्क गैस कनेक्शन का वितरण किया जा रहा है। जिसकी सहायता से माताओं बहनों को चूल्हा फूंकने से छुटकारा मिल गया है। डबल इंजन वाली मोदी-योगी की सरकार ने देश के हर वर्ग से आने वाले जरूरतमंद तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजना वृद्धा-विधवा पेंशन योजना, गरीब कल्याण अन्न योजना, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि का लाभ हर पात्र लाभार्थी जरूर उठाएं। जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा कि भाजपा सरकार ने अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजना का लाभ पहुंचाने का कार्य किया है। पूर्ववर्ती की सरकारों में योजनाओं का लाभ सिर्फ कागजों में मिलता था। भाजपा ने धरातल पर विकास करने का कार्य किया है। लाभार्थी महिलाओं ने बताया कि अब तक चुल्हे पर ख़ाना बनाना मजबूरी थी। सबसे ज्यादा दिक्कत बरसात के मौसम में होती थी। लकड़ी भीग जाने पर कभी कभी ख़ाना बना पाना मुश्किल हो जाता था। वितरक विजय प्रताप ने बताया कि आज कुल 60 लाभार्थियों को निः शुल्क गैस कनेक्शन का वितरण किया गया है। कार्यक्रम का संचालन मण्डल अध्यक्ष नितेश पाण्डेय ने किया। इस दौरान वरिष्ठ नेता अम्बरीष जयसवाल, अरविन्द उपाध्याय, पूर्व प्रधान बालमुकुंद जायसवाल सहित, तेजप्रताप जयसवाल, संदीप, रतनसेन, जलालुद्दीन, हेमंत, राज कुमार, प्रताप कन्नौजिया, हनुमान, बीपी, पंकज आदि मौजूद रहे।

## संघर्ष के दौरान रंग लाएगी शिक्षा मित्रों की एकजुटता



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** आदर्श समायोजित शिक्षक शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन के प्रमुख पदाधिकारियों, सदस्यों की सोमवार को आभार बैठक हुई। इस दौरान प्रदेश पदाधिकारियों की उपस्थिति में जिले के शिक्षा मित्रों की अधिकाधिक उपस्थिति पर धन्यवाद और आभार ज्ञापित किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष हेमंत शुक्ला ने कहा कि आगामी दिनों में होने वाले चरणबद्ध आंदोलन और संघर्ष में निश्चय ही आज की एकजुटता रंग लाएगी। बैठक में सर्वसम्मति से मिठवल ब्लाक कार्यकारिणी की ओर से जिला महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष साधना श्रीवास्तव की सहमति, जिला कार्यसमिति के अनुमोदन उपरांत महिला प्रकोष्ठ की मिठवल ब्लॉक अध्यक्ष पद पर पूनम मिश्रा को मनोनीत किया गया। बैठक में जिला महामंत्री श्याम बिहारी चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष हरिश्चंद्र चौरसिया समेत रामसुख चौधरी, वीरेंद्र प्रताप सिंह, प्रदीप शर्मा, राम जीत मौर्य, अनिल मौर्य, रश्मि त्रिपाठी, चंद्रावती, वंदना सिंह, रीता देवी, सुनीता त्रिपाठी, प्रमिला, प्रियंका सिंह, अशोक अवस्थी, संजय कन्नौजिया, अशोक मौर्य, रत्नेश श्रीवास्तव, बृजनंदन मिश्र, प्रदीप तिवारी, अजय चौधरी, श्यामचंद चौधरी, छोटेलाल, मोती लाल यादव, राम प्रकाश, राजेश, तौलमणि, दिनेश उपाध्याय, बालमुकुंद, राजीव कुमार, विनोद, चतुर्वेदी, सदानंद आदि उपस्थित रहे।

# भाषा, गणित पर आधारित चार दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

अवधनामा संवाददाता



- प्रशिक्षण में जुटे परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक
- निपुण लक्ष्य पर ध्यान दें शिक्षक : बीईओ

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र डुमरियागंज के प्रशिक्षण हाल में सोमवार को शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। प्रशिक्षण में कुल 60 शिक्षक प्रतिभाग कर रहे हैं।

निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बुनियादी भाषा एवं गणित पर आधारित चार दिवसीय प्रशिक्षण के प्रथम दिन खंड शिक्षा अधिकारी डुमरियागंज संजय कुमार ने कहा कि निपुण लक्ष्य पर गंभीरता से सभी शिक्षक कार्य करें और समय-समय पर बच्चों का आकलन भी करें। उन्होंने यह भी कहा कि यह प्रशिक्षण शिक्षकों के लिए काफी महत्वपूर्ण है। प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए पर शिक्षक अरविंद कुमार अग्रहरि ने कहा कि बुनियादी भाषा एवं गणित पर आधारित इस प्रशिक्षण में 2 दिन भाषा व 2 दिन गणित पर कार्य किया जाएगा। सभी शिक्षक उपलब्ध संदर्शिका के अनुसार कार्य करें। प्रथम दिन शिक्षकों से नए-नए तरीकों से परिचय उनके व्यक्तिगत खूबियो से जोड़ कर लिया गया और चर्चा की गई। इस प्रशिक्षण में दूसरे शिफ्ट में ट्रेनर मुश्ताक अहमद, तिलक राम, ऐश्वर्या लता, अनूप कुमार पांडे ने एनईपी 2020 के तहत एनसीएफ 2022 पर चर्चा की और कहा कि मासिक मूल्यांकन के आधार पर बच्चों को अलग-अलग वर्ग में बांटकर कार्य करें। प्रशिक्षण में रामनारायण दुबे, आबिद अली, अभिषेक शुक्ला, आफरीन रिजवी, आबिदा बेगम, अभिषेक त्रिपाठी, आशा, फिरोजा बेगम, अब्बास अली, अगेय गौतम ,अब्दुल रहीम, अकमल हुसैन फारुकी, अलका देवी, प्रियंका, अखिलेश कुमार, अब्दुल अलीम, अब्दुल रहमान आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## अय्यामे फ़ातमी की पांच दिवसीय मजलिस का समापन

**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** हज़रत मुहम्मद साहब की इकलौती बेटी हजरत फातिमा जहरा की शहादत दिवस के मौके पर नगर समेत तहसील क्षेत्र के शिया बाहुल्य क्षेत्रों में जारी मजलिसों व जुलूसों के क्रम में नगर के जाफराबाद स्थित बड़े इमाम बाड़ा में शनिवार की रात कदीमी अजाए फातिमया में मौलाना नाजिम अली खैराबादी ने मजलिस को खिताब किया। वहीं रविवार को प्रातः भोर में जाफराबाद स्थित इमाम जैनुल आबेदीन मस्जिद से निकले जुलूस में अकीदतमंदों का हुजूम उमड़ पड़ा। जुलूस से पूर्व मौलाना जैगम अब्बास ने मजलिस को खिताब करते हुए कहा कि हज़रत मुहम्मद साहब अपनी चहेती बेटी हजरत फातिमा जहरा के सम्मान में ताजीम के लिए खड़े हो जाते थे। जाफराबाद स्थित बड़े इमाम बाड़ा में बुतूल एकेडमी के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में मौलाना नाजिम अली खैराबादी, क़रार तुराबी, मौलाना जावेद नज़्मी, मौलाना अशफाक हुसैन, मौलाना रहबर सुल्तानी, मौलाना मीसम रज़ा समेत दर्जनों उलमा व शायरों ने हज़रत फातिमा जहरा की अजमत को बयान किया।

**गोल्हौरा मुस्तहकम व रेडवरिया में संकल्पित योजनाओं की दी जानकारी**

# भाजपा सरकार में महिलाएं है सुरक्षितः श्यामधनी

अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** बढ़नी विकास खण्ड के ग्रा.पं. गोल्हौरा मुस्तहकम व रेडवरिया के टोला महादेव गाँव के प्राथमिक विद्यालय परिसर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गोल्हौरा में आयोजित कार्यक्रम में माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। स्कूली बच्चों की एक के बाद एक शानदार प्रस्तुति लोगों की खूब वाह-वाही लूटी।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे भाजपा सदर विधायक श्यामधनी राही ने केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी के साथ विपक्ष पर जमकर निशाना साधा और कहा कि भाजपा सरकार में लोगों को आसानी से गैस, निःशुल्क खाद्यान्न, पीएम आवास, सीएम आवास, पीएम किसान, आयुष्मान कार्ड, शौचालय प्रोत्साहित धनराशि आदि योजनाओं का लाभ मिल रहा है और इसी सरकार में ही भव्य राम मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। धारा 370 के साथ कई योजनाओं पर विस्तार से उन्होंने अपनी बात रखी। साथ ही कहा की भाजपा सरकार में महिलाएं सुरक्षित है, महिलाओं को सदन में भी आरक्षण देकर उनका सम्मान और कद बढ़ाया जा रहा है। बिना किसी भेदभाव को सभी लोगों को केन्द्र और प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। भाजपा नेता नर्वदेश्वर मणि त्रिपाठी ने ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए मिल रहे खाद्यान्न, पीएम किसान सम्मान निधि, आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास आदि को लेकर जानकारियाँ दी और कहा कि मोदी सरकार के योजनाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति को मिल रहा है। इसके साथ ही कार्यक्रम को लेकर भाजपा नेता अनिल अग्रहरी ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा बहुत सी लाभकारी योजनाएं है। उन योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है, जिससे छूटे हुए पात्र लोगों को केंद्र और प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ दिलाया जा सके। साथ ही उन्होंने बिजली, सड़क, रेल सुविधा, राम मंदिर निर्माण, धारा 370 आदि सहित विभिन्न विन्दुओं पर बृहद चर्चा की। इस दौरान विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत प्रचार वाहन भी कार्यक्रम स्थल जाकर योजनाओं का प्रचार प्रसार कर लोगों को जागरूक कर रही है।

कार्यक्रम को एडीओ पंचायत शकील अहमद, सचिव अवधेश यादव, कृषि विभाग के राम सेवक गुप्ता, ग्राम प्रधान मोहम्मद मुस्तफा, मण्डल अध्यक्ष योगेंद्र तिवारी, मण्डल महामंत्री राधेश्याम तिवारी, आई.टी.सेल. संयोजक राजेश सिंह, प्रेम नारायण, ऑपरेटर जनार्दन पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम का संचालक भाजपा नेता अनिल अग्रहरि ने किया साथ ही एडीओ पंचायत शकील अहमद ने सभी लोगों विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लोगों को शपथ दिलाई।

## अल्ट्राटेक सीमेन्ट फैक्ट्री द्वारा गरीबों को बांटे गये कम्बल



**टाण्डा अम्बेडकर नगर अवधनामा संवाददाता।** अल्ट्राट्रेक सीमेन्ट कम्पनी की टाण्डा ईकाई प्रबंधन द्वारा ठंडक को बढ़ता देख द्वारा ग्राम पंचायत विहरा, हुसेपुर एवं फत्तेपुर कन्हौडा के लोगों को कम्बल वितरित किए गये। शनिवार के कम्बल वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अपर जिलाधिकारी डा. सदानन्द गुप्ता के कर कमलों द्वारा किया गया। श्री गुप्ता ने अल्ट्राट्रेक द्वारा किये जाने वाले सी एस आर कार्यक्रमो की सराहना की। इस मौके पर अल्ट्राट्रेक के इकाई प्रमुख श्री नागेश उपाध्याय विभाग सी एस आर कार्यक्रम के अन्तर्गत किये गये कार्यों को बताया गया। इस कार्यक्रम में एच आर हेड करुणा करण तिवारी, आजाद राजभर ग्राम प्रधान कन्हौडा, अवधेश राय, कृष्णा सिंह, विवेक पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## खेलकूद कार्यक्रम में छात्रों ने लिया भाग

**टाण्डा अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** कौमी इन्टर कालेज टाण्डा (स्थापित 1946) परिसर में वार्षिक खेलकूद सांस्कृतिक एवं पुराछात्र समारोह का कार्यक्रम धूमधाम के साथ सोमवार को मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक के बीच सम्पन्न हुआ। कालेज के छात्रों ने अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला विद्यायल निरीक्षक ग्रीश कुमार सिंह के प्रतिनिधि के तौर पर विद्यायल में आयी सुमित्रा देवी को पुष्प भेंट कर उनका स्वागत किया गया।कार्यक्रम का आग़ाज़ सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच चुनाव प्रक्रिया का सजीव लघु नाटिका छात्रों ने प्रस्तुत किया कार्यक्रम के दौरान छात्रो ने मतदान के महत्व पर लोगों को जागरूक किया।

## श्रीराम महायज्ञ के लिए निकली कलश यात्रा

**पौली संतकबीरनगर।** पौली क्षेत्र के ग्राम पंचायत महेश्वरपुर स्थित रामेश्वर परिसर से बइगत बर्षो की भांति सोमवार को श्रीराम महायज्ञ के लिए भव्य कलश यात्रा निकाली गई। सिर पर कलश रखे महिलाओं व पुरुषों की टोली जब निकली तो गाँव मोहल्लें का वातावरण भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा महेश्वरपुर से शुरू हुई। और क्षेत्र के रीठा , बेलघाट ,महुआर होते हुए कुआनो नदी के महेश्वरपुर घाट पहुँची जहाँ यज्ञाचार्य प0 आशुतोष मिश्रा ने यजमान सपत्नी कमलेश पांडेय द्वारा वैदिक मंत्रों द्वारा वरुण देव का पूजन अर्चन कराया। इसके बाद कलश में जल भर कलश यात्रा पुनः मन्दिर परिसर में पहुँची। मन्दिर परिसर में मौजूद लोगों को जल के महत्व को बताते हुए कहा कि जल ही जीवन है। इसीलिए सनातन धर्म मे ऋषियों ने जल संरक्षण के लिए हर धार्मिक अनुष्ठान में जल के देवता वरुण देव का पूजन किया जाता है। जल संरक्षण के साथ-साथ जल को प्रदूषित होने बचाना चाहिए। क्योंकि जल ही जीवन है और प्रदूषित जल जीवन के लिए घातक है।

## बीडीओ ने किया स्थाई गौआश्रय मझौरा का निरीक्षण



**पौली संतकबीरनगर अवधनामा संवाददाता।** स्थाई गौ आश्रय केन्द्र मझौरा का बीडीओ पौली बिबेका नंद मिश्रा ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गौबंश आश्रय केंद्र पर पहुंच कर बीडीओ ने गौ आश्रय को संचालित करने के लिए ग्राम प्रधान एवं सिकरेट्री को जानकारी देते हुए कहा कि जानवरो को भोजन के साथ साथ ठंड से बचाने के हर प्रयास किया जाना है उसी क्रम मे बताया कि पशुओं की संख्या पर विशेष बल दिया जाय और चारो तरफ ढंढ से बचने के लिए पुआल की व्यवस्था किया जाय और हर हाल मे देख रेख के साथ ही केन्द्रों पर जानवर बढाने का निर्देश दिया। गौशाला को स्वालम्बी बनाने के लिए एवं पशुओं की सुरक्षा के लिए लोगों से दान भी लिया जा सकता है पौली ब्लाक क्षेत्र में कुल पांच गौआश्रय केंद्र है जिससे चार अस्थाई और एक स्थाई गौआश्रय केंद्र है जिसमे स्थाई गौआश्रय मझौरा में कुल 189 पशु है जिसमें पशु डाक्टर मौके पर बिमार जानवरों की दवा कराकर आगे देखरेख पर बल दिया। इस मौके पर एडीओ पंचायत दलसिंगार यादव, पशु चिकित्साधिकारी आनंद सिंह, अमित सिंह, अमरजीत, केंद्र पर तैनात मजदूर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## छुटटा पशु पकड कर भेजा गया गौशाला

**पौली संतकबीरनगर अवधनामा संवाददाता।** सरकार बेसहारा पशुओं को गोआश्रय स्थलो में संरक्षित करने का लाख दावा करे। लेकिन बेसहारा पशु किसान की फसल चौपट करने पर तुले है। गोआश्रय स्थलो का निर्माण तो हुआ। पशु अंदर न रहकर बाहर घूम रहे है। प्रशासन के आदेश पर ब्लॉक अधिकारी जगे और एडीओ पंचायत दलसिंगार यादव के नेतृत्व में ग्राम पंचायत शिवबखरी में घूम रहे 6 छुट्टा पशुओं को कैटल कैचर के सहारे गोआश्रय स्थल उदहा पहुंचाए। इस मौके पर सुनील सिंह, गोरखनाथ नायक, दयाराम, महेंद्र यादव ,ग्राम प्रधान सुरेश यादव, सफाई कर्मचारी सहित तमाम किसानों ने घूम रहे छुट्टा पशुओ को पकड़ कर गौशाला भिजवाया।

# जूनियर गर्ल्स स्टेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकर नगर।** एनटीपीसी-कप सब जुनियर गर्ल्स हॉकी स्टेट टूर्नामेंट का शुभारंभ एकलव्य स्टेडियम में किया गया। हाकी एसोसिएशन /ओलंपिक एसोसिएशन, अम्बेडकर नगर के तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि श्री गिरीश चन्द्र यादव, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार, खेलकूद एवं युवा कल्याण उप्र), द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के आयोजन सचिव हनुमान सिंह द्वारा सबका स्वागत किया गया।



इस दौरान विशिष्ट अतिथि श्री हरिओम पाण्डेय, सदस्य विधान परिषद उप्र पूर्व सांसद, अम्बेडकरनगर एवं विशिष्ट अतिथि श्री त्रयंबक तिवारी, जिलाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, अम्बेडकरनगर द्वारा माँ सरस्वती एवं मेजर ध्यानचन्द के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी अम्बेडकरनगर श्री अविनाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी, श्री अनुराज जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष, श्री साधू वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी श्री मिथिलेश त्रिपाठी, जिला खेलकूद अधिकारी, अम्बेडकरनगर श्रीमती शीला भट्टाचार्य, जिला हाकी एसोसिएशन के सचिव डा. हनुमान सिंह, एनटीपीसी के वरिश प्रबंधक (आर एंड आर) श्री एस.एन.पाण्डेय प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।इस अवसर पर राज्य मंत्री श्री गिरीश चन्द्र यादव ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि एनटीपीसी टांडा द्वारा जिले में पहली बार इस जुनियर गर्ल्स हॉकी स्टेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाना प्रसन्नता का विषय है। इससे राज्य के महिला खिलाड़ियों को खेल के प्रति प्रोत्साहित किया जा सकेगा। उन्होंने अपने संबोधन में एनटीपीसी टांडा द्वारा जनपद में किए जा रहे अनेक कल्याणकारी कार्यों की भरपूर सराहना की एवं धन्यवाद व्यक्त किया। इस दौरान खेल स्मारिका का विमोचन भी किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रयागराज गोरखपुर, वाराणसी, फैजाबाद, मेरठ, आजमगढ़, लखनऊ, कानपुर, एनटीपीसी अंबेडकरनगर हॉकी एसोसिएशन की टीम हिस्सा ले रही हैं। पहला मैच अयोध्या और मेरठ में हुआ जिसमें मेरठ जीता, दूसरा मैच आजमगढ़ और वाराणसी के बीच हुआ जिसमें आजमगढ़ जीता, तीसरा मैच एनटीपीसी और प्रयागराज के बीच हुआ जिसमें प्रयागराज जीता

## योगी की भांति यादव ने भी तोड़ी प्रथा

शायद भाजपायी राजनेताओं का ही भाग्य रहा कि दकियानुसी हिंदूवादी अवधारणाओं को समूल तोड़ें। वर्ना उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के सभी मुख्य मंत्रीजन, उनमें कई जनवादी, वामविचारक और समाजवादी हैं, इस फर्जी धार्मिक आशंका से ग्रसित रहे। मसलन लखनऊ में आदत थी कि जो मुख्यमंत्री नोएडा गया कि उसकी नौकरी गई। काषाय वस्त्रधारी हिंदू हृदय सम्राट योगी आदित्यनाथ ही थे जो सर्वप्रथम नोएडा गए। कई बार गए।

ऐसा ही युग परिवर्तनकारी कदम उठाया पांच-दिन पुराने भाजपायी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जब वे गत रात्रि महाकाल के उज्जैन में रात भर रहे। दो सदियों से मिथक था कि जो भी शासनाध्यक्ष इस ज्योतिर्लिंग की नगरी में शिप्रानदी तट पर सांझ ढले रहेगा, वह पद खो देगा। नतीजन अपने 18 वर्ष के मुख्यमंत्री काल में पिछड़ी जातिवाले लाडली बहनों के प्यारे शिवराज सिंह चौहान को मिला कर, कोई भी 18 मुख्यमंत्री उज्जैन में किसी रात को रहे ही नहीं। इन 18 सीएम में गजब के प्रगतिशील सामंत दिग्विजय सिंह भी थे। वे मशहूर थे हर हिंदुत्ववादी बात को घृणास्पद बनाने में।

उज्जैन में रात बिताने वाली बात को इस महाकाल शहर के विद्वान ज्योतिषी और प्राचीन मंदिर के पुजारी पंडित आनंद शंकर व्यास ने इस संवाददाता को दूरभाष पर आज बताया कि ~ बाबा महाकाल की अपनी एक परिधि है। इस परिधि से किसी भी राज्य का मुख्यमंत्री या राजघराने से जुड़ा व्यक्ति दूर रहता है। महाकाल मंदिर पर लहराने वाली धर्मध्वजा की जहां तक छाया पड़ती है, उस परिधि तक कोई शासक रात में नहीं रुक सकता। विक्रमादित्य उज्जैन के राजा थे, तब उनका किला इसी परिधि में आता था। जब विक्रमादित्य न्याय करने जाते थे, तब राजा की कुर्सी पर महाकाल विराजित होते थे, इसलिए वे न्याय कर पाते थे। कुछ ज्योतिषियों का कहना है कि डॉ. मोहन यादव महाकाल के कृपा-प्रसाद से ही सीएम पद तक पहुंचे हैं। ऐसे में उनके अपने ही नगर में रात्रि विश्राम करने में कोई बाधा नहीं है। वहीं अन्य ज्योतिषियों का कहना है कि डॉ. यादव को भी परंपरा का पालन करना पड़ेगा।

डॉ. यादव गत शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्घाटन समारोह में शामिल होने उज्जैन पहुंचे। बाद में उनका दशहरा मैदान में छत्री चौक पर सात किलोमीटर लंबा ऐतिहासिक रोड-शो भी हुआ। टॉवर चौराहे पर क्रेन से लटके हनुमान ने उन्हें पुष्पमाला पहनाई। मुख्यमंत्री बनने के बाद से ही यह चर्चा थी कि वे सीएम के रूप में उज्जैन में रात्रि विश्राम करेंगे या नहीं ? इतिहास की बात है। राजा महादजी सिंधिया के निधन के बाद दौलतराव सिंधिया राजधानी को उज्जैन से ग्वालियर ले जाना चाहते थे। वे 1812 में राजधानी ले भी गए, मगर धीरे से एक मंत्र फूंक गए कि यहां कोई राजा रात को नहीं रहेगा, जिससे कोई कब्जा करने नहीं आए। यह उनकी राजनीतिक रणनीति का हिस्सा था।

इस पर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहाः अब हम भी कहते हैं कि राजा रात में नहीं रहेगा। अरे राजा तो बाबा महाकाल हैं, हम सब तो उनके बेटे हैं। क्यों रात में नहीं रहेंगे ? ब्रह्मांड में कोई बच नहीं सकता, अगर बाबा महाकाल ने टेढ़ी निगाह कर दी तो ? मुझे पीएम मोदी ने कहा कि बनारस मैं संभालता हूं, मोहनजी, आप तो उज्जैन संभालो। मैं मुख्यमंत्री नहीं मुख्य सेवक हूं यहां पर। अब योगी आदित्यनाथ जी तथा डॉ. मोहन यादव ने ऐतिहासिक मजाक तो बना ही दिया उन प्रगतिशील, कथित जनवादी राजनेताओं का जो लखनऊ और भोपाल में प्रगतिशील सेक्युलर बातें तो बघारते रहे पर रहे घोंघा बसंत, लकीर के फकीर। अतः योगीजी को और डॉ. मोहन यादव को भी लाल सलाम कि एक स्वस्थ हिंदु परंपरा का निर्माण कराया। अंधविश्वास और खोखली परिपाटी को नेस्तानाबूद किया। डॉ. मोहन यादव यूं हैं तो उज्जैन के मगर उनकी पत्नी उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर की हैं। डॉ. मोहन उज्जैन दक्षिण से तीन बार भाजपा के विधायक चुने गए हैं। उनका पुश्तैनी आवास गीता कॉलोनी में है। अर्थात उज्जैन अब दूसरी राजधानी होगी।

## बेहतर भविष्य के लिए अंग्रेजी शिक्षा आवश्यकः ले.अनुराग



भारतीय सेना के अधिकारी ले.अनुराग तिवारी ने ऑरवेल इंग्लिश इंस्टीट्यूट एवम एजुकेशनल सोसायटी के तत्वाधान में आयोजित एचीवमेंट अवार्ड कार्यक्रम में युवा-छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत जैसे विकासशील देशों में गरीबी और बेरोजगारी के खिलाफ जंग में अंग्रेजी एक सशक्त हथियार के रूप में अपना पहचान बनाया है।इस भाषा ने भारत को दुनिया के अन्य मुल्कों के साथ हर तरह के सहयोग के आदान प्रदान में मदद किया है।इसलिए छात्रों को शुरू से ही अपनी इंग्लिश को बेहतर करने पर ध्यान देना चाहिए ताकि वे वैश्विक ज्ञान विज्ञान प्राप्त करने में हमेशा आगे रहें।लेफ्टिनेंट अनुराग तिवारी ने अपने छात्र जीवन के यादगार लम्हों को इंस्टीट्यूट के बच्चों के साथ साझा करते हुए बताया कि मुझे पढ़ाई करना कभी भी पसंद नहीं था फिर भी रटा लगाकर परीक्षाओं में मार्क्स हमेशा अच्छा ही लाता था।दरअसल मैं एक क्रिकेटर बनना चाहता था इसलिए मेरा कोई और सपना या लक्ष्य जीवन में नहीं था लेकिन जब मैं दसवीं कक्षा में इसी ऑरवेल इंग्लिश इंस्टीट्यूट में दीपक सिन्हा सर से अंग्रेजी पढ़ने आया तब मुझे शिक्षा का असली मतलब समझ में आया और सिन्हा सर के छत्रछाया में न केवल मैंने अंग्रेजी सीखा बल्कि मुझे मेरा पढ़ाई करने का उद्देश्य भी मिल गया फिर रटकर मार्क्स लाना छोड़ दिया और फिर खूब मेहनत और ईमानदारी से पढ़ाई किया परिणामतः भारतीय सेना के अफसर के रूप में मैं चयनित हुआ।

ले.अनुराग ने अपने संबोधन में बताया कि इस संस्थान में कई बदलाव हुए मगर दीपक सिन्हा सर का अनुशासन, पढ़ाने के प्रति उनका समर्पण में कभी कोई बदलाव नहीं आया। सिन्हा सर के कठोर अनुशासन और लगन के कारण आज हजारों विद्यार्थी अंग्रेजी सीखकर लाखों के पैकेज पर सरकारी एवम प्राइवेट क्षेत्रों में अपनी अपनी सेवाएं दे रहे हैं।लगभग हर साल इस इंस्टीट्यूट के बच्चे सरकारी नौकरी लेने में सफल हो रहे हैं और वास्तव में यह गर्व का विषय है। कार्यक्रम के अंत में ले.अनुराग ने अपने हाथों से इंस्टीट्यूट के दो छात्रों अनुराग पाण्डेय एवम आदित्य भारद्वाज को अंग्रेजी में उनके अच्छे प्रदर्शन के लिए एचीवमेंट अवार्ड दिया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com**

# मुफ्त खाद्यान का आर्थिक असमानता कनेक्शन

केंद्र सरकार 1 जनवरी, 2024 से पांच वर्ष की अवधि के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत लगभग 81.35 करोड़ लाभार्थियों को निरूशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराएगी। प्रधानमंत्री की घोषणा के अनुसार1 जनवरी, 2024 से 5 वर्षों के लिए पीएमजीकेएवाई के तहत निःशुल्क खाद्यान्न चावल, गेहूं और मोटा अनाज, पोषक अनाज खाद्य सुरक्षा को सुदृढ़ बनाएगा और जनसंख्या के निर्धन और निर्बल वर्गों की किसी भी वित्तीय कठिनाई में कमी लाएगा। यह एक समान लोगो के तहत 5 लाख से अधिक उचित मूल्य की दुकानों के नेटवर्क के माध्यम से सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में निरूशुल्क खाद्यान्न वितरण में राष्ट्व्यापी एकरूपता प्रदान करेगा। उदाहरण के लिए, एक अंत्योदय परिवार के लिए 35 किलो चावल की आर्थिक लागत 1371 रुपए है, जबकि 35 किलो गेहूं की कीमत 946 रूपए है, जो पीएमजीकेएवाई के तहत भारत सरकार द्वारा वहन की जाती है और परिवारों को खाद्यान्न पूरी तरह से निःशुल्क प्रदान किया जाता है। इस प्रकार, निरूशुल्क खाद्यान्न के कारण राशन कार्ड धारकों को होने वाली मासिक बचत महत्वपूर्ण है। इसके अलावा भी गरीबों के उत्थान के लिए भारत सरकार द्वारा एक दो नही बल्कि दर्जन भर अति महत्वकॉक्षी योजनाए जैसे पीएम विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, जनधन योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजन, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना चलाई जा रही है। इसके बावजूद अगर सरकार को अगले पॉच वर्ष तक देश की आधी आबादी के लिए मुफ्त भोजन की व्यवस्था करनी पड़ रही है, इस पर बहुत गहनता से मंथन करना होगा। देश में तेजी से बढ़ती आर्थिक असमानता, बेरोजगारी, मंहगाई, स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी जैसे तमाम खामिया सामने आ रही है जिसका तालुक कही न कही इस तरह की मुफ्त योजनाओं से है। यहॉ सबसे विचारणीय प्रश्न यह कि सरकार लगातार इस बॉत का दावा कर रही है कि हम इस अवधि में विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति बनने जा रहे है। निश्चित तौर पर यह सब सरकार और सरकार के लिए काम कर रहे विशेषज्ञों, वरिष्ठ आईएएस अफसरों, वित्त विशेषज्ञों की मेहनत और सोच का परिणाम है। अगर इसी तरह सरकार विशेषज्ञ अगले पॉच वर्षो में देश की अस्सी करोड़ आबादी को मुफत राशन की जगह बीस हजार रूपये मासिक का व्यवसाय, रोजगार, मजदूरी उपलब्ध कराने की व्यवस्था करा दे तो शायद इसका कुछ अलग ही नजारा देखने को मिलेगा।



प्रेम शर्मा

अब ऐसे में भारत की बढ़ती अर्थ व्यवस्था को देखा जाए तो कुछ अलग ही नजर आता हैं एक तरफ जहॉ बढ़ती आबादी से अपनी अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए चीन ने अपने मजदूरों के बूते विश्व में सस्ते माल की आपूर्ति कर एक वैश्विक आर्थिक सम्राज्य खड़ा किया। वियतनाम, थाइलैंड, बांग्लादेश ने उससे यह कला सीखी और भारत ने भी उत्पादन बढ़ाया. लेकिन फ्री राशन वितरण ने इस उत्पादन पर विराम लगा दिया. विश्व बाजार में आज भारतीय मजदूरों की कारीगरी नहीं दिखती। इसके विपरीत चीन, थाइलैंड, वियतनाम, इंडोनेशिया, मलयेशिया और बांग्लादेश के मजदूरों का बनाया माल वहां छाया रहता है। कनाडा और अमेरिका तथा पश्चिमी देश व अरब मुल्कों के बाजार में यहां के मजदूरों का माल प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है. बड़े-बड़े ब्रांड भले वे अमेरिका के हों या जर्मनी, फ्रांस अथवा ब्रिटेन के, अक्सर इन्हीं मुल्कों के मजदूरों द्वारा बने होते हैं। भारतीय मजदूर अब पिछड़ रहा है। फ्री राशन व्यवस्था के बाद तो ग्रामीण क्षेत्रों में निठ्ठलों की फौज बढ़नी शुरू हो गई है। देश के मध्य वर्ग के बूते कब तक करोड़ों लोगों को फ्री राशन मिलेगा. भोजन की गारंटी देना किसी भी जन कल्याणकारी सरकार की एक अहम जिम्मेदारी है. परंतु उसके लिए मध्यवर्ग की जेब काटना भी कोई समझदारी नहीं है. फ्री राशन और हर चीज में सब्सिडी देने से होता यह है, कि करोड़ों की आबादी नाकारा बन जाती है. लेकिन हमारे देश में सरकारों ने फ्री भोजन जैसी योजनाएं वोट पाने के लिए की जाती रही हैं. जबकि होना चाहिए सबको शिक्षा और स्वास्थ्य देने की गारंटी.भारत की अर्थव्यवस्था में तेजी से सुधार हो रहा है. साल 2022 में दुनिया की टॉप 10 अर्थव्यवस्थाओं में भारत पांचवें नंबर पर आया था. लेकिन अनुमान जताया जा रहा है कि साल 2027 तक भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इसके ठीक विपरीत यूनाइटेड नेशन डेवलपमेंट प्रोग्रामने अपनी रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा किया है. देश के लिए चिंता की बात यह है कि बीते 20 सालों में लोगों की आय और संपत्ति में असमानता बढ़ी है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत ऐसे देशों की सूची में शामिल हैं जहां लोगों की आय तो बढ़ी है, लेकिन उनकी संपत्ति में इतना इजाफा नहीं हुआ है. इसलिए भारत की असमान वृद्धि लोगों के लिए चिंता बढ़ा रही है। हैरानी वाली बात ये है कि देश की आधी से ज्यादा संपत्ति दस फीसदी लोगों के पास है. हालांकि एक ओर ये भी साफ़ है कि सरकार देश के लगभग 80 करोड़ लोगों को हर महीने मुफ्त में राशन दे रही है. जिसके कारण भी असमानता बढ़ना स्वभाविक है।



आजादी के 75 वर्ष बाद भी हमारे देश में अमीर और गरीब के बीच आर्थिक असमानता की खाई लगातार बढ़ती जा रही है। गरीब-अमीरों की तुलना में अनुपातहीन रूप से उच्च करों का भुगतान कर रहे हैं, समय आ गया है कि अमीरों और कॉर्पोरेट घरानों पर कर बढ़ाए जाएं। आर्थिक असमानता को खत्म करने के लिए अब आम आदमी को भी पहल करनी होगी। रिपोर्ट में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक समान पहुंच के मामले में, भारत 163 देशों में से 135वें स्थान पर है। गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा तक समान पहुंच के मामले में, भारत को 163 देशों में से 145वें स्थान पर रखा गया था। आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच के मामले में देश की रैंक 123 है। भारत में गरीब, जीवित रहने के लिए मूलभूत आवश्यकताओं को भी वहन करने में असमर्थ हैं। लेकिन ये असमानता अचानक से नहीं बढ़ी है, 1991 के बहुप्रचारित उदारीकरण के दौरान श्रम की जगह पूंजी और अकुशल श्रम की जगह कुशल श्रम को बढ़ावा देने वाली नीतियों के चलते ये तेजी से बढ़ रही। सरकारें, गरीबी मिटाने की बातें तो करती रहीं, परंतु मिटा नहीं पाई। जब अस्सी करोड़ भारतीयों को अनाज मुफ्त देना पड़ रहा तो हम इस स्थिति को समझ सकते हैं। देश की साठ फीसद से अधिक आबादी ग्रामीण है, कुल साढ़े छह लाख गांव हैं और ढाई लाख पंचायतें, फिर भी कुछ मुट्ठी भर लोगों के पास देश का धन है, विकास की गंगा भी वहीं बह रही, शहर तो स्मार्ट बनाए जा रहे हैं मगर कई बुनियादी समस्याओं से गांव और उसकी पंचायतें आज भी लड़ रहीं। देश में केवल करोड़पतियों की संख्या बढ़ने से काम नहीं बनेगा।

# यूक्रेन को यूरोपीय संघ का सदस्य बनाने पर सहमति-रूस की मुश्किलें बड़ी

**भारत-अमेरिका को आगे आकर रूस-यूक्रेन, इसराइल-हमास युद्ध को समाप्त करने आम सहमति बनाकर मानवीय कल्याण करना ज़रूरी - एडवोकेट किशन सनमुखदास**

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर रूस-यूक्रेन व इजरायल-हमास युद्ध से दुनियां को आभास हो चुका है कि दुनियां अब तीन खेमों में बट चुकी है, इसे और भी स्पष्ट रूप से देखें तो दुनियां की दो महा शक्तियों के पक्ष विपक्ष में और कुछ देश अपने आप को न्यूट्रल रूप से रखे हुए हैं,जो हमें संयुक्त राष्ट में युद्ध विराम या अन्य मुद्दों पर वोटिंग में देखने को मिल रहा है, जिसमें भारत ने हमेशा न्यूट्रल स्थिति अपना कर रखी है और वोटिंग में अनुपस्थित रहा है परंतु दो दिन पहले ही भारत ने यूएन महासभा में फौरन मानवीय युद्ध विराम व बंधकों को रिहाई के मामले पर प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया था। उधर अमेरिका ने भी इसराइल को सख्त चेतावनी दी है कि अपना रुख बदले अन्यथा गाजा युद्ध के लिए समर्थन खो देगा यानी भारत अमेरिका की वर्तमान मंशा को देखा जाए तो इस मुद्दे पर दोनों देशों की आम सहमति झलकती है, इसलिए ही दोनों की मैत्री जग प्रसिद्ध है परंतु मेरा मानना है कि दोनों देशों को मिलकर उपरोक्त दोनों नामित युद्धों को रोकने के लिए आगे आना चाहिए परंतु इसके विपरीत दिनांक 14-15 दिसंबर 2023 को बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स में आयोजित यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन में यूक्रेन को यूरोपीय संघ जिसमें 27 सदस्य देश हैं उसमें सदस्य बनाने की महत्वपूर्ण सहमति दे दी है, जिससे रूस यूक्रेन युद्ध मामले में घी में तेल डालने का काम होगा इसपर चीन की मुश्किलें बढ़ना तय है। क्योंकि अगर यूक्रेन ईयू का सदस्य देश बन जाता है तो स्वाभाविक रूप सेउसके समर्थन में खुलकर 27 देश भी आ जाएंगे, हालांकि हंगरी ने इसका विरोध किया है।परंतु अभीकेवल एयू संघ कीसहमति ही मिली है,अभी अनेक प्रक्रियाएं होना बाकी है जिसमें कुछ वर्ष भी लगा सकते हैं तब तक ऊंट कहां करवट बदलेगा पता नहीं, चूंकि हमें युद्ध रूपी आग में उकसावे रूपी घी नहीं डालना है, बल्कि युद्ध विराम करना है, इसलिए आज हम मीडियम उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,भारत अमेरिका को आगे आकर रूस-यूक्रेन इसराइल-हमास युद्ध को समाप्त करने आम सहमति बनवाना मानवीय कल्याण के लिए जरूरी है।



एड. किशन

साथियों बात अगर हम यूक्रेन को यूरोपीय संघ में शामिल करने पर सहमति की करें तो, ब्रसेल्स में,14 दिसंबर यूरोपीय संघ ने यूक्रेन और मोल्दोवा को सदस्य के रूप में शामिल करने पर चर्चा के लिए बृहस्पतिवार को सहमति जताई।रूस के साथ युद्ध लड़ रहे यूक्रेन के लिए यह एक बड़ी राहत वाली खबर साबित हो सकती है। यूक्रेन लंबे समय से 27 देशों वाले यूरोपीय संघ में शामिल होने का इच्छुक रहा है।यूरोपीय संघ के 27 नेताओं के ब्रसेल्स शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों देशों को सदस्य देश के रूप में शामिल करने के लिए चर्चा करने के संबंध में निर्णय लिया गया। जब यूरोपीय संघ के नेताओं ने इस संबंध में सदस्यता वार्ता शुरू करने पर सहमति जताई। यह यूक्रेन के लिए एक बड़ी राजनीतिक जीत है। वह भी ऐसे समय में जब रूस का हमला लगातार बढ़ता जा रहा है और अमेरिकी सैन्य सहायता भी अनिश्चित हो गई है। यूरोपीय संघ के राजनयिकों और अधिकारियों ने कहा कि वार्ता के लिए अप्रत्याशित हरी झंडी हंगरी के पीएम विक्टर ओर्बन ने दी है। जिन्होंने इससे पहले कहा था कि वह इस तरह के समझौते को रोक देंगे। ओर्बन ने पुष्टि की कि वह यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन में मतदान से दूर रहे थे, जिसे उन्होंने खराब निर्णय कहा था। इस स्तर पर यह स्पष्ट नहीं था कि बदले में उसे वास्तव में क्या मिल सकता है। ऐसे में इस तरह के निर्णय को मंजूरी देने को असामान्य माना जा रहा है।




वहीं यूक्रेन के राष्ट्पति ने फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा, यह यूक्रेन के लिए एक जीत है। पूरे यूरोप के लिए एक जीत है। एक जीत जो प्रेरित करती है, प्रेरणा देती है और मजबूत करती है। आगे कहा कि मैं इस दिन प्रत्येक यूक्रेनी को बधाई देता हूं। इतिहास उन लोगों द्वारा बनाया जाता है जो स्वतंत्रता के लिए लड़ते हुए नहीं थकते। यूक्रेन को रूसी सेनाओं के खिलाफ लगभग दो साल से जारी युद्ध में अपने पश्चिमी सहयोगियों के समर्थन की सख्त जरूरत है। हाल ही में यूक्रेन बाइडन प्रशासन की तरफ से यूक्रेन को मिलने वाला 60 बिलियन डॉलर का सहायता पैकेज नहीं मिल सका था। यूक्रेन लंबे समय से 27 देशों वाले यूरोपीय संघ में शामिल होने का इच्छुक रहा है।यूरोपीय संघ के 27 नेताओं के ब्रसेल्स शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों देशों को सदस्य देश के रूप में शामिल करने के लिए चर्चा करने के संबंध में निर्णय लिया गया। यूक्रेन को सदस्यता देने के लिए यूरोपीय संघ वार्ता शुरू करने पर हुआ सहमत हो गाय है, कीव को मिली अप्रत्याशित सफलता।

साथियों अगर हम हंगरी के वोटिंग से दूर रहने की करें तो, हंगरी के बात पीएम क्षण भर के लिए कमरे से चले गए, जबकि अन्य 26 नेता वोट के लिए आगे बढ़े। इसके बाद उन्होंने फेसबुक पर एक वीडियो संदेश के साथ अपने सहयोगियों से दूरी बना ली, यूक्रेन की यूरोपीय संघ की सदस्यता एक बुरा निर्णय है। हंगरी इस गलत फैसले में भाग नहीं लेना चाहता है, और इसलिए आज इस निर्णय से दूर रहा।यूरोपीय संघ (ईयू) के सदस्य हंगरी ने गुरुवार (14 दिसंबर) को यूरोपीय संघ के बजट से यूक्रेन के लिए 54 बिलियन डॉलर (50 अरब यूरो) के सहायता सौदे को रोक दिया हंगरी के पीडी एफ विक्टर ओर्बन ने अपना कदम पीछे खींच लिए खींच लिया और डील को अगले साल जनवरी तक के लिए टाल दियाओर्बन ने एक्स यह जानकारी झा की और कहा कि उन्होंने डील पर वीटो कर दिया है। उन्होंने ने सोशल मीडिया पर लिखा,नाइटशिफ्ट का सारांश~ यूक्रेन को अतिरिक्त धन के लिए वीटो, एमएफएफ (बजट)समीक्षा के लिए वीटो,हम उचित तैयारी के बाद अगले साल यूरोपीय परिषद में इस मुद्दे पर वापस आएंगे।

साथियों बात अगर हम यूक्रेन के राष्ट्पति द्वारा इस उपलब्धि को यूक्रेन की जीत करार देने की करें तो,यह यूक्रेन के लिए एक जीतवही जेलेंस्की ने यूरोपीय संघ की घोषणा खुश होकर एक्स पर लिखा, यह यूक्रेन के लिए एक जीत है। पूरे यूरोप के लिए एक जीत है। एक जीत जो प्रेरित करती है, प्रेरणा देती है और मजबूत करती है।फरवरी 2022 में रूस द्वारा यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण शुरू करने के बाद यूक्रेन और मोल्दोवा ने यूरोपीय संघ में शामिल होने के लिए आवेदन किया था। उन दोनों को पिछले जून में उम्मीदवार का दर्जा दिया गया।

# कॉप-28: बढ़ते तापमान से कैसे बचेगा विश्व



सुनील यादव

आखिरकार कॉप 28 में वही हुआ जिसका सभी प्रतीक्षा कर रहे थे। 30 नवंबर से 12 दिसंबर तक चलने वाला दुबई कॉप 28 सम्मेलनएकदिन आगे बढ़कर 13 दिसंबर को समाप्त हुआ।कोयला समेत सभी जीवाश्म इंधनों पर निर्भरता कम करने पर सहमतिबनी। नवीकरणीय ऊर्जा का प्रयोग वर्ष 2050 तक तीन गुनाकरने का निश्चय किया गया। पहली बार सभी देश ऊर्जा प्रणालियों में जीवाश्म ईंधन से दूर जाने की आवश्यकता पर सहमत हुए। लेकिन इस समझौते को ना तो बाध्यकारी बनाया गया है और ना ही इसके लिए कोई समय सीमा निश्चित की गई है। किंग चार्ल्स प्रथम ने उद्बोधित कियाः मनुष्य इस ग्रह पर एक विशाल भयावह प्रयोग कर रहे हैं। चर्चा हुई कि क्या नुकसान और क्षतिफंड पैसा देना शुरूकरेगा? इन समझौतों से ग्लोबल वार्मिंग एवं जलवायु परिवर्तन को नियंत्रण में रखने में कितनी सफलता मिलेगी यह तो बाद में स्पष्ट होगा।

कॉप अर्थात कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (यूएनएफसीसीसी) का सर्वोच्च निर्णय लेने वाला निकायहै। पार्टीजउन देशों को माना जाता है जो 1992 ईस्वीमें मूल रूप से संयुक्त राष्ट्र जलवायु समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। कॉप कासम्मेलन हर वर्ष होता है जिसमें पार्टीजअर्थात देश के प्रतिनिधिचर्चा करतेहैं कि भविष्य में जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग के खतरे से कैसे निपटा जाए। प्रथम कॉपका आयोजन बर्लिन में 1995 ईस्वी में हुआ था। तब से हर वर्ष संयुक्त राष्ट्र के यूएनएफसीसीसी द्वारा जलवायु परिवर्तन पर कॉपका आयोजन विभिन्न देशों में किया जाता है। 18 वीं सदी के प्रारंभ में हुई औद्योगिक क्रांति ने हमें जीवाश्म इंधनों पर निर्भर बना दिया। लेकिन येईंधन बहुत बड़ी मात्रा में ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन करते हैं। ग्रीन हाउस गैसें सूर्य की ऊष्माको पृथ्वी तक तो आने देती हैं परंतु अंतरिक्ष में वापस लौटने नहीं देती हैं। जिससे पृथ्वी का ताप बढ़ जाता है। पृथ्वी का ताप बढ़ना ही ग्लोबल वार्मिंग है। जीवाश्म ईंधन दहन से कार्बन डाइऑक्साइडनिकलना हीकार्बन उत्सर्जनहै। औद्योगिक क्रांति से पूर्व पृथ्वी का जितना तापमान था उसकी अपेक्षा वर्तमान में पृथ्वी का तापमान 1.2 डिग्री सेल्सियस बढ़ चुका है और लगातार बढ़ ही रहा है। 2015 में पेरिस कॉप 21 में ताप वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित रखने का निर्णय लिया गयाथा। इंटर गवर्नमेंटल पैनल आन क्लाइमेट चेंज (आईपीसीसी) के अनुसार भी 1.5 डिग्री सेल्सियस तक ताप वृद्धि वह लक्ष्य है जिससे जलवायु परिवर्तन के खतरनाक असर को रोका जा सकता है। वैज्ञानिकों केअनुमान के अनुसार यदि ताप वृद्धि इसी दरसे होती रही जिस दर से हो रही है तो 2100 ई तक विश्व के ताप में 2.4 से 2.7 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि होसकतीहै। ताप वृद्धि दो डिग्री सेल्सियस से अधिक होने पर जलवायु परिवर्तन के भयानक परिणाम भुगतने होंगे। पृथ्वी पर मानव जीवन असंभव सा हो जाएगा। पर्वतों और ऊंचे स्थानों के सारे ग्लेशियर तेजी से पिघलने लगेंगे जिससे मैदानी और कम ऊंचाई वाले भागों में बाढ़ जैसी स्थिति होजाएगी। नदियों के माध्यम से यह जल जब समुद्र में पहुंचेगा तो समुद्र का जलस्तर ऊंचा उठने लगेगा और तटीय तथा द्वीपीय क्षेत्र जल मग्न हो जाएंगे वहां की जनसंख्या पलायन करने को मजबूर होगी जिसके कारण भौगोलिक शरणार्थियों की संख्या बहुत अधिक बढ़ जाएगी। दुबई कॉप 28 केइन जलवायुसमझौतोंका भारत के लिए क्या मायने है? निःसंदेह जीवाश्म ईंधन से दूरी बनाने का फैसला प्रशंसनीय है। लेकिन भारत जैसे विकासशील देशों के लिए जीवाश्म ईंधन से दूरी बनाने के लिए राहअभी बहुत कठिन है। अगर हम ध्यान दे तो पाएंगे कि विश्व में कई देशों में कई सारे क्षेत्र, समुदाय या लोग ऐसे हैं जिनकेदिन प्रतिदिन के ढेर सारे क्रियाकलाप जीवाश्म ईंधन पर ही निर्भर हैं। जैसे हमारे देश भारत में गांव के गांव तथा कई शहर जीवाश्म ईंधन के सहारे ही जी रहे हैं। उदाहरणार्थ बोकारो, जमशेदपुर, राउरकेला बरौनी अनपरा भिलाई आदि शहरों की स्थापना, विकास एवं संचालन के मूल में जीवाश्म ईंधन ही है। यदि 2050 ई तक इन गावों और शहरों को जीवाश्म ईंधन से दूर करने का प्रयास प्रारंभ किया जाए तो इसके लिए नवीकरणीय ऊर्जा से जीवाश्म ईंधन वाली ऊर्जा को प्रतिस्थापित करना पड़ेगा। इसके लिए उच्च स्तरीय प्रौद्योगिकीतथाअरबों रुपए केनिवेशकी जरूरत होगी जो कि भारत जैसे विकासशील देश के लिए 2050 ई तक संभव नहीं है। कमों बेस यही स्थिति लगभग सभी विकासशील एवं गरीब देश की है। 2050 ई तक जीवाश्म ईंधन से दूरी बनाने के लिए भारत को तकनीक पश्चिमी देशों से लेनी होगी तथा उसे भारतीय परिस्थितियों के अनुसार परिवर्तित करना होगा। अतः ऐसा नहीं लगता कि 2050 ई तक भारतऔर विकासशील देश जीवाश्म ईंधन से दूरी बना पाएंगे। दुबई कॉप 28 के जलवायु शिखर सम्मेलन में किए गए समझौते ऐतिहासिक एवं प्रशंसनीयहैं। लेकिन निकट भविष्य में विश्व के देशों के लिए प्राथमिकता यूक्रेन और गाज़ा में जारी युद्धों से निपटने की होगी। ऐसे में क्या विश्व के बड़े नेता जलवायु परिवर्तन की तरफ ध्यान देंगे? क्या कॉप 28 के प्रावधान व्यावहारिक रूप लेंगे या केवल कागजों में ही सिमट के रह जाएंगे?कुछ कहानहींजा सकता। इधर कॉप28 की संयुक्त अरब अमीरात द्वारा मेजबानीहीविवादास्पदरही क्योंकि संयुक्त अरब अमीरात विश्व के शीर्ष दसतेल उत्पादक देश में से एक है। संयुक्त अरब अमीरात ने अपनीएक सरकारी तेल कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अलजुबेर को दुबई कॉप 28 का अध्यक्ष नियुक्त कर दिया। ऐसी आशंका जताई गई की संयुक्त अरब अमीरात ने अपने तेल और गैस के व्यापार से संबंधित नए समझौता को गुप्त रूप से बढ़ाने के लिए ही कॉप 28 की मेजबानी स्वीकारी थी। पिछले वर्ष पेरिस कॉप 27 में लॉस एंड डैमेज फंड बनाने पर सहमत बनी थी। इसके अनुसार विकसित देश पहले ही कार्बन उत्सर्जन बड़े पैमाने पर कर चुके हैं और केवल वे विकसित देश ही जलवायु परिवर्तन एवं ग्लोबल वार्मिंग के लिए जिम्मेदार हैं। जबकि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव से विकासशील और गरीब देश ही सबसे अधिक प्रभावित हैं जैसे दक्षिण सूडान का संकट, तटीय क्षेत्रों के निकट भविष्य में जलमग्न होने की आशंका, जिंबॉब्वे एवं मोजांबिक में अल नीनो के कारण सूखे की स्थिति में चूहों की संख्या में अपार वृद्धि, दक्षिण अमेरिका के अल नीनो के प्रभाव में हैजा बीमारी का प्रसार होना इत्यादि।



# गरीबों को जमीन का मालिकाना हक दिलाने वाली कृष्णम्माल के बारे में जानें



गरीबों के लिए आवाज उठाने वाले बहुत कम ही लोग होते हैं। लेकिन भारत में ऐसे हीरो हुए जिन्होंने गरीबों के लिए न केवल आवाज उठाई, बल्कि उन्हे हक भी दिलाया। इस तरह की मिसाल एक महिला ने पेश की। तमिलनाडु की कृष्णम्माल जगन्नाथन ने हजारों गरीबों के लिए आंदोलन छेड़ा। गरीबों को जमीन का मालिकाना हक दिलाया। देश की आजादी के बाद भूदान आंदोलन का हिस्सा बनते हुए जमींदारों को मनाया और जमीन का कुछ हिस्सा भूमिहीन किसानों को दान स्वरूप दिलाया। इतना ही नहीं महिलाओं के नाम जमीन का पंजीकरण कराने के लिए भी आंदोलन चलाया। चलिए जानते हैं कृष्णम्माल जगन्नाथन के बारे में, जिन्होंने गरीब किसानों और महिलाओं के लिए आवाज उठाई।

## कृष्णम्माल जगन्नाथन का जीवन परिचय

कृष्णम्माल जगन्नाथन का जन्म तमिलनाडु के दिंडुक्कल में हुआ था। वह विनोबा भावे की समर्थक थीं। कृष्णम्माल की मां ने भी गरीबी के खिलाफ आवाज उठाई थी। कृष्णम्माल अपनी मां से प्रभावित थीं। आगे चलकर गरीबों को भूमि दिलाने के लिए यह उनकी प्रेरणा बना। उनका विवाह जगन्नाथन नाम के शख्स से हुआ था। आजादी के बाद स्वतंत्रता सेनानी आचार्य विनोबा भावे ने भूदान आंदोलन की शुरुआत की। ये आंदोलन भूमिहीन किसानों को जमीन दिलाने के उद्देश्य से शुरू किया गया था। साल 1950 में कृष्णम्माल विनोबा के भूदान आंदोलन का हिस्सा बनीं। अपने पति के साथ मिलकर उन्होंने कई जमींदारों से भूमिहीन लोगों को मुफ्त या कम दाम में जमीन दिलाने का आह्वान किया।

हालांकि कृष्णम्माल के लिए ये काम आसान नहीं था। कई जमींदारों का गुस्सा कृष्णम्माल पर फूटा। लेकिन उनका प्रयास और आंदोलन जारी रहा। वह पदयात्रा निकालतीं, शांतिपूर्ण बैठक करतीं और अमीरों को गरीब लोगों के मदद के लिए आह्वान करतीं।

## जब किसानों को जिंदा जला दिया गया

तमिलनाडु के कीलवेनमनी के एक छोटे से गांव में खेतों में काम करने वाले मजदूर किसानों ने अपने मेहनताने को बढ़ाने की मांग की तो 40 से ज्यादा किसान मजदूरों को जिंदा जला दिया गया था। इस निर्दयी घटना के बाद कृष्णम्माल तुरंत उस जगह पहुंची और पीड़ितों को मुआवजा दिलाने के लिए राज्य सरकार की मदद से जमींदारों से जमीन दिलाई। बैंकों के बातचीत करके 15000 परिवारों को 15000 एकड़ जमीन मिल पाई। कृष्णम्माल ने महिलाओं ने नाम जमीनों का रजिस्ट्रेशन कराया। गरीब किसानों के बच्चों के लिए रात के स्कूल शुरू किए।

## बोधगया आंदोलन

केवल दक्षिण भारत ही नहीं बिहार के मजदूर किसानों को भी जमीन दिलाने के लिए कृष्णम्माल और उनके पति जगन्नाथन बोधगया आंदोलन में शामिल हुए। तमिलनाडु से बिहार आना उनके लिए आसान नहीं था।

नया राज्य, नई भाषा और कई चुनौतियों का सामना करते हुए बिहार के हजारों गरीब लोगों को जमीन का मालिकाना हक दिलाया। उन्होंने 1981 में लैंड फ़ॉर टिलर्स फ्रीडम नाम की संस्था का गठन किया, जो गरीबों को कम दाम में जमीन दिलवाने में मदद करती है। कृष्णम्माल के प्रयासों और योगदान की सराहना पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने भी की थी। उन्होंने संसद में भूदान आंदोलन के तहत गरीबों को 30000 एकड़ जमीन देने की घोषणा की। कृष्णम्माल के योगदान के कारण ही पूर्वी तंजौर जिले में उन्हें अम्मा के नाम से भी जाना जाता है। भूमि सुधार और आजीविका के अधिकार में योगदान के लिए कृष्णम्माल को पद्मश्री समेत कई पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है।

# जम्मू कश्मीर की पहली महिला रिक्शा चालक हैं सीमा देवी

जम्मू कश्मीर बहुत खूबसूरत वादियों से घिरा राज्य है लेकिन इस केंद्रशासित प्रदेश के कई इलाके ऐसे भी हैं, जहां लोग बंदूक के साए में रहते हैं। हालात बनते बिगड़ते रहते हैं। हालांकि लोग मेहनत करते हैं और किसी तरह अपना घर परिवार चलाते हैं। महिलाओं को लेकर भले ही समाज में बहुत बदलाव आया हो लेकिन कई जगहों पर रूढ़िवादी विचार आज भी महिलाओं को घर की दहलीज से बाहर जाने से रोक लेते हैं। ऐसे माहौल में रहने वाली सीमा देवी ने न केवल परिवार और पति की मदद के लिए घर की दहलीज पार की, बल्कि एक ऐसा काम किया, जो सिर्फ पुरुषों तक ही माना जाता था। कश्मीर की सीमा देवी ने अपने काम से नई उपलब्धि हासिल कर ली है और बन गई हैं जम्मू कश्मीर की पहली महिला ई-रिक्शा चालक। चलिए जानते हैं सीमा देवी के संघर्ष की कहानी।



## कौन हैं सीमा देवी

सीमा देवी जम्मू कश्मीर के नागरोटा जिले की रहने वाली हैं। वह एक साधारण गृहणी की तरह अपने परिवार को संभालती थीं। सीमा देवी के तीन बच्चे हैं। पूरे परिवार का पालन पोषण सीमा देवी के पति के लिए मुश्किल हो रहा था। पति को दिन रात मेहनत करते देख सीमा देवी ने भी परिवार की जरूरतों के लिए काम करने की ठान ली।

## पारिवारिक हालातों ने बदली सीमा की राह

सीमा देवी का एक 15 साल की बेटा है, वहीं 14 और 12 साल की दो बेटियां भी हैं। महंगाई बहुत अधिक बढ़ रही थी और बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के साथ ही परिवार का भरण पोषण केवल पति की आय पर नहीं हो सकता था।

## शुरू किया रिक्शा चलाना

परिवार को आर्थिक तौर पर मजबूत बनाने के लिए सीमा देवी ने रिक्शा चलाना शुरू किया। नागरोटा और आसपास के क्षेत्र में सीमा देवी पिछले कुछ महीनों से रिक्शा चला रही हैं। हालांकि ये काम उनके लिए आसान नहीं था। समाज की परवाह किए बिना सीमा अपना कार्य करती रहीं। उन्होंने पति के साथ मिलकर 30 हजार का ऋण लिया। तीन हजार रुपये की ईएमआई पर रिक्शा खरीदा। पति ने सीमा को रिक्शा चलाना भी सिखाया। जिस दौर में महिलाएं हवाई जहाज उड़ा रही हैं, ट्रेन चला रही हैं, वहां रिक्शा चलाकर सीमा देवी हर उस महिला के लिए प्रेरणा हैं जो नौकरी न मिलने पर भी मेहनत के बल पर आर्थिक तौर पर मजबूत होना चाहती हैं। उनके रिक्शा चलाने से क्षेत्र की महिलाओं को भी सहज माहौल मिलता है।

# शारीरिक दिक्कतें भी नहीं रोक पाईं रास्ता, सुरश्री रहाणे बनीं सफल कारोबारी महिला



सुरश्री रहाणे ने बुरी से बुरी परिस्थितियों में कभी हार नहीं मानी। शारीरिक तकलीफों से लड़ते हुए उन्होंने सफलता को हासिल किया। जन्म के बाद से ही सुरश्री रहाणे ने साबित किया कि वह योद्धा हैं। महज 15 दिन की उम्र में रहाणे की पहली सर्जरी हुई। एक दो नहीं बल्कि 15 सर्जरी कराने के बाद भी वह हमेशा अडिग और साहस के साथ खड़ी रहीं। उनका जीवन पीड़ादायक रहा लेकिन रहाणे ने हिम्मत नहीं हारी और सफलता की उस बुलंदियों को हासिल किया, जहां से वह हर महिला के लिए मिसाल बन गईं। चलिए जानते हैं सुरश्री रहाणे के जीवन संघर्षों और सफलता की कहानी। सुरश्री रहाणे महाराष्ट्र के नासिक के रहने वाली हैं। वह एक बिजनेसमैन परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उनकी मां नासिक में एक साड़ी स्टोर चलाती हैं। पढ़ाई में निपुण रहाणे एक सफलत बिजनेस विमेन हैं। हालांकि उनका जीवन सफलता की इन ऊंचाइयों पर कठिन परिस्थियों को पार करते हुए पहुंचा।

## रहाणे की शिक्षा

रहाणे बचपन से ही पढ़ाई में होनहार थीं। वह स्कूल में टॉपर रहीं। बाद में पुणे के कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से स्नातक की डिग्री हासिल की। इसके बाद नई दिल्ली के प्रतिष्ठित बिजनेस स्कूल, दिल्ली यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज से परास्नातक किया। पढ़ाई के साथ ही रहाणे अन्य क्षेत्रों में भी निपुण थीं। रहाणे ने भरतनाट्यम डांस सीखा था, तो वहीं वह सर्टिफाइड स्कूबा ड्राइवर भी हैं।

## रहाणे का जीवन संघर्ष

इतनी होनहार सुरश्री रहाणे के जीवन में तकलीफ कम नहीं थीं। जन्म से ही उनका एक पैर दूसरे पैर से छोटा था। इस कारण वह सही से चल नहीं पाती थीं। उनकी इस समस्या को दूर करने के लिए परिवार वालों ने रहाणे का इलाज कराया। महज 15 दिन की रहाणे की पहली सर्जरी हुई और उसके बाद एक के बाद एक करके 15 सर्जरी की गईं। लेकिन इसके बावजूद रहाणे पूरी तरह से ठीक न हो सकीं।

## सुरश्री रहाणे की शादी

रहाणे के जीवन में महज परेशानी नहीं थीं। इंजीनियरिंग की पढ़ाई के दौरान उनकी मुलाकात अमोल बागुल से हुई। दोनों में दोस्ती हुई और नजदीकियां बढ़ीं। 22 साल की उम्र में रहाणे ने अमोल बागुल से शादी कर ली। शादी के बाद दोनों ने साथ ही आगे की पढ़ाई पूरी की।

## सुरश्री रहाणे का करियर

रहाणे ने जीवन में कभी हार नहीं मानी और अपने करियर को संभालने की दिशा में प्रयास करना शुरू किया। रहाणे ने पेप्सीको और एचपी जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों के साथ काम किया। वह एक बिजनेसमैन परिवार से ताल्लुक रखती थीं। उनके करियर की राह भी उसी दिशा में रहाणे को ले गई। उन्होंने अपना बिजनेस शुरू करने का विचार किया लेकिन निवेशक न मिलने से निराशा हाथ लगी। साल 2018 में इयरबुक कैनवास नाम से उन्होंने खुद की कंपनी शुरू की। उन्हें अपने बिजनेस में सफलता हासिल हुई और अब उनकी कंपनी शिक्षण संस्थानों और कॉरपोरेट की सोशल नेटवर्क, इयरबुक और मर्चेंडाइज को बनाने की दिशा में काम कर रही है।

# भारत की समाजसेवी महिलाएं, जो दूसरों की मदद के लिए हमेशा रहीं तत्पर



मां दुर्गा के सभी स्वरूपों का अपना महत्व है। सबके अलग नाम और पहचान है। लेकिन नवदुर्गा की एक समानता है, सभी अपने बच्चों या भक्तों के लिए अपने स्वरूप में आती हैं। लोगों की मदद के लिए माता दुर्गा एक नए स्वरूप में अवतरित होती हैं। कभी बालक के पोषण के लिए माता अन्नपूर्णा बन जाती हैं तो कभी ज्ञान और बुद्धि की देवी मां सरस्वती के रूप धारण कर लेती हैं। दुष्टों और दैत्यों से धरती व स्वर्ग की रक्षा के लिए महाकाली और दुर्गा बन जाती हैं। कह सकते हैं काम एक और रूप अनेक। भारतीय नारी में भी नवदुर्गा का ही रूप है। देश में ऐसी कई महिलाएं हैं जो दूसरों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहती हैं। जरूरतमंदों व असहायों की मदद के लिए कई महिलाओं ने अपना योगदान दिया। वर्तमान में इन महिलाओं को समाज सेविका का दर्जा दिया जाता है। चैत्र नवरात्रि के मौके पर जानें लोगों का मदद करने वाली भारतीय महिलाओं के बारे में।



## मदर टेरेसा

जगत जननी मां पार्वती का कल्याणकारी स्वरूप है। माता के इसी रूप का प्रतीक मदर टेरेसा को माना जाता है।

मदर टेरेसा ने बहुत कम उम्र में अपना लक्ष्य तय कर लिया था। मानव सेवा को अपना लक्ष्य बनाते हुए मदर टेरेसा ने अपना घर और देश छोड़ दिया और दूसरे कई देशों की यात्रा की। अल्बानिया से आयरलैंड तक और फिर 1929 में भारत आ गईं। भारतीयों की मदद के लिए अपना जीवन बिता दिया। उन्होंने भारत की नागरिकता ले ली और यहीं बस गई, ताकि देश में रहकर देशवासियों की सहायता कर सकें।

## सिंधुताई सपकाल

महाराष्ट्र की मदर टेरेसा बन चुकी सिंधुताई सपकाल ने 1400 बच्चों को सहारा दिया। ये बच्चे रेलवे स्टेशन, फुटपाथ पर बैठने वाले अनाथ व बेसहारा थे। सिंधुताई ऐसे अनाथ बच्चों की मां बनी। बच्चों के पालन पोषण के लिए उनके पास आमदनी नहीं थी, तो सड़को पर उतरकर भीख तक मांगी।

## बसंती देवी



लोगों के जीवन को सुरक्षित और एक अच्छा वातावरण देने के लिए बसंती देवी ने पर्यावरण संरक्षण के लिए अतुलनीय योगदान दिया।उत्तराखंड की कोसी नद को बचाने, समाज में फैली कुरीतियों जैसा घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न को दूर करने के लिए बसंती देवी में महिला समूहों का आह्वान किया। जंगलों को बचाने के लिए मुहिम चलाई।

## अरुणा राय

राजस्थान के गरीब लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए अरुणा राय ने काफी प्रयास किया। उन्होंने सूचना का अधिकार लागू कराने के लिए आंदोलन किया। रोजगार गारंटी और सूचना का अधिकार कानून बनाने में अरुणा राय की भूमिका अहम रही। मजदूर किसानों के जीवन को आसान बनाने के लिए संगठन की स्थापना की।

## सुनीता नारायण



समाज को सुधारने और रहने योग्य बनाने के लिए पर्यावरणविद सुनीता नारायण ने लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक करने का प्रयास किया। कई मुहिम चलाई। उनके योगदान के लिए ब्रिटेन की सिटी ऑफ ईडनबर्ग काउंसिल ने सुनीता नारायण को ईडनबर्ग मेडल 2020 से सम्मानित किया।

# ये हैं दिग्गज भारतीय उद्योगपति महिलाएं









चैत्र नवरात्रि का पर्व शक्ति के सम्मान का पर्व है। चैत्र नवरात्रि में देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा होती है। माता के सभी स्वरूप नारी के स्वरूपों को प्रदर्षित करते हैं। एक महिला मां अन्नपूर्णा का प्रतीक है, तो वहीं मां लक्ष्मी का भी रूप है। मां सरस्वती तो महाकाली का भी रूप महिला में दिख सकता है। ऐसे में इस पर्व के मौके पर देवी पूजा के साथ ही समाज की हर महिला को सम्मान भी दें। भारत में ऐसी कई महिलाएं हैं जो घर-परिवार से साथ ही देश के आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक मामले संभाल रही हैं। दुनिया के बड़े उद्योग और कंपनियों में महिलाओं की भागीदारी बहुत बढ़ गई है। भारत की ही कई महिलाएं देश-विदेश की सबसे बड़ी कंपनियों की सीईओ या उच्च पद पर हैं और हजारों-लाखों कर्मचारियों का नेतृत्व कर रही हैं। चैत्र नवरात्रि के मौके पर मिलिए अपने इनोवेटिव आइडिया और कुशल नेतृत्व के जरिए देश के टॉप कंपनियों का नेतृत्व कर रहीं उद्योगपति महिलाओं से।

## फाल्गुनी नायर

महिलाओं के बीच लोकप्रिय ब्यूटी ब्रांड नायका की फाउंडर और सीईओ भी एक महिला ही हैं। फाल्गुनी नायर ने मुंबई विश्वविद्यालय और आईआईएम अहमदाबाद से डिग्री हासिल करने के बाद एएफ फर्ग्यूसन एंड कंपनी से करियर की शुरुआत की। 18 साल कोटक महिंद्रा इन्वेस्टमेंट बैंक में कार्यरत रहीं।

## लीना नायर

लीना नायर भारतीय मूल की महिला हैं, जो कि फ्रांस के प्रसिद्ध फैशन और लग्जरी ब्रांड चैनल की सीईओ हैं। महाराष्ट्र के कोल्हापुर की रहने वाली लीना वर्ष 2013 में लंदन शिफ्ट हो गई थीं। यहां लीना ने यूनिलीवर में चीफ ह्यूमन रिसोर्स ऑफिसर के पद पर कार्य किया। बाद में चैनल की सीईओ बनीं।

## नमिता थापर

नमिता थापर एमक्योर फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड की सीईओ हैं। वह पेशेवर व्यवसायी हैं, जो कि रियलिटी शो शार्क टैंक इंडिया में बतौर जज नजर आ चुकी हैं। नमिता इनक्रेडिबल वेंचर्स लिमिटेड की संस्थापक और सीईओ भी हैं। उन्होंने पुणे से ग्रेजुएशन किया और आईसीएआई से चार्टर्ड अकाउंट की डिग्री हासिल की।

## विनीता सिंह

शार्क टैंक इंडिया की जज रहीं और शुगर कॉस्मेटिक की सीईओ विनीता सिंह किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। विनीता सिंह की कंपनी एक कॉस्मेटिक ब्यूटी ब्रांड है। उन्होंने आईआईटी मद्रास और आईआईएम अहमदाबाद से पढ़ाई पूरी की और कई जॉब ऑफर को ठुकराकर अपनी कंपनी की शुरुआत की। आज उनकी कंपनी का नाम देश ही नहीं दुनियाभर में मशहूर है।

## नेहा कांत

नेहा कांत अंडरगार्मेंट्स के लिए मशहूर ब्रांड क्लोविया की संस्थापक और चीफ रेवेन्यू ऑफिसर हैं। नेहा ने एक मीडिया ग्रुप में काम किया और बाद में महिलाओं के लिए भारतीय इंटिमेट वियर बाजार में अच्छी फिटिंग, आरामदायक और फैशनेबल अंडरवियर के अभाव को समझते इसकी कमी को दूर

# भारत की नवदुर्गा हैं ये महिलाएं, देवी के हर स्वरूप को करती हैं प्रदर्शित

नव दुर्गा शक्ति, पराक्रम, ज्ञान, बुद्धि का प्रतीक हैं। माता के स्वरूपों में गृह लक्ष्मी से अन्नपूर्णा तक और सरस्वती से महाकाली तक हैं। इन्हीं नौ स्वरूपों को हर भारतीय महिला में भी देखा जा सकता है। महिलाएं भी देवी के नौ रूपों की तरह ही हैं। वह घर संभाल सकती हैं, तो देश भी संभाल सकती हैं।

द्रौपदी मुर्मू

अधिकतर घर का मुखिया एक पुरुष होता है। लेकिन परिवार एक साथ जोड़कर रखने वाली, हर सदस्य को संभालने वाली एक महिला होती है। उनका पद परिवार में सबसे प्रमुख और ऊंचा होता है। इसी तरह द्रौपदी मुर्मू देश के सबसे ऊंचे पद पर आसीन है। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पूरे देश को संभाल रही हैं।

निर्मला सीतारमण

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण देश के वित्त मामलों को संभाल रही हैं। घर की लड़कियों को मितव्ययिता सिखाई जाती है, जिससे वह परिवार संभालती हैं। निर्मला सीतारमण अपनी इसी योग्यता से देश संभाल रही हैं। इसके पहले सीतारमण रक्षा मंत्री भी रह चुकी हैं।

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी

किसी राजनीतिक दल के साथ ही पूरे राज्य का नेतृत्व करने वाली ममता बनर्जी भी देश की नवदुर्गा में से एक हैं। राजनीति के क्षेत्र में परचम लहराने वाली ममता बनर्जी लगातार तीन बार से किसी राज्य की



मुख्यमंत्री रही हैं। वह केंद्र में भी लगातार दो बार रेल मंत्री रह चुकी हैं। ममता बनर्जी महिला सशक्तिकरण का एक शानदार उदाहरण है।

फ्लाइट लेफ्टिनेंट शिवांगी सिंह

माता दुर्गा के पराक्रम और साहस के स्वरूप को देश के रक्षा मंत्रालय में शामिल कई महिलाएं प्रदर्शित कर रही हैं। इन्हीं दमदार महिलाओं में फ्लाइट लेफ्टिनेंट शिवांगी सिंह का नाम शामिल है, जो कि फ्रांस से आए दमदार लड़ाकू विमान राफेल को उड़ाने वाली पहली महिला पायलट हैं। शिवांगी बनारस की रहने वाली हैं और मिग-21 भी उड़ा चुकी हैं।

देश की सीमा की सुरक्षा के लिए सेना में महिलाएं हैं, तो वहीं देश के अंदर कानून व्यवस्था संभालने के लिए भी कई महिला तत्पर हैं। देश की पहली महिला आईपीएस अधिकारी रहीं किरण बेदी इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। किरण बेदी ने बतौर महिला पुलिसकर्मी महिलाओं की क्षमता का नमूना पेश किया। बाद में सामाजिक-राजनीतिक एक्टिविस्ट बनीं। साल 2015 में दिल्ली विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री पद की उम्मीदवार बनी, हालांकि चुनाव न जीत सकीं लेकिन पुडुचेरी की उपराज्यपाल नियुक्त की गईं।

देश की प्रशासनिक सेवा में भी महिला अफसरों की भूमिका दमदार है। कई महिलाएं यूपीएससी की परीक्षा में टॉप करके देश के अलग अलग क्षेत्रों में कार्यरत हैं। आईएएस हरी चांदना दसारी ने देश की प्रशासनिक सेवा में आने के लिए विदेश में एक सम्मानजनक नौकरी छोड़ दी थी। उन्होंने हैदराबाद में वेस्ट प्लास्टिक बोतलों के जरिए सड़को और पार्कों को पौधों से सजा दिया।

मीरा बाई चानू

महिलाओं में खेल जगत में भी अपना सराहनीय योगदान देते हुए दुनियाभर में भारत का नाम रौशन किया।

ओलंपिक खेलों में पदक जीतकर भारतीय वेटलिफ्टर मीराबाई चानू ने बता दिया कि लड़कियां किसी से कम नहीं। वह घर संभालने के साथ ही भारी वजन उठाकर देश के लिए मेडल भी ला सकती हैं।

फाल्गुनी नायर

खेल, राजनीति जगत के साथ ही उद्योग और व्यापार के क्षेत्र में भी महिलाएं पीछे नहीं रहीं। फैशन ब्रांड नायका की संस्थापक फाल्गुनी नायर एक बिजनेस वुमेन हैं, जिन्होंने नायका को देश की सबसे बड़ी कंपनियों की लिस्ट में लाकर खड़ा कर दिया। वह देश की सबसे अमीर महिलाओं में भी शामिल हैं।

रवीना टंडन

मनोरंजन जगत भी दमदार अभिनेत्रियों, संगीतकार, गायिका, लेखिका और महिला निर्देशकों के बिना अधूरा है। इसी वर्ष अभिनेत्री रवीना टंडन को पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। अपने अभिनय के दम पर वह दर्शकों को हंसाने और रुलाने में सक्षम हैं।

# डॉ.नीरजा माधव को मिला राष्ट्रीय जनवाणी सम्मान

- इटावा हिंदी सेवा निधि के सम्मान समारोह में शामिल हुए साहित्यसर्जन कर्ता

**वहाज अली निहाल**

**इटावा।** हिन्दी सेवी न्यायमूर्ति प्रेम शंकर गुप्त द्वारा संस्थापित इटावा हिन्दी सेवा निधि का 31वां सारस्वत समारोह रविवार को इस्लामिया इण्टर कालेज प्रांगण में आयोजित किया गया। इस वर्ष का न्यायमूर्ति प्रेम शंकर गुप्त राष्ट्रीय जनवाणी सम्मान प्रख्यात साहित्यकार व आकाशवाणी की सहायक निदेशक डा. नीरजा माधव वाराणसी को प्रदान किया गया। गंग देव सम्मान दिल्ली के वरिष्ठ कवि, आलोचक डा.ओम निश्चल को, कुमुद भूषण संस्कृति, संगीत, कला सम्मान फिल्म संपादक एवं निर्देशक सुभाष सहगल मुंबई को, न्यायमूर्ति प्रेम शंकर गुप्त प्रवासी भारतीय हिन्दी सेवा सम्मान इंग्लैंड की जुगनू महाजन तथा डा. रवि महाजन को, गोपाल दास नीरज बेकल उत्साही काव्य गीत सम्मान मशहूर कवि मासूम गाजियाबादी को, डा.दुखनराम चिकित्सा विज्ञान हिंदी सेवा सम्मान डा. अतुल अग्रवाल लखनऊ को, श्यामनाथ कक्कड़ हिन्दी विधि सेवा सम्मान अधिवक्ता इंद्र भूषण सिंह लखनऊ, शांति भूषण स्मृति सम्मान नवीन सिन्हा प्रयागराज को, भीमसेन शर्मा गुलाबराय अलंकरण सुरेश भाई मिश्र धनुआ खेड़ा इटावा, श्रीमन्नारायण रत्नाकर शास्त्री अलंकरण शारदा शुक्ला औरैया, शिशु बल्लभ अलंकरण कवि कुमार मनोज, बेदम वारसी निसार सीमावीं अलंकरण मुनीश त्रिपाठी दिबियापुर, शिवदत्त चतुर्वेदी प्रहलाद यदुवंशी अलंकरण महाराम सिंह यादव मृदुल तथा भटेले विश्वनाथ शेख अतहर हुसैन अलंकरण शमसुद्दीन सईदी को प्रदान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश पंकज मित्तल, कार्यक्रम के अध्यक्ष लखनऊ पीठ के वरिष्ठ न्यायाधीश ए आर मुसीद, राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के न्यायिक सदस्य न्यायाधीश सुधीर अग्रवाल, उत्तर प्रदेश के लोकायुक्त संजय मिश्र, इलाहाबाद हाई कोर्ट के सीनियर जज राजीव सिंह ने शाश्वत सम्मान समारोह में साहित्य सृजन कर्ताओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ.कुश चतुर्वेदी व पूर्व प्राचार्य डॉ विद्याकांत तिवारी ने किया। इटावा हिंदी सेवा निधि के महासचिव वरिष्ठ अधिवक्ता प्रदीप कुमार गुप्त ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। न्यास की ओर से महासचिव प्रदीप कुमार, अशोक कुमार व राज कुमार ने सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह, रुद्राक्ष माला अंग वस्त्र बैठकर उनको सम्मानित किया।



## विभाजन की विभीषिका पर मुनीष ने लिखी है हाल में किताब

**इटावा।** बेदम वारसी निसार सीमावी अलंकरण से सम्मानित हुए इतिहास विद लेखक मुनीष त्रिपाठी दिबियापुर को मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के जज पंकज मित्तल समेत अन्य विशिष्ट अतिथियों ने सम्मानित किया। उन्होंने भौतिक विज्ञान, इतिहास तथा पत्रकारिता जनसंचार और मीडिया में परास्नातक करके देश के अनेक प्रतिष्ठित मीडिया संस्थानों में कार्य किया। कई समाचार पत्रों में नियमित लेखन करने वाले मुनीश इतिहास के प्रति खासे जागरूक हैं उनकी प्रकाशित कृतियों में विभाजन की त्रासदी, भरतपुर का सूरजमल आदि प्रमुख है। इसके अलावा उनकी कई किताबें प्रशासन की ओर अग्रसर है। उन्होंने हाल ही में द लाइन विच डिवाइडिंग भारत किताब का भी प्रकाशन किया है जो विभाजन की त्रासदी पर शोध परक प्रमाणिक तथ्यों के विचारों को प्रस्तुत करती है। वर्ष 2019 में उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान ने उन्हें केएम मुंशी पुरस्कार से सम्मानित किया जबकि 2021 में उन्हें औरैया रत्न से भी सम्मानित किया जा चुका है। बहुमुखी प्रतिभा के धनी होने के साथ ही मुनीष लेखन कार्य में पूर्ण समर्पण के साथ समाज व साहित्य की सेवा में लगे हुए हैं।

## हिंदी को भाषा या विवाद नहीं संस्कृति बनाएं: जस्टिस एआर मसूदी

**इटावा।** कार्यक्रम के अध्यक्ष इलाहाबाद हाई कोर्ट लखनऊ पीठ के वरिष्ठ न्यायाधीश ए आर मसूदी ने इटावा हिंदी सेवा निधि के पूरे कार्यक्रम का सार प्रस्तुत करते हुए अपने अंदाज में कहा कि वह पंडित प्रेम शंकर गुप्त और उनके परिवार को धन्यवाद देते हैं और प्रणाम करते हैं जिन्होंने इस प्रकार हिंदी की सेवा के लिए एक पूरा आयोजन सुनिश्चित कर रखा है। उन्होंने इटावा के लोगों के धैर्य को भी नमस्कार किया। उन्होंने हिंदी को भाषा या विवाद नहीं बल्कि संस्कृति बनाने पर जोर दिया उन्होंने कहा कि हिंदी को मजबूत करने के लिए हमें संस्कृत को मजबूत करना होगा क्योंकि संस्कृत ने ही सारी भाषाओं को जन्म दिया है और और यह एक संस्कृति का स्वरूप है लिहाजा हमें हिंदी को एक संस्कृति बनाना है और इसके लिए एक जन आंदोलन खड़ा करना होगा हम सबको यह संकल्प लेना होगा कि हम सब हिंदी के प्रति अपने प्रेम को दैनिक जीवन में भी प्रयोग में लेंगे उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों के कार्यक्रम से जाने पर भी चुटकी ली। हालांकि उन्होंने अपने चुटकीले अंदाज में गुप्त परिवार को एक संदेश देते हुए कहा कि भोजन प्लास्टिक के बर्तनों में भरोसा गया जो सही नहीं है क्योंकि प्लास्टिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है ऐसे में हमें प्लास्टिक को इस देश से बैन करना है।

## आज भी अंग्रेजी की गुलामियत नहीं गयीं- जस्टिस सुधीर अग्रवाल

**इटावा।** समारोह के विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के न्यायिक सदस्य जस्टिस सुधीर अग्रवाल ने कहा कि हिंदी का प्रचार प्रसार तेजी से बढ़ रहा है। हिंदी जनवाणी है इसलिए किसी प्रकार के डर की आवश्यकता नहीं है। केवल हिंदी के साथ दुर्भाग्य है कि हम सब हिंदी बोलने से कतराते है और उसे दोयम दर्जे का समझते हैं। हाल के दिनों में यूपी सरकार के सभी कार्यालय में कामकाज हिंदी में होने के साथ ही निचली अदालत में भी सभी निर्णय हिंदी में देने के निर्देश दिए गए हैं साथ ही सुप्रीम कोर्ट व हाई कोर्ट में भी निर्णय हिंदी में उपलब्ध है उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सिर्फ हिंदी के लिए इस बात की चिंता करने की आवश्यकता है कि हम आज भी अंग्रेजी की गुलामियत को भूलें नहीं है इसलिए जरूरी है कि हम अपने बच्चों को हिंदी स्कूलों में शिक्षा सुनिश्चित करें साथ ही प्राथमिक स्तर पर हिंदी की शिक्षा से बच्चों के साथ ही देश और दुनिया में हिंदी के वर्चस्व को कायम करने में मदद मिलेगी। उन्होंने न्यायपालिका के साथ ही कार्यपालिका के क्षेत्र में हिंदी के प्रयोग आदि की कठिनाइयों पर भी विचार मंथन किया।

## सरकार लें निर्णय, नोटबंदी की तरह लागू हो हिंदी

**इटावा।** समारोह के मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ न्यायाधीश पंकज मित्तल ने कहा कि उन्हें हिंदी से प्रेम करना पंडित प्रेम शंकर गुप्त ने सिखाया। हिंदी को कभी भी कमजोर नहीं समझना हैं। आज भी देश में 780 से अधिक भारतीय भाषाएं बोली जाती हैं जो हिंदी की बहनें हैं। हमें केवल अंग्रेजियत को दूर करना है और उसके लिए हमें अपने आप से शुरुआत करनी होगी। अपने आसपास के माहौल और परिवार में गुड मॉर्निंग गुड नाइट जैसे अंग्रेजी शब्दों की त्रिलांजलि देनी होगी। उन्होंने समारोह में आए सुझाव पर कहा कि सरकार को निर्णय लेना होगा कि वह नोटबंदी की तरह हिंदी को लागू करें अथवा अंग्रेजी को पूर्ण रूप से बैन कर दें। सरकार जब दुकानों के साइन बोर्ड को काला और लाल करने का निर्णय जारी कर सकती है तो उसे दुकानों के साइन बोर्ड को हिंदी में लिखने का भी निर्देश जारी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंदी को संसार की भाषा बनाना है और इसके लिए हम सबको यह संकल्प लेना होगा कि हम हिंदी के प्रचार प्रसार के लिए दृढ़ता के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने समारोह की भव्यता को लेकर आयोजन समिति को बधाई दी।

## पुस्तक विमोचन के साथ शताब्दी सम्मान से सम्मानित हुए कवि राम दरस मिश्र

**इटावा।** इटावा हिंदी सेवा निधि के 31वें शाश्वत सम्मान समारोह में महासचिव वरिष्ठ अधिवक्ता प्रदीप कुमार ने समारोह की संकल्पना को सदन के सामने रखा। उन्होंने कहा कि दृढ़ इच्छा शक्ति से इंडिया को भारत बनाना है। हिंदी का मतलब सभी भारतीय भाषाएं हैं ऐसे में उन्होंने सभी से बैंकिंग आदान-प्रदान को हिंदी में करने के साथ ही अंग्रेजी निमंत्रण पत्रों का बहिष्कार करने का भी संकल्प सदन में रखा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हिंदी या उर्दू के निमंत्रण पत्र पर ही बुलावे पर जाएं इससे एक नया संदेश समाज को मिलेगा। समारोह में इस वर्ष 102 वीं जन्म शताब्दी मना रहे प्रख्यात कवि रामदरस मिश्र की शताब्दी पर रामदरस सौ बरस कृति का प्रकाशन किया गया। इसके साथ ही न्यास की ओर से उन्हें घर जाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में दिल्ली के डॉ.संदीप सिंह की किताब अच्छे इलाज के 51नुस्खे व शगुन त्रिवेदी की पुस्तक आस्था का समर्पण, महेश सिंह बहरे की पुस्तक बपू से विराट तक का भी विमोचन कराया गया।

# दुनियां को हम प्यार सिखाने निकले हैं: रौनक



- इटावा महोत्सव में स्थानीय मुशायरा का हुआ आयोजन
- एसएसपी ने शमा रोशन करके मुशायरा का उद्घाटन किया

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** इटावा महोत्सव प्रदर्शनी एवं पशु मेला के पंडाल में स्थानीय मुशायरा का आयोजन किया गया।जिसका उद्घाटन एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने शमा रोशन करके किया।मुख्य अतिथि इं. हरिकिशोर तिवारी रहे।अध्यक्षता हाशिम नईमी ने की संचालन मास्टर यासीन अंसारी ने किया।इसके बाद मुशायरे का आगाज हुआ।स्थानीय मुशायरे में शायर आमिर इटावी ने कलाम पढ़ते हुए कहा बढ़ा आतंक तो सुन लो खुला एलान लिख देंगे तुम्हारी जिन्दगी पर मौत का फरमान लिख देंगे।अगर फिर माने तो तुम्हारी राजधानी पर तिरंगा गाड़ देंगे और हिन्दुस्तान लिख देंगे, आरिफ सिद्दीकी नूर ने कहा छोटा मोटा गिला कुछ नहीं वो मिला पर कहा कुछ नहीं, सुहैल इटावी ने कहा मेरे ही सर पे सब इल्जाम मारो सितम यह गवारा कर रहा हूँ।साबिर इटावी ने कहा जब से तुम्हारे हुस्न को भेजा गुलशन के गुलजारे में हमने सोचना छोड़ दिया है ताजमहल के बारे में इमरान अंसारी ने कहा सामने जिसके सजते सवंरते तुम आप तन्हा वहीं आयना रह गया। नदीम एडवोकेट ने कहा रस्मे उलफत को हर इक तौर निभाया जाये चलये धोकर ही सही प्यार में खाया जाये, निजामत कर रहे शायर यासीन अंसारी ने कहा नफरत वाले काज नहीं होने देंगे हम तकसीम समाज नहीं होने देंगे, रौनक इटावी ने कहा दुनियां को हम प्यार सिखाने निकले है नफरत की दीवार गिराने निकले है।वहीं रियाज इटावी, हादी हसन, सागर इटावी, हरिओम विमल, जमाल इटावी, अशोक यादव, शमशुद्दीन शम्स, वैभव यादव आदि तीन दर्जन से अधिक शायरों ने कलाम पेश किये। मुशायरे के संयोजक नदीम अहमद एडवोकेट व सहसंयोजक नासिर जलील एड. ने आये हुए अतिथियों का बैज लगाकर व शाल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया।इस मौके पर उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष एवं पूर्व न्यायाधीश अशोक गुप्ता, जनपद न्यायाधीश चवन प्रकाश, सीजेएम नीरज कुमार कुशवाहा, प्रेमशंकर शर्मा एड., सईद नकवी, कार्यकारिणी सदस्य रवीन्द्र दुबे आदि मौजूद रहे।

# राम राजगद्दी समारोह जश्न में डूबा बिलग्राम



- रामलीला में हुआ भव्य आयोजन
- सजाया गया भव्य दरबार,तिलक करने जुटे हजारो लोग
- मनमोहक झांकियों से मंत्रमुग्ध हुये लोग

### झांकियों ने बांध दिया समा

रविवार पूरी रात सांस्कृतिक और भक्तिमय झांकियां हुई। रमन ग्रुप और कानपुर लखनऊ, बरेली से आए कलाकारों ने ब्रज की होली, राधा कृष्ण रासलीला काली जी की झांकी, देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम और माता दुर्गा की झांकियां पर अभिनय हुए। इसके अलावा मनोरंजन के तहत ह्यस्य और सांस्कृतिक नृत्य का भी आयोजन किया गया। सोमवार सुबह 2:00 बजे तक आयोजन चलता रहा पूरी रात लोग रमे रहे।

### किया गया सम्मान

रामलीला महोत्सव में आतिशबाजी जावेद अली सांडी प्रथम, लल्लू द्वितीय, लालू तृतीय स्थान पर रहे। बैंड बाजा प्रतियोगिता में महाराजा बैंड के अनीस प्रथम और प्रेमी बैंड अब्दुल वहीद द्वितीय,जिया बैंड के मुन्ना तृतीय स्थान पर रहे। अवनी टेंट हाउस के पंकज कुशवाहा,ॠषि कांत हर्ष डीजे,संदीप ढोल,और आजाद बरेली को सम्मान से नवाजा गया।

**अवधनामा संवाददाता**

**बिलग्राम।** बिलग्राम में रामलीला महोत्सव के तहत राम राज तिलक समारोह का भव्य आयोजन किया गया । जिसमें प्रदेशभर से आए कलाकारों ने सांस्कृतिक और भक्तिमय झांकियां पेश की । भगवान श्री राम का राजतिलक करने के लिए क्षेत्र के हजारों की संख्या गणमान्य लोग पहुचे। रविवार शाम को रामलीला में प्रदर्शनी समिति की ओर से भव्य राम दरबार सजाया गया। जिसमें सर्वप्रथम कमेटी के महामंत्री रामसेवक यादव ,प्रबंधक नीरज सिंह,वरिष्ठ उपाध्यक्ष,बबलू गुप्ता,पारुल गुप्ता विजय गुप्ता ,अध्यक्ष प्रदीप यादव, उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव ने भगवान श्री राम का राजतिलक किया। समारोह में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक आशीष सिंह ने भी हिस्सा लिया। उन्होंने कहा बिलग्राम में रामलीला महोत्सव का आयोजन पौराणिक है। आज भी उसकी भव्यता दिन पर दिन बढ़ रही है । समारोह में संयोजक धर्मेंद्र यादव और प्रबंधक नीरज सिंह ने कहा की बिलग्राम रामलीला महोत्सव हिंदू मुस्लिम एकता को मजबूत करता है। सभी समुदाय के लोग जब एक मंच पर भगवान श्री राम का राजतिलक करते हैं तो सामाजिक समरसता की बयार पूरे साल बहती है ।जो सालो साल समाज को नया संदेश देती है। आयोजन में लालाराम राजपूत,सह प्रबंधक शिवम यादव,शिवम कटियार, मनोज यादव,लालाराम राजपूत,लीला मंचन प्रभारी परमाई लाल यादव ,हरनाम कुशवाहा ,सह संयोजक अजय राज त्रिवेदी, शैलेंद्र सिंह, ,राजीव गौतम, बीपी सिंह, अमर सिंह राजपूत सहित तमाम लोगों ने हिस्सा लिया।

# गोपाल चतुर्वेदी हिन्दू महासभा मथुरा जिलाध्यक्ष मनोनीत

- जिला कार्यकारिणी का होगा जल्द पुनर्गठन

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** अखिल भारत हिन्दू महासभा उत्तर प्रदेश अध्यक्ष मनोज शर्मा ने मथुरा के प्रतिष्ठित पत्रकार गोपाल चतुर्वेदी को मथुरा जनपद का अध्यक्ष मनोनीत किया है। उनका मनोनयन तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। पत्रकार गोपाल चतुर्वेदी ने अपना दायित्व ग्रहण करते हुए हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी और उत्तर प्रदेश अध्यक्ष मनोज शर्मा का आभार प्रकट किया है। उन्होंने मथुरा जनपद की वर्तमान कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग करते हुए जिला कार्यकारिणी का पुनर्गठन करने का एलान किया। गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि मथुरा हिन्दू महासभा से जुड़ना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण जन्मभूमि विवाद के चलते मथुरा अंतरराष्ट्रीय पटल पर जाना पहचाना जाता है। उन्होंने कहा कि न्यायिक वाद के माध्यम से श्रीकृष्ण जन्मभूमि विधर्मियों से मुक्त होगी और श्री राम जन्मभूमि की तर्ज पर श्री कृष्ण जन्मभूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण होगा। गोपाल चतुर्वेदी ने 20 दिसंबर को हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी एवं अन्य राष्ट्रीय पदाधिकारियों के मथुरा आगमन पर मथुरा जिला कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि हिन्दू महासभा सदस्यता अभियान के माध्यम से मथुरा में लोकसभा चुनाव से पूर्व एक लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि हिन्दू महासभा मथुरा लोकसभा से अपना प्रत्याशी देगी और जीत का परचम लहराएगी। हिन्दू महासभा मथुरा महानगर के पूर्व अध्यक्ष ऋषि कुमार ने फोन पर गोपाल चतुर्वेदी को जिला अध्यक्ष का दायित्व संभालने पर शुभकामनाएं दी है।

## असामाजिक तत्वों ने धार्मिक स्थल किया क्षतिग्रस्त

**मथुरा।** गांव जनकपुर के समीप स्थित धार्मिक स्थल को असामाजिक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। यहां लगी रेलिंग भी ले गए। जानकारी पर ग्रामीण आक्रोशित हो उठे। एसपी देहात ने भी मौके का निरीक्षण किया। आरोपियों पर कार्रवाई की बात कही। वहीं पुलिस ने धार्मिक स्थल की मरम्मत भी शुरू करा दी है। ग्राम पंचायत अरूआ के मजरा जनकपुर में यमुना एक्सप्रेस-वे के समीप कई वर्ष पुराना धार्मिक स्थल है। यहां नंदनगरिया, जनकपुर, भीम, मांट और नगला बिन्दा के लोग आते हैं। शनिवार तड़के असामाजिक तत्वों ने इसे क्षतिग्रस्त कर दिया।

# जीएलए विश्वविद्यालय का 12वां दीक्षांत समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न

- दीक्षांत समारोह में 3536 उपाधियां एवं 22 गोल्ड और 22 सिल्वर मेडल प्रदान किए

**अवधनामा संवाददाता**



**मथुरा।** जीएलए विश्वविद्यालय मथुरा (उ.प्र.) के 12वां दीक्षांत समारोह अत्यन्त गरिमा एवं उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। दीक्षांत समारोह में स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की कुल 22 गोल्ड और 22 सिल्वर मेडलिस्ट के साथ 3536 उपाधियां प्रदान की गई। इसके अलावा 32 छात्रों को मेरिट सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष एवं परमाणु ऊर्जा विभाग के सचिव डा. अजीत कुमार मोहंती, कुलाधिपति नारायण दास अग्रवाल के अलावा बतौर विशिष्ट अतिथि कम्प्यूटेशनल सिस्टम्स और साइबर सिस्टम के महानिदेशक एवं प्रतिष्ठित वैज्ञानिक डा. सुमा वरूघीस एवं कुलपति प्रो. फाल्गुनी गुप्ता, प्रतिकुलपति प्रो. अनूप कुमार गुप्ता, कुलसचिव अषोक कुमार सिंह ने मां सरस्वती एवं प्रेरणास्त्रोत श्री गणेशीलाल अग्रवालजी के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। इससे पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत शैक्षिक शोभायात्रा के आगमन से हुई, जिसमें मुख्य अतिथि, कुलाधिपति, कुलपति, प्रतिकुलपति, कुलसचिव एवं डीन एकेडमिक, मुख्य परीक्षा नियंत्रक डॉ. अतुल बंसल के साथ विश्वविद्यालय के कोर्ट, एग्जीक्यूटिव काउंसिल एवं एकेडमिक काउंसिल के सदस्य की अगवानी मुख्य सभागार में हुई। तत्पश्चात् कुलाधिपति ने दीक्षांत समारोह के प्रारम्भ की उद्घोषणा की।

समारोह में मुख्य अतिथि डा. अजीत कुमार मोहंती ने दीक्षांत संबोधन की शुरुआत सभी उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन, सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को बधाई देते हुए की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परमाणु ऊर्जा आयोग के अध्यक्ष डा. मोहंती एवं विशिष्ट अतिथि प्रतिष्ठित वैज्ञानिक डा. सुमा वरूघीस को जीएलए विश्वविद्यालय द्वारा मानद उपाधि प्रदान की गई। इससे पूर्व विश्वविद्यालय के कुलसचिव अशोक कुमार सिंह ने सभी का स्वागत किया। प्रतिकुलपति प्रो. अनूप कुमार गुप्ता ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि का परिचय प्रस्तुत किया। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि जीएलए विश्वविद्यालय में आना मेरे लिए आनंद का विषय है। मैं यहां खुद को नई ऊर्जा से ओत-प्रोत का अनुभव कर रही हूं। इन युवा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के बीच उनके उत्साह को देखकर मुझे 35 वर्ष पूर्व के अनुभव की स्मृति हो रही कि जब मैं इन्हीं भावनाओं के समुद्र से गुजरी थी। इसलिए मैं आप सभी से आसानी के साथ सबकी भावनाओं को समझ रही हूं। उन पुरानी स्मृतियों को दोबारा याद कराने के लिए मैं जीएलए विश्वविद्यालय का आभार व्यक्त करती हूं। कुलपति प्रो. फाल्गुनी गुप्ता द्वारा विश्वविद्यालय की प्रगति के साथ-साथ भविष्य की योजनाओं पर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि जीएलए विश्वविद्यालय ने पिछले वर्षों कई उपलब्धियां हासिल की हैं।

# राहत अक़ील की ओर से चौथी मजलिस का आयोजन किया गया

**अवधनामा संवाददाता**



**इटावा।** रसूल अल्लाह की बेटी शहज़ादी फ़ातिमा ज़हरा की शहादत पर शरीफ मन्ज़िल सैदबाड़ा में राहत अक़ील की ओर से चौथी मजलिस का आयोजन किया गया।जिसका आगाज़ सलीम रज़ा व तसलीम रज़ा ने सोजख्वानी से किया। मजलिस में तकरीर करते हुए लखनऊ से आये मौलाना फ़ज़्ले अब्बास ने कहा आले मोहम्मद का दामन थामने से आले मोहम्मद का कोई फायदा नही फायदा दामन थामने वालों का है इसी तरह आले मोहम्मद का दामन छोड़ने से आले मोहम्मद का कोई नुकसान नहीं नुकसान सिर्फ दामन छोड़ने वालों का है। आले मोहम्मद दीन के मोहताज नहीं बल्कि दीन आले मोहम्मद का मोहताज है। मौलाना फ़ज़्ले अब्बास ने कहा कि कायनात में दो शहजादी है शहजादी ज़ैनब जब बोलती थीं तो ऐसा लगता था जैसे अली बोल रहे हैं। और शहजादी फ़ातिमा जहरा जब चलती थीं तो ऐसा लगता था जैसे रसूल चल रहे हैं।रसूल अल्लाह की बेटी शहजादी फ़ातिमा जहरा के घर जालिमों ने आग लगा दी जिससे वह जख्मी हो गई। तब शहजादी फ़ातिमा जहरा ने कब्रे रसूल पर जाकर अपनी मुसीबतें बयान करते हुए कहा बाबा आपके बाद मेरे ऊपर इतनी मुसीबतें पड़ीं कि अगर पहाड़ पर पड़तीं तो पहाड़ जर्रा जर्रा हो जाता। मजलिस में सलमान रिज़्वी, आबिद रज़ा, अशहर कादरी, तालिब रिज़्वी आदि ने कलाम पेश किए और अयाज हुसैन बबलू ने नोहा ख्वानी की।मजलिस में हाजी कमर अब्बास नक़्वी, शावेज़ नक़्वी, मो.मियां, मो.अब्बास, हसन अब्बास, राहत हुसैन रिज़्वी, तनवीर हसन, मो.जुनैद, सुहेल अली, नजमुल हसन, अली साबिर, दबीरुल हसन, अख्तर अब्बास, जहीर अब्बास सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

# सव्यसाची के साहित्य में मानवता के पक्ष में परिवर्तन की बेचैनी

- सर्व सम्मति से डॉ. अशोक बंसल बने जन सांस्कृतिक मंच के अध्यक्ष

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** मानवता के पक्ष में शोषण मुक्त समाज की कल्पना तथा उनके सपनों को पूरा करने के लिए संघर्ष करने की जिजीविषा जागृत करने का महत्वपूर्ण कार्य बीएसए कॉलेज में प्रोफेसर रहे एसएल वशिष्ठ %सव्यसाची% ने किया, उन्होंने साहित्यिक पत्रिका उत्तरार्द्ध के माध्यम से साहित्यिक चेतना की मशाल जलाई।

ये विचार जन सांस्कृतिक मंच के तत्वावधान में आयोजित सव्यसाची की पुण्यतिथि पर गोविंद नगर स्थित स्थानीय होटल में परिचर्चा में वक्ताओं ने व्यक्त किए, जिसमें सानिध्य प्राप्त लेखक, कवि, पत्रकार, संस्कृतिकर्मियों ने मिलकर उनके साथ जुड़े अनुभवों के साथ कृतित्व- व्यक्तित्व पर विस्तार से चर्चा की।

परिचर्चा के बाद मंच की साधारण सभा में सर्वसम्मति से लेखक, पत्रकार व बीएसए कॉलेज से सेवानिवृत्त डॉ. अशोक बंसल को अध्यक्ष चुना गया। परिचर्चा में विशेष रुप से विचार व्यक्त करने वालों में मंच के संस्थापक सदस्य बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के निदेशक डॉ. हरिवंश चतुर्वेदी, दिनेश अग्रवाल, जनवादी लेखक संघ के अध्यक्ष टिकेंद्र सिंह शाद, मीनाक्षी, रवि प्रकाश भारद्वाज, राज किशोर, कैलाश वर्मा समाजसेवी दीपक गोयल, अटलराम चतुर्वेदी, योगेश कुमार बेखुद, पत्रकार विवेक दत्त मथुरिया आदि उपस्थित रहे।

इससे पूर्व मंच के निवर्तमान अध्यक्ष मुरारी लाल ने अपने कार्यकाल की समीक्षा रिपोर्ट पेश की। कार्यक्रम के समापन पर डॉ. आरके चतुर्वेदी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। अध्यक्षता मुरारीलाल अग्रवाल ने और संचालन सचिव डॉ. धर्मराज ने किया।

# डीएम की अध्यक्षता में विकास कार्यों की हुई समीक्षा बैठक

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में विकास कार्यों, 50 लाख से अधिक लागत की परियोजनाओं की समीक्षा व सीएम डैशबोर्ड के संबंध में समीक्षा बैठक विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में आयोजित की गई।बैठक में उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, कन्या सुमंगला योजना, सामुदायिक शौचालय , पंचायत भवन, श्रमिक पंजीयन, पोषाहार वितरण, कौशल विकास मिशन, वृद्धावस्था पेंशन, राशन कार्ड, स्वास्थ्य विभाग, श्रम विभाग, पशुधन योजना, सामूहिक विवाह, आईजीआरएस के लंबित प्रकरण आदि बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की।उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि 50 लाख से अधिक के कार्यों को लेकर एक जिला स्तरीय अधिकारियों की कमेटी बनाई गई है जिसका इनके द्वारा प्रति माह निरीक्षण किया जा रहा है, जो भी अधिकारी भ्रमण पर जाते हैं वह इसकी व्याख्या भरकर संबंधित को भेजना सुनिश्चित करें, जिससे लंबित प्रकरणों में सुधार लाया जाए।उन्होंने डीपीआरओ को निर्देशित किया कि ग्राम स्तर पर सभी सरकारी योजनाओं की चौपाल लगाकर ग्राम वासियों को जागरूक किया जाए एवं गांव की साफ सफाई रोस्टर बनाकर नियमित की जाए तथा गांव के लोगों को कूड़ा कचरा यथा स्थान डालने के लिए जागरूक भी किया जाए।

# मैनचेस्टर यूनाइटेड ने लिवरपूल को ड्रॉ पर रोका, आर्सेलन तालिका में फिर से शीर्ष पर

इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल में मैनचेस्टर यूनाइटेड ने लिवरपूल को गोलरहित ड्रॉ पर रोक दिया जबकि आर्सेनल ने रविवार को ब्रिगटन को 2-0 से शिकस्त दी। लिवरपूल इस ड्रॉ मुकाबले बाद तालिका में दूसरे स्थान पर खिसक गया जबकि आर्सेनल एक बार फिर से शीर्ष पर काबिज हो गया।

मैनचेस्टर यूनाइटेड ने इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल में लिवरपूल को गोलरहित ड्रॉ पर रोक दिया जबकि आर्सेनल ने रविवार को ब्रिगटन को 2-0 से शिकस्त दी। लिवरपूल इस ड्रॉ मुकाबले बाद तालिका में दूसरे स्थान पर खिसक गया जबकि आर्सेनल एक बार फिर से शीर्ष पर काबिज हो गया।

आर्सेनल और लिवरपूल के नाम मौजूदा सत्र में 17-17 मैचों में क्रमशः 39 और 38 अंक है। मैनचेस्टर यूनाइटेड को लिवरपूल ने इस साल मार्च में 0-7 के बड़े अंतर से हराया था लेकिन नये कोच एरिक टेन हैग की देख



रेख में टीम ने अपने प्रदर्शन के स्तर को ऊंचा करते हुए एक भी गोल करने का मौका नहीं दिया। आर्सेनल ने दूसरे हाफ में गैब्रियल जेसुस और काइ हैवर्ट्ज के गोल से पर ब्रिगटन को शिकस्त दी।

तालिका में तीसरे स्थान पर काबिज एस्टन विला ने ने ब्रेंटफोर्ड को 2-1 से हराया। विला की टीम पहले हाफ के आखिरी क्षण में कीन लुईस-पॉटर के गोल के बाद 0-1 से पिछड़ रही थी लेकिन एलेक्स मोरेनो और ओली वाटकिंस ने दूसरे हाफ में गोल कर टीम को जीत दिला दी। ब्रेंटफोर्ड के बेन मी को 71वें मिनट में रेड कार्ड दिखाया गया जिसके बाद टीम को 10 खिलाड़ियों के साथ मैच खेलना पड़ा। मोहम्मद कुदुस के दो गोल के दम पर वेस्ट हैम ने वोल्व्स को 3-0 से हराया। कुदुस ने 10 मिनट के अंदर दो गोल किये। टीम के एक और गोल डेविड मोयेस ने किया।

## मंगलवार को आईपीएल: 2024 की नीलामी

ये पहली बार होगा जब आईपीएल में खिलाड़ियों की नीलामी देश से बाहर यानी विदेश में होगी। दुबई में इस एरिना हाई प्रोफाइल इवेंट का आयोजन होगा। बीसीसीआई ने उन 333 खिलाड़ियों के नाम शेयर किए हैं जो आईपीएल की मिनी ऑक्शन में शामिल होंगे। इंडियन प्रीमियर लीग के 2024 सीजन के लिए खिलाड़ियों की बोली कल यानी मंगलवार 19 दिसंबर को होगी। ये पहली बार होगा जब आईपीएल में खिलाड़ियों की नीलामी देश से बाहर यानी विदेश में होगी। दुबई में इस एरिना हाई प्रोफाइल इवेंट का आयोजन होगा। बीसीसीआई ने उन 333 खिलाड़ियों के नाम शेयर किए हैं जो आईपीएल की मिनी ऑक्शन में शामिल होंगे। 10 टीमों के बीच 77 स्लॉट खाली हैं। इसका मतलब ये है कि 333 में से 77 खिलाड़ी नीलाम होंगे जिनमें से 30 विदेशी रहेंगे। आईपीएल 2024 सीजन के लिए नीलामी भारतीय समयानुसार दोपहर 1 बजे से शुरू होगी। आईपीएल 2024 नीलामी की लाइव स्ट्रीमिंग जियो सिनेमा पर उपलब्ध होगी।

# एमआई छोड़कर किसी और टीम के लिए खेल सकते हैं रोहित शर्मा? एक बार फिर खुलेगी ट्रेडिंग विंडो

वहीं अगर हम ये कहें कि ये संभव है कि रोहित शर्मा आगामी आईपीएल सीजन में किसी और टीम के लिए खेलते दिखें, क्योंकि एक बार ट्रेडिंग विंडो खुलने जा रही है।

आईपीएल ऑक्शन 2024 से पहले मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा को कप्तानी से हटाकर हार्दिक पंड्या को कप्तानी सौंप कर सबको चौंका दिया। जिसके बाद से लगातार फैंस अपनी नाराजगी जता रहे हैं। कई मुंबई इंडियंस फैंस ने फ्रेंचाइजी को सोशल मीडिया से अनफॉलो कर दिया है। तो कुछ फैंस कह रहे हैं कि, रोहित शर्मा को किसी और टीम में चले जाना चाहिए। लेकिन ट्रेडिंग विंडो 12 दिसंबर को ही बंद हो गई जबकि मुंबई ने अपने नए कप्तान की घोषणा इसके बाद की। वहीं अगर हम ये कहें कि ये संभव है कि रोहित शर्मा



आगामी आईपीएल सीजन में किसी और टीम के लिए खेलते दिखें, क्योंकि एक बार ट्रेडिंग विंडो खुलने जा रही है।

दरअसल, दुबई में आईपीएल ऑक्शन 2024 होने जा रहा है। इसके एक दिन बाद यानी 20 दिसंबर को ट्रेडिंग विंडो एक बार फिर खुल जाएगी। तो संभव है कि रोहित शर्मा किसी और टीम में ट्रेडिंग के जरिए चले जाएं।

रोहित शर्मा की कप्तानी में 2013 में मुंबई इंडियंस पहली बार चैंपियन बनी थी। उसके बाद 2023 तक उन्होंने टीम को 5 बार चैंपियन बनाया। 2024 आईपीएल सीजन से पहले मुंबई ने अपना कप्तान बदला और रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पंड्या को चुना, जिन्हे वह ट्रेडिंग के जरिए गुजरात टाइटंस से लाई। इससे फैंस खासा नाराज हैं और कुछ ऐसे संकेत भी है कि जिससे लगता है कि रोहित शर्मा इस फैसले से खुश नहीं हैं और मुंबई इंडियंस कैंप में कुछ ठीक नहीं है।

रोहित शर्मा को कप्तानी पद से हटाने के बाद फैंस कई कयास लगा रहे हैं। वहीं कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि आईपीएल ट्रेड्रिंग जब खुली थी तब दिल्ली कैपिटल्स ने रोहित शर्मा को ट्रेडिंग के जरिए अपने स्क्वॉड में शामिल करने की इच्छा जताई थी लेकिन मुंबई इंडियंस इसके लिए तैयार नहीं था।

# सिराज का समर्थन करने के लिए अधिक गेंदबाजी विकल्प हासिल करना प्राथमिकता : आरसीबी क्रिकेट निदेशक

बोबाट ने कहा, हमारे पास मुख्य खिलाड़ियों का एक मजबूत समूह है। टीम का शीर्ष क्रम काफी मजबूत है।खिलाड़ियों को रिलीज करने का हमारा फैसला का एक हिस्सा मध्य क्रम को मजबूत करने की कोशिश करना था। कैमरून ग्रीन को टीम में लाना एक शानदार था कदम है।'' आरसीबी के पास 40.75 करोड़ रुपये का पर्स है और खिलाड़ियों को साइन करने के लिए कुल सात स्लॉट उपलब्ध हैं। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के क्रिकेट निदेशक मो बोबट ने सोमवार को कहा कि आगामी आईपीएल नीलामी में तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज का समर्थन करने के लिए अधिक गेंदबाजी विकल्प हासिल करना टीम की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। आरसीबी ने स्टार बल्लेबाज विराट कोहली, कप्तान फाफ डु प्लेसिस, ग्लेन मैक्सवेल और सिराज समेत 18 खिलाड़ियों को रिटेन (टीम में बरकरार)किया है और 11 खिलाड़ियों को रिलीज (टीम से बाहर) कर दिया है। जिन खिलाड़ियों को रिलीज किया गया है उनमें मध्यम तेज गेंदबाज हर्षल



पटेल, श्रीलंका के लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा और ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की तिकड़ी शामिल हैं। इससे टीम की गेंदबाजी कमजोर हुई है।

बोबाट ने यहां जारी मीडिया विज्ञप्ति में कहा, हम जो करते हैं मोहम्मद सिराज उसका मुख्य हिस्सा है। हमारे लिए सिराज का समर्थन करने के लिए गेंदबाजी विदेशी गेंदबाज सहित कुछ और गेंदबाजी विकल्पों को टीम में शामिल करना एक वास्तविक प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा हमारे पास स्थानीय स्पिनरों का एक समूह है, जो मुझे लगता है कि काफी मजबूत है। उनमें से कुछ को पिछले एक या दो वर्षों में सीमित अवसर मिले हैं और वे आगे चलकर अधिक बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। शीर्ष क्रम में दिग्गज बल्लेबाजों से सजी आरसीबी ने अपने मध्य क्रम को मजबूत करने के लिए ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन को मुंबई इंडियंस से 17.5 करोड़ रुपये में खरीदा। बोबाट ने कहा हमारे पास मुख्य खिलाड़ियों का एक मजबूत समूह है। टीम का शीर्ष क्रम काफी मजबूत है। खिलाड़ियों को रिलीज करने का हमारा फैसला का एक हिस्सा मध्य क्रम को मजबूत करने की कोशिश करना था। कैमरून ग्रीन को टीम में लाना एक शानदार था कदम है।'' आरसीबी के पास 40.75 करोड़ रुपये का पर्स है और खिलाड़ियों को साइन करने के लिए कुल सात स्लॉट उपलब्ध हैं।

# आरसीबी के डायरेक्टर ने किया अपने प्लान का खुलास



आरसीबी के डायरेक्टर मो बोबाट ने आरसीबी इनोवेशन लैब लीडर मीट इंडिया के दौरान कहा कि, हमारे पास खिलाड़ियों को बनाए रखने का एक मजबूत केंद्र है और हमारे पास मजबूत टॉप क्रम भी है। हमारा खिलाड़ियों को रिलीज करने का फैसला मध्यक्रम को मजबूत बनाने का एक हिस्सा था। आईपीएल 2024 नीलामी को अब महज कुछ ही घंटे शेष रह गए हैं। इसके लिए सभी फ्रेंचाइजियों ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस बीच आरसीबी के डायरेक्टर ने ऑक्शन के लिए अपने प्लान का खुलासा किया है। दरअसल, आरसीबी के डायरेक्टर मो बोबाट ने आरसीबी इनोवेशन लैब लीडर मीट इंडिया के दौरान कहा कि, हमारे पास खिलाड़ियों को बनाए रखने का एक मजबूत केंद्र है और हमारे पास मजबूत टॉप क्रम भी है। हमारा खिलाड़ियों को रिलीज करने का फैसला मध्यक्रम को मजबूत बनाने का एक हिस्सा था। आरसीबी ने हाल ही में ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन को 17.5 करोड़ रुपयों की ट्रेड में अपने स्क्वॉड में शामिल किया था। आरसीबी के डायरेक्टर ने इस ट्रेड पर बताते हुए कहा कि कैमरून ग्रीन को आरसीबी से जोड़ना एक शानदार कदम था। वहीं आईपीएल 2024 ऑक्शन में आरसीबी अपने पेस अटैक को मजबूत करने पर जोर देगी। इसका खुलासा भी खुद मो बोबाट ने ही किया है। उन्होंने कहा कि हम जो करते हैं, मोहम्मद सिराज उसका मुख्य हिस्सा हैं। विदेशी गेंदबाजों सहित कुछ और गेंदबाजी विकल्पों समेत सिराज का समर्थन करना हमारी प्राथमिकता रहेगी। बोबाट ने कहा कि स्वभाविक रूप से क्रिकेट आकर्षित होता है। तेज गेंदबाजों के नियंत्रण और पार्श्व गति जैसी चीजों की ओर ध्यान देंगे लेकिन हमें जो करना चाहिए वह उन खिलाड़ियों की पहचान करना है जिनके पास गति और संतुलन हो।

# दाऊद इब्राहिम के कारण बढ़ गई पूर्व पाकिस्तानी खिलाड़ी की मुश्किल, घर में होना पड़ा नजरबंद

डॉन दाऊद इब्राहिम इस समय कड़ी सुरक्षा के बीच कराची अस्पताल में भर्ती है, मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार किसी अज्ञात ने दाऊद को जहर दे दिया है। इस घटना के बाद पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर जावेद मियांदाद को उनके परिवार के साथ घर में नजबंद रखा गया है।

भारत का मोस्ट वांटेड डॉन दाऊद इब्राहिम इस समय कड़ी सुरुक्षा के बीच कराची अस्पताल में भर्ती है, मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार किसी अज्ञात ने दाऊद को जहर दे दिया है। इस घटना के बाद पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर जावेद मियांदाद को उनके परिवार के साथ घर में नजबंद रखा गया है। बता दें कि, जावेद मियांदाद दाऊद इब्राहिम का करीबी रिश्तेदार है। दाऊद इब्राहिम की बेटी की शादी मियांदाद के बेटे के साथ हो रखी है।

पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स से पता चला है कि पूर्व क्रिकेटर को उनके पूरे परिवार के साथ घर में नजरबंद रखा गया है। रिपोर्ट्स से पता चलता है कि पाकिस्तानी



अधिकारियों ने एहतियात के तौर पर जावेद मियांदाद और उनके परिवार को घर में नजरबंद रखा है।

बता दें कि, कई पाकिस्तान मीडिया रिपोर्ट्स और पत्रकारों का दावा है कि दाऊद इब्राहिम को अज्ञात लोगों ने दो दिनों तक जहर दिया था और उसके बाद उसे कराची के एक अस्पताल में भर्तीय कराया गया था। 1993 के मुंबई बम धमाकों का मुख्य आरोपी दाऊद कड़ी सुरक्षा में इलाज करा रहा है। फिलहाल दाऊद की हालात गंभीर बनी हुई है और उसके लिए एक पूरी मंजिल को सील कर दिया गया है।


गौरतलब है कि, कई इंटरनेशनल मैच के दौरान स्टेडियम में नजर आने वाले दाऊद इब्राहिम की बड़ी बेटी माहरुख इब्राहिम की शादी पाकिस्तानी क्रिकेटर जावेद मियांदाद के बेटे जुनैद के साथ 2006 में हुई थी। इस नाते दोनों एक दूसरे के समधी हैं। 26 दिसंबर 1955 को बॉम्बे में जन्में दाऊद इब्राहिम को 1993 मुंबई बम धमाके का मास्टरमाइंड माना जाता है।

# शाहरुख खान की फिल्म डंकी का पहला शो सुबह 5.55 बजे, गेयटी के इतिहास में सबसे पहला शो

बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान की डंकी का पहला शो सुबह 5.55 बजे मुंबई के प्रतिष्ठित गेयटी गैलेक्सी में दिखाया जाएगा। यह थिएटर के इतिहास में किसी फिल्म की सबसे पहली स्क्रीनिंग है। उक्त सिनेमा हॉल में दोपहर 12 बजे से पहले किसी भी फिल्म की स्क्रीनिंग नहीं हुई है।

बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान की डंकी का पहला शो सुबह 5¬55 बजे मुंबई के प्रतिष्ठित गेयटी गैलेक्सी में दिखाया जाएगा। यह थिएटर के इतिहास में किसी फिल्म की सबसे पहली स्क्रीनिंग है। उक्त सिनेमा हॉल में दोपहर 12 बजे से पहले किसी भी फिल्म की स्क्रीनिंग नहीं हुई है।

स्क्रीनिंग का आयोजन एसआरके के प्रशंसक समूह, एसआरके यूनिवर्स द्वारा किया जा रहा है, जिसने गेयटी में पठान और जवान दोनों के लिए सुबह-सुबह




अलग-अलग स्क्रीनिंग का भी आयोजन किया था। इतना ही नहीं, फैन क्लब ने विश्व स्तर पर 1000 स्क्रीनों पर कम से कम विशेष स्क्रीनिंग का आयोजन किया है, जो अपने आप में एक उल्लेखनीय उपलब्धि है।

डंकी ने पहले ही अपनी एडवांस बुकिंग शुरू कर दी है। शाहरुख ने खुद अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इस बारे में संदेश साझा किया था और दुनिया भर के प्रशंसकों से जल्दी से अपने टिकट बुक करने का आग्रह किया था। इस बीच, यह बताया जा रहा है कि दुबई में वोक सिनेमाज में सेंसर बोर्ड के लिए प्रदर्शित होने के बाद डंकी को स्टैंडिंग ओवेशन मिला।

डंकी शाहरुख और राजकुमार हिरानी का पहला सहयोग है। फिल्म में तापसी पन्नू के साथ-साथ विक्की कौशल भी मुख्य भूमिका में हैं। अभिजात जोशी, राजकुमार हिरानी और कनिका ढिल्लों द्वारा सह-लिखित, डंकी 21 दिसंबर को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# रणबीर कपूर की फिल्म ने भारत में 500 करोड़ रुपये का आंकड़ा किया पार

रणबीर कपूर और निर्देशक संदीप वांगा रेड्डी की एनिमल सिनेमाघरों में अपने तीसरे सप्ताह में है और सफलतापूर्वक चल रही है। 17 दिनों में, एक्शन ड्रामा ने भारत में 500 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया।

रणबीर कपूर और निर्देशक संदीप वांगा रेड्डी की एनिमल सिनेमाघरों में अपने तीसरे सप्ताह में है और सफलतापूर्वक चल रही है। 17 दिनों में, एक्शन ड्रामा ने भारत में 500 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया। वीकेंड के दौरान सिनेमाघरों में फिल्म की कमाई में बढ़ोतरी देखी गई। फिल्म ने रविवार, 17 दिसंबर को भारत में लगभग 15 करोड़ रुपये कमाए। रणबीर की एनिमल 1 दिसंबर को रिलीज होने के बाद से सिनेमाघरों में शानदार प्रदर्शन कर रही है।

रणबीर कपूर की एनिमल ने दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर 800 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है और अब यह 1,000 करोड़ रुपये की कमाई की ओर बढ़ रही है। फिल्म को समीक्षकों और दर्शकों से ध्रुवीकरण वाली प्रतिक्रियाएं मिलीं, लेकिन ऐसा लगता है कि इसका प्रदर्शन पर कोई असर नहीं पड़ रहा है।

जैसा कि अनुमान लगाया गया था, एनिमल ने



सप्ताहांत के दौरान बॉक्स ऑफिस पर भारी उछाल देखा। अनुमान है कि रविवार 17 दिसंबर को फिल्म ने भारत में करीब 15 करोड़ रुपये की नेट कमाई की है। शाहरुख खान की डनकी और प्रभास की सलार के आने से पहले फिल्म को सिनेमाघरों में अभी एक सप्ताह बाकी है। भारत में अब 17 दिन का कुल कलेक्शन 512.94 करोड़ रुपये हो गया है। 17वें दिन फिल्म ने 24.97 प्रतिशत की ऑक्यूपेंसी दर्ज की।

एनिमल का लेखन और निर्देशन संदीप रेड्डी वांगा ने किया है। रणबीर कपूर की मुख्य भूमिका वाली इस फिल्म में अनिल कपूर, बॉबी देओल, रश्मिका मंदाना, तृप्ति डिमरी, शक्ति कपूर और सिद्धांत कार्णिक भी शामिल थे। यह फिल्म एक पिता और बेटे के बीच के उतार-चढ़ाव भरे रिश्ते के बारे में है। रणबीर ने रणविजय की भूमिका निभाई, जो प्रतिशोध से ग्रस्त एक क्रूर व्यक्ति है। एनिमल 1 दिसंबर को कई भाषाओं में सिनेमाघरों में रिलीज हुई। यह 2023 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्मों में से एक है।

# मुंबई में आयुष शमा की कार का हुआ एक्सीडेंट, नशे में धुत मोटरसाइकिल चालक ने मारी टक्कर

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, आयुष शर्मा की कार का एक्सीडेंट खार जिमखाना के पास हुआ है। हादसा तब हुआ, जब आयुष का ड्राइवर गैस स्टेशन जा रहा था। नशे में धुत्त एक मोटरसाइकिल चालक ने पीछे से कार को टक्कर मार दी।

बी-टाउन से एक चौकाने वाली खबर सामने आयी है। खबरों के मुताबिक, अभिनेता आयुष शर्मा की कार का एक्सीडेंट हो गया है। अच्छी खबर यह है कि एक्सीडेंट के समय अभिनेता कार में मौजूद नहीं थे। उस समय कार उनका ड्राइवर चला रहा है, जिसे कोई चोट नहीं आई है। पुलिस ने घटना पर तत्काल कार्रवाई की है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार,



आयुष शर्मा की कार का एक्सीडेंट खार जिमखाना के पास हुआ है। हादसा तब हुआ, जब आयुष का ड्राइवर गैस स्टेशन जा रहा था। नशे में धुत्त एक मोटरसाइकिल चालक ने पीछे से कार को टक्कर मार दी। इसके बाद मोटरसाइकिल चालक ने घटनास्थल से भागने की कोशिश भी की। लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया और उसके खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज की।

# घर-घर जाकर नौकरानी का काम करती थीं ये सुपरस्टार एट्रेस, एक मुलाकात के बाद कमाए करोड़ो

हिंदी सिनेमा की एक ऐसी अभिनेत्री जिसने एक समय अपनी एक्टिंग और खूबसूरती से बॉलीवुड में बड़ा नाम कमाया था। यह अभिनेत्री सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्रियों में से एक थी। उन्होंने फिल्मों से पैसा, शोहरत सब कुछ कमाया। हिंदी सिनेमा की एक ऐसी अभिनेत्री जिसने एक समय अपनी एक्टिंग और खूबसूरती से बॉलीवुड में बड़ा नाम कमाया था। यह अभिनेत्री सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्रियों में से एक थी। उन्होंने फिल्मों से पैसा, शोहरत सब कुछ कमाया। लेकिन सफलता के इस शिखर तक पहुंचने के लिए उन्हें कड़ी मेहनत करनी पड़ी। उन्होंने अपने जीवन में कई उतार-चढ़ाव का सामना किया। ये एक्ट्रेस हैं शशिकला सहगल। उन्होंने 1936 से 2005 तक फिल्मों में काम किया। उन्होंने सिनेमा में प्रमुख अभिनेत्रियों से लेकर मां और दादी तक कई भूमिकाएं निभाई। एक्ट्रेस आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उन्होंने अपने जीवन में इतनी सफलता हासिल करने के लिए जो कड़ी मेहनत की, वह हैरान करने वाली है।

***अभिनेत्री शशिकला***

अभिनेत्री शशिकला ने आज के सुपरस्टार शाहरुख खान और सलमान खान के साथ भी काम किया है। उन्होंने बादशाह में शाहरुख की मां की भूमिका निभाई, जबकि मुझसे शादी करोगी में उन्होंने सलमान की दादी की भूमिका निभाई। अपने करियर में सफलता के शिखर पर पहुंचने वाली शशिकला ने



बचपन में बेहद गरीबी देखी थी। एक्ट्रेस का असली नाम शशिकला जावलकर था। उनका जन्म 1932 में महाराष्ट्र के सोलापुर में एक अमीर परिवार में हुआ था। उनके पिता एक व्यापारी थे। लेकिन कुछ समय बाद उनकी आर्थिक स्थिति बहुत ख़राब हो गयी।

***अमीरी से किया गरीबी को सफर देखा***

एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू में कहा था कि उनके पिता ने अपनी पूरी कमाई उनके छोटे भाई की पढ़ाई पर खर्च कर दी थी। वह लंदन में पढ़ाई कर रहा था। एक्ट्रेस के पिता ने ये सब अपने परिवार के लिए किया। लेकिन नौकरी लगने के बाद उनके भाई अपने भाई को भूल गए और दूसरी तरफ शशिकला के पिता का बिजनेस भी बंद हो गया। इन सभी परिस्थितियों में उनका परिवार दयनीय स्थिति में था। हालात इतने ख़राब हो गए कि घर में खाने के लिए कुछ भी नहीं था। एक्ट्रेस के पिता को कहीं काम नहीं मिला। उस समय शशिकला दूसरे लोगों के घरों में काम करके पैसे कमाने लगे।

***मुंबई में नौकरानी के रूप में काम करना शुरू किया***

एक इंटरव्यू में शशिकला ने कहा, घर के हालात खराब होने के बाद उन्होंने काम करने का फैसला किया। एक बार उनके पिता ने एक्ट्रेस से कहा था कि तुम खूबसूरत हो और एक्टिंग कर सकती हो। तो कहा गया कि आपको सिनेमा में काम मिल सकता है। इसके बाद शशिकला अपने परिवार के साथ मुंबई आ गईं। उस वक्त वह महज 11 साल की थीं। मुंबई आने के बाद उन्हें काम नहीं मिला। वह सिनेमा में काम की तलाश में थीं लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिल रही थी। अंततः वह मुंबई में नौकरानी के रूप में काम करने लगी।

***नूरजहां की वजह से बदल गई एक्ट्रेस की किस्मत***

एक बार नौकरानी के रूप में काम करते समय उनकी मुलाकात बॉलीवुड अभिनेत्री नूरजहाँ से हुई। नूरजहाँ को शशिकला का चेहरा और खूबसूरती बहुत पसंद थी। इसके बाद नूरजहां ने अपने पति से बात की और शशिकला को एक फिल्म में काम करने का मौका दिया। शशिकला ने 1945 में फिल्म जीनत से बॉलीवुड में डेब्यू किया। इस फिल्म के लिए उन्हें 25 रुपये फीस मिली थी. इस फिल्म के बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। एक तरफ जहां करियर में सफलता के शिखर चढ़ रहे थे तो वहीं दूसरी तरफ एक्ट्रेस की निजी जिंदगी में तूफान आ गया। उस व्यक्ति के साथ विदेश जाना एक गलती है शशिकला ने 19 साल की उम्र में ओम प्रकाश सहगल से शादी की। शादी के बाद उनकी दो बेटियां हुईं। लेकिन कुछ सालों बाद एक्ट्रेस की अपने पति से बहस होने लगी और उनका रिश्ता टूट गया। बाद में वह एक व्यक्ति के साथ विदेश चली गई। लेकिन वह उनकी बात से सहमत नहीं हुई और भारत लौट आई। शशिकला ने कहा था कि अपने परिवार को छोड़कर उस शख्स के साथ विदेश जाना उनकी सबसे बड़ी गलती थी। आख़िरकार, 4 अप्रैल, 2021 को अभिनेत्री की कैंसर से मृत्यु हो गई।

# दाऊद इब्राहिम को जहर देने की आशंका तो बाइडन की सुरक्षा में बड़ी चूक

**नेतृत्व**

**कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व आज उत्तर प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ अहम मीटिंग करेगा।**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काशी से दिल्ली तक दूसरी वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। संसद की सुरक्षा में हुई चूक को लेकर विपक्षी दल आज हंगामा कर सकते हैं। एक नजर में पढ़िए आज देश और दुनिया में क्या-क्या हैं बड़े इवेंट्स।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काशी से दिल्ली तक दूसरी वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। इस रूट पर दूसरी वंदे भारत चलने से लाखों यात्रियों को फायदा होगा।

संसद की सुरक्षा में हुई चूक को लेकर विपक्षी दल आज हंगामा कर सकते हैं। संसद के दोनों सदनों में हंगामे के आसार हैं। एक देश, एक चुनाव पर विचार करने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द के नेतृत्व में गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक सोमवार को होने की संभावना है। बैठक में अब तक हुई प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु दक्षिणी प्रवास के तहत आज से हैदराबाद का दौरा करेंगी। वह शीतकालीन प्रवास के दौरान होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी। राजधानी को लंबे समय बाद प्रदूषण से हल्की राहत मिली है। रविवार के मुकाबले सोमवार को दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता में कुछ सुधार देखने को मिला है। कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व आज उत्तर प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ अहम मीटिंग करेगा। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय सहारनपुर से 20 दिसंबर को शुरू हो रही यूपी जोड़ो यात्रा समेत अन्य गतिविधियों की जानकारी देंगे।

राशिफल के अनुसार, आज यानी 18 दिसंबर, सोमवार का दिन सभी राशियों के लिए मिलाजुला रहने वाला है। जहां कुछ राशियों के लिए आज का दिन समस्याओं से भरा रहेगा, तो वहीं कुछ राशियों को व्यापार में लाभ भी मिल सकता है।

वाराणसी से दिल्ली तक का सफर करने वाले लोगों को आज बड़ी खुशखबरी मिलने वाली है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी काशी से दिल्ली तक दूसरी वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। नई वंदे भारत ट्रेन वाराणसी से सुबह छह बजे चलकर प्रयागराज, कानपुर के रास्ते दोपहर में दो बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। एक देश, एक चुनाव पर विचार करने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द के नेतृत्व में गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक सोमवार को होने की संभावना है। बैठक में अब तक हुई प्रगति की समीक्षा की जाएगी। साथ ही राजनीतिक दलों की प्रतिक्रियाओं पर भी विचार किया जाएगा।

## दुख की बात है कि इस पर राजनीति..., लोकसभा में सुरक्षा चूक की घटना पर बोले स्पीकर बिरला

**नई दिल्ली।** लोकसभा सत्र में बार-बार संसद की सुरक्षा चूक पर हंगामा किया जा रहा है। सोमवार को एक बार फिर संसद की सुरक्षा में चूक के मुद्दे पर विपक्ष के सदस्यों ने हंगामा किया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला इस हंगामे की वजह से नाराज नजर दिखे। उन्होंने कहा कि 13 दिसंबर को सुरक्षा उल्लंघन की घटना की जांच एक उच्च स्तरीय समिति द्वारा की जा रही है। उन्होंने इस मुद्दे पर ÷राजनीतिकरण÷ करने पर नाराजगी व्यक्त की।अध्यक्ष ने प्रश्नकाल के दौरान सदस्यों से कहा कि संसद की सुरक्षा लोकसभा सचिवालय के दायरे में है और कुछ विपक्षी सदस्यों का निलंबन 13 दिसंबर की घटना से नहीं बल्कि सदस्यों द्वारा सदन में तख्तियां लेकर आने से संबंधित है। उन्होंने कहा कि एक उच्च स्तरीय समिति ने पहले ही अपनी जांच शुरू कर दी है और संसद की सुरक्षा बढ़ाने के लिए सर्वदलीय बैठक में उन्हें दिए गए कुछ सुझावों को लागू किया गया है। अध्यक्ष ने कहा कि वह इस मुद्दे पर सदस्यों से परामर्श करना जारी रखेंगे। अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा, ÷यह दुखद है कि इस मुद्दे पर राजनीति की जा रही है...सदन के वेल में आना और नारेबाजी करना सदन की गरिमा के खिलाफ है। मैं महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिए आपसे (विपक्ष से) सहयोग का अनुरोध करता हूं।÷



संसद सत्र में कहा विपक्षी दल 13 दिसंबर की घटना पर गृह मंत्री अमित शाह से बयान की मांग कर रहे हैं। जैसे ही सदस्यों ने अपना विरोध जारी रखा, अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

## हिंदुस्तान पेंसिल्स, 65 सालों की विरासत, कंज्यूमर्स की समझ और इनोवेटिव प्रोडक्ट्स की बदौलत मार्केट में सदैव सबसे आगे

**मुंबई।** घर-घर जाने वाले सुप्रसिद्ध अप्सरा और नटराज ब्रैंड वाली हिंदुस्तान पेंसिल्स स्टेशनरी उद्योग की सबसे अग्रणी कंपनी है। 65 सालों के अद्भुत सफर में यह कंपनी अपने उपभोक्ताओं के रुझान और समय की मांग के अनुरूप नये उत्पाद खोजने और बनाने के लिए सबसे मशहूर है। 1958 में स्थापित, हिंदुस्तान पेंसिल्स ने अपने छह दशकों के दौरान सबसे अच्छे क्वालिटी उत्पाद देने में मजबूत प्रतिबद्धता के साथ काम किया है। भारत की दो-तिहाई शिक्षित जनता ने कभी न कभी अप्सरा अथवा नटराज की पेंसिलों एवं अन्य प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल अवश्य किया है। अपनी मेहनत और सूझबूझ से नटराज एवं अप्सरा स्टेशनरी जगत के शीर्ष ब्रैंड हैं। इनके नये-नये इनोवेटिव उत्पाद स्टेशनरी क्षेत्र में मानक माने जाते हैं। अप्सरा अब्सोल्यूट पेंसिल्स की मजबूती और अप्सरा मैट मैजिक पेंसिल की अप्रतिम रंगबिरंगी शेविंग इनके इनोवेशन के प्रति आस्था को दर्शाती है। नटराज एवं अप्सरा दोनों ही ब्रैंड तेजी से बदलते हुए उपभोक्ताओं की जरूरतों पर सदैव नजर रखते हैं। अप्सरा सोयफन क्रेयॉन पर्यावरण के प्रति जागरूक उपभोक्ताओं की रूचि के अनुरूप पहल है। अप्सरा डिज़्नी पेंसिल्स नन्हे बच्चों और डिज़्नी के




फैन्स के साथ आत्मीय बंधन बनाती है। नटराज फ्लूरो पेंसिल और नटराज जेलिक्स जेल पेन छोटे छात्रों से लेकर प्रोफेशनल व्यक्तियों की जरूरतों को पूरा करते हैं। दोनों उत्पाद गुणवत्ता और उपयोग में सुगम हैं। नटराज लेफ्ट हैंड शार्पनर बाएं-अंगी बच्चों की विशिष्ट जरूरत को पूरा करते हैं।

संक्षेप में, अप्सरा एवं नटराज की मार्केट लीडरशिप उनकी सामयिकता, इनोवेशन, उपभोक्ता की समझ, पर्यावरण के प्रति जागरूकता, एवं शिक्षा संस्थानों से साझेदारी को दर्शाता है। सब का मिला-जुला असर उन्हें स्टेशनरी उद्योग के शीर्ष में रखता है। कंपनी के प्रेसीडेंट, श्री प्रदीप उघाड़े का मानना है कि, पिछले 65 सालों में, हिंदुस्तान पेंसिल्स उपभोक्ताओं (कंज्यूमर) के जीवन का अभिन्न हिस्सा है। हम अपने ग्राहकों को अपने हृदय स्थान पर रखकर कोई भी काम करते हैं। हमारी सफलता एवं दीर्घ आयु का राज़ सतत इनोवेशन, उत्तम क्वालिटी एवं ग्राहकों की संतुष्टि के प्रति सदैव समर्पण हैं।

## देश के नाम दान मांग रही कांग्रेस, आखिर क्या होती है क्राउडफंडिंग

**नई दिल्ली।** तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में बुरी तरह हारने के बाद कांग्रेस पार्टी अभी से लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों



में जुट गई है। विभिन्न राज्यों में अपनी पार्टी को ताकतवर बनाने और प्रचार अभियान को धार देने के लिए कांग्रेस ने अब ऑनलाइन चंदा जुटाने का काम शुरू कर दिया है।

ऑनलाइल चंदा जुटाने के लिए कांग्रेस ने एक टैगलाइन भी दी है। इसमें कहा गया है, बेहतर देश के लिए कांग्रेस को आपकी जरूरत है, भारत को आपकी जरूरत है।

कांग्रेस का कहना है कि ये आजाद भारत का सबसे बड़ा क्राउडफंडिग अभियान है। आखिर ये क्राउडफंडिंग क्या है और कांग्रेस इसका क्या करगे, आइए इसके बारे में जानें।

कांग्रेस पार्टी क्राउडफंडिंग से एक तीर से दो निशाने साधना चाहती है। दरअसल, कांग्रेस एक तो इससे पार्टी चलाने के लिए पैसे तो जुटाएगी ही, इसी के साथ पार्टी लोगों से भी जुड़ाव बनाने की कोशिश करेगी।

पार्टी 18 से 28 तक ऑनलाइन फंड जुटाएगी और इसके बाद जमीनी अभियान शुरू किया जाएगा। पार्टी 28 दिसंबर को अपने स्थापना दिवस के बाद कार्यकर्ताओं को घर-घर भेजकर दान मांगेगी। कांग्रेस ने हर बूथ से 10 घरों को टारगेट करते हुए हर घर से कम से कम 138 रुपये दान पाने का सोचा है।

## दिल्ली पुलिस ने मेटा को लिखा पत्र, आरोपियों को डिलीट फेसबुक का मांगा विवरण

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने संसद सुरक्षा उल्लंघन मामले में गिरफ्तार छह आरोपियों के सोशल मीडिया अकाउंट और अब हटाए गए फेसबुक पेज भगत

**अनुरोध**

**सूत्रों ने कहा कि मेटा से आरोपियों की व्हाट्सएप चैट शेयर करने का भी अनुरोध किया गया है, क्योंकि उनके मोबाइल फोन खराब हो गए हैं।**

सिंह फैन क्लब के विवरण तक पहुंचने के लिए मेटा को पत्र लिखा है। सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी है और बताया कि इसी के जरिए उन सभी की एक-दूसरे मुलाकात हुई थी। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि पुलिस ने यह देखने के लिए सभी आरोपियों के बैंक अकाउंट की जानकारी इकट्ठा की है कि क्या उन्हें 13 दिसंबर की घटना को अंजाम देने के लिए किसी से पैसे मिले थे। दिल्ली पुलिस की विभिन्न टीमों ने रविवार को आरोपियों के परिवार के सदस्यों से संपर्क किया



और उनके बैंक खातों का विवरण इकट्ठा किया। दिल्ली पुलिस काउंटर इंटेलिजेंस यूनिट ने आरोपी व्यक्तियों के सोशल मीडिया अकाउंट तक पहुंचने के लिए फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप के मालिक मेटा को पत्र लिखा है और फेसबुक पेज भगत सिंह फैन पेज जैसे सदस्यों की संख्या आदि का विवरण भी मांगा है। यह पेज आरोपी द्वारा बनाया गया था और बाद में हटा दिया गया। सूत्रों ने कहा कि मेटा से आरोपियों की व्हाट्सएप चैट शेयर करने का भी अनुरोध किया गया है, क्योंकि उनके मोबाइल फोन खराब हो गए हैं। पुलिस के मुताबिक, संसद सुरक्षा उल्लंघन की साजिश के मास्टरमाइंड ललित झा ने राजस्थान के नागौर में अपना मोबाइल फोन फेंक दिया और अन्य आरोपियों के मोबाइल फोन जला दिए। बाद में पुलिस ने झा की निशानदेही पर टूटे और जले हुए मोबाइल फोन के टुकड़े बरामद किए। इन हिस्सों को फोरेंसिक विभाग में यह देखने के लिए भेजा गया है कि क्या इनसे डेटा रिकवर किया जा सकता है। दिल्ली पुलिस ने संसद सुरक्षा उल्लंघन मामले में उनकी कथित संलिप्तता के लिए अब तक छह लोगों - सागर शर्मा, मनोरंजन डी, अमोल शिंदे, नीलम देवी, ललित झा और महेश कुमावत को गिरफ्तार किया है।

## कुवैती शासक के निधन पर विदेश मंत्री जयशंकर ने जताया शोक, दिल्ली में दूतावास का दौरा किया

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कुवैती शासक के निधन पर दिल्ली में कुवैती दूतावास का दौरा किया और दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान विदेश मंत्री ने कहा कि भारत-कुवैत संबंधों को मजबूत करने में अमीर शेख नवाफ अल-अहमद अल-जबर अल-सबा के योगदान को देश हमेशा याद रखेगा। उन्होंने एक्स पर कहा, कुवैत राज्य के अमीर महामहिम शेख नवाफ अल-अहमद अल-जबर अल-सबा के निधन पर संवेदना व्यक्त करने और अपना सम्मान व्यक्त करने के लिए आज सुबह दिल्ली में कुवैत के दूतावास का दौरा किया। उन्होंने कहा, भारत की सरकार और लोग हमारे संबंधों को मजबूत करने में उनके उल्लेखनीय योगदान को हमेशा याद रखेंगे।

## केरल में सामने आया कोविड 19 के JN.1 सब वेरिएंट का केस, कांग्रेस ने सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

**मलप्पुरम (केरल)।** केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता वीडी साठीसन ने सोमवार को राज्य सरकार पर दक्षिणी राज्य में कोविड-19 के प्रसार को रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठाने का आरोप लगाया। साठीसन ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि भले ही देश में 89 प्रतिशत कोविड-19 के मामले राज्य में हैं लेकिन केरल सरकार ने की गई कार्रवाई के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं दी है।




कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया, केरल में कोविड-19 के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। हालांकि, सरकार ने अभी तक इस पर कोई स्पष्ट बयान जारी नहीं किया है। उन्होंने आगे कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर स्वास्थ्य मंत्रालय की रिपोर्ट है कि देश में 1,800 से अधिक मामलों में से 1,600 से अधिक मामले केरल में सामने आए हैं। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की रिपोर्टों का हवाला देते हुए कहा, चार मौतें हुईं... अकेले कल (रविवार) 111 नए मामले सामने आए। उन्होंने कहा, इससे पहले कि लोग वायरस के प्रसार के बारे में घबराने लगें, सरकार को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। रविवार को केरल के स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने कहा था कि राज्य में पाया गया कोविड-19 का सब-वेरिएंट JN.1 चिंता का कारण नहीं है।

उनका बयान भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के उस बयान के एक दिन बाद आया है जिसमें कहा गया था कि भारतीय सार्स-कोविड-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम द्वारा नियमित निगरानी के दौरान मामले का पता चला था। मीडिया को संबोधित करते हुए जॉर्ज ने बताया था कि इस वेरिएंट की पहचान महीनों पहले सिंगापुर हवाई अड्डे पर भारतीय यात्रियों की जांच में की गई थी।

# अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त युद्धाभ्यास से बौखलाया किम जोंग

**सिओल।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति कार्यालय ने संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ संयुक्त परमाणु

**दावा**

**दक्षिण कोरिया की स्थानीय न्यूज एजेंसी ने दक्षिण कोरियाई सेना की तरफ से इस बात का दावा किया है।**



निरोध को मजबूत करने का आह्वान किया है। साथ ही, कहा कि उत्तर कोरिया ने सोमवार के मिसाइल लॉन्च में ठोस ईंधन आधारित अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का इस्तेमाल किया है। मालूम हो कि उत्तर कोरिया ने सोमवार सुबह भी एक बैलिस्टिक मिसाइल पूर्वी सागर की तरफ दागी है। दक्षिण कोरिया की स्थानीय न्यूज एजेंसी ने दक्षिण कोरियाई सेना की तरफ से इस बात का दावा किया है। उत्तर कोरिया ने जिस मिसाइल को सुबह दागा, वह अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल थी। इस जानकारी के संबंध में जापान के प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट में कहा गया है कि उत्तर कोरिया ने बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्च की है। वह इस लॉन्च के बारे में पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, अब तक ज्यादा जानकारी इकट्ठा नहीं हो सकी है।

## अफ्रीकी देश गिनी की राजधानी कोनाक्री के एक तेल टर्मिनल पर हुआ विस्फोट

**कोनाक्री।** अफ्रीकी देश गिनी की राजधानी कोनाक्री में सोमवार तड़के एक तेल टर्मिनल पर विस्फोट हो गया। इस विस्फोट के बाद कई लोगों के मारे जाने और घायल होने की आशंका बताई जा रही है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने इसकी जानकारी दी है। अधिकारी ने विस्फोट को लेकर कहा, ÷हां, इस विस्फोट के कारण कई मौतें और कई लोगों को चोटें आई हैं। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के रिपोर्टर के मुताबिक, विस्फोट ने कोनाक्री शहर के कलौम जिले को नुकसान पहुंचाया है। इस विस्फोट से आसपास के कई घरों की खिड़कियां उड़ गईं हैं जिससे सैकड़ों लोग इलाके से भागने को मजबूर हो गए। विस्फोट के बाद भीषण आग और काले धुएं का गुबार मीलों दूर से देखा जा सकता है।

# जेल में बंद इमरान खान के भाषण का पावर


**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में 8 फरवरी को आम चुनाव के लिए मतदान होंगे। चुनाव प्रचार के लिए सभी पार्टियां तैयारियां कर रही है, लेकिन इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी को सार्वजनिक समारोहों और रैलियां आयोजित करने पर प्रतिबंध लगा है। हालांकि, इमरान खान हार ना मानते हुए आगामी चुनावों से पहले अपने समर्थकों में जोश भर रहे है। रविवार को खान ने सोशल मीडिया के माध्यम से एक वर्चुअल पावर शो का आयोजन किया।

ऑनलाइन कार्यक्रम होने के कारण नेटवर्क बाधा का भी सामना करना पड़ा। यूजर्स को रात 8 बजे के बाद लाहौर, कराची और इस्लामाबाद में सोशल मीडिया प्लेटफार्मों तक पहुंचने में काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा। रिपोर्ट के अनुसार, इंटरनेट स्पीड काफी कम हो गई थी। एक इंटरनेट ट्रैकिंग एजेंसी नेटब्लॉक्स ने एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब सहित पाकिस्तान भर में सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर राष्ट्र-स्तरीय व्यवधान देखा। यूट्यूब पर प्रसारित इस ऑनलाइन कार्यक्रम के शुरू होने के

**यूजर्स**

**यूट्यूब पर प्रसारित इस ऑनलाइन कार्यक्रम के शुरू होने के कुछ ही मिनटों के भीतर 72,487 यूजर्स थे, जो आधे घंटे बाद इसकी संख्या बढ़कर 89,190 पर पहुंच गई।**

कुछ ही मिनटों के भीतर 72,487 यूजर्स थे, जो आधे घंटे बाद इसकी संख्या बढ़कर 89,190 पर पहुंच गई। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, दर्शकों की संख्या एक घंटे के लिए 70,000 से 80,000 के बीच रही, लेकिन दो घंटे के बाद ये घटकर 53,000 रह गई। पीटीआई ने यूट्यूब पर 10 लाख से अधिक रियल टाइम यूजर्स और 90 मिनट



के भीतर 124,000 नए चैनल ग्राहकों का दावा किया। नेटवर्क की समस्या के बावजूद, पार्टी ने विशाल दर्शकों तक पहुंचने में अपनी सफलता का दावा किया। ऑनलाइन कार्यक्रम के दौरान, पूर्व मंत्री तैमूर खान झागरा ने स्वास्थ्य कार्ड योजना पर जोर देते हुए खैबर पख्तूनख्वा में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इमरान खान के पूर्व चीफ ऑफ स्टाफ शाहबाज गिल ने दावा किया कि यूट्यूब और एक्स पर व्यवधान का उद्देश्य सार्वजनिक बैठक के प्रसारण में बाधा डालना है। केपी के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री आतिफ खान ने युवाओं को राजनीति में शामिल करने के लिए इमरान खान की प्रशंसा की और देश के प्रति अपनी वफादारी पर जोर दिया। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, अपनी पार्टी के संस्थापक के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि देश और सेना उनकी है और किसी को भी देश के प्रति उनकी वफादारी पर सवाल उठाने का अधिकार नहीं है। पीटीआई महिला विंग की अध्यक्ष कंवल शौजाब ने इमरान खान की मौजूदगी की कमी महसूस की और उन्हें राजनीति में महिलाओं को सशक्त बनाने का श्रेय दिया।

पूर्व संघीय मंत्री जरताज गुल ने समर्थकों के सामने आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डाला और इमरान खान के प्रति अटूट समर्थन दोहराते हुए कहा, हम इमरान खान के साथ जिएंगे और मरेंगे।

# चीनी कातिल हसीना पर कसा शिकंजा

# 20 साल बाद सुनाई गई सजा-ए-मौत

**अपहरण**

**1996 से 1999 तक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर कई डकैती, अपहरण और हत्या की साजिश रची।**



**बीजिंग।** चीन में लूट, डकैत और कत्लेआम करने वाली चीनी सीरियल किलर का खेल खत्म हो गया। दरअसल, सुप्रीम पीपुल्स कोर्ट (स्क्ष्ट) ने इस कातिल हसीना को फांसी की सजा सुनाई है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक, जियांग्शी प्रांत में नानचांग के इंटरमीडिएट पीपुल्स कोर्ट द्वारा फांसी दिए जाने से पहले आरोपी महिला लाओ रोंगझी की मौत की सजा को एसपीसी ने मंजूरी दे दी थी। एसपीसी के बयान के मुताबिक, 1996 से 1999 तक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर कई डकैती, अपहरण और हत्या की साजिश रची। इन अपराधों के परिणामस्वरूप सात लोगों की मृत्यु हो गई। लाओ रोंगझी पर आरोप है कि उसने एक बच्चे समेत सात लोगों को मौत के घाट उतार दिया है। दरअसल, एक मामले में दोषी ने अपने बॉयफ्रेंड के साथ मिलकर एक शख्स को पहले चोटिल किया और फिर उसके घर को लूटने लग गए। इतना ही नहीं, दोनों ने उस दौरान उस शख्स की पत्नी और दो साल की बेटी की हत्या कर दी थी। एसपीसी ने बयान में कहा कि लाओ के अपराधों ने क्रूरता की सारी हदें पार दी, जिसके कई गंभीर परिणाम हुए। लाओ को अलग-अलग नामों से लगभग 20 सालों तक खुद को छिपा कर रखा और आखिरकार नवंबर 2019 को गिरफ्तार कर लिया गया। सितंबर 2021 में, नानचांग इंटरमीडिएट पीपुल्स कोर्ट ने लाओ को मौत की सजा सुनाई, जिसके जिसके खिलाफ लाओ ने बाद में अपील की।

## शरिया कानून यहां नहीं चलेगा, इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी का चरमपंथियों को साफ संदेश

**नई दिल्ली।** इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने शरिया कानून और इस्लाम को लेकर बड़ा बयान दिया है। मेलोनी ने दावा किया है कि यूरोप में इस्लाम को बढ़ाव दिया जा रहा है। मेलोनी ने सऊदी अरब पर आरोप लगाते हुए कहा कि वो इटली के इस्लामिक सांस्कृतिक केंद्रों को आर्थिक मदद दे रहा है।



मेलोनी ने इसी के साथ चरमपंथियों को साफ संदेश देते हुए कहा कि वो इटली में शरिया कानून लागू नहीं होने देंगी। इटली की पीएम ने कहा कि इस्लामिक सांस्कृति के अलग मूल्य होते हैं जो हमसे मेल नहीं खाते हैं। मेलोनी ने आगे कहा कि सऊदी अरब में शरिया लागू है, जिसके तहत व्यभिचार पर मारना, मजहब को छोड़ने पर मौत की सजा, समलैंगिकता के लिए भी मौत देना लागू होता है, जो यहां नहीं चलेगा। इटली के प्रधानमंत्री ने इसी के साथ उन लोगों की भी आलोचना की जो भ्रामक दावों से पैसा कमाते हैं। उन्होंने देश के शीर्ष इंफ्लूएंसर चियारा फेरग्नि के खिलाफ हालिया अविश्वास केस पर उनकी आलोचना की। इटली के अविश्वास प्राधिकरण ने पिछले साल क्रिसमस केक पर भ्रामक विज्ञापन की जांच के परिणामस्वरूप चियारा फेरग्नि द्वारा नियंत्रित कंपनियों पर 1.075 मिलियन यूरो का जुर्माना लगाया था।

# पाकिस्तान से अवैध अफगानों को निकालने का सिलसिला जारी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अवैध अफगान प्रवासियों को निकालने का अभियान लगातार जारी है। पाकिस्तान से हर दिन हजारों अफगान अवैध अप्रवासी अपने देश वापस लौट रहे हैं। आधिकारिक रिपोर्ट्स के अनुसार, अब तक निर्वासित किए गए नागरिकों की कुल संख्या 4,35,152 तक पहुंच गई है। पाकिस्तान ने इस निर्वासन को लेकर कहा, ÷अफगानों सहित अवैध विदेशी नागरिकों की उनकी मातृभूमि में वापसी सुरक्षित और सम्मानजनक तरीके से जारी है।÷ एआरवाई न्यूज ने बताया कि रविवार को 1634 अवैध अफगान नागरिक लौट आए।



एआरवाई न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, कार्यवाहक पीएम अनवारुल हक काकर की अध्यक्षता में राष्ट्रीय कार्य योजना की शीर्ष समिति ने 3 अक्टूबर को एक बैठक के दौरान अवैध अप्रवासियों के निर्वासन को लेकर निर्णय लिया था। इस बैठक में देश में अवैध रूप से रहने वाले सभी विदेशी नागरिकों को 31 अक्टूबर तक स्वेच्छा से छोड़ने या निर्वासन का सामना करने के लिए समय सीमा तय की गई थी।

पाकिस्तानी सरकार तोरखम और चमन सीमाओं पर अवैध अफगानों के लिए प्रत्यावर्तन प्रक्रिया को सक्रिय रूप से सुविधाजनक बना रही है। कार्यवाहक आंतरिक मंत्री सरफराज अहमद बुगती ने सीनेट को संबोधित करते हुए प्रत्यावर्तन प्रक्रिया में मानवीय दृष्टिकोण के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ÷प्रधानमंत्री [अनवारुल हक काकर] ने बहुत स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि प्रत्यावर्तन प्रक्रिया के दौरान अवैध अप्रवासियों के साथ कोई दुर्व्यवहार नहीं होना चाहिए।

# चिकित्सा परीक्षण, आयुष्मान कार्ड वितरण

अवधनामा संवाददाता



जौनपुर। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जनपद के विकासखंड सिकरारा, सिरकोनी, बदलपुर, मुफ्तीगंज केराकत,डोभी , रामनगर की बरसठी, मछलीशहर, महराजगंज , बदलापुर , सुईथाकला शाहगंज की विभिन्न ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां एलईडी वैन के माध्यम से सरकार की योजनाओ के प्रचार प्रसार के साथ ही स्वास्थ्य शिविर में लोगों की जांच की गयी, ड्रोन से नैनौ युरिया, डीएपी, का प्रर्दशन किया गया और बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण, पीएम किसान योजना में नया पंजीकरण, ई-के0वाई0सी0 की सुविधाओं से ग्रामवासियों को आच्छादित किया गया। पीएम उज्वला के तहत नये व्यक्तियों का नामांकन किया गया। उपस्थित लोगों ने देश को विकसित बनाने का संकल्प लिया।

स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत स्टॉल के माध्यम से चिकित्सा परीक्षण एवं आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया। पशुपालन विभाग के स्टॉल के अन्तर्गत पशुओं सामयिक टीकाकरण व रोगों के बारे में कृषकों को जागरूक किया गया। आपूर्ति एवं विपणन विभाग के स्टॉल के अन्तर्गत पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत निःशुल्क राशन एवं पीएम उज्वला योजना पर प्रकाश डाला गया। कृषि विभाग द्वारा जागरूकता स्टॉल लगाते हुए विभिन्न कृषि, कृषक आधारित योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया गया।

# चोरी कर रहे बदमाशों ने दुकानदारों पर किया हमला

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। शाहगंज कोतवाली के मोहल्ला ताखा पश्चिम में शिवशंकर पान भंडार की गुमटी का रविवार की तड़के ताला तोड़कर पिकअप सवार सामान उठा रहे थे कि तभी पड़ोसी दुकानदार के जगने पर और चिल्लाने पर उस पर हमला कर बदमाश फरार हो गए। इसके बाद रास्ते में टहल रहे एक व्यक्ति पर भी हमला कर मोबाइल, नकदी और बाइक की चाबी लेकर बदमाष भाग गए। बताते है कि ताखा पश्चिम गांव निवासी रमाशंकर पुत्र राधेश्याम की बाजार स्थित शिवशंकर पान भंडार की गुमटी का ताला तोड़कर पिकअप सवार बदमाश सामान निकाल रहे थे। इस दौरान बगल स्थित एक सिलाई की दुकान पर सो रहे वृद्ध शफीक अहमद की नींद खुली तो बदमाशों ने लोहे के राड से उस पर हमला कर दिया। उसकी चीख पकार सुनकर भीड़ इकट्ठा देख पिकअप सवार चोर करीब पांच हजार का सामान लेकर मौके से चिरैया मोड़ की तरफ भाग गए। इस दौरान ठकठौलिया गांव निवासी परशुराम अग्रहरि चिरैया मोड़ स्थित किराने की दुकान पर सो रहे थे। नींद खुली तो दुकान के बाहर टहलने निकले थे। ताखा शिवपुर रोड की तरफ पहुंचे तो चोरों ने अकेला पाकर लोहे की राड से उन पर भी हमला कर दिया। इसके बाद चोरों ने मोबाइल के साथ तकरीबन तीन हजार नकदी व जेब में रखी बाइक की चाभी लेकर फरार हो गए।

# कमीशन न बढ़ने पर करेंगे कोटेदार हड़ताल

अवधनामा संवाददाता



जौनपुर। आल इंडियन फेयर प्राइस शाप डीलर्स फेडरेशन के जिलाध्यक्ष हरसू सिंह के नेतृत्व में कोटेदार संघ ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को एक मांग पत्र सौंपा। जिलाधिकारी के अनुपस्थिति में सिटी मजिस्ट्रेट ने ज्ञापन प्राप्त किया। पत्रक के माध्यम से यह मांग की गई की कोटेदार शासन के मंशानुरूप राशन वितरण करते है, साथ ही कोरोना कॉल में प्रधानमंत्री अन्न योजना व राष्ट्रीय खाद अधिनियम के तहत निरूशुल्क वितरण करते रहे। कोटेदार अपने व अपने परिवार के जीवन की परवाह न करते हुए ई पाश मशीन से ईमानदारी के साथ वितरण किया। जिसकी सराहना पूरे भारत में की गई। जिसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार को प्रशस्ति पत्र भी दिया है। ज्ञात हो कि उत्तर प्रदेश के कोटेदारों को 90 रू0 प्रति कुंतल मिलता है जबकि अन्य प्रदेशों में जैसे हरियाणा, गोवा, केरल में 200 रू0 महाराष्ट्र में 150 रू0 राजस्थान में 125 रुपया तथा गुजरात में बीस हजार मानदेय दिया जाता है। इसलिए उत्तर प्रदेश के कोटेदारों को भी अन्य प्रदेशों की भांति लाभांश देने की कृपा करे। जिससे इस मंहगाई में कोटेदारों का भी भरण पोषण सुचारू रूप से हो सके। मांग पूरी न होने की स्थिति में आगामी एक जनवरी से देश के सभी कोटेदार सामूहिक रूप से वितरण बंद कर हड़ताल पर चले जायेंगे । ज्ञापन देने वालों में राजेश तिवारी प्रदेश अध्यक्ष, कार्यवाहक जिलाध्यक्ष दया शंकर निगम, पद्माकर उपाध्याय महासचिव, गुलाब अग्रहरी, पंकज सिंह, समीउल्लाह सहित तमाम कोटेदार उपस्थिति रहे।

# इस्लाम ने बेटियों को जायदाद में अधिकार है

जौनपुर। जामिया इमानिया नासिरया में पैगम्बरे इस्लाम हजरत मुहम्मद मुस्तफा की इकलौती बेटी हजरत फात्मा जहरा की शहादत के मौके पर आयोजित आखिरी मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना महफुजुल हसन खां ने कहा कि इस्लाम में बेटियों को जायदाद में हिस्सा दिया गया है जो कुरान और हदीस से साबित है। आज दुनिया में औरत के हक की बात की जाती है जबकि इस्लाम ने विरासत के कानून को आज से चैदह सौ साल पहले ही बता दिया था हजरत फात्मा जहरा ने अपने हक को हासिल करने के लिए विरोध किया इस्लाम की तारिख का ये एक ऐसा प्रकरण है जिस पर हर मुसलमान को गौर करना चाहिए कि रसूल की बेटी को उसके हक से क्यों वंचित रखा गया । बाद खत्मे मजलिस शबीहे ताबूत हजरत फात्मा जहरा की जियारत हजारों मोमेनीन और मोमेनात ने किया मजलिस में मुजफ्फरनगर के काशिफ ककरौलवी ने नौहाखानी की मौलाना सैय्यद जोहरैन रिजवी , मेहदी मिर्जापुरी, वहदत जौनपुरी, शम्सी आजाद, आकिब बरसरावी मौलवी जफर आजमी ने पेशखानी की मशहूर सोजखां अली हसन मुजफ्फरनगर ने मजलिस में सोजखानी की।

## गुलदाउदी एवं कोलियस प्रदर्शनी 24 दिसंबर से

प्रयागराज। राजकीय उद्यान, चन्दशेखर आजाद पार्क, प्रयागराज के बैण्ड स्टैण्ड उद्यान इकाई (गोल चक्कर) पर 24 व 25 दिसम्बर को फ्लोरीकल्चर को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से गुलदाउदी व कोलियस की प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। कोई भी इच्छुक व्यक्ति व्यक्तिगत अथवा सरकारी, अर्धसरकारी, निजी संस्था वर्ग में प्रदर्शनी में प्रतिभाग कर सकता है। प्रदर्शनी में लगने वाले प्रदर्श (गमलों) की कोई एंट्री फीस नहीं ली जायेगी। इच्छुक व्यक्ति अपने गमलों को 23 दिसंबर को एन्ट्रीफार्म भरकर, गेट नं0-06 (डा0 बजाज स्किन क्लीनिक के पास) से ला सकते हैं। किसी प्रकार की अन्य जानकारी हेतु कार्यालय अधीक्षक राजकीय उद्यान चन्द्रशेखर आजाद पार्क, प्रयागराज से सम्पर्क किया जा सकता है।

# मन को भी स्वस्थ करता है योग: कुलपति

अवधनामा संवाददाता



जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित महिला छात्रावास में छात्रावासियों के लिए योग, प्राणायाम एवं मेडिटेशन का अभ्यास किया गया। कार्यक्रम के मुख्य योग प्रशिक्षक जय सिंह ने विद्यार्थियों को योग, प्राणायाम एवं मेडिटेशन से होने वाले लाभ के बारे में बताया और अभ्यास कराया। जयसिंह ने विद्यार्थियों को कई सारे योग साथ ही जीवन में कैसे खुश रह सकते हैं, के बारे में कुछ टिप्स दिए। उन्होंने मुख्य रूप से वार्मअप, कटिचक्र आसन, हस्तपात, उत्कटासन, मलासन, तितली आसन, जॉइन्ट रोटेशन, बॉडी स्ट्रेचिंग, प्राणायाम एवं ध्यान कराया। इस अवसर पर कुलपति प्रो वंदना सिंह ने कहा कि योग शरीर के साथ मन को भी स्वस्थ करता है इससे लोगों में सकारात्मक ऊर्जा पैदा होती है और वह उनकी सोच को सकारात्मक बनाता है। उनके साथ सहायक योग शिक्षक विकास उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को योग और प्राणायाम करने के लिए जागरूक किया। इस अवसर अवसर पर गणित विभाग के अध्यक्ष और चीफ वार्डन डॉ0 राजकुमार ने विद्यार्थियों से कहा कि योग से शरीर स्वस्थ होता है और स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। डॉ0 पूजा सक्सेना, जया शुक्ला, और छात्रावास की छात्राओं ने हिस्सा लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### विश्वविद्यालय ने छात्र को दिया श्रद्धांजलि

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में सोमवार को बीटेक तृतीय वर्ष के विद्यार्थी नीरज कुमार सिंह के आकस्मिक निधन पर शोक सभा आयोजित की गई। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने विद्यार्थी के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। सहायक कुलसचिव अजीत सिंह ने शोक सन्देश पढ़ा। शोक सन्देश में विद्यार्थी के आकस्मिक निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की गई। दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय राय , परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह, प्रो. सौरभ पाल, डॉ राजकुमार, डॉ संजीव गंगवार, डॉ रसिकेश, डॉ अमरेन्द्र सिंह, डॉ अमित कुमार वत्स, कर्मचारी संघ के महामंत्री रमेश कुमार यादव, डॉ पीके कौशिक, राजेश सिंह समेत विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहें।

### सुरेन्द्र पीडीएफ में चयनित, करेंगे शोध

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग में डॉ0 सुरेन्द्र कुमार यादव का चयन पीडीएफ के लिए हुआ है। सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद ,नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित पोस्ट डॉक्टोरल फेलोशिप में चयनित डॉ0 सुरेंद्र कुमार यादव उच्च शोध हेतु जनसंचार विभागाध्यक्ष डॉ0 मनोज मिश्र के निर्देशन में अपना शोधकार्य पूर्ण करेंगे। यह शोध अध्ययन मीडिया शिक्षण संस्थानों द्वारा नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन एवं प्रभावशीलता पर होगा। इस शोध से मीडिया शिक्षण संस्थानों द्वारा अपनायी गयी नई शिक्षा नीति से युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा प्रदान करने और उसके दूरगामी प्रभाव को जानने में मदद मिलेगी। डॉ. सुरेन्द्र कुमार यादव ने एम.फिल. की उपाधि महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा,महाराष्ट्र तथा पीएच.डी.उपाधि लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ से प्राप्त की है। डॉ सुरेन्द्र कुमार यादव विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग में पहले पी.डी.एफ. शोधार्थी हैं।


### विवाहिता की फांसी पर लटकी मिली लाश

जौनपुर। जिले के गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के एकौना गांव में रविवार की शाम एक विवाहिता की लाष उसके कमरे में संदिग्ध हालात में फांसी पर लटकती हुई मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। मायके वालों को भी सूचना दे दी गयी। मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए थाना पर तहरीर दिया है। बताते है कि 35 वर्षीय सिंपल पत्नी श्रवण कन्नौजिया दोपहर बाद खाना खा कर अपने कमरे में आराम करने चली गई थी। घर पर रह रहे सास ससुर काम करने खेतों की तरफ चले गये थे। शाम को वापस आने पर जब आवाज दिया तो सिंपल के कमरे का दरवाजा नहीं खुला। आशंकावश खिड़की से देखा तो छत में लगे कुंडे में रस्सी के सहारे लाश फांसी पर लटक रहा था। यह देख परिजनों ने शोर मचाया। लोगों की भीड़ जुट गयी। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि मृतका की मां धनमत्ती देवी पत्नी बांकेलाल निवासी सरसौड़ा ने बेटी की हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी।

### सड़क हादसों में दो युवकों की मौत

जौनपुर। जिले के लाइन बाजार थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानो पर हुई सड़क दुर्घटनाओ में दो बाइक सवार युवक असमय काल के गाल गाल में समा गये। जबकि एक दुर्घटना में महिला की हालत गम्भीर बनी हुई है।बताते है कि जौनपुर आजमगढ़ मार्ग पर पंचहटिया बाजार के चैराहे पर मोटरसाइकिल सवार 40 वर्षीय श्याम कुमार यादव एवं उसकी 38 वर्षीया पत्नी रागिनी यादव जा रहे थे कि उनके ऊपर टैम्पो पलट गया और दोननो गिर गये। श्याम कुमार यादव की तो मौक पर ही मौत हो गई जबकि पत्नी गम्भीर रूप घायल हो गई है और अस्पताल में जीवन मौत से जूझ रही है। इसी प्रकार बाजिदपुर तिराहे के पास एक डिलीवरी ब्वाय 28 वर्षीय राजेश कुमार यादव पुत्र राम प्रसाद यादव निवासी फतेहगढ़ थाना खुटहन बाइक से जा रहा था कि ट्रक की चपेट में आ गया। इस हादसे में उसके सर पर लगा हेलमेट झटके से दूर जा गिरा और ट्रक ने युवक को कुचल दिया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही दुर्घटना को अंजाम देने वाली ट्रक को अपने कब्जे में लें लिया।

### कलेक्ट्रेट में जाम से हलकान हो रहे लोग



जौनपुर। एक ओर जहां पूराषहर जाम से जूझ रहा है वहीं कलेक्ट्र में प्रमुख अधिकारियों के नाक के नीचे मनमान तरीके से वाहनों के खड़े करने से जाम से लोगों को मुसीबत का सामना करना पड़ता है। देखा जा रहा है कि कलेक्ट्रेट में जहां चाहे लोग मनमानी तरीके से वाहनों को खड़ा कर देते है इसमें सरकारी वाहन भी षामिल है। मियांपुर पुलिस चैकी के आस पास, पुलिस अधीक्षक कार्यालय के आस पास तथा जब जिसका मन चाहा जहां वहों वाहन खड़ा करके घण्टों के लिए नदारत हो जाते है। कालोनी के कुछ निवासी भी अपने वाहन यहां खड़े करते है। सबसे अधिक परेषानी रजिस्ट्री कार्यालय के सामने पैदा होती है । अगल बगल मोटर साइकिले खड़ी कर दी जात है और कम जगह तथा मनमाने तरीके से वाहन के कारण यहां भीषण जाम प्रायः लगा रहता है। इससे स्कूली छोंटे बच्चों महिलाओं, विकलागों से सहित सभी को परेषानी से दो चार होना पड़ता है। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक भी इस समस्या को संज्ञान में लेकर कार्यवाही का निर्देष नहीं दे रहे है जिससे स्थिति किसी दिन गंभीर हो सकती है।

### सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत जागरूक किया गया

आजमगढ़। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा-2023 अभियान के तहत यातायात पुलिस द्वारा पूरे जनपद में आटो, ई-रिक्शा, टैक्सी आदि के चालकों को शराब पीकर गाड़ी न चलाने, वाहन को सड़क के किनारे न खड़ा करने, वाहन को ओवर स्पीड में न चलाने आदि यातायात नियम कों पालन करने हेतु जागरूक किया गया। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के दूसरे दिन पूरे जनपद में हेलमेट के लिए विशेष अभियान चलाया गया।

# माफिया अतीक के फाइनेंसर नफीस बिरयानी की हार्ट अटैक से मौत

नैनी जेल में निरुद्ध था उमेश पाल हत्याकांड में आरोपी

अवधनामा संवाददाता



प्रयागराज। माफिया अतीक अहमद के फाइनेंसर नफीस बिरयानी की प्रयागराज के स्वरूप रानी अस्पताल में इलाज के दौरान सोमवार सुबह मौत हो गई। रविवार दोपहर नैनी सेंट्रल जेल में निरूद्ध रहे नफीस बिरयानी को दिल का दौरा पड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उसका इलाज चल रहा था। अब पुलिस की ओर से पोस्टमार्टम करवाने की तैयारी चल रही है। खुल्दाबाद निवासी नफीस सिविल लाइन में ईट ऑन रेस्टोरेंट का संचालक था। उमेश पाल और उसके दो सरकारी दो सुरक्षा कर्मियों की हत्या में वांछित होने पर 50 हजार का इनाम घोषित किया गया था। कुछ दिन पहले पुलिस मुठभेड़ के दौरान नफीस को गोली लगी थी, जिसका इलाज करवा कर जेल में दाखिल कराया गया था।

ज्ञात हो कि नफीस सिविल लाइंस में ईटआन बिरयानी के नाम से रेस्टोरेंट चलाता था। उमेश पाल और उसके दो सरकारी सुरक्षाकर्मियों की हत्या में शामिल शूटरों ने नफीस की कार इस्तेमाल की थी। हत्याकांड में नफीस का नाम बढ़ाए जाने के बाद वह फरार हो गया था। गिरफ्तारी न होने पर उस पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया तो वह दिल्ली भाग गया था। वहां से लखनऊ होकर प्रयागराज आते समय नवाबगंज में पुलिस से मुठभेड़ हुई थी, जिसमें गोली लगने से नफीस घायल हो गया था। कई दिनों तक इलाज चलने के बाद उसे जेल में दाखिल किया गया। सेंट्रल जेल के सर्किल नंबर तीन में बंद था। माफिया अशरफ के करीबी नफीस बिरयानी की क्रेटा कार का उमेश पाल हत्याकांड में इस्तेमाल हुआ था। इसके बाद से ही वह फरार चल रहा था। नफीस ने बिरयानी कारोबार को अशरफ की काली कमाई लगाकर आगे बढ़ाया था। कारोबार की आड़ में वह माफिया की काली कमाई को सफेद करने का काम करता था। रविवार को सांस लेने में दिक्कत होने पर उसे आनन- फानन जेल अस्पताल ले जाया गया। वरिष्ठ जेल अधीक्षक रंग बहादुर सिंह पटेल ने बताया कि जेल चिकित्सकों की सलाह पर उसे एसआरएन अस्पताल के हृदय रोग विभाग के आईसीयू में रखा गया था, यहां उसकी हालत नाजुक बनी थी।

# छात्राओं को रुचि के अनुसार कौशलों का विकास करना चाहिए





अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज में आज शिक्षाशास्त्र विभाग की एजुकेशनल लैब द्वारा छात्राओं के लिए सामूहिक तथा व्यक्तिगत परामर्श सत्र का आयोजन किया गया। छात्राओं को निर्भरता प्रवृत्ति के आंकड़ों के आधार पर मनोवैज्ञानिक एवं काउंसलर डॉ सपना त्रिपाठी ने काउंसलिंग की। शिक्षाशास्त्र विभाग की संयोजिका डॉ काजल देव ने मुख्य वक्ता का परिचय दिया। प्राचार्या डॉ आशिमा घोष ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। मनोवैज्ञानिक डॉ सपना त्रिपाठी ने कहा कि छात्राओं को अपनी रुचि के अनुसार कौशलों का विकास करना चाहिए। हमें आत्ममूल्यांकन के द्वारा स्वयं को पहचानना चाहिए एवं अपने लक्ष्य तय करने चाहिए। आज का समय प्रतियोगिता का समय है इसलिए वर्तमान समय के पाठ्यक्रम को उपयोगी एवं व्यावहारिक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को सबसे पहले मानसिक रूप से स्वस्थ होना चाहिए। जब व्यक्ति अपनी योग्यताओं को पहचानेगा, तभी उसकी दूसरों पर निर्भरता कम होगी। उन्होंने व्यक्तिगत काउंसलिंग के माध्यम से छात्राओं की समस्याओं का समाधान भी किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ रमा गुप्ता ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ माधुरी राठौर ने किया। कार्यक्रम में डॉ सुषमा श्रीवास्तव, डॉ फातिमा नूरी एवं शोधा छात्र चंद्रधर उपस्थित रहे।

## दुर्गा पूजा महासमिति दिया श्रद्धांजलि

जौनपुर। श्री दुर्गा पूजा महासमिति के संरक्षक अतुल मिश्रा गोपाल को श्री दुर्गा पूजा महासमिति ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासमिति के अध्यक्ष अनिल अस्थाना ने किया। नवदुर्गा शिव मंदिर विसर्जन घाट नखास परश्री दुर्गा पूजा महासमिति के संरक्षक अतुल मिश्रा गोपाल जी की स्मृति में श्री दुर्गा पूजा महासमिति द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। महासमिति के उपस्थित संरक्षक विशिष्ट सदस्य एवं प्रबंध कार्यकारिणी के सदस्यों ने स्वर्गीय अतुल मिश्रा के सुकृत्यों पर प्रकाश डालते हुए अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। तदुपरांत 2 मिनट का मौन रखकर मृतक आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया गया। इस अवसर पर इंद्रभान सिंह इंदु निखिलेश सिंह शशांक सिंह रानू, मोतीलाल यादव विजय सिंह बागी अतुल सिंह मनीष देव डॉ विजय रघुवंशी महेश जायसवाल चंद्रशेखर गुप्ता अतुल सिंह विजय गुप्ता संजय विश्वकर्मा संजय मोदनवाल, विष्णु गुप्ता दीपक श्रीवास्तव, समिति अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे समेत अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## तीन दिवसीय चिकित्सालय शिविर आयोजित

लालगंज,आजमगढ़। नौडेरा सुवंसा स्थित शिवकुमारी दुबे इंटर कॉलेज के प्रांगण में तीन दिवसीय संपूर्ण भव्य स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। तीन दिन लगे शिविर में विभिन्न रोगों के लगभग तीन हजार से अधिक लोगों ने निशुल्क इलाज दवा, व सलाह का लाभ लिया। भव्य स्वास्थ्य शिविर के अंतिम दिन सरकार के विकसित भारत संकल्प यात्रा हमारा संकल्प विकसित भारत आयुष आपके द्वारा के तहत आयुष शिविर के चिकित्सकों ने बढ़ चढ़ कर मरीजों का इलाज किया।आयुष भव्य चिकित्सा शिविर का शुभारंभ क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी डॉक्टर जयराम यादव, दिल्ली दूरदर्शन के कार्यक्रम निदेशक व अधिवक्ता डॉ महेंद्र दुबे, डॉक्टर पवन तिवारी, डॉक्टर उमा देवी,डॉक्टर अवनीश पांडे, ने दीप प्रज्वलित कर भगवान श्री धनवंतरी के चित्र के साथ पूर्व विधायक स्वर्गीय शिवकुमारी दुबे व पूर्व विधायक स्वर्गीय रामदेव दुबे के चित्र पर माला पहनाकर कर किया गया।पूर्व कार्यक्रम निदेशक दूरदर्शन डॉक्टर महेंद्र दुबे ने बताया कि भव्य चिकित्सा शिविर का उद्देश्य आमजन दूर दराज, ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को जो एम्स, पीजीआई आदि जगह नहीं जा सकते हैं, उन्हें वहां का चिकित्सकों को आमंत्रित का निशुल्क इलाज करना तथा आयुष पैथी आयुर्वेद यूनानी आदि के बारे में भी बताना तथा आमजन को इलाज के प्रति जागरूक करना है। विशेष सचिव वित्त राजेश दुबे, राष्ट्रीय एकीकरण परिषद के सदस्य चंद्रशेखर निषाद आदि अपने संदेश के माध्यम से लोगों को स्वस्थ रहने और जागरूक किया। बताया गया कि कोई भी चिकित्सक पैथी हो वह तब अधिक लाभकारी है जब उसमें सिमपैथी भी हो।

# थ्रिल जोन ने किया प्रयागराज हाफ मैराथन के लिए प्रोमो रन का आयोजन

10 मार्च को आयोजित की जाएगी मुख्य दौड़

अवधनामा संवाददाता



प्रयागराज।आज अरैल घाट में प्रयागराज हाफ मैराथन दौड़ के लिए 5 किमी की एक प्रोमो रन का आयोजन थ्रिल जोन के द्वारा हुआ जिसमें प्रयागराज से अलग - अलग रनिंग ग्रुप से साइकिल चालकों और डॉक्टरों ने भाग लिया। बता दे थ्रिल जोन द्वारा आयोजित 10 मार्च को होने वाली फर्स्ट टाइम्ड हाफ मैराथन (प्रयागराज हाफ मैराथन 2024) का आयोजन होगा जिसमें देश भर से 3 हजार से ज्यादा धावक इस दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इस बारे में थ्रिल जोन के संस्थापक पीसी कुशवाहा ने बताया थ्रिल जोन, 2014 से एक स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए समर्पित हैं। देश भर में 100 से अधिक सफल कार्यक्रमों के साथ, हमने मुंबई, दिल्ली, बैंगलोर, अहमदाबाद, चंडीगढ़, गुड़गांव, लखनऊ, देहरादून, पुणे जैसे शहरों में फिटनेस को बढ़ावा देकर एक अमिट छाप छोड़ी है। इसके साथ ही सरकारी निकायों के साथ सहयोग करते हुए, हमारे प्रदर्शनों की सूची में मैराथन, साइक्लोथॉन और फिटनेस कार्यक्रम शामिल हैं।

10 मार्च 2024 को हाफ मैराथन का आयोजन, जिसमें 3 से 5 हजार से ज्यादा लोगों के हिस्सा लेने की उम्मीद है। अभी तक देशभर से लगभग 390 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग कर लिया है। यह दौड़ अरैल घाट, प्रयागराज से शुरू होगी। इसे रविवार की सुबह 5 ः 30 बजे हरी झंडी दिखा कर रवाना किया जाएगा। तीन वर्गों में दौड़ का आयोजन होगा जिसमें 21.097 किमी. दौड़ में 18 से 71+ वर्ष अधिक के पुरुष / महिलाये एंव 10 किमी समयबद्ध दौड़ में अंडर 18 से 51+ वर्ष से अधिक पुरुष / महिलाये हिस्सा ले सकते है और 5 किमी. से 2 किमी. दौड़ फन रन का हिस्सा है।

# हमें अपनी विरासत पर गर्व करना होगा: महापौर

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। यमुना बैंक रोड पर विकसित भारत संकल्प यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर गणेश केसरवानी ने उपस्थित लोगों को विकसित भारत के निर्माण के लिए संकल्प दिलाया और कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विराट विजनरी है। जिसे पूरा करने के लिए देश का हर व्यक्ति संकल्प ले रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए हमें अपनी विरासत पर गर्व करना होगा और गुलामी की हर अंश से मुक्ति प्राप्त करना होगा। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा, ने राजापुर म्योर रोड पर और पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता ने घोघापुर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में उपस्थित लोगों को संकल्प दिलाया। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि इस अवसर पर निशुल्क उज्जवला गैस कनेक्शन, दिव्यांग ,वृद्धा विधवा पेंशन का रजिस्ट्रेशन, आधार कार्ड का रजिस्ट्रेशन, स्वास्थ्य मेला का निशुल्क कैंप लगाया गया। कार्यक्रम का संचालन विजय श्रीवास्तव,किया। इस अवसर पर ज्ञानेश्वर शुक्ला, पार्षद किरन जायसवाल, पार्षद मुकेश लारा, राजेश केसरवानी, पार्षद रूद्र सेन जायसवाल, पार्षद भोला तिवारी,संजय गुप्ता, कुलदीप मिश्रा, मोहित गुप्ता, डा शैलेश पांडे, मनोज कुमार कुशवाहा, नवीन शुक्ला, अंगद सिंह पटेल, दिलीप केसरवानी, मनोज मिश्रा, अजय हेला, नरेंद्र जायसवाल आदि रहे।

# धूमधाम से मना सेंट जेवियर्स हाईस्कूल का वार्षिकोत्सव

अवधनामा संवाददाता



आजमगढ़। जिले के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान सेंट जेवियर्स हाई-स्कूल एलवल, आजमगढ़ के प्रांगण में 17 दिसम्बर को सायं 4.00 बजे से रात्रि 8.30 बजे तक वार्षिक समारोह के अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा एवं अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित कर उनका बहुमुखी विकास करना रहा, जिसके माध्यम से लोगों ने ये महसूस किया कि अभिव्यक्ति की कोई सीमा नहीं होती। इसके लिए जितने तरीके व प्रयास किये जाएँ, कम हैं और यह किसी विशेष व्यक्ति स्थान तक सीमित नहीं होती। इसी को ध्यान में रखकर कार्यक्रम का शीर्षक अभिव्यक्ति दिया गया। उक्त कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रो0 प्रदीप कुमार शर्मा (कुलपति महाराजा सुहेलदेव राजकीय विश्वविद्यालय, आजमगगढ़), विशिष्ट अतिथि राहुल विश्वकर्मा (पी0 सी0 एस0, ए0डी0 एम0 प्रशासन आजमगढ़ ) एवं विद्यालय के प्रबंध निदेशक प्रशांत चन्द्रा आवासीय प्रबंधक प्रद्युम्न जायसवाल एवं अनिरुद्ध जायसवाल व विद्यालय के प्रधानाचार्य नीलेश श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

कार्यक्रम की अगली कड़ी में प्रबंध निदेशक प्रशांत चन्द्रा एवं विद्यालय प्रधानाचार्य ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत एवं अभिनन्दन करते हुए आभार प्रकट किया।

## वित्तीय वर्ष 2023 तक चार वर्षों में 5095 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई




**नई दिल्ली।** वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी की ओर से लोकसभा में साझा किए गए तलाशी और जब्ती की कार्रवाई के विवरण के अनुसार 2019-20 में कुल 984 समूहों की तलाशी ली गई और उस दौरान जब्त की गई संपत्ति का मूल्य 1,289 करोड़ रुपये था। उस वित्त वर्ष के दौरान कुल 365 अभियोजन शुरू किए गए थे।

आयकर विभाग ने वित्त वर्ष 2022-23 तक चार साल में 2,980 समूहों के खिलाफ तलाशी और जब्ती की कार्रवाई की कार्रवाई की। इस दौरान करीब 5,095.45 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी की ओर से लोकसभा में साझा किए गए तलाशी और जब्ती की कार्रवाई के विवरण के अनुसार 2019-20 में कुल 984 समूहों की तलाशी ली गई और उस दौरान जब्त की गई संपत्ति का मूल्य 1,289 करोड़ रुपये था। उस वित्त वर्ष के दौरान कुल 365 अभियोजन शुरू किए गए थे।

वित्त वर्ष 2020-21 में 569 समूहों की तलाशी ली गई, जिससे 881 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई। तब 145 मामलों में अभियोजन शुरू किया गया। 2021-22 में, 686 समूहों की तलाशी ली गई और 1,159.59 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई, और 115 मामलों में अभियोजन शुरू किए गए। 2022-23 के दौरान 741 समूहों की तलाशी ली गई, 1765.56 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई और 97 अभियोजन शुरू किए गए।

## विवांता इंडस्ट्रीज लिमिटेड नेक्स्ट जनरेशन तकनीकी व्यवसायों पर ध्यान केंद्रित करते हुए बिज़नेस मे परिवर्तन लाएगी

**अहमदाबाद।** कंसलटेंसी और टर्नकी समाधान प्रदान करने वाली अहमदाबाद स्थित विवांता इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने नेक्स्ट जनरेशन तकनीकी व्यवसायों पर ध्यान केंद्रित करने के साथ संचालन मे परिवर्तन लाने का लक्ष्य रखा है। कंपनी ड्रोन, इन्फोर्मेशन टेक्नोलोजी, एआई और रोबोटिक्स, इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन सहित अन्य क्षेत्रों में कदम रख रही है। कंपनी ने पहले ही ड्रोन और ईवी बिजनेस पर काम शुरू कर दिया है और आने वाले समय में इसे बड़ा बनाने का लक्ष्य है। सितंबर 2023 में, कंपनी ने विवांता ड्रोन रिसर्च सेंटर तंजानिया लिमिटेड (वीडीआरसीटीएल) के साथ इन-प्रिंसिपल एमओयु किया था। विवांता इंडस्ट्रीज लिमिटेड असेंबली लाइन के साथ-साथ ड्रोन के अनुसंधान एवं विकास के लिए वीडीआरसीटीएल में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी। कंपनी को अफ्रीकी महाद्वीप से बड़े



व्यावसायिक अवसर की उम्मीद है और वह इस परियोजना मे तेजी लाने पर विचार कर रही है। इसके अलावा अप्रैल 2023 में, कंपनी को ईवी चार्जिंग और विनिर्माण इकाई की स्थापना के लिए इलेक्ट्रिक व्हीकल ओर्गेनाइजेशनल सेन्टर नोर्थ अमेरिका कोर्पोरेशन (ईवीओसीएनए) से 5 मिलियन अमेरिकी डॉलर का वर्क ऑर्डर प्राप्त हुआ था। कंपनी को ऑर्डर प्राप्त होने की तारीख से 18-24 महीनों में प्लांट स्थापित करने और 6-12 महीनों में आवश्यक सॉफ्टवेयर स्थापित करने की उम्मीद है। यह ऑर्डर इलेक्ट्रिक वाहन टेक्नोलोजीस के व्यावसायीकरण के लिए है, जिसमें टेक्नोलोजी को मान्य करके और ऐसी टेक्नोलोजी की व्यावसायिक व्यवहार्यता का प्रदर्शन करके वाहन-से-ग्रिड, वाहन-से-निर्माण और वाहन-से-लोड क्षमताएं शामिल हैं। कंपनी को परियोजना स्थापित करने के बाद लगभग 10 मिलियन अमेरिकी डॉलर और उससे अधिक की बिक्री तक पहुंचने की उम्मीद है। 13 फरवरी, 2023 को आयोजित कंपनी की बैठक में, कंपनी के सदस्यों ने मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन के ऑब्जेक्ट क्लॉज में संशोधन को मंजूरी दे दी थी, जिससे कंपनी को कृषि और पशु चारा, औद्योगिक स्वचालन, औद्योगिक रोबोटिक्स सिस्टम और ड्रोन, इलेक्ट्रिकल वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन सहित कई व्यवसायों में उद्यम करने की अनुमति मिल गई थी। 2013 में स्थापित, विवांता इंडस्ट्रीज लिमिटेड एक सिविल निर्माण और इंजीनियरिंग कंपनी है जो भूमि सर्वेक्षण और खरीद, परियोजना डिजाइनिंग, वित्तीय अध्ययन, फंडिंग और विपणन सेवाओं सहित कई प्रकार की सेवाएं प्रदान करती है। कंपनी ने विशेष रूप से फार्मास्यूटिकल्स, कृषि आधारित उर्वरक परियोजनाओं, औद्योगिक पार्क में टर्नकी परियोजनाओं को क्रियान्वित किया है।

## ओला ने 140 करोड़ से ज्यादा भारतीयों के लिए भारत का अपना बहुभाषी एआई, कृत्रिम पेश किया

**नई दिल्ली।** संपूर्ण एआई कंप्यूटिंग स्टैक बनाने पर केंद्रित भारत की अपनी और पहली एआई कंपनी, कृत्रिम ने आज अपना बेस लार्ज लैंग्वेज मॉडल (एलएलएम) पेश किया। सभी भाषाओं में इसकी जनरेटिव एआई एप्लीकेशंस द्वारा इसके प्रशिक्षण के लिए भारतीय डेटा का सबसे विशाल प्रतिनिधित्व हो सकेगा। बैंगलोर और सैन फ्रांसिस्को में स्थित अग्रणी कंप्यूटर वैज्ञानिकों की टीम द्वारा प्रशिक्षित इस मॉडल द्वारा कृत्रिम के संवादपूर्ण एआई असिस्टेंट विभिन्न भारतीय भाषाओं को समझकर धाराप्रवाह में उन्हें बोल भी सकेंगे।

कृत्रिम के संस्थापक, भाविश अग्रवाल ने कहा, ''विकसित भारत का सपना पूरा करने और अगले 25 सालों के लिए एआई में नेतृत्व करने का समय आ गया है। एआई अर्थव्यवस्था एवं संस्कृति का भविष्य निर्धारित करने वाला है। हम भारत का पहला संपूर्ण एआई कंप्यूटिंग स्टैक, कृत्रिम लॉन्च करने के लिए बहुत उत्साहित हैं, जो हमारे अनोखे सांस्कृतिक संदर्भ को समझता है, और हमारी मौलिकता से हमारे भविष्य को जोड़ता है। भारत पर केंद्रित लागत संरचना के साथ कृत्रिम में भारतीय डेटा का सबसे बड़ा प्रतिनिधित्व होगा, जिससे हम विभिन्न सेक्टर्स में एलएलएम से आगे बढ़कर नॉवेल मॉडल बना सकेंगे, और भारत को विश्व की सबसे ज्यादा उत्पादक, प्रभावशाली एवं सशक्त अर्थव्यवस्था बनाने में मदद मिलेगी।''

ओला कृत्रिम लार्ज लैंग्वेज मॉडलों की फैमिली है, जिसमें कृत्रिम बेस और कृत्रिम प्रो शामिल हैं, जिनमें मल्टीमोडल, विशाल ज्ञान की क्षमताएं और अनुमान के लिए कई अन्य तकनीकी प्रगतियाँ शामिल होंगी। 2 ट्रिलियन से ज्यादा टोकन पर प्रशिक्षित कृत्रिम एमएमएलयू, हेलास्वैग, बीबीएच, पीआईक्यूए, और एआरसी जैसे विभिन्न मशहूर वैश्विक, एलएलएम मूल्यांकन मानकों पर बेहतर परफॉर्मेंस प्राप्त करता है।

## लाईफस्टाईल पर सीजन की सबसे बड़ी सेल हुई शुरू

**लखनऊ।** लेटेस्ट ट्रेंड्स के लिए भारत केअग्रणी फैशन डेस्टिनेशन, लाईफस्टाईल पर आज से बहुप्रतीक्षित सेल शुरू हो गई




है।लाईफस्टाईल सेल में शॉपिंग करने वाले ग्राहकों को लोकप्रिय फैशन ब्रांड्स केलेटेस्ट स्टाईल्स पर 50 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। लाईफस्टाईल की यह सेल फैशनप्रेमीग्राहकों के लिए लोकप्रिय नेशनल और इंटरनेशनल फैशन ब्रांड्स के लेटेस्ट ट्रेंड्सलेकर आई है।लाईफस्टाईलके इस कलेक्शन में ग्लैम के साथ स्टेटमेंट बनाने वाले साईल्युएट्स और बोल्ड ह्यूउपलब्ध होंगे। यहाँ महिलाओं के लिए चमकीली और सेक्विंड ड्रेस के साथ वैलवेटटॉप्स और पुरुषों के लिए पार्टी जैकेट, निटेड ब्लेजर, एवं रिफ्लेक्टिव प्रिंटग्राफिक्स बहुत ही आकर्षक छूट के साथ उपलब्ध हैं, जो फैशनप्रेमियों को कूललुक देकर पार्टियों के मौसम में जान फूंक देंगे।लाईफस्टाईलकी इस सेल में लाईफस्टाईल स्टोर्स और लाइफस्टाइलस्टोस.कॉँम पर प्रतिष्ठितभारतीय और अंतर्राष्ट्रीय ब्रांड बेहतरीन ऑफर्स के साथ मिलेंगे, जिनमेंलीवाइस, वेरो मोडा, मेबेलीन, प्यूमा, स्केचर्स, जैक एंड जोंस, वॉन हॉजेन, जिंजर,कपा, एलेन सॉली, फेम फॉरएवर, टाईटन, बोसिनी, मेलांज, एंड, कोड, फोर्सा, कैटवॉक,बैगिट, फॉसिल आदि शामिल हैं।इस सेलमें शॉपर्स के लिए मौसम के अनुकूल अपैरल, ब्यूटी, वॉच, फ्रैग्रेंस, फुटवियर,हैंडबैग्स, और एक्सेसरीज भी बहुत आकर्षक मूल्य में उपलब्ध हैं। शॉपिंग कोऔर ज्यादा किफायती बनाने के लिए आईसीआईसीआई क्रेडिट कार्ड धारकों और फेडरलबैंक क्रेडिट एवं डेबिट कार्ड धारकों को विशेष ऑफर के अंतर्गत कम से कम 7500रु. की शॉपिंग करने पर 10 प्रतिशत की इंस्टैंट छूट दी जा रही है। नियम व शर्तेलागू।यहलाईफस्टाईल सेल सभी लाईफस्टाईल स्टोर्स, ऑनलाईन लाइफस्टाइलस्टोस.कॉँम औरएन्ड्रॉयड एवं आईफोन यूजर्स के लिए लाईफस्टाईल ऐप पर उपलब्ध होगी।

## मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने दक्षिण अफ्रीका स्थित रैंड रिफाइनरी से खरीदा 100% ट्रेसोबल रैंडप्योर सोना



**लखनऊ।** अग्रणी ज्वेलरी रिटेलर मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने 100% ट्रेसेबल रैंडप्योर सोना खरीदने के लिए दुनिया के अग्रणी सोना-चांदी रिफाइनरों में एक रैंड रिफाइनरी के साथ साझेदारी की। मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के एमडी इंटरनेशनल ऑपरेशंस शामलाल अहमद ने डीन सुब्रमण्यन (सीएफओ रैंड रिफाइनरी) और मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में प्रवीण बैजनाथ (सीईओ - रैंड रिफाइनरी) से 100% ट्रेसेबल व एथिकली सोर्स किए गए रैंडप्योर सोने की पहली खेप प्राप्त की। रैंड रिफाइनरी को लंदन बुलियन मार्केट एसोसिएशन (एलबीएमए) से मान्यता मिली हुई है और वह दक्षिणी गोलार्ध में एकमात्र रेफरी दर्जा प्राप्त रिफाइनर है। उन्होंने 100% ट्रेसेबल व प्रमाणित रैंडप्योर गोल्ड का उत्पादन करने के अपने समर्पण के साथ उद्योग जगत में मानक विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। रैंडप्योर गोल्ड को पूरी तरह से एथिकल तरीकों से सोर्स किया जाता है मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एम पी अहमद नेकहा, मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स में हमारे काम करने के तरीके स्थाई और जिम्मेदार व्यावसायिक प्रथाओं से तैयार हुए हैं। रैंड रिफाइनरी के साथ हमारे सहयोग और रैंडप्योर सोने की खरीद के माध्यम सेहम उद्योग जगत के कठोर मानदंडों पर खरा उतरने वाले वाले सोने का चयन कर जिम्मेदार व एथिकल सोर्सिंग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता साबित कर रहे हैं।''

## हिंदुस्तान पेंसिल्स, 65 सालों की विरासत, कंज्यूमर्स की समझ और इनोवेटिव प्रोडक्ट्स की बदौलत मार्केट में सदैव सबसे आगे

**कानपुर।** घर-घर जाने वाले सुप्रसिद्ध अप्सरा और नटराज ब्रैंड वाली हिंदुस्तान पेंसिल्स स्टेशनरी उद्योग की सबसे अग्रणी कंपनी है। 65 सालों के अद्भुत सफर में यह कंपनी अपने उपभोक्ताओं के रुझान और समय की मांग के अनुरूप नये उत्पाद खोजने और बनाने के लिए सबसे मशहूर है। 1958 में स्थापित, हिंदुस्तान पेंसिल्स ने अपने छह दशकों के दौरान सबसे अच्छे क्वालिटी उत्पाद देने में मजबूत प्रतिबद्धता के साथ काम किया है। भारत की दो-तिहाई शिक्षित जनता ने कभी न कभी अप्सरा अथवा नटराज की पेंसिलों एवं अन्य प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल अवश्य किया है। अपनी मेहनत और सूझबूझ से नटराज एवं अप्सरा स्टेशनरी जगत के शीर्ष ब्रैंड हैं। इनके नये-नये इनोवेटिव उत्पाद स्टेशनरी क्षेत्र में मानक माने जाते हैं। अप्सरा अब्सोल्यूट पेंसिल्स की मजबूती और अप्सरा मैट मैजिक पेंसिल की अप्रतिम रंगबिरंगी शेविंग इनके इनोवेशन के प्रति आस्था को दर्शाती है। नटराज एवं अप्सरा दोनों ही ब्रैंड तेजी से बदलते हुए उपभोक्ताओं की जरूरतों पर सदैव नजर रखते हैं। अप्सरा सोयफन क्रेयॉन पर्यावरण के प्रति जागरूक बाएं-अंगी बच्चों की विशिष्ट जरूरत को पूरा करते हैं। संक्षेप में, अप्सरा एवं नटराज की मार्केट लीडरशिप उनकी सामयिकता, इनोवेशन, उपभोक्ता की समझ, पर्यावरण के प्रति जागरूकता, एवं शिक्षा संस्थानों से साझेदारी को




उपभोक्ताओं की रूचि के अनुरूप पहल है। अप्सरा डिज्नी पेंसिल्स नन्हे बच्चों और डिज़्नी के फैन्स के साथ आत्मीय बंधन बनाती है। नटराज फ्लूरो पेंसिल और नटराज जेलिक्स जेल पेन छोटे छात्रों से लेकर प्रोफेशनल व्यक्तियों की जरूरतों को पूरा करते हैं। दोनों उत्पाद गुणवत्ता और उपयोग में सुगम हैं। नटराज लेफ्ट हैंड शार्पनर दर्शाता है। सब का मिला-जुला असर उन्हें स्टेशनरी उद्योग के शीर्ष में रखता है। कंपनी के प्रेसीडेंट, श्री प्रदीप उघाड़े का मानना है कि, ÷पिछले 65 सालों में, हिंदुस्तान पेंसिल्स उपभोक्ताओं (कंज्यूमर) के जीवन का अभिन्न हिस्सा है। हम अपने ग्राहकों को अपने हृदय स्थान पर रखकर कोई भी काम करते हैं।

## मीडियाटेक ने अगली पीढ़ी के स्मार्टफोन, स्मार्ट डिवाइस, ऑटोमोटिव एवं कनेक्टिविटी सॉल्यूशंस में नवप्रवर्तन को रेखांकित किया

**नई दिल्ली।** एक वर्ष में करीब दो अरब कनेक्टेड डिवाइस को ताकत प्रदान कर रही विश्व की अग्रणी फैबलेस सेमीकंडक्टर कंपनी मीडियाटेक ने 'पावरिंग इनक्रेडिबल एक्सपीरियंसेज़ विथ फ्यूचरिस्टिक टेक्नोलॉजीज' थीम पर मीडियाटेक टेक्नोलॉजी डायरीज़ के 13वें चैप्टर में सभी 5जी एफडब्लूए में 5जी, जेनरेटिव एआई, सैटेलाइट कनेक्टिविटी, ऑटोमोटिव, क्लाउड कंप्यूटिंग, कनेक्टिविटी एवं उन्नत 5जी सॉल्यूशंस में भविष्य में तैयार टेक्नोलॉजीज़ को अपनाने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता रेखांकित की है। मीडियाटेक ने जेनरेटिव एआई क्षमताओं वाले मीडियाटेक डायमेन्सिटी 9300 और 8300 चिपसेट समेत नवीनतम घोषणाओं को भी दोहराया। मीडियाटेक के व्यापक पोर्टफोलियो में 5जी स्मार्टफोन के लिए मीडियाटेक डायमेन्सिटी, 4जी गेमिंग स्मार्टफोन के लिए मीडियाटेक हेलियो जी सीरीज़, स्मार्ट टीवी टेक्नोलॉजीज़ के लिए मीडियाटेक पेनटॉनिक, आर्म आधारित क्रोमबुक के लिए मीडियाटेक कॉमपैनियो, स्मार्ट वाईफाई 6/6ई एवं वाईफाई 7




सॉल्यूशंस के लिए मीडियाटेक फिलॉजिक, इंटरनेट ऑफ थिंग्स के लिए मीडियाटेक जेनियो और अनूठी ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजीज़ एवं अन्य के लिए मीडियाटेक डायमेन्सिटी ऑटो शामिल हैं। इस आयोजन में रोज़ाना की जिंदगी में प्रौद्योगिकी की परिवर्तनकारी भूमिका पर गहन चर्चा हुई। 'ब्रिलियंट टेक्नोलॉजी ट्रांसफॉर्मिंग एवरीडे लाइफ' थीम पर आयोजित परिचर्चा सत्र में मीडियाटेक के उप निदेशक (मार्केटिंग एवं कम्युनिकेशन) अनुज सिद्धार्थ और मीडियाटेक इंडिया के प्रबंध निदेशक अंकु जैन ने अपने विचार रखे। इस सत्र में मीडियाटेक द्वारा पिछले पांच वर्षों में की गई घोषणाओं और परिवर्तन से लेकर अगले पांच वर्ष के लिए विजन पर चर्चा शामिल रही। मीडियाटेक इंडिया के प्रबंध निदेशक अंकु जैन ने कहा, मीडियाटेक प्रौद्योगिकीय नवप्रवर्तन के मोर्चे पर हमेशा आगे रही है और इसने अपने अद्भुत टेक्नोलॉजी पोर्टफोलियो के साथ एक अरब संभावनाओं की सीमाएं बढ़ाई हैं। विविध 5जी यूज़ केसेस से लेकर भविष्य के लिए तैयार चिपसेट के जरिए एआई एवं जेन एआई इंटीग्रेशन के लिए रूपरेखा तय करने में अग्रणी रहने और ओईएम के साथ गठबंधन कर मीडियाटेक ने प्रौद्योगिकी परिवर्तन में एक आंतरिक भूमिका निभाई है।


यह परिवर्तन पिछली आधी सदी में स्पष्ट रूप से देखा गया है। अगले पांच वर्षों के लिए हम जेनरेटिव एआई के युग में अपना नेतृत्व आगे बढ़ाने के लिए अगली पीढी की प्रौद्योगिकी में गोता लगाने को लेकर उत्साहित हैं। हमारे नवीनतम नवप्रवर्तन हमारे विविध प्रौद्योगिकी पोर्टफोलियो में अद्भुत अनुभव उपलब्ध कराने की हमारी प्रतिबद्धता का संकेत देते हैं। 'नेक्स्ट जेन टेक्नोलॉजी- रीशेपिंग इंडियाज़ डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन' थीम पर आयोजित परिचर्चा को राजीव मखानी द्वारा आगे बढ़ाया गया और इस पैनल में काउंटरप्वाइंट से तरुण पाठक, टेकआर्क से फैसल कावुसा, सीएमआर से प्रभु राम और जीएफके से कार्तिक वासुदेवन शामिल थे।

## रेलवे कनेक्टिविटी शून्य, कब आ रही है श्रावस्ती में ट्रेनः अभिषेक मिश्रा मुन्ना भैया



आज तक श्रावस्ती में एक इंच भी नहीं बनीं रेलवे लाइन, अभिषेक मिश्रा ने कहा- सरकार की हर वादे-गारंटी झूठी और बेमानी समाजवादी पार्टी के युवा व कद्दावर नेता अभिषेक मिश्रा मुन्ना भैया ने सरकार पर सीधे निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सरकार के हर वादे खोखले है, हर गारंटी बेमानी है। सरकार ने जनता के साथ धोखा किया है। केंद्र सरकार पूरे देश में रेलवे के विकास को लेकर बड़े-बड़े दावे करती है लेकिन आज भी श्रावस्ती में रेल लाइन मात्र एक सपना ही है। धर्म और अध्यात्म की पवित्र नगरी श्रावस्ती में विकास को पूरी तरह से अनदेखा किया गया है। अभिषेक मिश्रा ने कहा कि 2018 में केंद्र सरकार की ओर से 240 किमी रेल लाइन बिछाने के लिए परियोजना स्वीकृत हुई थी लेकिन तब से लेकर अब तक इस दिशा में एक इंच का भी कार्य नहीं हुआ है। बताया गया था कि वर्ष 2024 तक रेल लाइन निर्माण का काम पूरा करा लिया जाएगा परंतु अब तक धरातल पर काम नहीं दिख रहा है। उन्होंने कहा कि रेलवे लाइन न होने के कारण क्षेत्र की कनेक्टिविटी शून्य है, जनता का आवागमन दुर्लभ है। श्रावस्ती में रेलवे लाइन का सपना अभी तक पूरा न हो सका जिससे क्षेत्र के लोगों में काफी रोष, नाराजगी और निराशा है। आपको बता दें कि श्रावस्ती को रेल लाइन से जोड़े जाने और रेलवे की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए लोग दिल्ली के जंतर मंतर पर आन्दोलन रत हैं ऐसे में श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र को विकास की मुख्य धारा से जोड़े जाने और रेलवे की कनेक्टिविटी व रेल लाइन निर्माण कार्य पर जनता के समर्थन में उतर आए हैं। आगे मुन्ना भैया ने कहा कि अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी क्षेत्र के समग्र विकास हेतु संकल्पित है और सरकार बनने पर यह सभी कार्य किये जायेंगे।

## 19 दिसंबर से शुरू होगा लखनऊ टाइम्स फैशन वीक



**नई दिल्ली।** बहुप्रतीक्षित लखनऊ टाइम्स फैशन वीक का द्वितीय संस्करण 19 और 20 दिसंबर को होटल हॉलिडे इन में आयोजित होगा। जिसमें प्रतिष्ठत फैशन डिजाइनर्स के परिधानों में देश की नामी गिरामी मॉडल्स वॉक करेंगी। इस फैशन वीक के प्रेजेंटिंग पार्टनर हैं ओरियन, पावर्ड बाय स्पॉन्सर हैं गोल्डी मसाले, लक्जरी पार्टनर हैं शालीमार गेटवे मॉल और पीआर पार्टनर हैं सेवन हॉर्स कम्युनिकेशंस।

लखनऊ टाइम्स फैशन वीक का ये दूसरा एडिशन है जो दो दिन चलेगा जिसमें देश के विभिन्न शहरों के फैशन डिजाइनर्स जैसे श्रवण कुमार, रीना ढाका, प्रशांत मजूमदार, एली शर्मा, डॉक्टर सौभाग्य वर्धन, मुकेश दुबे, रतिका अरोरा, नीलू सिंहल और दीपिका अग्रवाल अपने कलेक्शंस का प्रदर्शन करेंगे। इवेंट की खास बात ये है कि फ़ैशन डिजाइनर अदिति जग्गी रस्तोगी विश्व की अग्रणी नेचुरल डाई निर्माता एएमए हर्बल व उत्तर प्रदेश खादी बोर्ड के सहयोग से अपने डिजाइंस का प्रदर्शन करेंगी। इन सभी डिजाइंस में नेचुरल डाई का प्रयोग किया गया है।

इस दो दिवसीय इवेंट में 10 शो होंगे जिनमें त्रिधा चौधरी, आस्था पोखरियाल, दीप्ति गुजराल जैसी नामी गिरामी मॉडल्स रैंप पर वॉक करेंगी।

## 1 जनवरी 2024 से बढ़ेगी पियाजियो आपे आईसीई 3-व्हीलर वाहनों की कीमत

**पुणे।** इटालियन ऑटो दिग्गज, पियाजियो ग्रुप की शत-प्रतिशत सहायक कंपनी और भारत में छोटे कमर्शियल वाहन बनाने वाली कंपनी पियाजियो व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड (पीवीपीएल) ने अपने इंटरनल कम्बशन इंजन वाले आपे ब्रांड के 3-व्हीलर की कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा की है। यह बढ़ोतरी 1 जनवरी 2024 से प्रभावी होगी। यह बढ़ोतरी पियाजियो आपे के डीजल, सीएनजी, एलपीजी और पेट्रोल वेरिएंट के कार्गो और पैसेंजर दोनों तरह के वाहनों पर लागू होगी। कंपनी ने बताया है कि 1 जनवरी 2024 से पूरे भारत में कंपनी के इन वाहनों की मौजूदा एक्स-शोरूम कीमत में 6000 रुपये तक की बढ़ोतरी होगी।

अपने विचार साझा करते हुए पियाजियो व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड के ईवीपी, सीवी डोमेस्टिक बिजनेस (आईसीई) और रिटेल फाइनेंस, अमित सागर ने कहा, इस त्योहारी सीजन में हमारे 3-व्हीलर वाहनों की बिक्री जबरदस्त रही है। हमने रिटेल बिक्री में 38 फीसदी से ज्यादा की बढ़त दर्ज की है। यहां तक कि हमारे नए प्रोडक्ट Ap NXT+ की भी जोरदार बिक्री हुई। Ap NXT+ CNG से चलता है। 40-लीटर के टैंक के दम पर ये 300 किमी की इंडस्ट्री की सबसे अच्छी रेंज देता है। हम उम्मीद करते हैं कि आपे के कम ईंधन खपत वाले वाहनों के अविश्वसनीय और शानदार प्रदर्शन के कारण इसकी विकास यात्रा जारी रहेगी÷।

उन्होंने आगे कहा, जैसे ही हम 2023 में महामारी से बाहर निकले, हमने जानबूझकर अपने ग्राहकों के हित को ध्यान में रखते हुए महंगाई और बढ़ती लागत को खुद बर्दाश्त करने का निर्णय लिया और कीमतों को स्थिर रखा। 1 जनवरी 2024 से श्चु ढ्ढष्टश्च पोर्टफोलियो की कीमतों में बढ़ोतरी के फैसले को ध्यान में रखते हुए हम ग्राहकों को सूचित करना चाहते हैं कि वे 31 दिसंबर 2023 तक मौजूदा भाव पर अपने पसंदीदा Ap ICE वाहन को खरीदने का मौका न चूकें। आखिरकार, आपे (श्चु) एक उद्यमी के लिए सबसे अच्छा निवेश और व्यापारिक भागीदार साबित हुआ है।

30 लाख से ज्यादा ग्राहकों वाला विश्वसनीय कमर्शियल 3-व्हीलर वाहनों के आपे ब्रांड को 25 सालों से ज्यादा समय से पसंद किया जा रहा है। 2023 समाप्त होने जा रहा है, ग्राहकों को भारत में कहीं भी अपने निकटतम पियाजियो डीलरशिप पर जाना चाहिए और 31 दिसंबर 2023 तक अपनी पसंद के आपे के लिए कम कीमतों का लाभ उठाना चाहिए।

## बजाज ऑटो ने पल्सरमेनिया मास्टर्स एडिशन के नेशनल फिनाले का आयोजन किया



**लखनऊ।** दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित दोपहिया एवं तिपहिया कंपनी बजाज ऑटो ने पल्सरमेनियाः मास्टर्स एडिशन का आयोजन किया, 100 शहरों में आयोजित इस प्रतियोगिता को ज़बरदस्त प्रतिक्रिया मिली, जिसमें 25 हज़ार से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और 1 लाख से अधिक दर्शकों ने इसका आनंद उठाया। मंबई में नेशनल फिनाले ने उपस्थितगणों को रोमांच से भरपूर अनुभव प्रदान किया, और साथ ही सर्वश्रेष्ठ राइडरों को पल्सर पर अपनी मास्टरी, सटीकता और जुनून की जांच करने का मौका मिला। रोमांच से भरपूर प्रतियोगिता एंटरटेनमेन्ट का बेहतरीन मिश्रण साबित हुई, जहां भारत के जाने-माने कलाकारों के परफोर्मेन्सेज़, हैरतअंगेज़ करने वाले स्टंट शोज़, शानदार स्ट्रीट कल्चर स्टेशन और एक्सक्लुज़िव ब्राण्ड कोलाबोरेशन्स ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।इस आयोजन के बारे में बात करते हुए सारंग कनाडे (प्रेज़ीडेन्ट, मोटरसाइकिल बिज़नेस), बजाज ऑटो लिमिटेड ने कहा, ''पिछले बाईस सालों में हमने देश भर में 'पल्सरमेनियक्स' की ज़बरदस्त फॉलोइंग बनाई है, जो बाईक के सटीक इंजीनियर्ड डीएनए और इसके एटीट्यूड के लिए इसे खूब पसंद करते हैं। पल्सरमेनिया मास्टर्स एडीशन सिर्फ प्रतियोगिता नहीं है, यह पल्सर की भावना का जश्न है।

## न्यूगो ने महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुये एक विशेष हेल्पलाइन नंबर शुरू किया

**कानपुर।** भारत में एक-शहर से दूसरे शहर के लिये बसों का परिचालन करने वाली प्रमुख कंपनी, न्यूगो ने विशेष रूप से महिला यात्रियों के लिये एक हेल्पलाइन नंबर लॉन्च किया है। ब्राण्ड की यह पहल महिलाओं के लिए बस यात्रा को ज्यादा सुरक्षित और आरामदेह बनाने वाले अन्य उपायों में से एक है। ये प्रयास भारतीय ट्रैवल सेक्टर में समावेशन और ग्राहक-केन्द्रीयता के प्रति न्यूगो की वचनबद्धता का प्रमाण है।

ग्रीनसेल मोबिलिटी के सीईओ एवं एमडी, देवेन्द्र चावला ने कहा, ÷न्यूगो में हम हर यात्री और खासकर महिलाओं को यात्रा का सुखद अनुभव देने के लिये समर्पित हैं। हमारा मानना है कि सफ़र में महिला यात्रियों को सुरक्षा और सुविधा का अनुभव देना सभी व्यवसाय के लिये जरूरी होना चाहिये। हमें आशा है कि यात्रा में महिलाओं की सुविधा और सुरक्षा को सभी उद्योग अपनी कार्यपद्धति का हिस्सा बनायेंगे।

महिला यात्रियों की यात्रा को सुरक्षित, आरामदेय और सुलभ बनाने के लिये न्यूगो द्वारा उठाये गए कदमों में निम्नलिखित शामिल हैं-

1. **महिला हेल्पलाइन** यात्रा के पहले, दौरान और बाद में महिला यात्रियों की सहायता के लिये न्यूगो ने एक विशेष हेल्पलाइन नंबर 1800 267 3366 लॉन्च किया है। यह हेल्पलाइन 24/7 चालू रहती है। इसका लक्ष्य महिलाओं को यात्रा-सम्बंधी किसी भी समस्या के लिये तुरंत सहायता प्रदान करना है।

2. **सुरक्षा के लिये उन्नत फीचर्स** न्यूगो की बसों में सीसीटीवी चौकसी, जीपीएस लाइव ट्रैकिंग, ड्राइवर ब्रेथ अनालाइजर टेस्ट्स, ड्राइवर मॉनिटरिंग सिस्टम्स आदि जैसी व्यवस्थायें हैं। इसके अलावा, सुप्रशिक्षित स्टाफ यात्रियों के लिए



सुरक्षित एवं सुखद अनुभव सुनिश्चित करते हैं।

## रियलमी ने अपनी "चैंपियन सीरीज़" में पहला 5जी स्मार्टफोन, रियलमी सी67 5जी पेश किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली सबसे विश्वसनीय स्मार्टफोन सेवा प्रदाता, रियलमी ने आज अपनी चैंपियन सीरीज़ के पहले 5जी स्मार्टफोन, रियलमी सी67 5जी के लॉन्च की घोषणा की। रियलमी सी67 5जी में 5जी कनेक्टिविटी के साथ शानदार कैमरा, फास्ट चार्जिंग, शक्तिशाली बैटरी, आकर्षक डिज़ाईन, बेहतरीन 5जी चिपसेट और मल्टीटास्किंग एवं बड़ी स्टोरेज क्षमता के लिए विशाल रैम है, जिसके कारण यह 5जी चार्जिंग चैंपियन है।

रियलमी सी67 5जी का उद्देश्य युवाओं को बेहतरीन मूल्य में उत्पाद



का शानदार अनुभव प्रदान करना है। सी67 5जी में 50 मेगापिक्सल का एआई कैमरा है, जिसके द्वारा यूज़र्स बेहतरीन फोटोग्राफी कर अपनी रचनात्मकता दिखा सकते हैं। यूज़र्स सर्वश्रेष्ठ क्वालिटी में ये पिक्चर देख सकें, इसके लिए सी67 5जी में एफएचडी+ डिस्प्ले के साथ 120 हट्र्ज़ का अल्ट्रा स्मूथ डिस्प्ले और 91.4 प्रतिशत का स्क्रीन-टू-बॉडी अनुपात दिया गया है, जो बेहतरीन अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाईन किया गया है। इसमें एक बेहतर विज़न डिज़ाईन में मिनी कैप्सूल 2.0 भी दिया गया है।

इस स्मार्टफोन में फास्ट चार्जिंग के लिए 33 वॉट का सुपरवूक चार्जिंग समाधान है। इसके साथ इसमें 5000 एमएएच की बैटरी लगाई गई है, जो केवल 29 मिनट में 1 से 50 प्रतिशत तक चार्ज हो जाती है।

अवधनामा



# अपराध मुक्त, कानून का राज कायम करना पहली प्राथमिकता: एसपी

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** पुलिस अधीक्षक दक्षिणी जितेंद्र कुमार ने ऑफिस पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। 2007 बैच की पीपीएस अधिकारी जितेंद्र कुमार गोरखपुर आने से पूर्व एडीजी जोन बरेली स्टाफ ऑफिस के पद पर तैनात रहे पद भार ग्रहण कर कार्यालय में लंबित फाइलों का निस्तारण कर आए हुए फरियादियों की समस्याओं से रूबरू होकर दक्षिणी सर्कल के थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि सभी थाना प्रभारी अपने-अपने थाने पर मौजूदा रह कर आए हुए फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण करेंगे छोटी से छोटी घटनाओं की सूचना पर तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे अपने सीनियर अधिकारी को अवगत कराए।

श्री कुमार ने बताया कि अपने वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन कराया जाएगा। दक्षिणी सर्कल के अपराधियों के साथ सख्ती से पेश आकर अपराध पर नियंत्रण किया जायेगा। श्री कुमार मूलतः बागपत निवासी का शिक्षा दीक्षा बागपत जनपद से हुआ है अब 12 वर्षों से स्थाई रूप से अपना आशियाना देहरादून में बना लिया है बच्चे ओएनजीसी में अधिकारी माता के पास देहरादून में शिक्षा दीक्षा प्राप्त कर रहे हैं। श्री कुमार स्टाफ अफसर एडीजी जोन बरेली से पूर्व कासगंज अलीगढ़ कानपुर बिजनौर अमरोहा शामली में अपने पदों की जिम्मेदारियां सकुशल निर्वहन कर चुके है। दक्षिणी सर्कल में कानून का राज कायम करने में अपना अहम योगदान देंगे जिससे अपराध मुक्त सर्कल रहे। श्री कुमार ने बताया कि दक्षिणी सर्कल में कानून-व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखकर लोगों को सुरक्षा का अहसास कराना तथा पीड़ित की समस्याओं का समाधान करना हमारा पहला कर्तव्य है। इस काम को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ किया जाएगा। कानून का राज कायम रखने के लिए सक्रिय चल रहे अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाकर गिरफ्तारी की जाएगी

**एसपी दक्षिणी ने पदभार किया ग्रहण**

भूमि विवादों के निस्तारण में राजस्व विभाग की भूमिका काफी अहम होती है राजस्व विभाग से तालमेल स्थापित कर भूमि विवादों को हल कराने की कोशिश की जाएगी। टॉप टेन बदमाशों और उनके गिरोह के सदस्यों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। थाने के टॉप टेन बदमाशों के विरुद्ध अभियान चलाया जाएगा।

## बनाए गए चार रैन बसेरे

**अमेठी।** जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र एवं सेना भर्ती कार्यालय अमेठी के निदेशक कर्नल सुनील कुमार मोर के नेतृत्व में सेना भर्ती कार्यालय अमेठी की ओर से डॉ भीमराव अंबेडकर स्टेडियम अमेठी में 19 दिसंबर 2023 से अग्निवीर सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है जिसको लेकर जिला प्रशासन व सेना के द्वारा समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए रेलवे स्टेशन बस स्टेशन व प्रमुख मार्गो से रैली स्थल तक पहुंचाने के लिए संकेतांक बोर्ड लगाए गए हैं जिससे अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े इसके साथ ही ठंड के दृष्टिगत अग्निवीर भर्ती में आए हुए अभ्यर्थियों के रुकने के लिए चार निशुल्क रैन बसेरे क्रमशः पंचायत घर जंगल रामनगर प्राथमिक विद्यालय जंगल रामनगर बारात घर आवास विकास कॉलोनी धम्मौर रोड रैन बसेरा नगर पंचायत के बगल अमेठी में बनाए गए हैं जिसमें अलाव गर्म पानी बिस्तर सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहेगीं।

**अल्पसंख्यक समुदाय ने बयां की समस्याएं, समाधान का मिला आश्वासन**

# अपने कंधों को मजबूत करें अल्पसंख्यक

अवधनामा संवाददाता

**अल्पसंख्यक अधिकार दिवस**



**गोरखपुर।** अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के मौके पर सरकार द्वारा संचालित सामाजिक, आर्थिक, शौक्षिक योजनाओं पर रोशनी डाली गई। अल्पसंख्यक समुदाय ने अपनी समस्या बयां की। प्राथमिकता के आधार पर समाधान का आश्वासन मिला। मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध धर्म से ताल्लुक रखने वाले प्रतिनिधियों ने अपनी बातें रखीं। मदरसा अंजुमन इस्लामिया खूनीपुर के सभागार में सोमवार को मौका था जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की ओर से आयोजित अल्पसंख्यक अधिकार दिवस कार्यक्रम का। सभी ने बेबाकी से राय रखी।

अल्पसंख्यकों के सर्वांगीण विकास और उनके उत्थान के लिए खुलकर बात हुई। मदरसा आधुनिकीकरण शिक्षकों ने छह साल से मानदेय न मिलने की समस्या उठाई। अध्यक्षता करते हुए जिला विकास अधिकारी राजमणि वर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा अल्पसंख्यकों के हित में विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिसका लाभ अल्पसंख्यक समुदाय को मिल रहा है। अल्पसंख्यकों को खुद से भी अपनी कमजोरियों को दूर करना है। अल्पसंख्यक अपने कंधों को मजबूत करें। अल्पसंख्यक समुदाय अच्छी शिक्षा हासिल कर समाज व देश के विकास में योगदान दें। विशिष्ट अतिथि जिला समाज कल्याण अधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह ने विभाग की तमाम योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि अल्पसंख्यकों का जो हक़ था वह सरकार ने देने की पूरी कोशिश की है। अल्पसंख्यकों को अपने हक़ व हुकूक के लिए जागरूक होना पड़ेगा। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कमलेश कुमार मौर्य ने कहा कि सरकार की जो योजनाएं चल रही हैं सभी अच्छी हैं। योजनाओं से अधिक से अधिक लोगों को अच्छी नियत से लाभान्वित किया जा रहा है। अल्पसंख्यक समाज की जो भी समस्या है उसे शासन तक पहुंचा कर निवारण करवाया जाएगा। विशिष्ट अतिथि जिला प्रोबेशन अधिकारी समर बहादुर सिंह ने महिला एवं बाल कल्याण से संबंधित योजनाओं पर प्रकाश डाला। गुरुद्वारा कबीर साहब मगहर की प्रशासक बीबी परमजीत कौर राना ने आपसी भाईचारे व प्रेम का संदेश देते हुए सभी को गुरुद्वारा के विजिट के लिए आमंत्रित किया। मदरसा शिक्षक कारी मोहम्मद अनस रजवी ने कहा कि मुसलमानों में घटता शैक्षिक दर व शिक्षा स्तर चिंता का विषय है। मदरसा प्रशासन और अधिकारियों को समूचे तौर पर इसको लेकर उचित कदम उठाना चाहिए। मदरसों को आधुनिक शिक्षा के स्तर को बेहतर करने के लिए खुद आगे आना चाहिए। शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ना होगा। जब तक हम खुद नहीं बदलेंगे तब तक हमारे हालात नहीं बदलने वाले। मुफ्ती-ए-शहर अख्तर हुसैन ने कहा कि इल्म (ज्ञान) इंसान को अज्ञानता के अंधकार से बाहर निकालता है और मानवता का पराकाष्ठता की ओर मार्गदर्शन करता है। अल्पसंख्यक समुदाय को अपने हक़ हकूक के लिए बेदार होना पड़ेगा।

## प्रो. वीके सिंह महायोगी गोरखनाथ विवि के लोकपाल नियुक्त

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. विजय कृष्ण सिंह को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, आरोग्यधाम, सोनबरसा गोरखपुर का लोकपाल नियुक्त किया गया है। उनका कार्यकाल कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष या 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने की अवधि (इनमें से भी पहले हो) के लिए होगा।

यह जानकारी महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव ने दी है। उन्होंने बताया कि लोकपाल के रूप में प्रो. वीके सिंह की नियुक्ति महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ अतुल वाजपेयी के आदेशानुसार विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की 11 अप्रैल 2023 को जारी अधिसूचना में विद्यार्थियों की शिकायतों के समाधान के लिए लोकपाल की नियुक्ति प्राविधानों के अंतर्गत की गई है। कुलसचिव ने बताया कि लोकपाल की नियुक्ति, सेवाकाल एवं शर्तें वही होंगी जो विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा समय-समय पर विहित की जाएंगी। लोकपाल छात्र शिकायत निवारण समिति के निर्णयों के विरुद्ध की गई अपीलों की सुनवाई कर निर्णय लेंगे। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में लोकपाल नियुक्त किए गए प्रो. वीके सिंह, पूर्व में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के कुलपति तथा डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय (एकेटीयू) लखनऊ के प्रति कुलपति रह चुके हैं। विद्यार्थी के रूप में यूजी तथा पीजी में गोल्ड मेडलिस्ट प्रो. सिंह गणित में डॉक्टरेट हैं और उन्हें शिक्षण व शोध के क्षेत्र में 37 वर्ष का अनुभव है।

# कन्यादान सेवा समिति का हुआ गठन

अवधनामा संवाददाता



**तमकुहीराज, कुशीनगर।** सर्व समाज की उन्नति व सामाजिक, शैक्षिक विकास के लिए सर्व सदभाव कन्यादान सेवा समिति का गठन हुआ जिसमें 15 मार्च को सामूहिक विवाह कराने का सर्व समिति से निर्णय लिया गया। क्षेत्र के रहसू जनूबीपट्टी स्थित रूबी चम्पा भवन पर समाजसेवी रुबीना उर्फ रूबी की अध्यक्षता में बैठक हुआ।

बैठक में गैर राजनैतिक सर्व सदभाव कन्यादान सेवा समिति का गठन किया गया जिसमें संरक्षक चन्द्रशेखर यादव उर्फ लड्डू अध्यक्ष रुबीना उर्फ रूबी, मंत्री अविनाश गौड़, कोषाध्यक्ष सुनील परवान साहित 11 कार्यकारणी के सदस्य चुने गए। बैठक में यह निर्णय हुआ कि प्रथम वर्ष 15 मार्च 2024 को 5 जोड़ो की सामूहिक विवाह का आयोजन किया जायेगा जिसके लिए सभी को जिम्मेदारी तय की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए अध्यक्ष रूबी ने कहा कि आप सभी का पूर्ण सहयोग मिलता रहा तो अन्तिम सांस तक बेटियों की कल्याण के लिए काम करती रहूंगी जिसमे धन आड़े नही आयेगा। समाज की सेवा के लिए मैंने जो बीड़ा उठाया है उसको पूरा करके ही दम लुंगी। उन्होंने कहा कि अभी तक जो हो सका है वह समाज के लिए योगदान दिया गया है आगे भी होगा। संरक्षक चन्द्रशेखर यादव ने कहा कि बेटियां हमारे लिए किसी उपहार से कम नही है। उनका हर स्तर पर सम्मान होना चाहिए। हम लोगो ने भी बेटियों के सम्मान के लिए छोटा प्रयास शुरू किया है इसमें सभी का सहयोग अपेक्षित है। सामूहिक रूप होने आयोजित होने वाले विवाह में कन्याओं को 5 थान आभूषण, वर्तन, वस्त्र विस्तर व पलंग सेट आदि दिया जाएगा।

- **सामूहिक विवाह कराने पर हुई चर्चा**
- **संरक्षक चन्द्रशेखर व रूबी अध्यक्ष मनोनीत**

बैठक में किन्नर पायल, उमाशंकर यादव, फौदी यादव, कोमल, बिट्टू यादव, अजय, देवेन्द्र कुमार, पवन मद्धेशिया, सोनू प्रसाद,उमेश यादव, छोटेलाल यादव सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## सदर सांसद ने की थर्मल पावर प्लांट लगाने की मांग

**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं संसदीय क्षेत्र देवरिया के सांसद डा. रमापति राम त्रिपाठी ने अपने संसदीय क्षेत्र में विद्युत उत्पादन हेतु एक थर्मल पावर प्लांट लगाने की सदन में मांग की। उन्होंने आज 377 के अनुपालन में सदन के माध्यम से विद्युत मंत्रालय का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में गर्मी के दौरान बिजली की मांग बढ़ गई थी, बिजली की मांग आगे और भी बढ़ने की उम्मीद है। कहा कि मेरा क्षेत्र उत्तर प्रदेश के अंतिम छोर पर है, जो की बगल के राज्य बिहार से सटे हुए है। इस क्षेत्र में नदियों का पर्याप्त स्रोत है कई नदियां हमारे क्षेत्र संसदीय क्षेत्र से होकर के दूसरे राज्य में जाकर के मिलती हैं, साथ ही बिहार एवम झारखंड का बॉर्डर होने के कारण नजदीक से कोयले की आपूर्ति भी सुलभ है। पर्याप्त मात्रा में बंजर भूमि की उपलब्धता कोयले की सुलभता, इसको देखते हुए हमारे क्षेत्र में यदि थर्मल पावर प्लांट लगता है तो विद्युत उत्पादन कर क्षेत्रवासियों के लिए के लिए एक बड़ी उपलब्धि होगी ही साथ ही पर्याप्त विद्युतीकरण पूर्वी उत्तर प्रदेश में खेती किसानी, कल कारखानों में पूर्ण रूप से बिजली मिल सकेगी।

## क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने दिया ज्ञापन



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** नगर स्थित विकासखंड परिसर में सोमवार को क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन ब्लाक में सौंपा। प्रधान क्षेत्र पंचायत स्वाभिमान संघ के बैनर तले अमेठी ब्लाक के क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने ब्लाक अध्यक्ष भूपेंद्र मिश्र की अगुवाई में 5 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। बताया की पूरे प्रदेश में आज क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने क्षेत्र के विकास कार्यों व अधिकारियों के मनमानी को लेकर संगठन के आह्वान पर विभिन्न मांगों के समर्थन में ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में कहा गया है मनरेगा में क्षेत्र पंचायत सदस्यों की कार्ययोजनाएं स्वीकृत की जांय। पंचम वित्त आयोग और केन्द्रीय वित्त आयोग के मद में आवंटित धनराशि के साथ विधान परिषद सदस्य निधि से भी काम दिए जाएं। हर वर्ष क्षेत्र पंचायत समिति की कम से कम 6 बैठकें अनिवार्य रूप से बुलाई जाने अन्य जनप्रतिनिधियों की तरह मृतक बी डी सी को भी तीन लाख रुपए की बीमा योजना का लाभ दिया जाए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के अन्तर्गत जन आरोग्य समिति का अध्यक्ष क्षेत्र पंचायत सदस्यों को बनाया जाये। ग्राम सचिवालय में एक कार्यालय देने के साथ क्षेत्र पंचायत सदस्यों को सभी कार्ययोजनाओं की जानकारी जरुर दी जाये।

## पीएम ने इंडियन ऑयल के बैतालपुर टर्मिनल की अतिरिक्त सुविधाएं राष्ट्र को कीं समर्पित




अवधनामा संवाददाता

**बैतालपुर।** भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने 319 करोड़ रुपये की लागत की इंडियन ऑयल के बैतालपुर टर्मिनल पर अतिरिक्त सुविधाएं राष्ट्र को समर्पित कीं। प्रधान मंत्री द्वारा इन सुविधाओं का लोकार्पण वाराणसी से एक वर्चुअल समारोह के माध्यम से किया गया।

इंडियन ऑयल के बैतालपुर टर्मिनल पर इस लोकार्पण समारोह में श्री शलभ मणि त्रिपाठी, विधायक, देवरिया सदर, देवरिया-कुशीनगर, श्री अखंड प्रताप सिंह, जिला मजिस्ट्रेट, देवरिया; श्री संकल्प शर्मा, पुलिस अधीक्षक, देवरिया भाजपा जिलाध्यक्ष श्री भूपेंद्र सिंह, श्री अंतरयामी सिंह, श्री देवेन्द्र सिंह, महाप्रबंधक (संचालन), यूपीएसओ-I, इंडियनऑयल और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ जिला प्रशासन और इंडियन ऑयल के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। पूर्वी उत्तर प्रदेश में बढ़ती ऊर्जा मांगों को पूरा करने के लिए इस टर्मिनल पर 319 करोड़ की लागत से मौजूदा सुविधाओं में वृद्धि की गई है। इसकी भंडारण क्षमता 30,000 किलोलीटर से बढ़ाकर 1,02,000 किलोलीटर कर दी गई है। इस टर्मिनल में नए टैंकों का निर्माण किया गया है और कुछ मौजूदा टैंकों की भंडारण क्षमता को सुरक्षा मानदंडों को पूरा करते हुए बढ़ाया गया है। संशोधित टर्मिनल में 2×8 बे टैंक ट्रक लोडिंग गैन्ट्री और एमएस, एचएसडी, इथेनॉल और बायोडीजल के भंडारण टैंक भी शामिल है।

# मील का पत्थर साबित होगा मोदी गारंटी रथ: रजनी पाण्डेय

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** विकसित भारत संकल्प यात्रा को संबोधित करते हुए भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यसमित सदस्य रजनी पाण्डेय ने कहा कि आज देश और प्रदेश में योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों को मिल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। जो वंचित हैं उनके लिये यह मोदी गारंटी रथ यात्रा मील का पत्थर साबित होगा। देसही देवरिया के बुद्धू खां और पिपरा मदनगोपाल में आयोजित संकल्प यात्रा में कर्मचारियों का आह्वान करते हुए भाजपा नेत्री ने कहा कि जो पात्र हैं उन्हें हर हाल में योजनाओं का लाभ दिलाना है। इस दौरान उन्होंने सभी को मजबूत भारत के निर्माण के लिए संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले चेहरा देखकर योजनाएं बनाई जाती रहीं। गैर भाजपा सरकारों के एजेंडे में गांव, गरीब, सामान्य नागरिक, महिलाएं और नौजवान शामिल नहीं होते थे। आज देश में गरीबों और जरूरतमंदों को प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, गरीबों के घर में निशुल्क शौचालय, जनधन अकाउंट योजना, आयुष्मान भारत योजना, पीएम सम्मान निधि और पीएम स्वनिधि जैसी तमाम लोककल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। कोरोना काल से देश में निरंतर 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन की सुविधा दी जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में पोषण मिशन से जुड़ी सभी योजनाओं की जिम्मेदारी स्वयं सहायता समूह को सौंपी गई, जिसका लाभ 60 हजार महिलाएं सीधे-सीधे रोजगार के जरिये उठा रही हैं। आज प्रदेश के 57000 से अधिक ग्राम पंचायतों और 762 से अधिक नगर निकायों में वीडियो वैन के जरिये कार्यक्रम को सफलता की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का काम किया जा रहा है। इस मौके पर भाजपा नेता डा. विनय राव, सोनू मद्धेशिया, रवींद्र शर्मा, ग्राम प्रधान अशफाक, ऋषिकेश दीक्षित, बिंदा सिंह, मनीष गौतम समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## रिहायाशी झोपड़ी में आग लगने से 5 बकरियां, गाय जलकर खाक

**गोरखपुर।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के भदरखी गांव में रिहायसी झोपड़ी में मच्छर मारने वाली अगरबत्ती से आग लगने से 5 बकरिया, एक गाय था 3 वर्ष की बछिया जल कर खाक हो गए। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। मिली जानकारी से रामसुधारे पुत्र स्व चौथी प्रसाद का गांव में रिहायशी झोपड़ी थी। जिसमे वह परिजन के साथ रहते थे। तथा बगल की झोपड़ी में जानवर को रखा था। रविवार रात्रि में 11 बजे मच्छर मारने वाली अगरबत्ती जला झोपड़ी में रखा हुआ था। अचानक आग लग जाने से झोपड़ी धू धू कर जलने लगा। परिजन आग की लपटे देखकर भागे और शोर मचाया। जब तक ग्रामीण पहुंचते तब तक 5 बकरिया, एक गाय तथा 3 वर्ष की बछिया जल कर खाक हो गई। तथा झोपड़ी में रखा अनाज, कपड़े, नकदी, गहने सब जल कर खाक हो गया। ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू आया गया। और आग लगने की जानकारी तहसील प्रशासन को दी गई। तहसीलदार खजनी ने मौके पर पहुंच कर स्थित का जायजा लिए और लेखपाल को रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिए।

## अंदर 19 कप: कसया ने देवरिया को 8 विकेट से हरा ट्राफी पर कब्जा जमाया



विजेता टीम को ट्राफी देते मुख्य अतिथि

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** रविन्द्र नगर स्थति बुद्धा पार्क में चल रहे कुशीनगर अंडर 19 कप का फाइनल मुकाबला में कसया ने देवरिया को 8 विकेट से हराकर ट्राफी पर कब्जा जमा लिया। मैन आफ द मैच शिवम दुबे को मिला जिसने 24 रन देकर 4 विकेट झटके। जबकि मैन आफ द टूर्नामेंट आकाश यादव को जिन्होंने 13 विकेट और 145 रन बनाकर उक्त कप में इतिहास रचा। बता दें कि टास जीत कर देवरिया की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 24 ओवर में मात्र 114 रन पर सिमट गई। जवाबी कार्यवाई में उतरी कसया की टीम ने 2 विकेट खोकर कप पर कब्जा जमा लिया। मैन ऑफ द मैच शिवम दुबे को दिया गया और मैन ऑफ द टूर्नामेंट आकाश यादव को दिया। टीम कोच जनाब जाहिद हुसैन, मुख्य अतिथि हफीजुर्रहमान व अभय राज सिंह विजेता टीम को ट्राफी देकर पुरस्कृत किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए। हार जीत लगा रहता है। हार के बाद निराश नहीं होना चाहिए बल्कि हार से और मजबूती बढ़ती है। आप लोगों के साथ मेरी शुभकामनाएं है। अच्छा प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचे। मैच का निर्णायक आशु मद्धेशिया और अफजल अंसारी रहे। इस मौके पर नीरज वाजपेई सहित कमेटी के लोग मौजूद रहे।

## अग्निवीर सेना भर्ती रैली आज से



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** कल मंगलवार से होने वाली अग्निवीर सेना भर्ती रैली के लिए डॉ भीम राव अम्बेडकर स्टेडियम पूरी तरह तैयार है। भर्ती कराने के लिए सेना के अधिकारी शनिवार को ही स्टेडियम पहुंच गए हैं। कर्नल एस के मोर ने जानकारी देते हुए बताया कि सेना भर्ती कार्यालय अमेठी के अंतर्गत 13 जिलों के लिए अग्निवीर सेना भर्ती रैली का आयोजन 19 से 29 दिसंबर 2023 तक डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्टेडियम अमेठी में किया जा रहा है। रैली में लगभग प्रतिदिन 1000 अभ्यर्थी भाग लेंगे जिन्होंने अप्रैल 2023 में आयोजित ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम उत्तीर्ण किया है यह भर्ती रैली अग्निवीर जीडी अग्निवीर क्लर्क अग्निवीर टेक्निकल और अग्निवीर ट्रेड्समैन (आठवीं और दसवीं कक्षा पास) ट्रेड के लिए आयोजित की जा रही है। इस रैली में उत्तर प्रदेश के 13 जिलों अंबेडकर नगर अमेठी अयोध्या बस्ती कौशांबी कुशीनगर महाराजगंज प्रतापगढ़ प्रयागराज रायबरेली संत कबीर नगर सुल्तानपुर और सिद्धार्थनगर के अभ्यर्थी भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि सेना भर्ती रैली पूर्णतया निष्पक्ष और पारदर्शी है इसलिए अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वह सतर्क रहें और दलालों का शिकार ना बने या किसी अनुचित साधन का सहारा ना लें। अभ्यर्थी भर्ती रैली के दौरान अपने प्रवेश पत्र में उल्लिखित प्रासंगिक दस्तावेज साथ में अवश्य लेकर आए। अग्निवीर भर्ती रैली को शांति पूर्ण और निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन तैयारियों में लगा हुआ है। भर्ती में आने वाले युवाओं के शैक्षिक रिकार्ड चेक करने के लिए डाकूमेंट काउंटर पर शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है।

# गोपालगंज को 72 रनों से हराकर भदोही की टीम सेमीफाइनल में

## स्व. कृष्णा साहा व स्व. विमलेश मल्ल की स्मृति में 16वें वर्ष क्रिकेट प्रतियोगिता का दूसरा दिन

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** पडरौना शहर के यूएनपीजी कॉलेज के खेल मैदान में स्व. कृष्णा साहा व स्व. विमलेश मल्ल की स्मृति में पडरौना क्रिकेट क्लब द्वारा 16वें वर्ष आयोजित क्वालिटी टीवीएस कप क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन सोमवार को गोपालगंज और भदोही के बीच मैच खेला गया। इसमें भदोही की टीम ने गोपालगंज को 72 रनों से पराजित किया।

भदोही की तरफ से 98 रन व दो विकेट लेने वाले आल राउंडर खिलाड़ी विशाल को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। गोपालगंज टीम के कप्तान दीपांकर ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरे भदोही के सलामी बल्लेबाज निशांत और विपिन ने शुरुआत काफी तेज की। विपिन के रूप में भदोही का पहला विकेट 37 रन के स्कोर पर गिरा। इसके बाद खेलने आए विशाल ने निशांत के साथ साझेदारी कर टीम को मजबूत स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया। निर्धारित 25 ओवर के खेल में भदोही की टीम 24वें ओवर में 248 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। भदोही की तरफ से निशांत ने 35 गेंदों में 70, विपिन ने 6 गेंद में 11 रन, विशाल ने 48 गेंद में 98 रन व रूद्रा ने 7 गेंद में 18 रनों का सर्वाधिक योगदान दिया। वहीं, गोपालगंज की तरफ से प्रशांत, राहुल व अनुभव ने तीन-तीन, अंकित सिंह ने एक विकेट हासिल किया। जीत के लिए 249 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोपालगंज टीम की शुरुआत कुछ खास नहीं रही और महज दो रन के स्कोर पर प्रशांत सिंह के रूप में पहला विकेट गिर गया। पहला विकेट गिरने के बाद गोपालगंज की टीम दबाव में आ गई और अन्य खिलाड़ी भी सस्ते में विकेट देते चले गए। 19वें ओवर की गेंदबाजी में गोपालगंज की टीम 177 रन के स्कोर पर ऑल आउट हो गई। गोपालगंज की तरफ से सूरज ने 35 गेंद में 60 रन, बाला ने 8 गेंद में 24 रन, अंगद ने 18 गेंद में 24, सुजय ने 10 गेंद में 21 रन व प्रवीण ने 12 गेंद में 17 रन का सर्वाधिक योगदान दिया। वहीं, भदोही की तरफ से कृष्णा व विकास ने तीन-तीन, विशाल व शुभम ने दो-दो विकेट झटके। 98 रन बनाने व दो विकेट लेने वाले विशाल को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। अंपायर सूरज यादव व अंकित रहे। स्कोरिंग अभिषेक गैरी, डिजिटल स्कोरिंग बंटी कुशवाहा ने की। कमेंट्री प्रिंस तिवारी ने किया। इससे पूर्व मैच का शुभारंभ कुशीनगर के विधायक पीएन पाठक, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. कमलेश वर्मा, डॉ. पल्लवी सिंह, यूएनपीजी कॉलेज की प्राचार्य प्रो. ममता मणि त्रिपाठी, सेंट जेवियर्स स्कूल के प्रबंधक डॉ. अरूण श्रीवास्तव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस दौरान सचिन पाठक, शैलेंद्र सिंह, शुभम प्रताप शाही, पूर्व ब्लॉक प्रमुख मन्नू सिंह चंदेल, सतीश साहा, इंद्रजीत जायसवाल बबलू, ऋषिकेश मिश्र, समशेर मल्ल, पाली चौरसिया, सज्जाद अली, नीरज सिंह बिट्टू, अजय साहा, लिंकन सिंह, चंदन जायसवाल, विकास जायसवाल, धीरज पाठक, रितेश मल्ल, अभय प्रताप सिंह, आजाद अली, अविनाश श्रीवास्तव, मनीष गुप्ता, विकास वर्मा, अनीष आलम, मुन्ना अली, जितेंद्र साहा, सुरेश रावत, समीर अग्रवाल, किशन साहा आदि मौजूद रहे।

**भदोही के खिलाड़ी 98 रन और दो विकेट लेने वाले विशाल को दिया गया मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार**

## दो दिवसीय खण्ड स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता कल से

**अमेठी।** क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्राविद अधिकारी रीना वर्मा ने बताया कि उप्र ग्रामीण खेल लीग के तहत युवा कल्याण एवं प्राविद विभाग जनपद अमेठी द्वारा विकास खण्ड गौरीगंज एवं विकास खण्ड शाहगढ़ में दो दिवसीय खण्ड स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि 20 व 21 दिसम्बर 2023 को मॉडल खेल मैदान राघीपुर गौरीगंज तथा 21 व 22 दिसम्बर 2023 को रामगंज कौहार मैदान शाहगढ़ में क्रमशः एथलेटिक्स कबड्डी वॉलीबाल तथा कुश्ती खेल प्रतियोगिता की जायेगी। इस क्रम में उन्होंने बताया कि उक्त खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी निर्धारित तिथि व स्थान पर समय से उपस्थित होकर अपना पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें तथा खिलाड़ियों को अपने आधार कार्ड की फोटोकापी साथ लाना अनिवार्य होगा।

# नवजात के गर्भ में आने से लेकर मरने तक सरकार चला रही योजनाएं: के. डी. गोस्वामी

अवधनामा संवाददाता



विकसित भारत संकल्प यात्रा का पंचायत भवन बरौवा भदौली पर हुआ आयोजन

**बहराइच।** जनपद के विकास खण्ड चित्तौरा के ग्रामसभा बरौंवा भदौली के पंचायत भवन पर आज विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपायुक्त श्रम रोजगार के0डी0 गोस्वामी रहे जबकि अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी चित्तौरा सौरभ कुमार पाण्डेय ने की इस दौरान विभागो द्वारा स्टाल लगाकर जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा एलईडी वैन से लोगों को जागरूक करने वाले कार्यक्रमों का प्रसारण होता रहा इस दौरान भरी संख्या में बारौवा भदौली सहित आस पास के लोग मौजूद रहे।

आज। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा सरस्वती जी की के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद प्राइमरी विद्यालय के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना एवं गीत प्रस्तुत किया गया जिसका उपस्थित सभी लोगों ने तालियां बजाकर स्वागत किया। इस कार्यक्रम के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं जैसे स्वास्थ्य विभाग, आवास, राशन कार्ड,आधार कार्ड, वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने, शिक्षा विभाग की योजनाओं से संबंधित लोगों को मिलने वाली योजनाओं से लाभान्वित करने व उनकी समस्याओं का निदान करने हेतु विभिन्न स्टाल लगाए गए। अपने संबोधन में श्री गोस्वामी ने सरकार की योजनाओं की बिंदुवार जानकारी लोगो तक पहुंचाते हुए कहा कि सरकार आम जन के उत्थान के लिए बच्चों के पेट में आने से लेकर मरने तक के लिए अनेकों योजनाएं चला रही है अंतिम संस्कार के लिए सहायता करना यह बड़ा उदाहरण है। सरकार की मंशा इस यात्रा को जनता के द्वार द्वार तक भेज कर सभी को जागरूक करने और सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए संपूर्ण जानकारियां पहुंचाई जा रही है। इस दौरान बीडीओ चित्तौरा सौरभ कुमार पाण्डेय एडीओ आईएसबी एडीओ पंचायत अशोक श्रीवास्तव एडिओ महिला ज्योति सिंह एपीओ संदीप त्रिपाठी सीडीपिओ चित्तौरा ओम प्रकाश यादव पंचायत सचिव विधानचंद ग्राम प्रधान समस्त विभागो से आए अधिकारी कर्मचारियों कृषि विज्ञानिको आदि के साथ साथ भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## भाजपा नेता शशीकांत के पिता का 85 वर्ष की आयु में हुआ निधन

**सुल्तानपुर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व जिला महामंत्री शशिकांत पाण्डेय के पिता हौसिला पाण्डेय का सोमवार को पैतृक गांव अमरबोझा, कूरेभार में 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया।वह काफी दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे।उनके निधन से लोगों व पार्टीजनों में शोक की लहर है।भाजपा नेता शशीकांत पाण्डे के पिता के निधन पर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा,पूर्व मंत्री ओमप्रकाश पांडे, पूर्व जिलाध्यक्ष करुणा शंकर द्विवेदी,पूर्व विधायक अर्जुन सिंह, डॉ सीताशरण त्रिपाठी, ऋषिकेश ओझा, भाजपा नेता राम चन्द्र मिश्र, पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि रणजीत कुमार, भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी, कृपा शंकर मिश्रा, ब्लॉक प्रमुख प्रात्येश सिंह बन्टी, नवनीत सिंह, चन्द्र प्रताप सिंह, राजेंद्र वर्मा, अशोक सिंह, रामचन्द्र दूबे, राजेश पाण्डे, संदीप पाण्डे आदि लोगों ने शोक संवेदना प्रकट की और ईश्वर से शोकाकुल परिजनों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

## खण्ड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**बल्दीराय, सुल्तानपुर।** बल्दीराय विकास खण्ड के ग्राम पंचायत जगदीशपुर खेल मैदान में युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि खण्ड विकास अधिकारी सत्यनारायण सिंह व ग्राम प्रधान राम मनोरथ वर्मा द्वारा फीता काटकर किया गया। प्रतियोगिता में कबड्डी, कुश्ती, वालीबॉल, दौड़, लम्बीकूद आदि खेल करॉए गए। जिसमें सम्पूर्ण ब्लॉक के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में जूनियर बालक वर्ग कबड्डी में पिपरी विजेता एवं वलीपुर उपविजेता रही व बालिका वर्ग में दक्खिन गाँव टीम विजेता रही। 100 मीटर जूनियर बालिका दौड़ में हीबा बानो ने प्रथम व 100 मीटर जूनियर बालक दौड़ में वीरेंद्र यादव प्रथम ने स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मोनू तिवारी ने सभी विजयी छात्र छात्राओं को पुरष्कृत कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का सफल संचालन क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी सोनाली गुप्ता द्वारा किया गया उन्होंने बताया कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरुस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर जिले स्तर पर चयनित किया जाएगा।सभी छात्र छात्राएं मन में लक्ष्य को लेकर आगे बढ़े तो सफलता अवश्य प्राप्त होगी। प्रतियोगिता सफल बनाने में ब्लॉक व्यायाम प्रशिक्षक हीरालाल यादव, एनपीआरसी रमाशंकर मिश्र, राजीव तिवारी, वलीपुर चौकी प्रभारी राकेश ओझा, निर्णायक रामतीर्थ पाल, नरेंद्र अग्रहरि विक्की, सुभाष अग्रहरि कार्यक्रम व्यवस्थापक जितेंद्र अग्रहरि आदि का सहयोग रहा।

## बिना माइनर सफाई करवाये ही छोड़ दिया गया पानी

**सुल्तानपुर।** कहीं माइनर सिल्ट सफाई के नाम पर तो नहीं खेल कर दिया गया।सरकार के मंसूबों पर पानी फेरने में सिंचाई विभाग के जिम्मेदार अधिकारी जुटे हुए हैं।सुल्तानपुर में सिंचाई विभाग एक बार फिर कटघरे में खड़ा दिखाई दे रहा है। हाल ये है माइनर में बिना सफाई के ही पानी छोड़ दिया गया। ऐसे में टेल तक पानी पहुंचने में दिक्कत आ रही है। ग्रामीण आशंका व्यक्त कर रहे हैं कि कहीं माइनर सफाई के नाम पर विभाग ने पैसे तो नही खारिज कर लिया। जिले के रानीगंज माइनर का मामला है। रामगंज रजबहा से निकली इस माइनर से हजारों किसानों के खेतों में पानी पहुंचता है। लेकिन विभागीय लापरवाही का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। बात करें तो रानीगंज माइनर की बीते 9 दिसंबर को गूगल कैमरे से फोटो क्लिक करवाई गई तो न ही माइनर की सफाई करवाई गई थी और न ही उसमें पानी था। लेकिन आज सुबह यानि 18 दिसंबर को इसी कैमरे से फोटो क्लिक की गई तो रानीगंज रजबहा में पानी तो था, लेकिन सफाई अभी भी नही हुई।



## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, मोतीचक, कुशीनगर

पत्रांक- 726/लेखा/क्षे0पं0/मनरेगा/निविदा/2023-24 दिनांक- 16-12-2023

### सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा

क्षेत्र पंचायत मोतीचक द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-2024 में क्षेत्र पंचायत मनरेगा योजनान्तर्गत कराये जाने वाले निम्नलिखित कार्यो हेतु इण्टरलाकिंग ईट, प्रथम श्रेणी ईट, सिमेण्ट, लोकल बालू, सफेद बालू, मोरंग बालू, ईट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, सरिया, आदि सामग्री की आवश्यकता है, इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा निविदा फार्म के साथ रू 10-00 के सादा स्टाम्प पेपर तथा निम्नलिखित वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफ में भरकर खण्ड विकास अधिकारी मोतीचक के कार्यालय में दिनांक 02-01-2024 को अपरान्ह 02.00 बजे तक जमा किया जायेगा तथा निविदा उसी दिन अपरान्ह 3.00 बजे विकास खण्ड कार्यालय में अधोहस्ताक्षरी द्वारा गठित समिति तथा आपूर्तिकर्ता के समक्ष खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। निविदा फार्म दिनांक 30-12-2023 को अपरान्ह 05.00 बजे तक मु0 300 रूपये अदा कर कार्यालय के लेखाकार से प्राप्त की जा सकती है।

| क्रम सं. | योजना | परियोजना का नाम | लम्बाई (मी. में) | सामग्री अंश (लाख) | धरोहर धनराशि (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | क्षे0पं0 मनरेगा | भलुही से भलुहा लोहटोलवा पिच से भलुहॉ छोटा टोलस सिवान तक इन्टरलाकिंग कार्य। | 180 | 7.05 | 14100 |
| 2 | क्षे0पं0मनरेगा | पकड़ी से पोखरभिण्डा पिच तक खडन्जा निर्माण कार्य। | 600 | 6.60 | 13200 |
| 3 | क्षे0पं0 मनरेगा | पकड़ी मदरहों में रूदल सिंह के घर से गौनरिया पिच सडक तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 200 | 6.63 | 13260 |
| 4 | क्षे0पं0मनरेगा | भलुही भलुहा नहर पुल से भलुही लोहटोलवा दिपक मास्टर के घर होते आजाद के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 6.60 | 200 | 13200 |
| 5 | क्षे0पं0 मनरेगा | बडहरा पिच से सिकटिया जाने वाले मार्ग तक इण्टरलाकिंग कार्य | 180 | 6.76 | 13520 |
| 6 | क्षे0पं0मनरेगा | दुबौली सिंवान से गुप्ता जी के दुकान से सिकटिया सिवान तक खडन्जा निर्माण कार्य। | 500 | 6.60 | 13200 |
| 7 | क्षे0पं0 मनरेगा | मठिया उर्फ अकटहा से फरदहा सिवान तक खडन्जा निर्माण कार्य। | 500 | 6.60 | 13200 |
| 8 | क्षे0पं0मनरेगा | बड़हरा पिच से भटठा से मुसहरी जाने वाले मार्ग पर इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 200 | 6.72 | 13440 |
| 9 | क्षे0पं0 मनरेगा | सोढरा में तुफानी के खेत से रामाशंकर के खेत पकड़ी सिवान तक खडन्जा निर्माण कार्य। | 500 | 6.25 | 12500 |
| 10 | क्षे0पं0मनरेगा | बडहरा पिच से बडहरा गाँव जाने वाले मार्ग पर इण्टरलाकिंग कार्य। | 200 | 6.71 | 13420 |
| 11 | क्षे0पं0 मनरेगा | भुडाडीह में पिच के पस कोमल के खेत से विशुनपुरा सिवान तक खडन्जा निर्माण कार्य। | 650 | 7.15 | 14300 |
| 12 | क्षे0पं0मनरेगा | तुर्कहा पिच से बेलवनिया जाने वाले मार्ग पर आर0सी0सी0 निर्माण कार्य। | 200 | 6.14 | 12280 |
| 13 | क्षे0पं0 मनरेगा | खैरेटवा में रामप्यारे के जमुआन जाने वाले मार्ग तक इण्टरलाकिंग कार्य | 180 | 5.12 | 10240 |
| 14 | क्षे0पं0मनरेगा | बेलवनिया में संजय प्रसाद के खेत से तुर्कडीहा वाले मार्ग पर इण्टरलाकिंग कार्य | 210 | 6.07 | 12140 |
| 15 | क्षे0पं0 मनरेगा | पकडी मदरहॉ में रूदल सिंह के घर से गौनरिया पिच सड़क तक इण्टरलाकिंग कार्य | 200 | 6.71 | 13420 |
| 16 | क्षे0पं0मनरेगा | पकडी पिच से खोखिया सिवान तक खडन्जा निर्माण कार्य | 500 | 6.60 | 13200 |
| 17 | क्षे0पं0 मनरेगा | मु0जमी सिकटिया गौरी के घर से सिकटिया सिवान तक खडन्जा निर्माण कार्य | 650 | 7.15303 | 14306 |
| 18 | क्षे0पं0मनरेगा | मधवलिया में पी0आर0 स्कूल से जमुआन सिवान तक इण्टरलाकिंग कार्य | 180 | 6.76 | 13520 |
| | | | | 118.22303 | 236446 |

**नियम व शर्तें-**

1. सामग्री निर्माता अधिकृत फर्म/डीलरशिप फर्मो को प्राथमिकता दी जायेगी (इस आशय का प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा) जिनका जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है।
2. जी0एस0टी0 व अन्य कर जोड़कर दर प्रस्तुत की जायेगी।
3. आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति पर 2.00 प्रतिशत आयकर/टी0डी0एस0 देना होगा।
4. प्रस्तुत दर पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
5. प्रमुख, खं0वि0अ0 अ0अभि0, एकाउण्टेण्ट के सगे सम्बन्धी द्वारा निविदा प्रस्तुत नहीं की जायेगी।
6. सामग्री की धनराशि का 2% धनराशि, धरोहर की धनराशि के रूप में है, जो एफ.डी./ एन.एस.सी. के रूप में खं0वि0अ0 मोतीचक के नाम बंधक हो, की मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
6. सामग्री की धनराशि का 2% धनराशि, धरोहर की धनराशि के रूप में है, जो एफ.डी./एन.एस.सी. के रूप में खं0वि0अ0 मोतीचक के नाम बंधक हो, की मूल प्रति संलग्न करना अनिवार्य है ।
7. सामग्री की आपूर्ति कार्यस्थल पर स्वीकृत दर पर खं0वि0अ0 के मॉग पर ही करनी होगी।
8. आपूर्तिकर्ता का भुगतान तक0सह0/अ0अभि0 द्वारा सामग्री की गुणवत्ता व मापन के उपरान्त किया जायेगा।
9. गुणवत्ता खराब होने पर धरोहर की राशि जब्त कर ली जायेगी।
10. खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय से जारी फार्म पर ही निविदा स्वीकृत किया जायेगा।
11. निविदा को बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार खं0वि0अ0 के पास सुरक्षित है।
12. निविदा के सम्बन्ध में अन्य जानकारी खं0वि0अ0 कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**मोतीचक, कुशीनगर**


## भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाना है: स्वतंत्रदेव

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के मुख्य आतिथ्य में विकास खंड बिरधा के ग्राम पड़ोरिया में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला प्रशासन एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा जल शक्ति मंत्री का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में जल शक्ति मंत्री ने उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आज प्रदेश का छोटे से छोटा शहर भी बड़े शहरों की भांति विकास कर रहा है, अब कोई भी अंधेरे में रहने को मजबूर नहीं, निर्बाध विद्युत आपूर्ति का लाभ घर घर तक पहुंच रहा है। हर गरीब व्यक्ति के पास अपना घर, शौचालय, गैस कनेक्शन, शुद्ध पेयजल, राशन, बच्चों की अच्छी शिक्षा एवं स्वास्थ्य की व्यवस्था है। आयुष्मान योजना से लोगों को 5 लाख तक का इलाज, निशुल्क खाद्यान्न आज भी अनवरत वितरण किया जा रहा है। आज बेटियों को बाहर निकलने में डर नहीं लगता है वह निर्भीक होकर बाहर जा सकती हैं, अच्छी पढ़ाई कर सकती हैं और अच्छे पदों पर पहुंच सकती है। जन औषधि केंद्रों के माध्यम से अब 100 रुपये की दवाई भी 20 में उपलब्ध हो जाती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने बच्चों के जन्म से लेकर उनके स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार एवं उनके विवाह की व्यवस्था की है, आज विद्यालय में निशुल्क शिक्षा, निशुल्क यूनिफॉर्म निन्शुल्क पुस्तकें एवं निशुल्क भोजन दिया जा रहा है, साथ ही गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की विवाह की जिम्मेदारी भी सरकार ने ली है। इसके उपरांत जल शक्ति मंत्री ने सभी को विकसित भारत संकल्प यात्रा संबंधी शपथ दिलाई कहा कि भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाना है। इस अवसर पर राज्यमंत्री मनोहर लाल, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, एमएलसी रमा निरंजन, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, जिलाध्यक्ष राजकुमार जैन, प्रदीप चौबे एवं अधिकारियों में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक मो. मुस्ताक, सीडीओ कमलाकांत पांडे, सीएमओ, पीडी डीआरडीए, बीडीओ, बीपीआरओ, डीएसओ सहित अन्य अधिकारीगण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## बुंदेलखंड विकास सेना ने मानव श्रृंखला बनाकर बुन्देलखण्ड राज्य निर्माण का फूँका बिगुल

बुन्देलखण्ड राज्य निर्माण का औचित्य बताया

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** बुन्देलखण्ड विकास सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू के नेतृत्व में पृथक बुन्देलखण्ड प्रान्त निर्माण अभियान को गति देने के लिए एक तुवन चौराहा से कोतवाली होते हुए एक मानव श्रंखला बनाकर बुन्देलखण्ड प्रान्त निर्माण का औचित्य बताया। इस दौरान बुन्देलखण्ड प्रान्त निर्माण के गगनभेदी नारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो गया। सेना प्रमुख ने कहा कि बु.वि.सेना पिछले 25 वर्षो से पृथक बुन्देलखण्ड राज्य के लिए गांधीवादी तरीके अपना आन्दोलन चलाने वाला गैर राजनैतिक संगठन है। उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाताओं से अपील की है कि जो भी राजनैतिक दल बुन्देलखण्ड पृथक राज्य की मांग का समर्थन करता है उसी को अपना कीमती वोट दें। उन्होंने कहा है कि उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश दो राज्यों की सीमा से जुड़ा हुआ देश का प्रमुख भूभाग बुन्देलखण्ड वर्षो से केन्द्र सरकार और राज्य सरकारों की उपेक्षा का शिकार है। बेरोजगारी, अशिक्षा, चिकित्सा, पेयजल, सड़क, बिजली, उद्योग शून्यता जैसी समस्यों से जूझ रहे बुन्देलखण्ड को कोरोना महामारी ने तोड़कर रख दिया है। पूर्व सरकारों के आश्वासनों के बावजूद वर्तमान केन्द्र सरकार ने बुन्देलखण्ड प्रान्त निर्माण के सम्बन्ध में आज तक कोई पहल नहीं की जबकि चुनाव के दौरान बुन्देलखण्ड प्रान्त निर्माण की मांग को उचित बताते हैं। कहा कि बुन्देलखण्ड विकास सेना आने वाले समय में प्रान्त निर्माण के लिए अपना आन्दोलन और तेज करेगी। विकास सेना पूरे बुन्देलखण्ड क्षेत्र में घूम घूमकर जनजागरण करेगी। प्रदर्शन के दौरान महेन्द्र अग्निहोत्री, राजमल बरया, राजेन्द्र गुप्ता, सिद्धार्थ शर्मा, राजकुमार कुशवाहा, कदीर खान, अमित अग्रवाल, अमरसिंह, परवेज पठान, हरीशंकर कुशवाहा, गौरव विश्वकर्मा, नन्दराम कुशवाहा, गफूर खान, लोकेश रैकवार, खुशाल बरार, प्रतीक सेन, रविकुमार, विशाल राठौर, मुकेश, महेन्द्र, भईयन कुशवाहा, अमन, कामता भट्ट, विनोद साहू, रवि झा, रोहित कुमार, मुजम्मिल पठान, टिंकु सोनी, प्रदीप साहू, पुष्पेन्द्र शर्मा, पुष्पेन्द्रसिंह बुन्देला आदि उपस्थित रहे।

## 21 व 22 दिसम्बर को आयोजित होगी सांसद खेल स्पर्धा

**बहराइच।** उप क्रीड़ाधिकारी अभिषेक कुमार ने बताया कि ''सांसद खेल स्पर्धा'' अन्तर्गत लोकसभा क्षेत्र बहराइच जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम, बहराइच में 21 व 22 दिसम्बर 2023 को आयोजित होगी। जिसके अन्तर्गत विकास खण्ड मिहींपुरवा, नवाबगंज, बलहा, शिवपुर, रिसिया, चित्तौरा, महसी व तेजवापुर की चयनित टीमें प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता अन्तर्गत बालक/बालिका वर्ग की एथलेटिक्स व खो-खो तथा बालक वर्ग हेतु कबड्डी व वालीबाल प्रतिस्पर्धा आयोजित की जायेगी। श्री कुमार ने बताया कि 21 दिसम्बर 2023 को प्रातः 10:00 बजे सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड द्वारा प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया जायेगा।

## दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना हेतु समय सारिणी निर्धारित

**बहराइच।** वित्तीय वर्ष 2023-24 में पूर्वदशम् छात्रवृत्ति कक्षा 9-10 योजनान्तर्गत जिले के शिक्षण संस्थानों अध्ययनरत सामान्य जाति, अन्य पिछड़े वर्ग एवं अनुसूचित जाति एवं जनजाति के छात्र/छात्राओं के लिए जारी नवीन समय सारिणी के अनुसार छात्रों द्वारा आनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 02 जनवरी 2024 निर्धारित है।

## आंवला मुरब्बा तैयार करने का दिया गया प्रशिक्षण

**ललितपुर।** कृषि विज्ञान केंद्र खिरिया मिस्र में केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अध्यक्ष डा.मुकेश चंद के नेतृत्व में पांच दिवसीय ऑन कैम्पस प्रशिक्षण खाद्य प्रसंस्करण विषय पर ग्रामीण किशोरियो हेतु आयोजित किया गया था। जिसमें बालिकाओं हेतु ऑवला मुरब्बा तैयार करने की विधि पर प्रशिक्षण डा.सरिता देवी, गृहविज्ञान, वैज्ञानिक द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियो को केन्द्र पर ऑवला मुरब्बा तैयार करने का प्रशिक्षण दिया गया। जिससे यह सभी किशोरियां आत्म निर्भर होकर घर बैठे धन अर्जित कर सकती हैं। उक्त प्रशिक्षण में ऑवला मुरब्बा के साथ साथ ऑवला से तैयार होने वाली विभिन्न विभिन्न प्रकार के खाद्य उत्पाद जैसे- ऑवला कैंडी, ऑवला आचार, जैम, ऑवला लड्डू इत्यादि तैयार करने की तकनीकी जानकारी भी दी गयी। जिससे प्रशिक्षणार्थियों को भविष्य में इन उत्पादों को तैयार करके स्थानीय बाजार में विपणन करके आय अर्जन करने तथा आगे बढने की सलाह दी गयी।



## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता अनुरक्षण खण्ड नं.-1 (सिविल) लो.नि.वि., लखनऊ

पत्रांक : 3237/टेण्डर नोटिश/2023 दिनांक : 14.12.2023

**ई-निविदा सूचना**

**प्रेस विज्ञप्ति**

राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, अनुरक्षण खण्ड नं0-1(सिविल), लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में कार्य हेतु पंजीकृत कार्य हेतु श्रेणी 'ए' 'बी' 'सी' एवं 'डी' के अर्ह एवं अनुमोदित ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यनू तम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने नियमों से अवगत हो लें।

| क्र. स. | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अधिशासी अभि. का पता | अधीक्षण अभि. का पता | मुख्य अभि. का पता | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | लखनऊ | विधान पुस्तकालय के भूगर्भ खण्ड में रिक्त किए गए कक्ष में दीवारों पर पी0वी0सी0 पैनलिंग के स्थान पर वुडेन पैनलिगं लगाने का कार्य। | 10.00 | 1.00 | Rs. 854 | 2 Months | अधि. अभि., अनु. ख.-1, लो.नि.वि., लखनऊ | अधीक्षण अभियन्ता, 39वॉं वृत्त, लो.नि.वि., लखनऊ | मुख्य अभियन्ता (भवन) लो.नि.वि. लखनऊ | ए,बी, सी,डी |
| 2 | लखनऊ | विधान सभा सचिवालय स्थित समिति सा0 अनुभाग-1 (पूर्व में प्रोटोकॉल अनुभाग) के आधुनिकीकरण/ जीर्णोद्धार का कार्य। | 29.28 | 2.93 | Rs. 854 | 2 Months | अधि. अभि., अनु. ख.-1, लो.नि.वि., लखनऊ | अधीक्षण अभियन्ता, 39वॉं वृत्त, लो.नि.वि., लखनऊ | मुख्य अभियन्ता (भवन) लो.नि.वि. लखनऊ | ए,बी, सी,डी |
| 3 | लखनऊ | विधान सभा सचिवालय स्थित अभिलेख कक्ष का जीर्णोद्धार का कार्य। | 26.18 | 2.62 | Rs. 854 | 2 Months | अधि. अभि., अनु. ख.-1, लो.नि.वि., लखनऊ | अधीक्षण अभियन्ता, 39वॉं वृत्त, लो.नि.वि., लखनऊ | मुख्य अभियन्ता (भवन) लो.नि.वि. लखनऊ | ए,बी, सी,डी |

वेबसाइड https://etender.up.nic.in पर निविदा के प्रकाशन की तिथि 20.12.2023 है। बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता/बिड-सबमिट करने की तिथि दिनांक 20.12.2023 से दिनांक 27.12.2023 को 12:00 PM तक एवं तकनीकी निविदा खोलने की तिथि 27.12.2023 12: 30 PM है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण ई-टेण्डर की वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

UPID-199104 Dated-16-12-2023
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

**अधिशासी अभियन्ता**
**अनुरक्षण खण्ड नं.-1(सिविल)**
**लो.नि.वि., लखनऊ**

# पुलिस अधीक्षक ने शिकायतों का किया निस्तारण

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** जनपद की पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा द्वारा रोजाना की भाति सोमवार के रोज जनपद के मुख्यालय स्थित कार्यालय में विभिन्न थाना व कोतवाली क्षेत्रो से आये हुये फरियादियों की जनसुनवाई करते हुए शिकायतो को सुना गया तथा उनकी शिकायतों के निस्तारण हेतू संबंधित थाना व कोतवाली प्रभारियों को निस्तारण हेतू आवश्यक दिशानिर्देश दिये गए। इस दौरान उन्होंने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का गुणवक्ता के साथ निस्तारित करना व न्याय दिलाना ही हमीरपुर पुलिस की प्राथमिकता है। आपको बता कि जनपद की पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा द्वारा सोमवार के रोज मुख्यालय स्थित अपने कार्यालय में जनपद के विभिन्न थाना व कोतवाली क्षेत्रो से आने वाले फरियादियों की शिकायतों को एक एक करके गंम्भीरता पूर्ण तरीके से सुन उनकी शिकायतों व समस्याओं को गुणवक्ता पूर्ण समयबद्ध तरीके से मौके पर जाकर विविध पूर्वक निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए दूरभाष पर संबंधित थाना व कोतवाली प्रभारियों को निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने आदेशित करते हुए कहा कि जांच अधिकारी आने वाली शिकायत का मौके पर जाकर गुणवक्ता पूर्व तरीके से शिकायतों की जांच कर तत्काल प्रभाव से न्यायोचित तरीके निस्तारित करे। ताकि शिकायत कर्ता संतुष्ट हो सके और उसे न्याय के लिए मुख्यालय स्थित न आना पड़े।उन्होंने कहा कि निस्तारण व न्याय दिलाने के मामलो में लापरवाहिया पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लायी जाएगी। कहा कि सभी जनपद के थाना व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शिकायतकर्ता से समय समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के संबंध में फ़ीडबैंक लिए जाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।वही कार्यालय में आये हुए शिकायत कर्ताओं ने न्याय क्षेत्र में शिकायतों में प्रभावी कार्यवाही और निस्तारण हेतू दिए गए आदेशों पर पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा की भूरी भूरी प्रसंशा की है।

## नगर के सार्वजनिक स्थानों पर नगर पंचायत ने अलाव की कराई व्यवस्था



**चोपन/सोनभद्र।** नगर पंचायत क्षेत्र में कड़ाके की ठंड को देखते हुए लोगों की राहत के लिए रविवार की शाम से अलाव जलाने की व्यवस्था शुरू की गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष उस्मान अली ने बताया कि पूरे नगर पंचायत क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था कराई जाएगी। आज नगर के सरकारी अस्पताल,बस स्टैंड,रेलवे स्टेशन,पुलिस पिकेट इत्यादि जगहों पर अलाव जला कर शुभारंभ करा दिया गया है ताकि गरीबों एवं आम लोगों को ठंड के प्रकोप से निजात दिलाया जा सके। नगर पंचायत के लिपिक अंकित पांडेय की देखरेख में इन सभी जगहों पर रविवार को अलाव की व्यवस्था कराई गई। इस दौरान सुनील तिवारी,मनोज चौबे,अमित सिंह,अशोक सिंघल,राधारमण पांडेय,कुशल सिंह,चंदन गौड़,दीपू,पंकज चौधरी,संतोष कुमार,सुभम इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# मौरंग खदान संचालकों की पीडा को कौन सुनेगा

- मौरंग खंड संचालकों ने प्रशासन को बतायी अपनी समस्यायें

**अवधनामा संवाददाता**



**बाँदा।** एक ओर मुख्यमंत्री जी बडे बडे निवेशकों को प्रदेश मे निवेश करने के लिये स्वच्छ और निर्भय का वातावरण तैयार करने मे लगे हैं वहीं स्थानीयस्तर पर ऐसे निवेशकों को परेशान करके उनको प्रताणित करना कहां तक उचित है। प्रदेश मे राजस्व का एक बडा हिस्सा बाँदा से भी जाता है ,और ये राजस्व खनिज और परिवहन से आता है। जनपद मे मौरंग की लगभग एक दर्जन खदाने संचालित हो रही है और इन खदानों से बडा राजस्व प्राप्त होता है , ये खनन कारोबारी पूरे देश से मौरंग खनन का कारोबार करने बाँदा जनपद आते हैं इनके खंड संचालन से सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों को रौजगार के अवसर उनके गांव मे ही प्राप्त हो जाते है। अब ग्रामीण अपने क्षेत्रो मे ही चाय पान की दुकाने , खाने के ढाबे , पंचर की दुकाने आदि करके अपने परिवार का जीविकोपार्जन कर सकते हैं। परंतु अक्सर देखा जाता है कि स्थानीय स्तर पर ये ग्रामीण खंड संचालको को अपने स्तर से ब्लैकमेल करने लग जाते है कि हमारे खेत से वाहन नही निकलने देगे हमको पहले मुआवजा चाहिये , हमारे जमीन पर वाहन नही खडा करने देगे साथ ही कई बार खंड संचालको पर अवैध खनन उनकी जमीन से करने के आरोप भी लगाते रहते है जिससे खंड संचालक मानसिक रूप से परेशान होते है और उनका आर्थिक शोषण भी स्थानीय ग्रामीणो द्वारा किया जाता है , जब इतने पर भी मन नही भरता है तो प्रशासन को झूठी शिकायते करके खंड संचालको पर दबाव बनाया जाता है। अब सोचने वाली बात है कि जो मौरंग कारोबारी करोडो रूपये सरकार को राजस्व दे रहा है , जो लाखों रूपये का अपना सामान लेकर ग्रामीण क्षेत्रों मे आपको रोजगार उपलब्ध करा रहा है उसको ब्लैकमेल करके आप ना सिर्फ अपना बल्कि सरकारी राजस्व का भी नुकसान कर रहे हैं और प्रदेश की प्रगति मे बाधा उत्तपन्न कर रहे हैं।

# अध्यात्म और वैराग्य का रंग, उमड़ रही भीड़

**अवधनामा संवाददाता**

**सुमेरपुर हमीरपुर।** श्री गायत्री तपोभूमि की 67वी वर्षगांठ में अब धीरे-धीरे ज्ञान, अध्यात्म, वैराग्य का रंग चढ़ने लगा है। लोगों साधु संतों का सानिध्य पाकर धन्य समझ रहे हैं। वही बच्चे महिलाएं, युवा मेले का लुफ्त उठाकर अपने आप को प्रफुल्लित महसूस कर रहे हैं।

सन 1957 में उत्तर भारत के ख्याति प्राप्त संत स्वामी रोटीराम महाराज नागा स्वामी ने कस्बे के निर्जन स्थान पर मां गायत्री की स्थापना कराकर विशाल यज्ञ कराया था। इस यज्ञ में देश के शंकराचार्य सहित तमाम ख्याति प्राप्त संतों ने शिरकत करके यज्ञ की रोचकता बढ़ा दी थी। तब से यह भुतहा स्थान तपोस्थली के रूप में पहचान रखने लगा है। आज भी इस स्थान पर देश के तमाम महान संत आते जाते हैं। यहां पर प्रतिवर्ष श्री गायत्री महायज्ञ की वर्षगांठ धूमधाम के साथ मनाई जाती है। 16 दिसंबर से शुरू हुए इस धार्मिक आयोजन में अब धर्म, आध्यात्म, ज्ञान, वैराग्य का रंग चढ़ने लगा है। लोग साधु संतों का सानिध्य पाकर धन्य महसूस कर रहे हैं। मेले में लगे झूला, चरखी, सर्कस आदि का बच्चे महिलाएं युवा जमकर लुफ्त उठा रहे हैं। यज्ञ समिति एवं मेला कमेटी ने प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष रोशनी, पेयजल, साफ-सफाई, सुरक्षा आदि के कडे प्रबंध कराए हैं। वहीं हाईवे में प्रतिवर्ष होने वाली प्रशासन की सुरक्षा के इंतजाम अभी तक नहीं हुए हैं। इससे यहां दुर्घटनाएं होने का खतरा मडराने लगा है। रविवार को दो घटनाएं होने के बाद सोमवार को सुरक्षा नदारत थी।

## महिला ने दुष्कर्म का मुकदमा कराया दर्ज

**कुरारा हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित महिला ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 12 अगस्त 2021 को रात्रि 11 बजे मेरे पति का मौसेरा भाई रामराज पुत्र स्वर्गीय रामरतन निवासी ग्राम भवानी सिंह का पुरवा थाना जहानाबाद जिला फतेहपुर घर आया था वही रात में मैं अपने कमरे में सो रही थी तभी मेरे कमरे में आकर मेरे बिस्तर में मेरे साथ लेट गया और मेरा मुंह दबाकर मेरे साथ गलत कार्य करने लगा वही मैं किसी तरह हिम्मत जुटाकर धक्का देकर भागी और शोर मचाया वही दूसरे कमरे में मेरे पुत्र व पुत्री सो रहे थे जो दौड़ कर आए तब आरोपी कुंडी खोलकर भाग निकला वही मैंने 13 अगस्त 2021 को थाना कुरारा में प्रार्थना पत्र दिया मगर कोई कार्रवाई नहीं हुई थी वहीं उसके बाद डीआईजी चित्रकूट धाम मंडल बांदा को प्रार्थना पत्र दिया था फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।

# हमीरपुर पुलिस ने आमजन को दिलाया सुरक्षा का भरोसा

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** जनपद की पुलिस अधीक्षक ड्रा0 दीक्षा शर्मा द्वारा जनपद में शांति व्यवस्था व कानून ब्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाने के लिए अक्सर प्रयासरथ रहती है। जिसके संबंध में उनके द्वारा कोतवाली क्षेत्रों व थाना क्षेत्रों के संबंधित प्रभारियों को निर्देशित कर प्रभावी कदम उठाए जा रहे है ताकि आमजन को अपनी सुरक्षा का अहसास बना रहे और लोगो को न्योचित तरीके से न्याय मिल सके।जिसके संबंध में जनपद की पुलिस अधीक्षक ड्रा0 दीक्षा शर्मा के निर्देशन में बीती देर शाम सभी थाना व कोतवाली क्षेत्रो के प्रभारियों द्वारा पुलिस टीम के साथ पैदल रोड मार्च किया गया।इस दौरान पुलिस टीमों ने अपने अपने कार्यक्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले सावर्जनिक स्थलों,मुख्य बजारो, राष्ट्रीय राजमार्गो ,भीड़भाड़ वाले स्थलों पर पैदल गस्त कर पुलिस की ताकत व आमजन को सुरक्षा के प्रति भरोसा दिलाया गया।इस दौरान उन्होंने सड़क सुरक्षा पखवारा के तहत ट्राफिक नियमो के प्रति भी लोगो को जागरूक करते हुए बताया गाड़ी चलाते समय शराब का सेवन न करे ,दो पहिया बाहर चलाते समय हैलमेट का प्रयोग करे व चार पहिया बाहन चलाते समय शीट बैल्ट का प्रयोग करे।ड्राइविंग करते समय फौन से बात न करे। इस दौरान उन्होंने ट्रैफिक नियमो की धज्जियां उड़ा रहे 126 वाहन चालको का ई- चालान किया तथा उन्हें पुनः नियमो की धज्जियां न उड़ाए जाने के प्रति हिदायत भी दी गयी।

## संक्षिप्त समाचार

### अज्ञात कारणों से महिला ने कीटनाशक पिया, रेफर

**मौदहा हमीरपुर।** कस्बे निवासी रानी(40)पत्नी चुनबाद ने अज्ञात कारणों के चलते कीटनाशक दवा पी ली जिसे गंभीर हालत में इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां से महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। फिलहाल महिला की हालत स्थिर बताई जा रही है।

### सड़क हादसे में युवक गंभीर, रेफर

**मौदहा हमीरपुर।** यूपी के संतकबीरनगर निवासी शमसुल(30)पुत्र सराफत सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां से युवक को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।फिलहाल युवक को गंभीर चोंटे बताई जा रही हैं।

### नाबालिग से दुष्कर्म का मामला दर्ज

**मौदहा हमीरपुर।** इस समय क्षेत्र में आएदिन दुष्कर्म और छेड़छाड़ की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं ऐसे ही मामले में एक मनचले ने नाबालिग से दुष्कर्म की घटना को अंजाम दे दिया हालांकि पुलिस ने दुष्कर्म सहित पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि बीते रविवार को दोपहर में उसकी नाबालिग पुत्री खेतों में शौच क्रिया के लिए गई थी तभी मौका पाकर गांव के दबंग लालू यादव पुत्र बिंद्राबन ने उसे मुंह दबाकर खींच लिया और दुष्कर्म किया।इसके बाद आरोपी किसी से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर चला गया।पीड़ित के पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म सहित पाक्सो और एससी एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है हालांकि आरोपी अभी तक पुलिस की पकड़ से बाहर है जिसकी तलाश में दबिश दी जा रही हैं।

### कल से चार दिन दोपहर में बाधित रहेगी बिजली

**सुमेरपुर हमीरपुर।** विद्युत पारेषण खंड के अधिशाषी अभियंता मुकेश त्यागी ने बताया कि 132 केवी राठ सबस्टेशन में जंफर रि-टाइटनिंग व क्षतिग्रस्त जंफरों को बदलने का कार्य किया जाना है। जिसके चलते 20 दिसंबर से 23 दिसंबर तक दोपहर 12:00 बजे से शाम 3:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इससे इस सबस्टेशन से जुड़े 33 केवी के सबस्टेशन मुस्करा, गोहांड,नौरंगा एवं राठ की आपूर्ति बाधित रहेगी।अधिशाषी अभियंता ने अनुरक्षण कार्य के समय उपभोक्ताओं से सहयोग करने की अपील की है।

# सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को विद्यालयों के प्रतिदिन निरीक्षण हेतु निर्देशित करें: डीएम

**अवधनामा संवाददाता**



**शाहजहांपुर।** विकास भवन सभागार में सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुइ। खराब परफॉर्मेंस वाले विभागों के अधिकारियों को जिलाधिकारी ने अपनी परफॉर्मेंस सुधारने का निर्देश दिया। यूपी नेडा डैशबोर्ड द्वारा ए + रैंकिंग प्रदान की गई है, नेदा ने लक्ष्य के सापेक्ष 100 प्रतिशत प्रगति का प्रदर्शन किया है। बैठक में जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारी को खराब ट्रांसफॉमर्स टिमली रिप्लेस करने हेतु निर्देशित किया। बीसी सखी योजना की समीक्षा करते हुए डीएम ने कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण योजना है योजना के कार्यान्वयन हेतु उत्साही एवं सक्रिय लोगों का ही चयन किया जाए।

जनपद को 980 बी सी सखी किट वितरित करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ था जिसके सापेक्ष।94 का वितरण किया जा चुका है। ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की परफॉर्मेंस बेहद खराब रही है इस विभाग कों ई ग्रेड प्राप्त हुआ है। डीएम ने नाराज की व्यक्त करते हुए परफॉर्मेंस सुधारने हेतु निर्देशित किया। दिव्यांग जनशक्तिकरण विभाग की प्रगति अच्छी रही है, इस विभाग के द्वारा दिए गए लक्ष्य के सापेक्ष 99.9 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिए गए हैं। जल जीवन मिशन की प्रगति 91 प्रतिशत रही है। पंचायती राज विभाग को डी ग्रेड प्राप्त हुआ है। सामाजिक वनीकरण में जनपद को सी ग्रेड प्राप्त हुआ है। बेसिक शिक्षा विभाग की खराब प्रगति को लेकर जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से नाराजगी व्यक्त की। बीएसए रणवीर सिंह को फटकार लगाते हुए एक हफ्ते में स्थिति सुधारने का निर्देश दिया गया है। सीएम डैशबोर्ड की तरफ से बेसिक शिक्षा विभाग को 95.77 प्रतिशत प्रगति प्रदान की गई है। डीएम ने बीएसए से कहा है कि वह सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को विद्यालयों के प्रतिदिन निरीक्षण हेतु निर्देशित करें। स्किल डेवलपमेंट विभाग को प्रति माह प्रगति की रिपोर्ट जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

पारिवारिक लाभ योजना में जनपद को ई ग्रेड प्राप्त हुआ है, खराब प्रगति को लेकर जिलाधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को इसमें सुधार हेतु निर्देश दिए। पीएम आवास शहरी योजना में भी जनपद का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को इंडिकेटर में सुधार करने हेतु माइक्रो प्लानिंग करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्याम बहादुर सिंह, सीएमओ आरके गौतम, डीएफओ प्रखर गुप्ता, जिला विकास अधिकारी पवन कुमार सिंह, एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# साफ सफाई की निगरानी सभासद भी वार्डों की करें: रूबी

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** उ0प्र0 शासन द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के लिये प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के क्रम में सोमवार को नगर पालिका परिषद सोनभद्र में रूबी प्रसाद, मा0 अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद सोनभद्र एवं विजय कुमार यादव अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सोनभद्र की अध्यक्षता में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस का आयोजन किया गया। तत्कम में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस में प्राप्त शिकायतें क्रमशः नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 4, नगर पंचायत घोरावल में 2, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 1, नगर पंचायत चोपन में 3, नगर पंचायत ओबरा में 1, नगर पंचायत रेनुकूट में 2, नगर पंचायत पिपरी में 0, नगर पंचायत दुद्धी में 2, नगर पंचायत डाला बाजार में 1, नगर पंचायत अनपरा में 4, समस्त निकायों को मिलाकर कुल 20 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मुख्य रूप से साफ-सफाई पेयजल व मार्ग प्रकाश से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। विजय कुमार यादव, अधिशासी अधिकारी / नोडल अधिकारी, नगर पालिका परिषद सोनभद्र द्वारा बताया गया कि जनता की समस्याओं से रूबरू होने व उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता पर है इस पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही की जा रही है। इस मौके पर जेई मनीष कुमार,संत कुमार, सुजीत, आकाश रावत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# लक्ष्य तय करें और फिर मेहनत करें, तभी मिलेगी सफलता

**अवधनामा संवाददाता**

**बांदा।** लोधी क्षत्रिय एंपलाइज एसोसिएशन (लक्ष्य) के द्वारा जिला स्तरीय कैरियर गाइडेंस और प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि राजकुमार भारती राष्ट्रीय महासचिव व धर्मपाल सिंह लोधी राष्ट्रीय अध्यक्ष मौजूद रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अमरपाल सिंह लोधी राष्ट्रीय लक्ष्य संरक्षक आईआरएस ने बच्चों को जीवन में सफल होने के लिए जागरूक किया। इसमें अमरपाल सिंह द्वारा अमल शब्द पर विशेष गौर करने के लिए बच्चों को बताया गया। 'अ' का मतलब अध्ययन 'म' मतलब मनन 'ल' का मतलब लिखना पर विशेष ध्यान देने के लिए बच्चों को कहा। बीएल महान द्वारा स्वामी ब्रह्मानंद के जीवन दर्शन में शिक्षा के लिए उनका अपना तन मन धन समर्पित करने के प्रति सभी लोगों को बताया गया। राजकुमार भारतीय अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट ने बच्चों से कहा कि आप जीवन में कुछ भी कर सकते हो, यदि आपका अपना लक्ष्य स्पष्ट हो। जिला कासगंज अध्यक्ष देवदत्त द्वारा बांदा की एक अनाथ बेटी शिवानी राजपूत को इंटर तक की पढ़ाई के लिए गोद लिया। प्रत्येक ग्राम पंचायत से हाई स्कूल, इंटर, स्नातक, परास्नातक, खिलाड़ियों तथा समाज के नवीनियुक्त, सेवानिवृत्त तथा बच्चों को सम्मानित किया गया।

# स्मार्ट फोन का करें सही उपयोग: डॉ. अनिल

- ईश्वर प्रसाद पीजी कालेज के240 छात्र- छात्राओं को मिला मोबाइल फोन

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** ईश्वर प्रसाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय,देउरा राज में कला और वाणिज्य संकाय के 2022-23 सत्र के 240 स्नातको को स्मार्ट फोन वितरित किया गया। स्मार्ट फोन वितरण समारोह के मुख्य अतिथि डॉक्टर अनिल कुमार मौर्य विधायक घोरावल क्षेत्र ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि स्मार्ट फोन प्रदेश सरकार की ओर से इसलिए दिया जा रहा है, जिससे छात्र छात्राएं अपने ज्ञान की वृद्धि कर सकें। उन्होंने उदाहरण दे कर स्मार्ट फोन के सदुपयोग पर तथ्यात्मक प्रकाश डाला। डॉक्टर मौर्य ने कहा की स्मार्ट फोन का सही ढंग से प्रयोग कर उसे उपयोगी बनाएं। विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख सादर अजीत रावत ने कहा की सबका साथ, सबका विकास, सबके सहयोग और सबके विश्वास से होगा। विशिष्ट अतिथि बीजेपी के जिला महामंत्री, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कृष्ण मुरारी गुप्त ने कहा कि डबल इंजन की सरकार उच्च शिक्षा में अधिगम को सुगम बनाने के लिए आधुनिक सुविधाओं से विद्यार्थियों को आच्छादित कर रही है। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सरस्वती मां और स्मृतिशेष ईश्वर प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। सरस्वती वंदना और स्वागत गीत के बाद प्राचार्य डॉक्टर विमलेश कुमार त्रिपाठी ने शब्द प्रसून से स्वागत किया तो प्रबंधक मनीष पाण्डेय ने मुख्य अतिथि डॉक्टर अनिल कुमार मौर्य, ब्लॉक प्रमुख सदर अजीत रावत, बीजेपी जिला महामंत्री कृष्ण मुरारी गुप्त और विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र मौर्य का अंगवस्त्रम, बुके और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया। प्रबंध समिति के संरक्षक प्रगतिशील किसान हेमनाथ पाण्डेय ने अभ्यागतो के प्रति आभार व्यक्त किया। संचालन पत्रकार व शिक्षक भोलानाथ मिश्र ने किया। इस अवसर पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष आशीष पाण्डेय, कार्यालय अधीक्षक विनीत पाण्डेय, मृत्युंजय पाठक, राजेश द्विवेदी, विमलेश पाठक, गीता, चांदनी, सुदीप दुबे, रामजी तिवारी, अभिभावक, गणमान्य नागरिक समेत महाविद्यालय के छात्र छात्राओं से परिसर गुलजार था। स्मार्ट फोन पाकर छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे थे।

# राष्ट्रपति द्वारा हिण्डाल्को को मिला प्रतिष्ठित राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/ रेणुकूट।** ऊर्जा के विभिन्न कुशल उपायों को अपनाने तथा संयंत्रों में विद्युत व थर्मल ऊर्जा की खपत में निरंतर कमी लाने हेतु किये गए प्रयासों के लिए हिण्डाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड, रेणुकूट को भारत की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण- 2023 के प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। हिण्डाल्को रेणुकूट के सीओओ एन. नागेश व रेणुकूट स्मेल्टर हेड जे.पी. नायक ने यह प्रतिष्ठित पुरस्कार, राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर विज्ञान भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में देशभर की अलग- अलग सेक्टर्स की कुल 517 कम्पनियों ने भाग लिया था।

गौरतलब है कि देशभर में एल्युमिनियम सेक्टर की अग्रणी कंपनी हिण्डाल्को ने ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में स्मेल्टर (एकीकृत) श्रेणी में नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। हिण्डाल्को रेणुकूट हमेशा से अपनी विनिर्माण प्रक्रियाओं में विशिष्ट ऊर्जा खपत और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहा है। इन्हीं प्रयासों को देखते हुए हिण्डाल्को को एल्युमीनियम सेक्टर (स्मेल्टर - एकीकृत) के सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार के नवाज़ा गया। इस अवसर पर नागेश ने कहा कि यह पुरस्कार संयंत्र के प्रत्येक कर्मचारी के समर्पण, कड़ी मेहनत और नवाचार का परिणाम है जो इस उल्लेखनीय यात्रा का अभिन्न अंग रहे हैं। हिण्डाल्को रेनुकूट के ऊर्जा संरक्षण के प्रयासों का ही परिणाम है कि पिछले तीन वित्तीय वर्षो 2021- 23 तक 5678 मिलियन किलोकैलोरी तापीय ऊर्जा और 79 लाख यूनिट बिजली की बचत हुई है। यह सुधार मुख्य रूप से एल्युमिनियम इलेक्ट्रोलिसिस में पेटेंटेड स्टेप्ड एनोड स्टब के उपयोग, सॉलिड कैथोड रिंग व राइजर बस बार का उपयोग, कैप्टिव एल्यूमिना प्लांट में इवैपोरेटर के स्टीम इकॉनमी और लिक्विड प्रोडक्टिविटी में सुधार, रेणुकूट में रूफ सोलर पॉवर, रेणुसागर में सोलर पावर प्लांट साथ ही साथ रेणुसागर पॉवर प्लांट के बेहतर दक्षता के लिए टर्बाइनों को समय से अपडेट करना, ऊर्जा कुशल एलईडी ट्यूब लाइट, बीएलडीसी सीलिंग फैन, फैनलेस कूलिंग टॉवर, प्लांट और कॉलोनी में स्टार रेटेड (ओडीएस) मुक्त एयर कंडीशनर के साथ-साथ विभिन्न अन्य ऊर्जा कुशल टेक्नोलॉजी, प्रक्रियाओं आदि को अपनाना, इन्हीं उल्लेखनीय प्रयासों में शामिल है।

# एनसीएल में आयोजित हुई '14वीं एनसीएल अंतर क्षेत्रीय प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता

**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/सिंगरौली।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) में रविवार को कृष्णशिला क्षेत्र में 14वीं प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कंपनी के 13 कोयला क्षेत्रों व इकाइयों की 56 टीमों ने हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता का समापन समारोह रविवार को शाम में आयोजित किया गया जिसमें निदेशक (कार्मिक) मनीष कुमार बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। साथ ही एनसीएल के निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/संचालन) जितेंद्र मलिक, निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना) एस पी सिंह, एनसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी रविंद्र प्रसाद (आईटीएस), एनसीएल के जेसीसी सदस्य अजय कुमार, अरूण दुबे, वीरेंद्र सिंह विष्ट व अशोक पांडेय, सीएमओएआई के महासचिव सर्वेश सिंह, एनसीएल की कृति महिला मण्डल की उपाध्यक्षा नम्रता कुमार, संगीता नारायण, वीणा सिंह, नीतू प्रसाद, सभी क्षेत्रों व मुख्यालय के महाप्रबंधकगण व बड़ी संख्या में कर्मी शामिल हुए। समापन समारोह के मुख्य अतिथि मनीष कुमार ने कहा कि सभी कर्मियों के पास प्राथमिक उपचार का ज्ञान होना चाहिए, प्राथमिक उपचार एक महत्वपूर्ण गुण है। उन्होने इस हेतु सभी कर्मियों को अधिक से अधिक जागरूक करने के लिए आवहान किया। रजनीश नारायण,



- कृष्णशिला क्षेत्र में आयोजित प्रतियोगिता में 56 टीमों के प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

निदेशक (वित्त) ने प्राथमिक उपचार को कंपनी तक सीमित न रखकर इसे समाज का हिस्सा बनाने पर ज़ोर दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जितेंद्र मालिक, निदेशक (तकनीकी/संचालन) ने अपने वक्तव्य में प्राथमिक उपचार को प्राचीनतम उपचार पद्धति बताया तथा इसे ज्यादा से ज्यादा कर्मचारियों तक पहुंचाने हेतु निर्देशित किया। प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता के समापन समारोह में बोलते हुए एस पी सिंह निदेशक (तकनीकी/योजना एवं परियोजना) ने प्राथमिक उपचार के नियमों को समझने व इसके समय-समय अद्यतन पर ज़ोर दिया। कार्यक्रम में एनसीएल मुख्य सतर्कता अधिकारी रवीद्र प्रसाद, ने अपने वक्तव्य में प्राथमिक उपचार के महत्व के बारे में बताया। एनसीएल के जेसीसी के सदस्यगणों व सीएमओएआई के महासचिव प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता के सफल आयोजन की सराहना किया। उन्होने कहा कि प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता से प्राथमिक उपचार को लेकर जागरूकता बढ़ रही है और प्राथमिक उपचार से सीखे गए गुणों को वास्तविक दुर्घटनाओं के केश स्टडी से जोड़ कर समझना ज़रूरी है। अंतर क्षेत्रीय प्राथमिक उपचार प्रतियोगिता का उदघाटन एनसीएल के निदेशक (तकनीकी/ संचालन) जितेंद्र मलिक ने रविवार सुबह किया था। इस प्रतियोगिता में 56 टीमों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में प्राथमिक चिकित्सा से सम्बंधित स्ट्रेचर ड्रिल, मार्चपास्ट, मॉडल तथा उपचार संबंधी प्रतियोगिताए आयोजित की गई। विभिन्न क्षेत्रों की इन टीमों को पांच श्रेणियों में बांटा गया था। प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा अलग-अलग श्रेणियों में प्रतियोगिताओं में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया जिसमे मार्चपास्ट में दूधिचुआ विजेता एवं डीएवी स्कूल बीना उपविजेता, मॉडल में दूधिचुआ विजेता, डीएवी स्कूल बीना उपविजेता, प्रश्नोत्री में टीम 'ए' में निगाही विजेता व ब्लॉक 'बी' उपविजेता, टीम 'बी' में अमलोरी विजेता व निगाही उपविजेता, टीम 'सी' में एनएससी विजेता व मुख्यालय उपविजेता, टीम 'डी' में अमलोरी विजेता व निगाही उपविजेता, टीम 'ई' में खड़िया विजेता एवं सीडबल्यूएस उपविजेता रही।

# एसजीपीजीआई के ऑपरेशन थियेटर में आग

- सर्जरी के बीच में शिफ्ट करने में गई महिला व नवजात की जान
- मुख्यमंत्री योगी ने लिया घटना का संज्ञान
- रोबोटिक ओटी में बाल-बाल बचा बच्चा



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में सोमवार दोपहर इंडोक्राइन सर्जरी के ऑपरेशन थियेटर (ओटी) में आग लग गई। इससे इंडोक्राइन सर्जरी के साथ ही बगल की ओटी में भी धुआं भर गया। सर्जरी के दौरान पीलीभीत की महिला और गाजीपुर के नवजात बच्चे को शिफ्ट किया जा रहा था कि दोनों ने दम तोड़ दिया। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। एसजीपीजीआई में सोमवार दोपहर 12:40 बजे इंडोक्राइन सर्जरी की ओटी में ऑपरेशन चल रहा था। उसी समय वहां लगे मॉनिटर में स्पार्किंग के बाद आग लग गई। उस समय पीलीभीत निवासी तैयबा की सर्जरी चल रही थी। आग से ओटी में धुआं भरने लगा। सर्जरी बीच में रोककर महिला को दूसरी जगह शिफ्ट करने की कोशिश की गई, लेकिन उनकी मौत हो गई। इंडोक्राइन ओटी के ठीक बगल में सीवीटीएस की ओटी है। वहां भी धुआं भरने लगा। उस ओटी में गाजीपुर निवासी महिला नेहा के नवजात बच्चे की दिल की सर्जरी चल रही थी। उसे भी शिफ्ट करने का प्रयास किया गया, लेकिन उसकी भी मौत हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एसजीपीजीआई में लगी आग की घटना का संज्ञान लिया है और वरिष्ठ अधिकारियों और फायर बिग्रेड की टीमों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य तेजी से करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाने और उचित उपचार का निर्देश दिया है और सभी पीड़ितों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। धुआं तेजी से पूरे ओटी कॉम्प्लेक्स में भरने लगा। घटना के वक्त रोबोटिक सर्जरी की ओटी में भी एक बच्चे का ऑपरेशन चल रहा था। राहत की बात यह रही कि इस बच्चे की सर्जरी लगभग हो चुकी थी, इसलिए उसे शिफ्ट करने में कोई समस्या नहीं हुई।

### हर तरफ धुआं, आननफानन शिफ्ट किए गए मरीज

आग लगने के बाद पूरे ओटी कॉम्प्लेक्स में धुआं भर गया। आननफानन मरीजों को शिफ्ट कराया गया। कुछ मरीज पोस्ट ऑपरेटिव आईसीयू में भी थे। उन्हें पीएमएसवाई भवन स्थित आईसीयू में शिफ्ट किया गया। कुछ मरीजों को सामान्य वार्ड में भेजा गया। तीमारदारों की भी हालत खराब हो गई।

### लोगों को मुख्य द्वार-खिड़की तोड़कर निकाला गया

सूचना पर पहुंचे फायर ब्रिगेड व पुलिसकर्मियों ने कर्मचारी की मदद से ओटी कॉम्प्लेक्स में फंसे करीब 100 लोगों को मुख्य द्वार व खिड़की तोड़कर बाहर निकाला गया। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद हालत सामान्य हुए।

### बेहद दुखद घटना

घटना बेहद दुखद है। प्रारंभिक जांच में मॉनिटर में स्पार्किंग से आग लगने की बात सामने आई है। लोगों को बचाने का पूरा प्रयास किया गया। दुर्भाग्य से एक महिला और एक नवजात की सर्जरी के दौरान शिफ्ट करते समय मौत हो गई। घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं।

**प्रो. आरके धीमन**
**निदेशक एसजीपीजीआई**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को वाराणसी हवाई अड्डे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विदाई देते हुए

# यूपीएसआरटीसी के बस अड्डों की छतों का कामर्शियल इस्तेमाल जल्द

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना की अध्यक्षता में परिवहन निगम के सभागार कक्ष में आज समीक्षा बैठक हुई। बैठक में वित्त मंत्री ने कहा कि यूपीएसआरटीसी के बस अड्डों की छतों का कामर्शियल इस्तेमाल जल्द किया जायेगा। उन्होंने कहा कि यूपीएसआरटीसी एक कामर्शियल आर्गेनाइजेशन है। इसकी आय बढ़ाने का हर सम्भव प्रयास करना होगा। इसके लिए पूरे प्रदेश में 76 बस स्टेशनों का चिन्हांकन किया गया है, जिसकी छतों को कामर्शियल प्रयोग हेतु लीज पर परिवहन विभाग देगा। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है, जो कि उत्तर प्रदेश के लिए गर्व की बात है। वित्त मंत्री ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी का निर्देश है कि परिवहन निगम के बस अड्डों को ऐसे मॉडल पर तैयार किया जाय, जिससे परिवहन निगम की आय में वृद्धि हो सके। उन्होंने कहा कि यह भी महत्वपूर्ण हो कि लोगों की जेब पर बिना बोझ डाले ही परिवहन निगम की आय को बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि परिवहन निगम के बस अड्डों के बिल्डिंगों की पी.डब्ल्यू.डी. विभाग के इंजीनियरों के साथ मिलकर उसका एक व्यापक सर्वेक्षण किया जाय। उसके पश्चात ही आवश्यकतानुसार आधुनिकतम तकनीक का प्रयोग करते हुए कामर्शियल इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जायेगा। इन बिल्डिंगों को कामर्शियल प्रयोग हेतु इन्वेस्टर को बिड के माध्यम से लांग टर्म लीज पर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि बसें और बस अड्डे इस प्रकार होनी चाहिए कि लोग इसके प्रति आकर्षित हो सकें। उन्होंने कहा कि बस अड्डों पर संचालित और बनने वाले टायलेट की स्थिति बेहतर होनी चाहिए।

# डॉ. इफ्तिखार ने मदरसों की जांच को लेकर लिखा पत्र

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद के चेयरमैन डॉ. इफ्तिखार अहमद जावेद ने सोमवार को प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज मंत्री धर्मपाल सिंह को मदरसों की जांच को लेकर पत्र लिखा है। डॉ. जावेद ने लिखा कि मदरसा शिक्षा परिषद से अनुमति लिए बिना ही रजिस्ट्रार के पत्र पर निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण के आदेश से अनुदानित/गैर अनुदानित मदरसों की जांच शुरू कर दी गयी है। जबकि 13 फरवरी से मदरसा शिक्षा परिषद की परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी। ऐसे में मदरसों की जांच से अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया है और फार्म भरने और परीक्षा की तैयारियां प्रभावित होगी। डॉ. जावेद ने मंत्री को लिखे पत्र में कहा कि बीती 5 दिसम्बर को आपने मदरसों की जांच मामले का संज्ञान ले उच्चाधिकारियों के साथ बैठक में जांच कार्रवाई को रोकने का मौखिक आदेश दिया था, बावजूद इसके जांच रोकने के लिए जनपदों को कोई आदेश जारी नहीं हुआ। वर्तमान में मदरसों में परीक्षाओं की तैयारी चल रही है और ऐसे में जांच होने से मदरसों में अफरा-तफरी का माहौल है। डॉ. जावेद ने लिखा कि वर्ष 2017 से अब तक अनुदानित/गैर अनुदानित मदरसों की तीन बार जांच हो चुकी है। मदरसों और उसमें कार्यरत सभी शिक्षक-कर्मचारियों का रिकार्ड मदरसा परिषद के पोर्टल पर अपलोड है। इसके बावजूद भी अगर चौथी बार जांच कराना जरूरी है तो इस समय जांच स्थगित कर मदरसा परीक्षाओं के बाद जांच कराई जाए तो परीक्षा की दृष्टि से छात्र हित में बेहतर होगा।

# नेक आमाल मुसलमान का सरमाया

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** नेक आमाल एक मुसलमान का सरमाया है। इन्हीं के लिए वह पैदा हुआ है और उन्हीं का हिसाब होगा। तालीम सबके लिए जरूरी है और इंसान का बुनियादी हक है। तालीम वक्त की सबसे बड़ी जरूरत है। यह बात मौलाना खालिद गाजीपुरी नदवी ने जामियातुज जहरा लिलबनात में इस्लाहे मुआशरा व तालीमी मुजाहिरे के जलसे को खिताब करते हुए कही। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन के लिए मदरसे के मौलाना शाहिदीन नदवी और अन्य शिक्षकों को बधाई दी। इससे पहले ठाकुरगंज के बाबा हजारा बाग स्थित मदरसे में जलसे का आगाज मदरसे की छात्राओं ने किया और नात पेश की। जलसे को खिताब करते हुए मौलाना जहांगीर आलम कासमी ने कहा कि इस्लाहे मुआशरा में औरतों का हमेशा अहम किरदार रहा है। मां की गोद बच्चों की पहली दर्सगाह है। आज जरूरत है कि औरतें बच्चों की तालीम और तरबियत सही ढंग से करें। कार्यक्रम में तालीमी मुजाहिरा करने वाले छात्र-छात्राओं को मौलाना खालिद गाजीपुरी और कारी रजीउद्दीन ने पुरस्कृत किया। जलसे में अब्दुलवहीद फारुकी, अयाजुर्रहमान, फखरुद्दीन तय्यब नदवी, मौलाना कलामउद्दीन नदवी, मौलाना आदिल नदवी, कारी इनामुल्लाह, मोहम्मद इस्लाम, मोहम्मद सालिम, इरफान सहित अन्य लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे। जलसे में मदरसे के मुफ्ती दिलशाद अहमद नदवी, मौलाना रफीक अहमद नदवी ने अतिथियों का स्वागत किया। जलसे में जुबैर खान, मोहम्मद इस्लाम, मोहम्मद अनीस सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित थे।

# धर्मपाल ने हज समिति की वेबसाइट का किया शुभारम्भ

- वेबसाइट पर हज कमेटी ऑफ इंडिया, मुम्बई की महत्वपूर्ण सूचनाएं मिलेगी: हज मंत्री धर्मपाल

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज मंत्री धर्मपाल सिंह ने सोमवार को उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति की वेबसाइट hajcommittee.up.gov.in का शुभारम्भ किया। सरोजनी नगर स्थित मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस में वेबसाइट का आरम्भ करते हुए मंत्री ने कहा कि वेबसाइट पर हज कमेटी ऑफ इंडिया, मुम्बई की महत्वपूर्ण सूचनाएं मिलेगी, जिससे हज यात्रियों की सहायता और मार्गदर्शन होगा। वेबसाइट हिन्दी और अंग्रेजी भाषा में काम करेगी। उन्होंने बताया कि वेबसाइट पर हज कमेटी ऑफ इंडिया का लॉगइन पेज है, जहां से हज यात्रा के लिए आवेदन किया जा सकता है। वेबसाइट पर हज यात्रा से जुड़े महत्वपूर्ण परिपत्र, प्रमुख अपडेट्स, एक्शन प्लान, उड़ान शिड्यूल आदि सूचनाएं भी उपलब्ध हैं। इसी के साथ वेबसाइट को दिव्यांगजन फीचर्स और मानकों का उपयोग कर बनाया गया है, जिससे दिव्यांग भी वेबसाइट का प्रयोग कर सकते हैं। इससे पहले राज्य हज समिति की बैठक को सम्बोधित करते हुए उन्होंने हज यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के विचार-विमर्श किया। उन्होंने क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी बरेली, गाजियाबाद और लखनऊ को हज आवेदकों के पासपोर्ट प्रकरण जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिये। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के हज यात्रियों के लिए आला हजरत हज हाउस गाजियाबाद और पूर्वी उत्तर प्रदेश के हज यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रख वाराणसी से उड़ान स्थल बनाए जाने का अनुरोध हज कमेटी ऑफ इंडिया से किया। मेहरम श्रेणी में आवेदन करने वाली महिलाओं को चार के ग्रुप में एक उड़ान से भेजा जाएगा, जिसमें महिला खादिमुल हुज्जाज भी होंगी। मेहरम श्रेणी की महिलाओं के लिए विशेष बसों की व्यवस्था, सुरक्षा व स्वास्थ्य के लिए महिला चिकित्सक, नर्स, सहायक हज अधिकारी, खादिमुल हुज्जाज तैनात किये जाएंगे। अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने वेबसाइट तैयार किये जाने पर हज समिति को बधाई देते हुए कहा कि वेबसाइट में हज यात्रियों के सुझाव, प्रश्न और समस्याओं के लिए फीडबैक का विकल्प है जो उपयोगी साबित होगा। बैठक में अपर मुख्य सचिव अल्पसंख्यक कल्याण मोनिका एस गर्ग ने कहा कि हज यात्रा के संबंध में प्राप्त निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा और सभी व्यवस्थाएं समय से होगीं। बैठक में निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण जे.रीभा, सचिव हज समिति एस.पी. तिवारी, राज्य हज समिति के वित्त एवं लेखाधिकारी रवीन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# टी-20 क्रिकेट लीग का तीसरा क्वार्टर फाइनल खेला गया



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल क्रीड़ा संघ की ओर से ऐशबाग रेलवे स्टेडियम में आयोजित अन्तर विभागीय टी-20 क्रिकेट लीग का तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच सिक्योरिटी हंटर्स व इलेक्ट्रिकल थंडरबोल्ट के मध्य खेला गया। इलेक्ट्रिकल थंडरबोल्ट ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। सिक्योरिटी हंटर्स की टीम ने पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर शानदार 226 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी इलेक्ट्रिकल थंडरबोल्ट की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 135 रन ही बना सकी। सिक्योरिटी हंटर्स ने इलेक्ट्रिकल थंडरबोल्ट को 91 रनों से हराकर सेमी फाइनल में प्रवेश कर लिया। चौथा क्वार्टर फाइनल मैच जनरल जायंट्स व मैकेनिकल मावरिक्स के मध्य खेला गया। जनरल जायंट्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। जनरल जायंट्स की टीम ने 20 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 115 रन बनाये। जिसमें सफदर हुसैन ने सर्वाधिक नाबाद 23 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मैकेनिकल मावरिक्स टीम ने 16.4 ओवरों में 3 विकेट के नुकसान पर 116 रन बनाकर 7 विकेट से जनरल जायंट्स टीम को हराकर सेमी फाइनल में प्रवेश कर लिया। जनरल जायंट्स की ओर से गेंदबाजी करते हुए रंजीत कुमार ने 2 विकेट प्राप्त किये।

### रकाबगंज चौराहे पर बने पुल के मरम्मत का कार्य शुरू

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल प्रशासन ने रकाबगंज चौराहे पर बने पुल की मरम्मत कार्य शुरू करवाया। पुल पर गर्डर बदलने का काम किया जा रहा है। इस दौरान एक ओर का रास्ता बंद रहेगा तथा दूसरी लेन से वाहनों की आवाजाही जारी रही। आवागमन आंशिक रूप से 28 दिसम्बर तक प्रभावित रहेगा। पुल पर ट्रैफिक अधिक होने की स्थिति में सिटी स्टेशन रूट, बिरहाना, मशकगंज और मौलवीगंज आदि रास्तों का इस्तेमाल किया गया। पुल की मरम्मत के बाद वाहनों की आवाजाही के साथ साथ नीचे से गुजरने वाली ट्रेनों का संचालन बेहतर हो सकेगा।

**अभिषेक मिश्रा ने उठाया श्रावस्ती में रेल लाइन का मुद्दा**

# सरकार पर साधा निशाना, कहा- वादा किया पर निभाया नहीं

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के युवा व कद्दावर नेता अभिषेक मिश्रा मुन्ना भैया ने सरकार पर सीधे निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सरकार के हर वादे खोखले है, हर गारंटी बेमानी है। सरकार ने जनता के साथ धोखा किया है। केंद्र सरकार पूरे देश में रेलवे के विकास को लेकर बड़े-बड़े दावे करती है लेकिन आज भी श्रावस्ती में रेल लाइन मात्र एक सपना ही है। धर्म और अध्यात्म की पवित्र नगरी श्रावस्ती में विकास को पूरी तरह से अनदेखा किया गया है। अभिषेक मिश्रा ने कहा कि 2018 में केंद्र सरकार की ओर से 240 किमी रेल लाइन बिछाने के लिए परियोजना स्वीकृत हुई थी लेकिन तब से लेकर अब तक इस दिशा में एक इंच का भी कार्य नहीं हुआ है। बताया गया था कि वर्ष 2024 तक रेल लाइन निर्माण का काम पूरा करा लिया जाएगा परंतु अब तक धरातल पर काम नहीं दिख रहा है। उन्होंने कहा कि रेलवे लाइन न होने के कारण क्षेत्र की कनेक्टिविटी शून्य है, जनता का आवागमन दुर्लभ है। श्रावस्ती में रेलवे लाइन का सपना अभी तक पूरा न हो सका जिससे क्षेत्र के लोगों में काफी रोष, नाराजगी और निराशा है।

# हज़रत फातिमा जहरा की शहादत पर मजलिसों का सिलसिला जारी

- ताबूत निकाल कर काजमैन परिसर में गश्त कराया गया

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** पैगम्बरे इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब (स.) की बेटी हजरत फातिमा जहरा (स.अ.) की शहादत के सिलसिले में सोमवार को मजलिसों का दौर जारी रहा। अंजुमन काजमियां आबिदया की और से रौजा-ए-काजमैन में रसूल की पारा जिगर का ताबूत के शीर्षक से एक मजलिस का आयोजन किया गया। मजलिस को मौलाना मिर्जा एजाज अतहर ने खिताब किया। मजलिस के बाद ताबूत निकाल कर काजमैन परिसर में गश्त कराया गया। अजाखाना अशरफुन्निसा बुनियादबाग में मौलाना बिलाल काजमी ने मजलिस को खिताब किया। उन्होंने शहजादी फातिमा जहरा (स.अ.) की जिंदगी पर रौशनी डालते हुए उन पर हुए अत्याचारों को बयान किया। इमामबाड़ा कायमा खातून सज्जाद बाग में मजलिस को मौलाना तकी रजा ने खिताब किया। मौलाना ने जब उनकी शहादत को बयान किया तो लोगों की आंखों से जारो-कतार आंसू जारी हो गये। अब्बासिया मस्जिद हसन पुरिया में मजलिस को मौलाना जमन हैदर जैदपुरी ने खिताब करते हुए कहा कि हजरत रसूल खुदा (स.) ने हजरत फातिमा जहरा (स.अ.) के लिए फरमाया कि यह मेरा दिल हैं और जिसने इनको तकलीफ दी उसने मुझको तकलीफ दी और जिसने मुझको तकलीफ दी उसने अल्लाह को तकलीफ दी। इससे पूर्व शायरे अहलेबैत हबीब आलम रिजवी, जव्वार नकी, अली शाहिद रिजवी और जफर बनारसी ने अपने कलाम पेश किये। रौजाए हजरत अली (अ.स.) सरफाराजगंज में मौलाना आजिम हुसैन जैदी ने मजलिस को खिताब किया।




ठाकुरगंज स्थित नंन्हे मुन्ने प्ले स्कूल के वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते नन्हे मुन्ने बच्चे

# वॉलीबॉल चैंपियनशिप में युवा खिलाड़ियों ने किया दमदार प्रदर्शन

**सरोजनीनगर स्पोर्ट्स लीग**

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** सरोजनीनगर के युवाओं के आदर्श, पथप्रदर्शक और प्रेरणास्त्रोत विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा खिलाड़ियों को खेल से जोड़ने, उन्हें अवसर, मंच, सुविधा संसाधन उपलब्ध कराने के लिए सरोजनीनगर स्पोर्ट्स लीग निरंतर जारी है। बॉस्केटबॉल, क्रिकेट और फुटबॉल के बाद लीग के चौथे चरण में आरंभ हुए इंटर स्कूल बॉयज वॉलीबॉल चैंपियनशिप में भी क्षेत्र के खिलाड़ियों में अद्भुत जोश और उमंग दिखाई दे रहा है। सोमवार को हुए वॉलीबॉल चैंपियनशिप के लीग मुकाबलों में पहला मैच साई पब्लिक स्कूल और एलपीएस कालिंदी के बीच खेला जाना था लेकिन एलपीएस कालिंदी के समय पर न आने के कारण साई पब्लिक स्कूल को वॉकओवर मिल गया। इसके बाद दूसरा मैच अवध कॉलेजिएट बनाम सीएमएस कानपुर रोड के बीच खेला गया। सीएमएस कानपुर रोड की टीम ने टॉस जीतकर ही अपना जीत दर्ज कर लिया ली थी। दो सेट के इस मैच में सीएमएस की टीम ने लगातार दो सेट को 25-22 और 26-24 से जीता और अगले चरण में प्रवेश किया। खेल के बाद टीम के खिलाड़ियों ने हाथ मिलाकर अनुशासन व स्पोर्ट्समैनशिप का बेजोड़ परिचय दिया। दोनों टीमों को ट्रॉफी और वॉलीबॉल तथा सभी खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान युवा खिलाड़ियों में असीम जोश और उत्साह देखने को मिल रहा है। बता दें कि 16 दिसंबर को विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने इसका भव्य शुभारंभ किया। इस टूर्नामेंट में 28 टीमों ने हिस्सा लिया है। इस टूर्नामेंट के फाइनल को जीतने वाली टीम को 25 हजार रुपये और रनरअप टीम को 11 हजार रुपये की धनराशि देकर सम्मानित किया जाएगा। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि युवा देश का भविष्य है, स्वस्थ युवा सशक्त राष्ट्र के निर्माण में अहम भूमिका निभाता है, सरोजनीनगर के युवा फिजिकली फिट और मेंटली अलर्ट रहे इसके लिए सरोजनीनगर स्पोर्ट्स लीग का आयोजन निरंतर जारी है। सरोजनीनगर को स्पोर्ट्स हब और सरोजनीनगर स्पोर्ट्स लीग को देश की नंबर 1 लीग बनाना हमारा लक्ष्य व संकल्प है।

# भारत में मोहब्बत और शिष्टाचार है: डॉ. जैनब

- ईरान से आई रस्तगार ने किया यूनिटी कॉलेज का दौरा

**अवधनामा ब्यूरो**




**लखनऊ।** रान से भारत आई हुई मेहमान डॉक्टर ज़ैनब रास्तगार पनाह जो ईरानी आंतरिक मंत्रालय में महिला और परिवार मंत्रालय में डायरेक्टर हैं , आज यूनिटी कॉलेज का दौरा किया और गर्ल्स सेक्शन को संबोधित करते हुए कहा कि स्टूडेंट्स अपने समय को बर्बाद करने से बचें और सोशल मीडिया से जहां तक हो दूर रह कर पढ़ाई पर फोकस करें।

उन्होंने कहा कि पॉजिटिव थिंकिंग बहुत ज़रूरी है और नेगेटिव सोच से बचना हो जिंदगी में सुकून पैदा करता है । ईरान में महिलाएं शिक्षा के मैदान में बहुत आगे हैं और कोई फील्ड ऐसी नहीं है जहां महिलाओं का प्रतिनिधित्व न हो लेकिन मीडिया ईरान के बारे में भ्रामक खबरें दिखाता है। उन्होंने कहा कि क़ुरान का अध्यन करने से सोच पॉजिटिव होती है और मुश्किल में हौसला मिलता है। स्टूडेंट्स को चाहिए कि अपने खुदा से बातें करने की आदत डालें और अपनी मुश्किलात खुदा से कहें। ये दुनिया इम्तेहान की जगह है और यहां हम जैसे आमाल अंजाम देंगे, आखिरत में नतीजा वैसा ही पाएंगे।

उन्होंने भारत के लोगों की तारीफ़ करते हुए कहा कि यहां मोहब्बत और अपनापन नज़र आया और दूसरे मज़हब के लोग भी हमसे बहुत शिष्टाचार से मिले। ईरान में भारत को बहुत सम्मान दिया जाता है और यहां के सूफियों की शिक्षाएं ईरान की किताबों में मौजूद हैं।